लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

फाल्गुन कृष्ण पक्ष, अमावस्या विक्रम संवत 2080

# अमृत विचार

वर्ष -2, अंक -214, पृष्ठ -16+4, मूल्यः -6 रुपये

एक सम्पूर्ण अखबार



इस बार के रविवारीय संस्करण 'लोक दर्पण' में, सफलता के दबाव में मौत की राह पर किशोर व अन्य विषयों पर विशेष सामग्री दी जा रही है।

www.amritvichar.com

आज का मौसम

28.0° अधिकतम तापमान | 17.0° न्यूनतम तापमान | आसमान साफ रहेगा, धूप खिली रहेगी। | सूर्योदय 06 : 23 | सूर्यास्त 18 : 15

अयोध्या, रविवार, 10 मार्च 2024



निरहुआ बनल करोड़पति में दिखेंगी आम्रपाली दुबे...-15





## अनुप्रिया पटेल को मिली जेड श्रेणी की सुरक्षा

नई दिल्ली। लोकसभा चुनाव से पहले गृह मंत्रालय ने बड़ा फैसला लिया है। अपना दल (एस) की नेता और केंद्रीय मंत्री अनुप्रिया पटेल को जेड श्रेणी का सुरक्षा कवर दिया है। इससे पहले उन्हें वाई श्रेणी की सुरक्षा मिली हुई थी।

# भारत ने 4-1 से जीती श्रृंखला

धर्मशाला। रविचंद्रन अश्विन के अपने 100वें टेस्ट मैच में 9 विकेट लेने से भारत ने इंग्लैंड को अंतिम टेस्ट के तीसरे दिन शनिवार को पारी और 64 रन से शिकस्त दी। भारत ने यह श्रृंखला 4-1 से जीत ली। इंग्लैंड की टीम बल्लेबाजी करते हुए पहली पारी में 218 रन पर सिमट गई थी, जिसके जवाब में भारत ने 477 रन बनाकर 259 रन की बढ़त बना ली। इंग्लैंड की टीम दूसरी पारी में तीसरे दिन दूसरे सत्र में 195 रन पर आल आउट हो गई। पहली पारी में 4 विकेट लेने वाले अश्विन ने दूसरी पारी में 77 रन देकर 5 विकेट लिए। इंग्लैंड से जो रूट ने सबसे ज्यादा 84 रन बनाए। अश्विन ने सुबह के सत्र में 4 विकेट लेकर भारत की जीत तय कर दी थी। इंग्लैंड ने लंच तक 5 विकेट पर 103 रन बनाए थे। भारतीय गेंदबाजों ने बाकी बचे 5 विकेट दूसरे सत्र में लिए। वहीं, जेम्स एंडरसन इस टेस्ट में 700 विकेट लेने वाले दुनिया के पहले तेज गेंदबाज बने।

**टेस्ट में सबसे ज्यादा बार पारी में पांच विकेट**

| खिलाड़ी | मैच | 5 विकेट |
|---|---|---|
| मुथैया मुरलीधरन | 133 | 67 |
| शेन वॉर्न | 145 | 37 |
| रिचर्ड हैडली | 86 | 36 |
| आर अश्विन | 100* | 36 |
| अनिल कुंबले | 132 | 35 |
| जेम्स एंडरसन | 187* | 32 |

**100वें टेस्ट में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन (दोनों पारियों को मिलाकर)**

| | |
|---|---|
| 9/128 | रविचंद्रन अश्विन भारत बनाम इंग्लैंड, धर्मशाला, 2024 |
| 9/141 | मुरलीधरन श्रीलंका बनाम बांग्लादेश, चैटोग्राम, 2006 |
| 8/231 | शेन वार्न ऑस्ट्रेलिया बनाम द. अफ्रीका, केप टाउन, 2002 |
| 7/151 | कपिल देव भारत बनाम पाकिस्तान, कराची, 1989 |
| 7/176 | अनिल कुंबले भारत बनाम श्रीलंका, अहमदाबाद, 2005 |



### प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के दूसरे चरण में महिलाओं को उपहार

# होली पर एक रिफिल सिलेंडर मुफ्त

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार** : राज्य सरकार महिलाओं को होली उपहार के रूप में निशुल्क गैस सिलेंडर देने का फैसला किया है। प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के तहत इसका 1.75 करोड़ लोगों को सीधा फायदा मिलेगा। दीपावली पर भी राज्य सरकार ने महिलाओं को मुफ्त सिलेंडर दिया था। राज्य सरकार ने प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के तहत साल में 2 सिलेंडर मुफ्त में देने का निर्णय किया था। इसी क्रम में पहला सिलेंडर दीपावली पर और अब दूसरा सिलेंडर होली के अवसर पर मिलने जा रहा है।



- **प्रथम चरण में दीपावली पर भी मुफ्त दिए गए थे सिलेंडर**
- **1.75 करोड़ लाभार्थियों को देने के लिए 2312 करोड़ का बजट**

उप्र. में प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के अंतर्गत लगभग 1.75 करोड़ लाभार्थियों को 2 निःशुल्क सिलेंडर रिफिल वितरण के लिए योगी सरकार ने वित्तीय वर्ष 2023-24 में 2312 करोड़ रुपये के बजट का प्रावधान किया है।

एक नवंबर 2023 से 15 फरवरी 2024 तक तक कुल 80.30 लाख लाभार्थियों को रिफिल सिलेंडर रिफिल दिए गए। द्वितीय चरण में अब होली पर लाभार्थियों को निशुल्क सिलेंडर वितरित कराए जाने का निर्णय लिया गया है। 01 जनवरी 2024 से अब तक लगभग 50.87 लाख लाभार्थियों को सिलेंडर रिफिल की डिलीवरी की जा चुकी है। इस प्रकार अब तक कुल 131.17 लाख (1.31 करोड़ से ज्यादा) रिफिल सिलेंडर की डिलीवरी की गई है। मुख्यमंत्री योगी ने 10 नवंबर 2023 को योजना की शुरुआत की थी।

# भाजपा से तीन पुराने चेहरे समेत सात एमएलसी प्रत्याशी घोषित

## विजय बहादुर पाठक, डॉ. महेंद्र सिंह और अशोक कटारिया को फिर मिला मौका

राज्य ब्यूरो, लखनऊ



महेंद्र सिंह | अशोक कटारिया | विजय बहादुर | मोहित बेनीवाल | संतोष सिंह | धर्मेंद्र सिंह | रामतीरथ सिंघल

**अमृत विचार** : भाजपा केंद्रीय चुनाव समिति ने यूपी में विधान परिषद चुनाव के लिए सात प्रत्याशियों की सूची शनिवार को जारी की। जिसमें तीन नाम ऐसे हैं, जो दूसरी बार प्रत्याशी बनाए गए हैं। शेष चार नए चेहरों को मौका दिया गया है। तीन सीटें सहयोगी दलों के लिए छोड़ दी है। भाजपा ने सूची में कई जातियों को समायोजित करने का प्रयास किया है।

भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव अरुण सिंह ने शनिवार को उप्र और बिहार के लिए विधान परिषद प्रत्याशियों की सूची जारी की। उप्र विधान परिषद की 13 सीटों पर भाजपा ने सात प्रत्याशियों को मैदान में उतारा है। इसमें एक भूमिहार, दो क्षत्रिय, एक वैश्य, एक गुर्जर, एक ब्राह्मण व एक जाट समाज को टिकट देकर जातीय समीकरण साधने का भी प्रयास हुआ है। प्रदेश उपाध्यक्ष विजय बहादुर पाठक, पूर्वमंत्री व एमपी के चुनाव प्रभारी डा. महेंद्र कुमार सिंह व पूर्वमंत्री अशोक कटारिया को लगातार दूसरी बार प्रत्याशी बनाया है। जबकि प्रदेश उपाध्यक्ष मोहित बेनीवाल, प्रदेश उपाध्यक्ष संतोष सिंह, प्रदेश मीडिया सह प्रभारी धर्मेंद्र सिंह व झांसी के पूर्व मेयर रामतीरथ सिंघल को प्रत्याशी बनाकर मेहनत का इनाम दिया है। जिन 13 एमएलसी सीटों पर चुनाव हो रहा है, उसके लिए मतदान की नौबत आएगी या नहीं, यह नामांकन भरने की आखिरी तिथि मंगलवार को स्पष्ट हो जाएगा। संख्याबल के मुताबिक भाजपा की 10 और सपा की तीन सीटों पर जीत तय है।

- **मैदान में मोहित बेनीवाल, धर्मेंद्र सिंह, रामतीरथ सिंघल और संतोष सिंह नए चेहरे**
- **सहयोगी दलों अपना दल (एस), रालोद से नाम आए सामने, एक सीट पर पशोपेश**

### सहयोगी दलों में इन नामों पर चर्चा

भाजपा के सहयोगी दलों में अपना दल (सोनेलाल) से एमएलसी व मंत्री आशीष पटेल का प्रत्याशी बनना तय माना जा रहा है। रालोद से योगेश चौधरी का नाम चर्चाओं में है। जबकि सुभासपा से कोई नाम नहीं आया है। इस बीच रघुराज प्रताप सिंह राजा भैया की पार्टी जनसत्ता दल को एनडीए का हिस्सा बनाने के लिए अक्षय प्रताप सिंह उर्फ गोपाल को एमएलसी बनाने की चर्चा है।

### तीन कम होंगे भाजपा एमएलसी, सपा दो बढ़ेगी

पिछली बार भाजपा ने 10 एमएलसी सीटों पर कब्जा किया था। भाजपा से विजय बहादुर पाठक, डॉ. महेंद्र सिंह, अशोक कटारिया, निर्मला पासवान, बुक्कल नवाब, मोहसिन रजा, विद्या सागर सोनकर, डा. सरोजनी अग्रवाल, अशोक धवन और यशवंत एमएलसी बने थे। जबकि एक सीट सहयोगी अपना दल (एस) के आशीष पटेल को मिली। इस बार भाजपा सात और सहयोगी तीन सीटें ले रहे हैं। सपा एक सीट से बढ़कर तीन पर पहुंच जाएगी। बसपा इकलौते एमएलसी भीमराव आंबेडकर की सीट गवां देगी। उसके लिए एक मात्र विधायक होने से 29 वोटों का आंकड़ा सपना सरीखा है।

# त्योहारों के पहले दंगा कराता था विपक्ष : योगी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार** : मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गोरखपुर, जौनपुर और चंदौली में शनिवार को कहा कि विपक्षी दल अपनी सरकार में भक्तों पर लाठियां चलवाता था। पर्व-त्योहार के पहले दंगा भी कराता था। केंद्र व राज्य में भाजपा की डबल इंजन सरकार न होती तो राम मंदिर नहीं बन पाता। उन्होंने लोगों को 2024 में फिर एक बार-मोदी सरकार का संकल्प दिलाया।

मुख्यमंत्री योगी शनिवार को गोरखपुर में 10 एकड़ में 55 करोड़ से एनसीसी ग्रुप मुख्यालय ट्रेनिंग एकेडमी का शिलान्यास, जौनपुर में महाराणा प्रताप की मूर्ति का अनावरण, सड़क, पेयजल के साथ समग्र विकास से जुड़ी 899 करोड़ की 256 विकास परियोजनाओं और चंदौली के रामपुर मचिया में 743 करोड़ की 78 विकास परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास करने के बाद संबोधित कर रहे थे।



जौनपुर में महाराणा प्रताप की मूर्ति का मुख्यमंत्री योगी ने किया अनावरण।

- **मुख्यमंत्री ने गोरखपुर, जौनपुर व चंदौली में विपक्ष पर बोला हमला**
- **अरबों रुपये की योजनाओं का किया शिलान्यास-लोकार्पण**

योगी ने कहा कि 2014 से पहले देश में अंधकार युग का वातारण था। चारों तरफ अविश्वास का माहौल था, भारतीयों का गिरता हुआ सम्मान, घोटालों की लंबी श्रृंखला, अराजकता, नक्सलवाद और उग्रवाद भारत की नियति बन चुकी थी। लेकिन आज एक नया भारत है। विपक्ष पर हमला बोलते हुए लोगों से सवाल पूछा कि केंद्र व राज्य में यदि डबल इंजन सरकार न होती तो क्या राम मंदिर बन पाता। यह लोग लाठी-डंडा बरसाते थे। क्या काशी में काशी विश्वनाथ धाम बन पाता, यह लोग जलाभिषेक पर रोक लगाते थे। भारत में पर्व-त्योहारों के पहले दंगे कराते थे। आज सरकार शांतिपूर्ण ढंग से त्योहार मनाने के लिए प्रोत्साहित व सहयोग करती है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि पहले जय श्रीराम का नारा लगाने पर लाठियां बरसती थीं। अब दुनिया अयोध्या धाम दर्शन करने पधार रही है। मोदी की गारंटी वेलफेयर स्कीम के माध्यम से हर तबके को कल्याणकारी योजनाओं का लाभ और आजीविका की गारंटी दी जा रही है।





# खत्म करेंगे आरक्षण में 50 फीसदी की सीमा : राहुल

नई दिल्ली, एजेंसी

- **इससे मिलेगा गरीबों को उचित हक और हिस्सेदारी**

कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने शनिवार को कहा कि अगर आगामी लोकसभा चुनाव के बाद उनकी पार्टी सत्ता में आती है तो जातिगत जनगणना के साथ 'आर्थिक मैपिंग' कराई जाएगी जिसके आधार पर आरक्षण की 50 प्रतिशत की सीमा को खत्म किया जाएगा। उन्होंने कहा कि यह कदम सही आरक्षण, हक और हिस्सेदारी दिलाएगा। राहुल गांधी ने 'एक्स' पर पोस्ट किया कि क्या हमने कभी सोचा है कि गरीब कौन हैं? कितने हैं और किस स्थिति में हैं? क्या इन सभी की गिनती जरूरी नहीं? उन्होंने कहा कि बिहार में हुई जातिगत गिनती से पता चला कि गरीब आबादी के 88 प्रतिशत लोग दलित, आदिवासी, पिछड़े और अल्पसंख्यक समाज से आते हैं।

कांग्रेस नेता ने कहा कि बिहार से आए आंकड़े देश की असली तस्वीर की एक छोटी सी झलक मात्र हैं, हमें अंदाजा तक नहीं है कि देश की गरीब आबादी किस हाल में जी रही है। उन्होंने कहा कि इसीलिए हम दो ऐतिहासिक कदम उठाने जा रहे हैं- जातिगत गिनती व आर्थिक मैपिंग।

# ऐतिहासिक होगा साल का पहला सूर्यग्रहण

नैनीताल कार्यालय

- **इस खगोलीय घटना में धूमकेतु पोंस-ब्रूक्स भी शामिल होगा**

**अमृत विचार** : आठ अप्रैल को होने जा रहा वर्ष का पहला सूर्यग्रहण अद्भुत और ऐतिहासिक होगा। इसकी वजह धूमकेतु पोंस-ब्रूक्स है, जो इस खगोलीय घटना में शामिल होगा। इससे भी बड़ी बात ये है कि शुक्र व बृहस्पति ग्रह के भी इस दौरान दर्शन होंगे। यह पूर्ण सूर्यग्रहण होगा।

पूर्ण ग्रहण के दौरान कुछ पल का अंधेरा रात होने का एहसास कराने वाला होगा। जिसके चलते उस दौरान हमारे नभमंडल में मौजूद ग्रहों को देखे जाने का दुर्लभ समय होगा और धूमकेतु पोंस-ब्रूक्स आसमान में उड़ता हुआ नजर आएगा। दरअसल धूमकेतु पोंस-ब्रूक्स हर 71 साल में एक बार हमारे सौरमंडल के आंतरिक हिस्से में दौरा करता है। सौभाग्य से इस दौरान वह पृथ्वी के करीब होगा। लिहाजा इसे दिन के समय देख पाना दुर्लभ होगा। धूम केतुओं पर रिसर्च करने वाले वैज्ञानिकों की नजर इस पर होगी। साथ ही एस्ट्रोफोटोग्राफर भी इन लम्हों से कतई वंचित नहीं रहना चाहेंगे।

**जल संरक्षण में रचा इतिहास** | नहर और नदियों को जोड़ने के प्रोजेक्ट को मिला मुकाम, शासन में हो रही प्रशंसा

# तीन महीने में बचाया 868 .15 मिलियन लीटर पानी

गजेंद्र चौहान, कासगंज

**अमृत विचार** : पर्यावरण संरक्षण के क्षेत्र में प्रदेश ही नहीं देश में भी परचम लहरा चुका कासगंज अब जल संरक्षण के क्षेत्र में भी नई इबारत लिख रहा है। यहां किसानों के सहयोग से डब्ल्यूडब्ल्यूएफ ने ऐसा कार्य कर दिखाया जो अभूतपूर्व है। नहर और नदियों का मिलान खेतों से कर दिया। नए रास्ते बना दिए और फिर खेतों से अनुपयोगी पानी फिर से नहर-नदियों में भेज दिया। तीन महीने में 868.15 मिलियन लीटर पानी बचा लिया। लाखों लीटर पानी काली नदी में छोड़ने से जल संरक्षण हुआ है। देश भर में इसकी चर्चा हो रही है। अधिकारी इस प्रोजेक्ट को उत्तर प्रदेश के अन्य जिलों में भी लागू करने जा रहे हैं ।



- **जल संरक्षण के क्षेत्र में किए गए डब्ल्यूडब्ल्यूएफ के प्रयासों को प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड ने सराहा**

कासगंज में नहर और नदियों का जाल बिछा हुआ है। यहां सिंचाई के पर्याप्त साधन हैं, लेकिन किसान नहर नदियों से सिंचाई का अनुचित फायदा ले रहे थे। वह अनजाने में जरूरत से ज्यादा पानी फसलों में लगा रहे थे, जिससे जल का दोहन हो रहा था और फसलों को भी खास फायदा नहीं हो रहा था। डब्ल्यूडब्ल्यूएफ (वर्ल्ड वाइल्डलाइफ फंड) दिल्ली के अधिकारियों ने नहर और नदी क्षेत्र का सर्वे किया, लगभग दो साल पहले उन्होंने पाया कि कासगंज में जल संरक्षण की तमाम संभावना हैं, लेकिन जागरूकता का अभाव है।

> जल संरक्षण के लिए विशेष मुहिम छेड़ी गई, किसानों को जागरूक कर तीन महीने में 868 .15 लीटर मिलियन पानी बचाया गया। इसकी रिपोर्ट डब्ल्यूडब्ल्यूएफ ने दी। अब प्रदेश में नहर और नदियों से जुड़े अन्य जिलों में भी इस मॉडल को लागू करने का प्रयास किया जा रहा। वैसे और कई जिलों में काम चल रहा है। - **नितिन कौशल**, निदेशक, डब्ल्यूडब्ल्यूएफ दिल्ली

> हमने जांच में पाया कि काली नदी में ऑक्सीजन का लेवल संतुलित हो रहा है । यह सब इसलिए हो रहा है कि खेतों में प्रयोग से बचा पानी काली नदी में गिर रहा है। यह प्रयास सराहनीय है। उच्च अधिकारियों को पत्र लिखा गया है। - **केके शर्मा**, टेक्नीशियन, प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड अलीगढ़

## एक नजर

### रामलला का दर्शन करने पहुंचे हरियाणा के राज्यपाल

**अयोध्या, अयोध्या :** हरियाणा के राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय शनिवार को अयोध्या पहुंचे। यहां महर्षि वाल्मीकि एयरपोर्ट पर उनका स्वागत हुआ। उन्होंने कहा कि राज्यपाल बनने के बाद पहली बार अयोध्या पहुंचा हूं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ अयोध्या को एक सांस्कृतिक केंद्र बना रहे हैं। पूरे विश्व में भारत की सांस्कृतिक ऊर्जा बनाने के लिए जो प्रयास चल रहा है वह सराहनीय है। उन्होंने हनुमानगढ़ी में दर्शन-पूजन किया और शाम को सरयू आरती में शामिल हुए।

### आउटरीच कैंप में ग्रामवासी हुए जागरूक

**अयोध्या, अमृत विचार :** डॉ. राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय के समाजकार्य विभाग, राष्ट्रीय सेवा योजना व सिफसा के संयुक्त संयोजन में ग्राम डाभासेमर में आउटरीच कैंप के 5वें दिन गांव की महिलाओं, वृद्धों, किशोरियों व प्राइमरी स्कूली बच्चों को टीकाकरण के साथ बाल स्वास्थ्य एवं स्वच्छता से जागरूक किया गया। नोडल अधिकारी डॉ. दिनेश कुमार सिंह ने गांव वासियों को संतुलित आहार लेने की सलाह दी।

### विशेष शिविर लगाया

**अयोध्या, अमृत विचार :** ढोढ़ेराम स्नातकोत्तर महाविद्यालय सेवरा में शनिवार को राष्ट्रीय सेवा योजना का सात दिवसीय विशेष शिविर आयोजित किया गया। उद्घाटन महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. शिवराम यादव ने किया। इस दौरान राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवक, कार्यक्रम अधिकारी डॉ. योगेंद्र प्रसाद व रवींद्र कुमार, पुस्तकालयाध्यक्ष अमरनाथ, डॉ. प्रीति नारायण यादव, रक्षिता सिंह, सुग्रीव यादव, विशाल यादव, महेन्द्र देव व राकेश यादव सहित कई मौजूद रहे।

# ट्रैक्टर-ट्रॉली पलटकर हुई दो खंड, युवक की मौत

## देवकाली ओवरब्रिज के आगे डंपर ने मारी टक्कर, लड़की देखने बिहार जाने वाला था युवक

अयोध्या कार्यालय



हादसे के बाद पलटी ट्रॉली और दो खंड हुआ ट्रैक्टर। अमृत विचार

**अमृत विचार :** लखनऊ-गोरखपुर हाइवे पर एक डंपर की टक्कर से गन्ना लदी एक ट्रैक्टर-ट्राली अनियंत्रित होकर सर्विस लेन पर पलट गई। हादसे में ट्रैक्टर दो खंड में बट गया और चपेट में आकर बिहार के एक युवक की मौत हो गई। मृतक अयोध्या कोतवाली क्षेत्र में किराए का कमरा लेकर रहता था और नरेंद्रालय सभागार के पास कपड़े की दुकान लगाता था, उसको अपनी शादी के लिए लड़की देखने बिहार जाना था।

शुक्रवार की देर रात एक ट्रैक्टर-ट्रॉली गन्ना लादकर पूराकलंदर थाना क्षेत्र के मसौधा स्थित केएम शुगर मिल जा रही थी। अयोध्या कोतवाली क्षेत्र में देवकाली ओवर ब्रिज के आगे पीछे से आ रही एक डंपर से ट्रैक्टर-ट्रॉली में जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर से अनियंत्रित ट्रैक्टर-ट्रॉली जनौरा कट के थोड़ा पहले हाइवे के सर्विस लेन पर पलट गई। इसी बीच उधर से गुजर रहा अभिषेक गुप्ता (26) पुत्र केदार प्रसाद निवासी मढ़ौरा थाना मढ़ौरा जिला छपरा,बिहार ट्रैक्टर-ट्राली की चपेट में आ गया। दिल्ली से पहुंचे मृतक के भाई संजय गुप्ता का कहना है कि अभिषेक ने इसी जिले से हाईस्कूल बोर्ड का परीक्षा फार्म भरा था और गोसाईगंज स्थित परीक्षा केंद्र से परीक्षा दे रहा था। गांव में रहने वाले माता-पिता ने अभिषेक के लिए छपरा जिले में एक रिश्ता देखा था और सोमवार को लड़की देखने जाना था। रानोपाली चौकी प्रभारी बृजभूषण पाठक ने बताया कि शिकायत के आधार पर अग्रिम विधिक कार्रवाई की जाएगी।

### क्रॉसिंग के निकट ट्रेन से गिरा युवक गंभीर

**अयोध्या, अमृत विचार :** लखनऊ-वाराणसी रेल प्रखंड पर देवराकोट रेलवे स्टेशन के क्रॉसिंग के पास शनिवार सुबह एक घायल युवक मिला। युवक बिहार रूट की ट्रेन से गिरने के चलते घायल हुआ है। घायल की पहचान सूरज कुमार (19) पुत्र फुलगेन ठाकुर निवासी भीट धरुवा थाना पताही जिला मोतिहारी बिहार के रूप में हुई है। जिला अस्पताल के ऑर्थो वार्ड में भर्ती गंभीर घायल रेल यात्री को अभी होश नहीं आया है।

### वाहन की टक्कर से वृद्ध घायल

**अयोध्या, अमृत विचार :** कैंट थाना क्षेत्र में नियावां चौराहे के पास शनिवार को किसी वाहन ने एक वृद्ध को टक्कर मारकर गंभीर रूप से घायल कर दिया। घायल वृद्ध को उसके पड़ोसी दस्तकीर अहमद ने जिला अस्पताल के सर्जिकल वार्ड में भर्ती कराया है। दस्तकीर का कहना है कि घायल अब्बू सलमान (60) पुत्र मो. सिद्दकी नियावां मोहल्ले के ही निवासी हैं और पैदल ही कहीं जा रहे थे। पुलिस जांच कर रही है।

# स्वाइन फ्लू को लेकर अस्पताल हुए अलर्ट

अयोध्या कार्यालय




**अमृत विचार :** राजधानी लखनऊ में स्वाइन फ्लू के मरीज मिलने के बाद जिले के अस्पतालों को अलर्ट पर रखा गया है। सीएमओ ने सर्दी, जुकाम व खांसी के मरीजों की जांच व इलाज कराने की नसीहत दी है। उन्होंने अस्पतालों को निर्देश दिया है कि अगर किसी भी मरीज में जांच के उपरांत स्वाइन फ्लू के लक्षण मिलते हैं तो तत्काल विभाग को रिपोर्ट करें।

स्वाइन फ्लू, जिसे एचवनएनवन वायरस के नाम से भी जाना जाता है। 2009 में यह तब सुर्खियों में आया जब पहली बार मनुष्यों में पाया गया और इसे एक महामारी के रूप में वर्गीकृत किया गया। यह सुअरों से उत्पन्न हुआ और अब एक व्यक्ति से दूसरे व्यक्ति में फैलता है। स्वाइन फ्लू से पीड़ित व्यक्ति को भौंकने वाली खांसी, भूख में कमी, नाक से स्राव और उदासीन व्यवहार जैसे लक्षण अनुभव होते हैं। सीएमओ डॉ. संजय जैन ने बताया कि इधर, मौसम में बदलाव आने के बाद सर्दी, जुकाम के मरीजों में काफी इजाफा हुआ है। अस्पतालों की ओपीडी ऐसी मरीजों से पटी पड़ी है। इसलिए ऐसे मरीजों को एहतियातन चिकित्सकों से संपर्क करना चाहिए।

# गोरखपुर, लखनऊ व प्रयागराज ने जीते मैच

हॉकी प्रतियोगिता

अयोध्या कार्यालय



बालिका हॉकी प्रतियोगिता के लीग मुकाबले में जीत के लिए संघर्ष करतीं खिलाड़ी।

**अमृत विचार:** प्रदेश खेल निदेशालय के निर्देशन में क्षेत्रीय खेल कार्यालय डॉ. आंबेडकर अंतरराष्ट्रीय क्रीड़ा संकुल में प्रदेशीय सब जूनियर बालिका हॉकी प्रतियोगिता में शनिवार को स्पोर्ट्स कॉलेज गोरखपुर, स्पोर्ट्स हॉस्टल लखनऊ व प्रयागराज मंडल टीमों ने लीग मैच जीते। पहले मैच में स्पोर्ट्स कालेज गोरखपुर ने चित्रकूट मंडल को 7-0 से पराजित किया। दूसरे मैच में प्रयागराज मंडल ने बरेली मंडल को 7-0 से पराजित किया। तीसरे मैच में स्पोर्ट्स कॉलेज गोरखपुर ने मुरादाबाद मंडल को 5-0 से पराजित किया।

चौथे मैच में लखनऊ हास्टल ने आगरा मंडल को 8-0 से पराजित किया। इस अवसर पर आरएसओ चंचल मिश्रा, उप क्रीडाधिकारी मो. इरफान, शकील अहमद अंसारी, विवेक कुमार, सीडी सिंह सहित खेल प्रेमी मौजूद रहे।

# कुश्ती में 60 पहलवानों ने दिखाया दमखम

अयोध्या कार्यालय



जिलास्तरीय कुश्ती के विजेता पहलवान। अमृत विचार

**अमृत विचार :** क्षेत्रीय क्रीड़ा कार्यालय के तत्वावधान में जिला स्तरीय सीनियर पुरुष कुश्ती प्रतियोगिता अयोध्या धाम के हनुमानगढ़ अखाड़े में शनिवार को हुई। प्रतियोगिता में करीब 60 पहलवानों ने दमखम दिखाया। विभिन्न भार वर्गों के विजेता व उपविजेता पहलवानों को मुख्य अतिथि संकट मोचन सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष महंत संजय दास ने पुरस्कृत किया। उप क्रीड़ा अधिकारी विवेक कुमार ने बताया कि प्रतियोगिता के 50 किलो भार वर्ग में अंश यादव ने रुद्र यादव को, 54 किलो में प्रमोद चौहान ने करण यादव को, 57 किलो में विश्वजीत चौहान ने अजीत यादव को पराजित किया। इसी प्रकार 61 किलो भार वर्ग में अरविंद ने बजरंगी को, 65 किलो में दिव्यांश ने आदर्श को, 70 किलो में अभिषेक राजभर ने राहुल को, 79 किलो में कल्लू दास ने हनुमान दास को पटकनी दी। शिवकुमार दास संतराम शिव दास मंगलदास राजेश दास व मनी रामदास ने निर्णायक की भूमिका निभाई।

### पहलवानों ने दिखाए दांव-पेच

**तारुन, अयोध्या, अमृत विचार :** दो दिवसीय राष्ट्रीय विराट कुश्ती दंगल प्रतियोगिता काली माता मंदिर टिकरी,अगागंज, तारुन में आयोजित किया गया। उद्घाटन अंबेडकरनगर के सपा प्रत्याशी लालजी ने किया। पहला मुकाबला रवि पहलवान कानपुर व मोंटी पहलवान दिल्ली के बीच हुआ। मोंटी पहलवान विजय रहे। प्रदीप शास्त्री हरिद्वार ने मुन्ना टाइगर को कैंची दाव मार कर चित कर दिया। रमन पहलवान ने मो. गफ्फार पहलवान पराजित किया। महिला पहलवान के बीच हुए कड़े मुकाबले में ज्योति विजय रही। पहलवानों का उत्साह वर्धन वर्तमान विधायक अभय सिंह ने किया। संयोजक राकेश सिंह ने सभी अतिथियों स्वागत किया।

# सिंधी लोक गीत गाकर किया मंत्रमुग्ध



उत्तर प्रदेश कबड्डी संघ के प्रदेश अध्यक्ष विकास सिंह के साथ महिलाएं व बच्चे।

**अयोध्या, अमृत विचार :** रामनगर कॉलोनी में बने समर्पण मंच पर सिंधी संस्कृति को जिवित रखने के लिए पीतल के थाल को हाथों से बजाकर सिंधी लोक गीत गाकर सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। महाशिवरात्रि व अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर शुक्रवार रात हुए आयोजन में बच्चों ने धार्मिक व सिंधी गीतों पर वेशभूषा के साथ नृत्य किया। संत नवलराम पंचायत, विश्व सिंधी सेवा संगम और कुछ पल फाउंडेशन के संयुक्त आयोजन में महापौर गिरीशपति त्रिपाठी व उत्तर प्रदेश कबड्डी संघ के प्रदेश अध्यक्ष विकास सिंह ने अतिथि के रूप में शिव-पार्वती व संत नवलराम के चित्र पर माल्यार्पण कर दीप प्रज्वलित किया। पंचायत ने दोनों अतिथियों को शॉल ओढ़ाकर व स्मृति देकर स्वागत किया। अध्यक्षता हरीश मध्यान व संचालन ओमप्रकाश ओमी और नीलम मध्यान ने किया। जया राहेजा,माला खत्री, कशिश चावला,जिया राहेजा,नेहा माखेजा,सीमा आहूजा निर्णायक मंडल में थीं।

# बालिका टीम को टेनिस बॉल क्रिकेट में तीसरा स्थान

अयोध्या कार्यालय



पदक के साथ सीनियर नेशनल टेनिस बॉल क्रिकेट में तृतीय रही उप्र बालिका टीम। अमृत विचार

**अमृत विचार:** उप्र बालिका टीम ने रामनाथपुरम रामेश्वरम में हुई सीनियर नेशनल टेनिस बॉल क्रिकेट चैंपियनशिप में राजस्थान की टीम को हराकर तीसरा स्थान प्राप्त किया। उप्र टीम में अयोध्या की 12 खिलाड़ी शामिल रहीं। टीम कोच रमेंद्र सिंह ने बताया कि उप्र बालिका टीम ने क्वार्टर फाइनल में तमिलनाडु को हराकर सेमी फाइनल में गोवा से पराजित होना पड़ा।

राजस्थान को एक तरफा मुकाबले में हराकर लगातार तीसरे वर्ष तृतीय स्थान प्राप्त किया। उप्र टीम में ऋषिका तिवारी, मुस्कान जायसवाल, विधि यादव, नीलम निषाद, अद्बीआ बानो, नेहा वर्मा, शालिनी सिंह, मोहिनी, सौम्या, देवयानी सिंह, रागिनी तिवारी, मीना कुमारी, शालिनी सिंह, तृप्ति शामिल रहीं। खिलाड़ियों की उपलब्धि पर अयोध्या सांसद लल्लू सिंह, संयुक्त शिक्षा निदेशक सतीश सिंह, डीआईओएस राजेश कुमार आर्य, टेनिस बॉल क्रिकेट संघ के प्रदेश सचिव इमरान अहमद लारी, प्रदेश उपाध्यक्ष तौसीफ अहमद लारी, प्रदेश संयुक्त सचिव रामेंद्र सिंह, जिलाध्यक्ष डॉ. संजय तिवारी, जिला विद्यालय कीड़ा समिति सचिव धर्मेंद्र सिंह, संयुक्त सचिव अभिषेक सिंह, जिला ओलंपिक संघ सचिव परमेंद्र सिंह, जिला तलवारबाजी संघ सचिव विजेंद्र सिंह, अनुज, विशाल सिंह, उत्तम कुमार, दुर्गा श्रीवास्तव, अभिमन्यु सिंह, राजू रंजन आदि ने बधाई दी है।

## सार-संक्षेप

### ज्ञान, भक्ति व वैराग्य का अनूठा संगम है श्रीमद्भागवत कथा




कथा कहते कथाव्यास।

**पूराबाजार, अयोध्या, अमृत विचार :** क्षेत्र के अंजना मजरे सूरापुर में आयोजित सात दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा के दूसरे दिन शनिवार को कथाव्यास स्वर्णदीप शास्त्री ने कहा कि श्रीमद्भागवत कथा ज्ञान, भक्ति और वैराग्य का अनूठा संगम है। उन्होंने कहा कि सांसारिक मोह त्यागकर परमात्मा का स्मरण करना ही वैराग्य है। उन्होंने कहा कि कथा सुनने से भक्ति तृप्त होती है। ज्ञान और वैराग्य हृदय में दृढ़ होते हैं। कथा व्यास ने प्रह्लाद चरित्र का वर्णन करते हुए कहा कि प्रहलाद ने नारायण से कहा मुझ पर ऐसी कृपा करें कि संसार का कोई भी सुख पाने का विचार भी मेरे मन में न आए। किसी भी प्रकार की इंद्रिय सुख की कामना न हो मेरे हृदय में कभी किसी कामना का बीज ही अंकुरित न हो, ऐसा वरदान मुझे दें। इससे पूर्व अरुण देव तिवारी ने व्यासपीठ की आरती उतारी। इस अवसर पर आशुतोष पांडेय, रमेश, प्रमोद, अशोक, मोनू, सतेंद्र, आजाद, बुद्धू लाल विश्वकर्मा सहित ग्रामीणों ने कथा का रसपान किया।

### कार्यकर्ता सम्मेलन में सपा नेताओं ने भरी हुंकार



सम्मेलन में पूर्व मंत्री राकेश वर्मा का स्वागत करते पदाधिकारी।

**अयोध्या, अमृत विचार :** समाजवादी पार्टी इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी पूर्व मंत्री विधायक अवधेश प्रसाद के समर्थन में सआदतगंज स्थित एक मैरिज लॉन में कार्यकर्ता सम्मेलन का आयोजन हुआ। मुख्य अतिथि पूर्व मंत्री राकेश वर्मा ने कहा कि समाजवादी पार्टी की सरकार में पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने जो विकास का कार्य किया जनता आज भी याद कर रही है। विशिष्ट अतिथि पिछड़ा वर्ग अध्यक्ष राजपाल कश्यप ने कहा कि भाजपा सरकार में पिछड़े और दलितों का सबसे ज्यादा उत्पीड़न हो रहा है। लोकसभा प्रत्याशी अवधेश प्रसाद ने कहा कि सपा की सरकार ने बिना भेदभाव के सभी वर्गों के कल्याण के लिये काम किया है। पूर्व मंत्री तेजनारायण पाण्डेय पवन ने कहा कि इस बार इण्डिया गठबन्धन के तहत सरकार बनेगी। पूर्व विधायक अब्बास अली जैदी रुश्दी मिया ने कहा कि अखिलेश यादव की सरकार में जो भी विकास कार्य चल रहे थे वर्तमान सरकार ने उसे बन्द कर दिया। बीकापुर विधानसभा प्रत्याशी रहे हाजी फिरोज खान गब्बर ने कहा कि वर्तमान भाजपा सरकार से आम जनता परेशान है उससे निजात चाहती है। मुख्य रूप से पूर्व सांसद राम सागर रावत, अनिमेष प्रताप सिंह राहुल, वरिष्ठ नेता छेदी सिंह, छोटेलाल यादव, अनूप सिंह, हामिद जाफर मीसम, आदि लोग मौजूद रहे।

# सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर कलाकारों ने मोहा मन



**अयोध्या, अमृत विचार :** संगीत संस्कृति फाउंडेशन के तत्वावधान में शनिवार को रामनगरी में कलाकारों ने कथक नृत्य शैली में सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया। संस्था की अध्यक्ष हरितिमा पंत के निर्देशन में कलाकारों ने श्रीराम चंद्र कृपालु भजमन, टुमुकी चलत राम चंद्र, शिव शम्भू, श्री राम कृष्ण गोविंद भजनों पर प्रस्तुतियां देने के साथ अन्य सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। संस्था की अध्यक्ष हरितिमा पंत ने कहा कि पहली बार रामनगरी में कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। नृत्यांगना उपासना श्रीवास्तव, पूनम सोनी के नृत्य निर्देशन में अन्या, मोनिशा, रिद्धि, मानसी, अन्नया वर्मा, अर्शिता, पवित्रा, शैलेंद्र, अंशिका, अंजली ने अपनी प्रस्तुतियों से लोगों को मंत्रमुग्ध कर दिया।

# प्रांतीय मातृशक्ति सम्मेलन आज से

अयोध्या कार्यालय



पत्रकारों से वार्ता करतीं मातृ शक्ति की प्रदेश अध्यक्ष व मौजूद अन्य।

**अमृत विचार :** विश्व हिंदू महासंघ के मातृ शक्ति का दो दिवसीय प्रांतीय सम्मेलन रविवार से रामलला के दर्शन-पूजन व सरयू आरती के बाद झंडारोहण के साथ शुरू होगा। सम्मेलन में प्रदेश के विकास में महिलाओं की भागीदारी को लेकर विभिन्न प्रस्तावों पर चर्चा होगी।

यह जानकारी देते हुए मातृ शक्ति की प्रदेश अध्यक्ष श्रीमती संतोष मिश्रा ने बताया कि सम्मेलन में प्रदेश के सभी 75 जिलों से पदाधिकारियों के अलावा 800 मातृशक्ति भाग लेंगीं। शनिवार को वह अयोध्या के रामघाट स्थित श्री राघवजी मंदिर में पत्रकारों से मुखातिब थीं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी और मुख्यमंत्री योगी के शासन व्यवस्था में महिलाओं का सम्मान, सुरक्षा और संबल बढ़ा है। संगठन राष्ट्र और प्रदेश के विकास में महिलाओं की भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए कृत संकल्प है। दो दिवसीय सम्मेलन में अपनों से अपनी बात, महिला सशक्तिकरण, नारी सम्मान-राष्ट्र सम्मान वैश्विक पटल पर मातृशक्ति की उड़ान आदि प्रस्तावों पर चर्चा की जाएगी। विश्व हिन्दू महाशक्ति के प्रदेश अध्यक्ष भिखारी प्रजापति के नेतृत्व में संगठन धार्मिक क्षेत्र में भी राष्ट्रीय चेतना और जागरूकता के लिए प्रयासरत है तथा सामाजिक समरसता को धरातल पर लाकर सशक्त हिंदू समाज का निर्माण करने में जुटा है। मातृशक्ति की प्रदेश महामंत्री रेखा श्रीवास्तव ने बताया कि सभी महिलाएं रविवार को प्रातः काल रामलला के दर्शन कर देश और प्रदेश के कल्याण की कामना करेंगी। शनिवार को सायंकाल झंडारोहण और सरयू आरती से प्रदेश सम्मेलन प्रारंभ होगा। कार्यक्रम में प्रज्ञा श्रीवास्तव, प्रदेश धर्माचार्य प्रमुख डा. हरिओम पाठक समेत अन्य पदाधिकारी मौजूद रहेंगे।

इम्तिहान — सोमवार को होगी 10वीं कक्षा की गणित की परीक्षा

# सीबीएसई बोर्ड : 1500 विद्यार्थियों ने दी गणित की परीक्षा




अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार :** सीबीएसई की 12वीं कक्षा की गणित विषय में शनिवार को 1500 छात्र-छात्राओं ने परीक्षा दी। सीबीएसई के जिला कोऑर्डिनेटर अजीत कुमार द्विवेदी ने बताया कि सभी परीक्षा केंद्रों पर सीबीएसई पर्यवेक्षक की निगरानी में नकल विहीन परीक्षा संपन्न हुई।

सभी केंद्रों पर प्रवेश से पहले विद्यार्थियों की सघन तलाशी ली गई। कहीं कोई नकल संबंधी आपत्तिजनक वस्तु नहीं मिली है। सीसीटीवी की निगरानी में लगभग 1500 विद्यार्थियों ने गणित का पेपर दिया है। सोमवार को 10 वीं कक्षा की गणित विषय की परीक्षा होगी।



गणित के पेपर को लेकर मन बहुत नर्वस था। हालांकि पेपर बहुत ही सरल था। तैयारियों के अनुरूप ही सेलेबस से सारे सवाल आए थे। कुल मिलाकर पेपर बहुत अच्छा हुआ है। **-निहित,** छात्र, सनबीम स्कूल



गणित का पेपर अपेक्षा से कहीं अधिक अच्छा हुआ है। जिस तरह से तैयारियां की थीं, उसी के अनुरूप ही पेपर आया था। पेपर में कोई उलझाने वाला सवाल नहीं था, बढ़िया तरीके से पेपर हुआ है। **-शगुन सिंह,** छात्रा, आर्मी पब्लिक स्कूल



सेलेबस और पिछले वर्ष आए पेपर को आधार बनाकर तैयारियां की थीं। आज गणित का पेपर अपेक्षा से अधिक बेहतर हुआ है। छोटी-छोटी चीजे आज के पेपर में बहुत काम आईं। **-ऋषभ त्रिपाठी,** छात्र, आर्मी पब्लिक स्कूल

### शुरू हुआ मूल्यांकन

जिला कोऑर्डिनेटर अजीत कुमार ने बताया कि सीबीएसई के निर्देशन में कॉपियों का मूल्यांकन शुरू हो चुका है। इसके लिए जिले में पांच मूल्यांकन केंद्र बनाए गए है। सीबीएसई के निर्देश पर केंद्रों पर अलग अलग मूल्यांकन टीम गठित की गई है, ताकि शीघ्र मूल्यांकन कर परीक्षा परिणाम घोषित किया जा सके।



सुबह से गणित के पेपर को लेकर बहुत नर्वस थी, लेकिन जब पेपर आया तो मन बहुत खुश हो गया। कोई भी सवाल कठिन नहीं था। बेहतर करने की कोशिश की है, उम्मीद है परिणाम भी अच्छा मिलेगा। **-जाह्नवी पांडेय,** छात्रा, आर्मी पब्लिक स्कूल

# 5 केंद्रों पर 13 दिनों में होगा मूल्यांकन

यूपी बोर्ड

**उत्तर पुस्तिकाओं के आवंटन के बाद 16 से शुरू होगा काम**

अयोध्या कार्यालय



**अमृत विचार :** यूपी बोर्ड हाईस्कूल और इंटरमीडिएट की परीक्षा की उत्तर पुस्तिकाओं के मूल्यांकन के लिए जिले में कुल पांच मूल्यांकन केंद्र बनाए गए हैं। इस बार बोर्ड की ओर से जारी सूचना के अनुसार कुल 13 कार्य दिवसों में मूल्यांकन कार्य होना होगा।

माध्यमिक शिक्षा परिषद द्वारा इस बार राजकीय इंटर कॉलेज में इंटरमीडिएट, एमपीएलएल आदर्श इंटर कॉलेज में हाईस्कूल, राजकीय बालिका इंटर कॉलेज में इंटरमीडिएट, मनोहर लाल इंटर कॉलेज में हाईस्कूल, राज करण इंटर कॉलेज में हाईस्कूल परीक्षा की उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन किया जाएगा। बोर्ड के सचिव दिव्य कांत शुक्ल की ओर से जारी आदेश के तहत 16 मार्च से संबधित केंद्रों पर मूल्यांकन कार्य शुरू होकर 31 मार्च तक कुल 13 कार्य दिवसों में पूरा किया जाएगा। जिले में मूल्यांकन के लिए परीक्षकों की तैनाती की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। इस बार तीन हजार से अधिक परीक्षक मूल्यांकन कार्य में लगाए जाएंगे।

### सीसीटीवी पर्यवेक्षकों की निगरानी में होगा काम

जिला विद्यालय निरीक्षक डॉ. राजेश कुमार आर्या ने बताया कि मूल्यांकन केंद्रों को लेकर गाइड लाइन शीघ्र जारी की जाएगी। सभी मूल्यांकन केंद्रों में सीसीटीवी और विशेष पर्यवेक्षकों की निगरानी में काम होगा। इस बार इंटरमीडिएट में 38,945 और हाईस्कूल में 43,131 परीक्षार्थी शामिल हो रहे हैं। परीक्षा पूरी होने के बाद शामिल हुए परीक्षार्थियों की संख्या सामने आएगी।

Kanak Kids International School
Nursery to Class 5th (English Medium)
Add.: ITI Chauraha Punch Kosi Prikarma Marg Ram Path - Ayodhya U.P.
Gmail ID - kanakkidsayo@gmail.com
Mob.: 7905181449
Admission Open



Dr. Sanjay Tiwari (Chairman)

Saryu International School
Class 6th to 12th (CBSE PATTERN NEW DELHI)
Add.: Near Police Booth No-4 Bypass Ayodhya U.P.
Gmail ID- internationalsaryu@gmail.com
Mob.: 7905193849

## एक नजर

### सिविल लाइंस में आज 8 घंटे ठप रहेगी बिजली आपूर्ति

**अयोध्या, अमृत विचार** : गर्मी के मौसम में बिजली कटौती से आमजन को निजात दिलाने के लिए रविवार को विभाग पैनल बदलने व अनुरक्षण का कार्य करेगा। इस कारण दोनों ही जगहों पर बिजली आपूर्ति ठप रहेगी। विद्युत वितरण खंड प्रथम के अधिशाषी अभियंता प्रदीप वर्मा ने बताया कि विद्युत उपकेंद्र सिविल लाइंस में 11 केवी ब्रेकर पैनल बदलने का कार्य किया जाना है। इस कारण सुबह 10 से शाम 9 बजे तक आपूर्ति बाधित रहेगी। विद्युत उपकेंद्र देवकाली से पोषित 11 केवी धनीराम का पुरवा फीडर का अनुरक्षण कार्य सुबह 10 से शाम 4 बजे तक होगा।

### एकला चलो की राह पर आदर्शवादी कांग्रेस पार्टी

**अयोध्या, अमृत विचार** : इंडिया गठबंधन के साथ चुनाव लड़ने के प्रयास की वार्ता विफल होने के बाद केंद्रीय चुनाव समिति की बैठक में आदर्शवादी कांग्रेस पार्टी ने एकला चलो की राह पर चलने का निर्णय लिया है। यह निर्णय शनिवार को केंद्रीय कार्यालय रामनगर में आयोजित बैठक में लिया गया। साथ ही संसदीय समिति के अध्यक्ष धीरेंद्र पांडेय की अध्यक्षता में 14 सदस्यीय चुनाव संचालन समिति का गठन किया गया है। राष्ट्रीय महासचिव आशीष मिश्र, तारकनाथ मिश्र, पवन कुमार वर्मा, उमा सिंह, गीता देवी, विनोद कुमार आदि रहे।


# सपा नेता की दबंगई, टोल बूथ का बैरियर तोड़कर निकाला काफिला

## दो लेन से बिना टोल दिए गुजरे कई वाहन, प्रबंधक की शिकायत पर रिपोर्ट दर्ज

सोहावल,अयोध्या



पहले टोल प्लाजा की एक लेन को फ्री कराया।



फिर दूसरी लेन को भी फ्री कर दिया और सारे वाहन निकल गए।

**अमृत विचार** : रौनाही थाना क्षेत्र के तहसीनपुर टोल प्लाजा पर सपा नेता की दबंगई का मामला सामने आया है। राष्ट्रीय राजमार्ग पर सपा नेता के काफिले में शामिल कई वाहन टोल बूथ का बैरियर तोड़कर निकल गए। समर्थकों ने टोल के दो लेन को फ्री करा दिया और काफिले में शामिल वाहनों को बिना टोल टैक्स दिए पार कराया। टोल कर्मियों ने जब इसका विरोध जताया तो धक्का-मुक्की शुरू हो गई। वाहनों का काफिला निकल जाने के बाद टोल प्रबंधक की शिकायत पर रौनाही थाना पुलिस ने सपा नेता व उनके समर्थकों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

खलीलाबाद लोकसभा क्षेत्र के पूर्व सपा सांसद भालचंद यादव के पुत्र सुबोधचंद्र यादव शनिवार को लखनऊ मुख्यालय स्थित समाजवादी पार्टी कार्यालय पर सपा में शामिल होने के बाद अपने समर्थकों के साथ गृह जनपद जा रहे थे। गत विधानसभा चुनाव में उन्होंने पार्टी से टिकट न मिलने पर आम आदमी पार्टी का दामन थाम लिया था। लखनऊ से अयोध्या जा रहे सपा के झंडे लगे वाहनों का काफिला पूर्वाह्न रौनाही थाना क्षेत्र के तहसीनपुर टोल प्लाजा पहुंचा तो कर्मियों ने वाहनों को रोकने की कोशिश की। समर्थक उतरे और बैरियर को मोड़ दिया व काफिले में शामिल वाहनों को बिना टोल दिए पार कराने लगे। इसे लेकर टोल र्मियों से धक्का-मुक्की शुरू हुई तो समर्थक बगल के लेन पर भी पहुंच गए और वहां भी बैरियर को फ्री करा दिया। दोनों लेन से सपा नेता के काफिले के वाहन बिना टैक्स दिए चले गए। पूरा वाकया टोल प्लाजा पर लगे सीसीटीवी में कैद हुआ है। मामले में टोल प्लाजा के प्रबंधक एबी शिकरवार ने शिकायत रौनाही पुलिस को दी है जिसमें उन्होंने बैरियर को बिना टोल टैक्स का भुगतान किये वाहनों को पार कराने तथा कर्मियों को धमकी दिए जाने का आरोप लगाया है।

### कई वाहन चालकों ने उठाया मौके का फायदा

सपा समर्थकों और टोल कर्मियों के बीच वाद-विवाद का फायदा कई और वाहन चालकों ने भी उठा लिया। बताया जा रहा है कि सपा झंडे लगे लग्जरी गाड़ियों का काफिला जैसे ही आगे निकला वैसे ही कुछ और गाड़ियां तेज रफ्तार में बैरियर से क्रॉस हो गईं। टोल कर्मियों के मुताबिक कार का एक तरफ का टोल टैक्स 140 रुपये है। अगर 24 घंटे के अंदर वाहन टोल से वापस गुजरता है तो उसे 40 रुपये अतिरिक्त भुगतान करने पड़ते हैं।

> टोल प्लाजा प्रबंधन की शिकायत पर सपा नेता सुबोध चंद्र यादव व उनके कुछ समर्थकों के खिलाफ धमकी और नुकसान पहुंचाने की धारा में रिपोर्ट दर्ज की गई है। मामले की विवेचना कराई जा रही है। मारपीट का मामला सामने नहीं आया है। **-पंकज सिंह**, प्रभारी निरीक्षक, रौनाही

# राम मंदिर में संदिग्धों को पहचानेगा एफआर सिस्टम

अयोध्या कार्यालय

**बैठक**

**रामनवमी से पहले ही कंट्रोल रूम में लगाने की है तैयारी**

**अमृत विचार** : राम मंदिर में आने वाले श्रद्धालुओं की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए रामनवमी से पूर्व परिसर स्थित कंट्रोल रूम में फेस रिकग्नेशन (एफआर) सिस्टम स्थापित किया जाएगा। इससे तीर्थ यात्रियों के बीच संदिग्धों की पहचान हो सकेगी। किसी संदिग्ध के दिखने पर कंट्रोल रूम में स्थापित सॉफ्टवेयर संबंधित संदिग्ध की जानकारी स्क्रीन पर ब्योरे के साथ प्रदर्शित करेगा और सुरक्षा में लगे कर्मियों को संकेत भेजेगा। इसे लेकर ट्रस्ट के सलाहकार केके शर्मा ने प्रशासनिक अधिकारियों के साथ बैठक भी की है।

शनिवार को मंदिर निर्माण समित की बैठक के दूसरे दिन की अध्यक्षता चेयरमैन नृपेद्र मिश्र ने की। उन्होंने सबसे पहले परिसर का निरीक्षण किया। बैठक के बाद श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के सदस्य डॉक्टर अनिल मिश्रा ने बताया कि मंदिर का ग्राउंड फ्लोर प्राण प्रतिष्ठा की दृष्टि से तैयार हो चुका था, लेकिन उसके बाद जो शेष स्तभों में तराशी का कार्य प्रारंभ करने के लिए 200 कारीगरों को लगाया गया है। मंदिर के प्रथम तल के छत का कार्य शेष रह गया है। वह किस क्रम में तैयार किया जाएगा। इसे लेकर मंथन हुआ है। इसके बाद दूसरे तल का कार्य भी किस तरह प्रारंभ होगा। इस पर विस्तृत चर्चा हुई है। दिसंबर 24 तक मंदिर का शिखर तक का कार्य पूरा करने का लक्ष्य है। मंदिर के पराकोट में लगभग 8000 घनफीट पत्थर लगने वाला है। पूरे दिशा में परकोटे का मुख्य द्वार तैयार हो गया है। परकोटे में बनने वाले छह मंदिर का कार्य प्रारंभ करना और उसे पूरा करना साथ-साथ इसके बेसमेंट का क्षेत्र और उसमें लगने वाले लिफ्ट के कार्य पूरा करने को लेकर विस्तृत चर्चा हुई। 850 मीटर लंबे परकोटे को मार्च 2025 तक पूरा कर लिया जाएगा। रामनवमी के पूर्व निर्माण एजेंसियों को यात्री सुविधा केंद्र के अवशेष कार्यों को 10 अप्रैल तक पूरा करने की डेडलाइन तय की गई है।

### बूथों पर किया गया मतदाता सूची का प्रकाशन

**सोहावल, रुदौली (अयोध्या), अमृत विचार** : मतदाता सूची को बूथों पर मतदाताओं के बीच रखने व प्रकाशन को लेकर पहले चरण का काम शनिवार को पूरा हो गया। बीकापुर विधानसभा क्षेत्र में बनाए गए 238 पोलिंग स्टेशनों में बने 410 में से आधे बूथों पर आज बीएलओ, सुपरवाइजर व चुनाव से जुड़े राजस्वकर्मी मतदाता सूची के साथ रहे। नायाब तहसीलदार स्नेहिल वर्मा ने बताया कि अब तक पंजीकृत 3,89,800 मतदाताओं वाली विधानसभा की लगभग आधे बूथों पर सूची प्रकाशन का काम पूरा हो गया।

## सार-संक्षेप

### रन फॉर राम आज, दौड़ लगाने को विदेशों से भी आए धावक



कीनिया के धावक को टीशर्ट देते मेयर गिरीशपति त्रिपाठी। अमृत विचार

**अयोध्या, अमृत विचार** : नगर में रविवार को होने वाली मैराथन रन फॉर राम के लिए धावक तैयार हो चुके हैं। शनिवार को मेयर गिरीश पति त्रिपाठी व एसबीआई के महाप्रबंधक आर नटराजन की उपस्थिति में प्रतियोगिता का शुभारंभ किया गया। कीनिया के धावक मैथ्यू, हिलेरी व अन्य प्रतियोगियों को चेस्ट नंबर व टी शर्ट बांटी गई। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के अनुसांगिक संगठन क्रीड़ा भारती, अयोध्या नगर निगम व भारतीय स्टेट बैंक के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित होने वाली दौड़ से पहले कार्यक्रम में पहुंचे मेयर गिरीशपति त्रिपाठी ने बताया कि अयोध्या में पहली बार होने जा रही दौड़ प्रतियोगिता में विदेशों के भी धावक भी भाग लेंगे। इसमें तीन प्रतियोगिताएं होनी हैं, जिसमें तीन किलोमीटर की प्रतियोगिता लता मंगेशकर चौराहे से प्रारंभ होकर साकेत पेट्रोल पंप पर होते हुए वापस लता मंगेशकर चौक पर ही समाप्त होगी। प्रतिभागियों को 11 हजार से 1.50 लाख तक का इनाम दिया जाएगा।

### विधायक ने किया भूमि पूजन



भूमि पूजन करते विधायक रामचंद्र यादव व अन्य। अमृत विचार

**रुदौली, अयोध्या, अमृत विचार** : क्षेत्र के मुंदराज मंदिर ऐहार के स्थल विकास, गेट, बार्वेड वायर फेंसिंग कार्य का भूमि पूजन विधायक राम चंद्र यादव ने किया। उन्होंने कहा कि धार्मिक स्थलों के विकास के लिए सरकार ने कई योजनाएं स्वीकृत की हैं। परियोजना उपनिदेशक पर्यटन राजेंद्र प्रसाद ने बताया कि 24 लाख 70 हजार की स्वीकृति पर्यटन विभाग से मिली है। पहली किस्त मिल चुकी है। इस धनराशि से बाबा मुंदराज मंदिर ऐहार का स्थल विकास, गेट, बार्वेड वॉयर फेंसिंग कार्य का कराया जाएगा। सहायक अभियंता प्रशांत सिंह, श्रीराम लीला समिति के अध्यक्ष दिनेश प्रताप सिंह, प्रधान प्रतिनिधि पुनीत साहू, विकास मिश्र व श्याम यादव सहित कई मौजूद रहे।

### अब खजुरहट में भी रुकेगी मनवर संगम एक्सप्रेस



खजुरहट रेलवे स्टेशन पर ट्रेन को हरी झंडी दिखाते सांसद लल्लू सिंह।

**अयोध्या, अमृत विचार** : अब मनवर संगम एक्सप्रेस अयोध्या परिक्षेत्र के खजुरहट रेलवे स्टेशन पर भी रुकेगी। सांसद लल्लू सिंह ने शनिवार को स्टेशन पहुंचकर गाड़ी संख्या14232 बस्ती- प्रयागराज संगम एक्सप्रेस के ठहराव को हरी झंडी दिखाई। सोमवार से यह ट्रेन दोनों दिशाओं में खजुरहट रेलवे स्टेशन पर ठहराव लेते हुए अपने गंतव्य की ओर जाएगी। सांसद लल्लू सिंह ने क्षेत्र की स्थानीय जनता की बहुप्रतीक्षित मांग को पूरा करने के लिए प्रधानमंत्री, रेल मंत्री का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि क्षेत्रवासियों को इस ट्रेन से प्रयागराज संगम से होकर बस्ती तक आने-जाने के लिए किसी अन्य स्टेशन पर जाने की आवश्यकता नहीं होगी। अपर मंडल रेल प्रबंधक, सचिन वर्मा, भाजपा जिलाध्यक्ष संजीव सिंह आदि मौजूद रहे।

### अयोध्या में 100 करोड़ की लागत से बनेगी धर्मशाला

**अयोध्या, अमृत विचार** : माहेश्वरी समाज अयोध्या में 100 करोड़ की लागत से भव्य धर्मशाला बनाने जा रहा है। इसका शिलान्यास 11 मार्च को होगा। भामाशाह व डी मार्ट उद्योग समूह के राधा किशन दामानी पंच कोसी परिक्रमा मार्ग दशरथ कुंड पर इसका भूमि पूजन करेंगे। सरस्वती देवी शिव किशन दामानी भवन का भूमि पूजन व शिलान्यास कार्यक्रम श्री अखिल भारतीय महेश्वरी सेवा सदन के संयोजन में किया जाएगा। कार्यक्रम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के अध्यक्ष महंत नृत्य गोपाल दास, कोषाध्यक्ष स्वामी गोविंद देवगिरी व लोकसभा अध्यक्ष ओम कृष्ण बिरला और राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ,राम मंदिर ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय की मौजूदगी में होगा। महेश्वरी सेवा सदन के अध्यक्ष रामकुमार भूतड़ा ने बताया कि भारत के सभी तीर्थ में हमारी सेवाएं पहले से चल रही हैं।

### गुप्तार घाट पर भंडारा आज

अयोध्या, अमृत विचार : महाशिवरात्रि के उपलक्ष्य में रविवार को विशाल भंडारे का आयोजन किया गया है। गुप्तार घाट स्थित श्री अनादि पंचमुखी महादेव मंदिर में भंडारे की शुरुआत दोपहर 12 बजे से ही हो जाएगी। यह भंडारा महंत डॉ.मिथिलेश नंदनी शरण के संयोजन में कराया जा रहा है।

# खबर छपते ही सहादतगंज बाईपास पर लगे संकेतक

**खबर का असर**


बंद कर दी सड़क, नहीं लगाया संकेतक

शनिवार के अंक में प्रकाशित समाचार।




अयोध्या-सहादतगंज बाईपास पर लगाए गए संकेतक। अमृत विचार

**अयोध्या, अमृत विचार** : सहादतगंज बाईपास पर ओवरबृज निर्माण के दौरान सड़क बंद कर संकेतक न लगाए जाने का मुद्दा प्रकाशित होते ही अधिकारी नींद से जाग गए। शनिवार को लखनऊ, गोरखपुर व अयोध्या के अंदर प्रवेश करने के लिए संकेतक लगा दिए गए।

सहादतगंज बाईपास पर ओवरबृज का निर्माण चल रहा है। हाईवे पर दूसरी लेन जाने के लिए पुल के नीचे सड़क बंद कर दी गई, लेकिन इससे पहले संकेतक नहीं लगाया गया। इससे बाईपास पहुंचने वाले यात्री आगे जाने के लिए इधर-उधर भटकते थे। लोग जोखिम उठाकर डिवाइडर कूदकर पार कर रहे थे। अमृत विचार ने शनिवार के अंक में बंद कर दी सड़क, नहीं लगाए संकेतक शीर्षक से खबर का प्रकाशन किया था। खबर का प्रकाशन होते ही अधिकारी एक्शन में आए और बाईपास पर संकेतक लगवा दिए गए।

# दहेज की मांग पूरी न हुई तो महिला को बेहोशी की हालत में छोड़ा

**मवई, अयोध्या** : शादी में कम दहेज मिलने पर ससुराल पक्ष द्वारा बहू को मारपीट कर बेहोशी की हालत में मायके के करीब छोड़कर फरार हो जाने का आरोप लगाया गया है। पीड़िता की शिकायत पर पति समेत आठ लोगों के विरुद्ध दहेज उत्पीड़न का मामला दर्ज कर पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। मामला पटरंगा थाना क्षेत्र के मखदूमपुर गांव से जुड़ा बताया जा रहा है। पीड़िता रूबी पुत्री स्व. रईस द्वारा पटरंगा थाने में दी गई तहरीर में आरोप लगाया है कि 25 फरवरी 2019 को उसका निकाह ग्राम तरीन टिकरी तारो वाला बाग जनपद शाहजहांपुर निवासी शकील के साथ हुआ था। निकाह के बाद जब वो अपने ससुराल गई तो ससुरालीजन कम दहेज का ताना मारते हुए आए दिन मारपीट करते थे। 10 अगस्त 2023 को उसकी बड़ी ननद सहित ससुरालीजनों ने उसे मारपीट कर बेहोशी की हालत में बुलेरो में लादकर उसके मायके से एक किलोमीटर पहले छोड़कर फरार हो गए। इस पर उसने थाने जाकर गुहार लगाई। पटरंगा एसओ ओम प्रकाश ने बताया पीड़िता की तहरीर में आरोपी उसके पति समेत 8 लोगों के विरुद्ध गाली-गलौज करने और मारपीट सहित दहेज उत्पीड़न का मुकदमा दर्ज कर विवेचना कराई जा रही है।

## महादेव के रंग में रंगा रामोत्सव



**अयोध्या, अमृत विचार** : रामकथा पार्क का रामोत्सव मंच महाशिवरात्रि के अवसर पर महादेव के रंग में रंगा रहा। प्रयागराज से आई कथक कलाकार निलाक्षी राय के दल ने अपनी प्रस्तुति से सभी को मुग्ध कर दिया। शिवरात्रि के अवसर पर शिव पंचाक्षर स्त्रोत पर पंच तत्वों का आराधन नागेंद्र हराय पर किया तो अपनी अगली प्रस्तुति दशावतार पर दी। दिल्ली की शलीना चतुर्वेदी के दल ने माहेश्वर सूत्र पर कथक मुद्राओं से अपनी प्रस्तुति का आरंभ किया। इसके बाद कलाकारों ने शिव शंभो पर जैसे ही नृत्य किया पंडाल हर हर महादेव के जयघोष से गूंज उठा। गाजियाबाद से आए चंचल प्रसाद के दल ने धमार ताल में शुद्ध कथक किया। कथक के प्रवाह में सीता हरण, राम रावण युद्ध प्रसंग बेहद जीवंत था। अलीगढ़ से आई पूनम सारस्वत के दल ने सिया केंद्र नृत्य नाटिका के माध्यम से राम जन्म से राम रावण युद्ध की प्रस्तुति दी। संचालन आकाशवाणी के उद्घोषक देश दीपक मिश्र ने किया।

### प्रसव में लापरवाही के मामले में दो स्टॉफ नर्स पर केस

**अयोध्या, अमृत विचार** : जिले की सीएचसी मसौधा में दो स्टॉफ नर्सों की लापरवाही के चलते हुई नवजात की मौत के मामले में अब एक नया मोड़ आ गया है। न्यायालय ने इस प्रकरण को गंभीर मानते हुए प्रसव के दौरान लापरवाही कर नवजात का पैर तोड़ देने वाली दोनों स्टाफ नर्सों के खिलाफ मुकदमा दर्ज करने का आदेश दिया है। न्यायालय के आदेश का पालन करते हुए पूराकलंदर थाने की पुलिस ने गैरइरादतन हत्या का मुकदमा दर्ज कर लिया है। सीएचसी मसौधा में 3 जनवरी को कौशलपुरी निवासी स्वाती यादव पत्नी रामपुकारे को प्रसव के लिए भर्ती कराया गया था। रामपुकारे का आरोप है कि स्टाफ नर्स अंकिता राय व आकांक्षा सिंह ने प्रसव कराने के लिए 10 हजार रुपये की मांग की थी। 7 हजार रुपये दिए थे। पूरा पैसा न मिलने पर स्टॉफ नर्सों ने प्रसव कराने में बड़ी लापरवाही की। लापरवाही के कारण प्रसव के दौरान नवजात का पैर टूट गया।


# अभिनेत्री सुरभि भी ऑनलाइन ठगी की शिकार

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार** : अयोध्या में श्रद्धालुओं की बढ़ती संख्या के बीच ऑनलाइन ठगी का खेल भी बढ़ गया है। होटल और धर्मशालाओं में कमरों की बुकिंग के नाम पर ऑनलाइन ठगी की आए दिन शिकायतें आ रही हैं। कहानी घर-घर की, शगुन, कुमकुम, एक प्यारा सा बंधन, दीया और बाती जैसे टीवी सीरियलों की चर्चित अभिनेत्री सुरभि तिवारी भी गिरोह का शिकार हुई हैं, जिसकी शिकायत अभिनेत्री ने मुंबई के वर्सोवा थाने में दर्ज कराई है। वहीं जानकी महल ट्रस्ट के प्रबंधक ने कई मामलों की साइबर क्राइम थाने पर शिकायत की है। पूर्व में बिड़ला धर्मशाला प्रबंधन की ओर से एसएसपी को शिकायत दी गई थी।

चर्चित अभिनेत्री सुरभि तिवारी की शिकायत है कि रामजन्मभूमि दर्शन यात्रा के लिए उन्होंने अयोध्या में ऑनलाइन होटल की तलाश की, लेकिन होटल खाली नहीं मिला। धर्मशाला की तलाश के लिए वेबसाइट से नंबर निकाला। एक धर्मशाला के नंबर पर वार्ता की और वाट्सएप पर फोटो व ब्यौरा मंगाया। इसके बाद उन्होंने धर्मशाला में कमरे की बुकिंग के नाम पर पांच हजार रुपये गूगल पे कर दिया। पूरी रकम की रसीद न देने पर शंका हुई और छानबीन कराई तो पता चला कि उनके साथ फर्जीवाड़ा हो गया।

### अब तक 80 लोगों से हो चुकी है ठगी




आए दिन ठगी की शिकायतों से आजिज जानकी महल ट्रस्ट के प्रबंधक ने शनिवार को साइबर क्राइम थाने पर लिखित शिकायत दी है। प्रबंधक आदित्य सुल्तानियां ने पत्रकार वार्ता कर बताया कि जानकी महल ट्रस्ट के कमरों की आनलाइन बुकिंग नहीं होती और हमारा धर्मशाला आगामी फरवरी तक पूरी तक बुक हैं। संस्था की कोई बेवसाइट भी नहीं है। इसके बावजूद मिलते जुलते नाम की फर्जी बेवासाइट बनाकर 80 से ज्यादा लोगों से एक करोड़ से ज्यादा की रकम ठगी की बात सामने आ चुकी है। इससे जानकी महल ट्रस्ट की मर्यादा प्रभावित हो रही है। साइबर थाने के उपनिरीक्षक ओम प्रकाश वर्मा ने बताया कि प्रभारी बाहर हैं। अभी उन्हें किसी शिकायत की जानकारी नहीं है।

**उपलब्धि** 100 स्थानों पर लगेंगी मशीनें, 10 रुपये का सिक्का डालने या क्यूआर कोड स्कैन से मिलेगा झोला,

# मशीन से झोला देने वाला यूपी का पहला शहर बना अयोध्या

**कपड़ा रहेगा 100 प्रतिशत कॉटन का, 20 किलो तक की रखी जा सकेगी सामग्री**

पुनीत श्रीवास्तव, अयोध्या




नगर निगम परिसर में लगाई गई झोला वेंडिंग मशीन। अमृत विचार

**अमृत विचार** : अयोध्या अब मशीन से झोला देने वाला उत्तर प्रदेश का पहला शहर बनने जा रहा है। वेंडिंग मशीन में 10 रुपये का सिक्का डालते ही या क्यूआर कोड स्कैन करते ही कपड़े का झोला मिल जाएगा। यह झोला 100 प्रतिशत कॉटन का रहेगा। इसमें 15 से 20 किलो की सामग्री रखी जा सकेगी। अभी शहर में 100 स्थानों पर मशीनों को लगाया जाएगा। इसके बाद इनकी संख्या और बढ़ा दी जाएगी।

राम मंदिर बनने के बाद शहर को प्लास्टिक मुक्त बनाने की कवायद शुरू हो गई है। इस कड़ी में सबसे पहले महाराष्ट्र की संस्था उत्कर्ष ग्लोबल फाउंडेशन ने नगर निगम से करार किया है। मशीनों को मुंबई से लाया जा चुका है। प्रत्येक मशीन की कीमत 35 हजार रुपये बताई जा रही है। एक मशीन में 93 झोले रखे जाते हैं। इसमें बार कोड स्कैन करने के बाद भी झोले लिए जा सकते हैं।

**अभी प्रोजेक्ट से जुड़ीं 100 महिलाएं:** इस प्रोजेक्ट से अभी गरीबी रेखा से नीचे आने वाली 100 महिलाओं को जोड़ा गया है। जिन्हें संस्था झोला बनाने के लिए कपड़े मुहैया करा रही है। यह झोला वेंडिंग मशीन बिजली से संचालित होगी। शहर के दुकानदारों से भी मशीन लगाने की बात की जा रही है। इसका बिल 169 रुपये प्रतिमाह आता है, लेकिन जो अपने प्रतिष्ठान के सामने लगाएगा। उसे हर माह 200 रुपये दिए जाएंगे।

### कारगो से आईं हैं मशीनें

फाउंडेशन की मैनेजर ऑपरेशन इन्वायरमेंट रिशिका कश्यप ने बताया कि मुंबई से सभी मशीनों को कारगो विमान से लाया गया है। 9 मार्च तक शहर में 35 जगहों पर मशीनें लगा दी जाएंगी। हमारा लक्ष्य 250 मशीनों को शहर में लगाना है। वेंडिंग मशीन के लगने से न सिर्फ पॉलीथिन पर लगाम लगेगी, बल्कि महिलाओं को रोजगार भी मिलेगा। महिलाएं रोजाना झोला बनाकर मशीनों में डालेंगी। अयोध्या पहला शहर है जहां मशीनें लगने जा रही हैं। इससे पहले गोरखपुर में कोशिश हुई थी, लेकिन वहां अभी शुरुआत नहीं हो सकी हैं।

> शहर को पॉलीथिन मुक्त बनाया जा रहा है। अभी नगर निगम में ट्रायल के तौर पर मशीन लगाई गई है। शहर में जिन जगहों पर पॉलीथिन का प्रयोग अधिक होता है, उन जगहों को चिह्नित किया जा रहा है। कुल 100 स्थानों पर मशीन लगाए जाने की तैयारी चल रही है। **-वागीश शुक्ला,** अपर नगर आयुक्त, नगर निगम

# भाजपा सरकार गरीबों-किसानों के लिए कर रही काम

## केंद्रीय वित्त राज्यमंत्री पंकज चौधरी बोले-सरकार ने देश के विकास और प्रगति पर प्राथमिकता से किया है कार्य

जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर।

**अमृत विचार।** शनिवार को केंद्रीय वित्त राज्यमंत्री पंकज चौधरी जनपद के दौरे पर रहे। उन्होंने भाजपा द्वारा आयोजित आधा दर्जन से अधिक कार्यक्रमों में भाजपा जिलाध्यक्ष त्रयंबक तिवारी और लोकसभा भाजपा प्रत्याशी सांसद रितेश पांडे के साथ शामिल हुए। केंद्रीय राज्य मंत्री पंकज चौधरी के जनपद में पहुंचने पर जनपद की सीमा कलवारी पुल पर भाजपा जिलाध्यक्ष त्रयंबक तिवारी के नेतृत्व में भाजपा कार्यकर्ताओं ने उनका भव्य स्वागत किया।

वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी ने भाजपा जिलाध्यक्ष त्रयंबक तिवारी, लोकसभा प्रत्याशी रितेश पांडे, एमएलसी डॉ. हरिओम पांडे, जिला मीडिया प्रभारी बाल्मीकि उपाध्याय के साथ जिला मुख्यालय स्थित एक होटल में पत्रकारों से मुखातिब हुए। मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में चल रही भाजपा की केंद्र सरकार ने अपने 10 वर्ष की सफलतम कार्यकाल में गरीब, किसान, महिला, युवा, लघु व्यवसाई के हितों के लिए कार्य किया है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कुशल नेतृत्व में देश विश्व की पांचवी अर्थव्यवस्था वाला देश बन चुका है। भाजपा सरकार की 10 वर्षों के कार्यकाल में देश और देश वासियों का सर्वांगीण विकास हुआ है। भारत आत्मनिर्भर बन रहा है। कार्यक्रम में मुख्य रूप से पूर्व मंत्री धर्म राज निषाद, जिला पंचायत अध्यक्ष श्याम सुंदर वर्मा, हड्डी रोग विशेषज्ञ डॉ. आलोक पांडेय, जिला उपाध्यक्ष विमलेंद्र प्रताप सिंह मोनू, जिला महामंत्री दिलीप पटेल देव, डॉ. शैलेंद्र पांडेय, डॉ. बीडी वर्मा, डॉ. जीडी वर्मा, पंकज वर्मा, व्यापार मंडल जिलाध्यक्ष अनिल कुमार अग्रहरि, चेयर मैन ओमकार गुप्ता, ब्लाक प्रमुख गौरव सिंह, पूर्व बार अध्यक्ष इंद्रमणि शुक्ल, देवेंद्र सिंह, बलराम दुबे आदि शामिल रहे।



पत्रकारों से मुखातिब होते वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी व साथ में सांसद रितेश पांडे।

### भाजपा ने देश हित में किए अनेक कार्य

भाजपा जिलाध्यक्ष त्रयंबक तिवारी ने कहा कि प्रदेश के 2 करोड़ 63 लाख किसानों को 64694 करोड़ से रुपए हस्तांतरित किए गए। उन्होंने कहा कि भाजपा की सरकार जनहित और देश हित में अनेकों कार्य किए हैं। उसी कार्यों के बल पर भाजपा लोकसभा चुनाव में 400 से अधिक सीटें जीतेगी।

### अभियान में इन्होंने लिया भाग

जिला मीडिया प्रभारी बाल्मीकि उपाध्याय ने बताया कि वित्त राज्यमंत्री पंकज चौधरी ने भाजपा नेता धीरेंद्र प्रताप सिंह के संयोजन में भाजपा द्वारा आयोजित को होर्ट मिलन, सतपाल पटेल के संयोजन में सूक्ष्म, लघु और उद्यम एवम जन किसान संगठन के साथ बैठक और भोज कार्यक्रम, अनिल मिश्र के संयोजन में शिव बाबा का दर्शन, रवींद्र वर्मा के संयोजन में स्वच्छता कार्यक्रम, शिव पूजन राजभर के संयोजन में घर-घर सम्पर्क और लाभार्थी सम्पर्क अभियान में भाग लिया।

# डॉक्टर मरीजों को दें बेहतर चिकित्सा सुविधाएं : डीएम

जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर।

**अमृत विचार।** जिलाधिकारी अविनाश सिंह की अध्यक्षता में मुख्य विकास अधिकारी अनुराज जैन की उपस्थिति में कलेक्ट्रेट सभागार में जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक का आयोजन किया गया।

बैठक के दौरान राष्ट्रीय मिशन के तहत संचालित गतिविधियों जैसे- जननी सुरक्षा योजना, जननी शिशु सुरक्षा कार्यक्रम, मातृ मृत्यु, परिवार कल्याण, दवाओं की उपलब्धता, टीकाकरण, प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान आदि की समीक्षा की गई है। जिलाधिकारी द्वारा एमओआईसी को निर्देशित किया कि सीएचओ की रिपोर्ट कार्ड तैयार करें। कर्मचारियों के भुगतान समय से कराने के कड़े निर्देश दिए गए। सभी एमओआईसी को निर्देश देते हुए जिलाधिकारी ने कहा कि संचालित सभी योजनाओं का पात्र लाभार्थियों को लाभ दिलाया जाए। पोर्टल पर फीड होने वाले सभी आंकड़ों को ससमय फीड कराए जाने का भी निर्देश दिया। इसमें किसी प्रकार की लापरवाही ना बरती जाए। बैठक में सभी डॉक्टरों को उन्होंने निर्देश देते हुए कहा कि मरीजों के बेहतर चिकित्सीय सुविधा देने में किसी प्रकार की कोई लापरवाही नहीं होनी चाहिए। वैक्सीनेशन समय से कराया जाए और लापरवाही करने वाले कर्मचारियों को चिन्हित कर कड़ी से कड़ी कार्रवाई के निर्देश दिए।

## एक नजर

### जयंती पर याद किए गए शायर साहिर लुधियानवी

जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर। अमृत विचार। जनपद के मदरसा शमशुल उलूम मुरादाबाद अकबरपुर में उर्दू के प्रसिद्ध गीतकार व शायर साहिर लुधियानवी की 103वीं जयंती पर शनिवार को प्रबंधक हाजी मौलाना मुईनुद्दीन की अध्यक्षता और वजीहुद्दीन के संचालन में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में सितारे उर्दू अवार्ड से सम्मानित मोहम्मद शफी नेशनल इंटर कॉलेज हंसवर के शिक्षक मोहम्मद असलम खान ने बतौर मुख्य अतिथि कहा कि साहिर लुधियानवी उर्दू शायरी के बेताज बादशाह थे। प्रधानाचार्य अमीर अहमद ने कहा कि जब भारत पर ब्रिटिश हुकूमत का शासन था, उस जमाने में लुधियाना उर्दू का गतिशील और सरगर्म केंद्र हुआ करता था। प्रबंधक हाजी मौलाना मुईनुद्दीन ने कहा कि उर्दू की मिठास और खूबसूरत लहजे की वजह से लोग उसकी तरफ आकर्षित होते जा रहे हैं। इस मौके पर मस्तराम सुल्तान अहमद, तबस्सुम हाशमी, मीरा कुमारी व अन्य मौजूद थे।

### आपसी भाईचारे व शांति पूर्ण मनाएं त्योहार : एएसपी

जलालपुर, अंबेडकरनगर। पवित्र रमजान माह और होली त्योहार के मद्देनजर जाफराबाद स्थित समाजसेवी मोहम्मद अब्बास राजा के आवास पर पुलिस अधिकारियों ने अल्पसंख्यक समुदाय के लोगों के साथ बैठक कर मंत्रणा की। पुलिस क्षेत्राधिकारी देवेंद्र कुमार मौर्य, कोतवाल दर्शन यादव व कटका थानाध्यक्ष यादवेन्द्र सोनकर के संग बैठक करते हुए एडीशनल एसपी पूर्वी श्यामदेव ने लोगों से कहा कि क्षेत्र में धार्मिक उन्माद फैलाने वाले अराजक तत्वों से सावधान रहने की जरूरत है। कहा कि जनपद में शांति पूर्ण तरीके से मनाएं। सीओ देवेंद्र कुमार मौर्य ने कहा कि क्षेत्र के लोगों ने अभी तक आपसी भाईचारा व साम्प्रदायिक सौहार्द की मिसाल पेश की है। उक्त अवसर पर इब्ने अली जाफरी, अली अब्बास, मौलाना सकलैन, मोहम्मद अब्बास राजा, मास्टर अशफाक, जैनुल, मोहम्मद हसन, गुलाम अब्बास, अली अकबर, लाले, सभासद सईद अहमद समेत तमाम संभ्रांत लोग मौजूद रहे।

### बदमाशों ने महिला के गले से छीनी चेन, मुकदमा दर्ज

जलालपुर, अंबेडकरनगर। अमृत विचार। ई-रिक्शा से जा रही महिला से अज्ञात बाइक सवार तीन बदमाशों ने गले से सोने का चेन खींचकर फरार हो गए। पुलिस ने तीन अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। घटना कोतवाली जलालपुर क्षेत्र के सेठाकला गांव के शुक्रवार दोपहर बाद घटित हुई थी। प्राप्त जानकारी के अनुसार कन्नूपुर निवासी विवेक उर्फ कल्लू यादव अपनी बहन को ई-रिक्शा से मालीपुर रेलवे स्टेशन पहुंचाने जा रहे थे। तभी पीछे से बुलेट मोटरसाइकिल पर सवार तीन बदमाशों ने ई-रिक्शा पर बैठी बहन के गले से चेन खींच लिया। महिला के भाई की तहरीर पर पुलिस ने तीन अज्ञात बदमाशों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया। क्षेत्राधिकार देवेंद्र कुमार मौर्य ने बताया कि बदमाशों की खोजबीन के लिए पुलिस टीम लगा दी गई है, जल्द ही मामले का खुलासा कर दिया जाएगा।

### आरोपी गिरफ्तार

टांडा, अंबेडकरनगर। अमृत विचार। टांडा कोतवाली पुलिस ने पाक्सो एक्ट से संबन्धित अभियुक्त को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। बता दें क्षेत्राधिकारी के पर्यवेक्षण और प्रभारी निरीक्षक संतोष कुमार सिंह के निर्देश पर उप निरीक्षक शैलेन्द्रमणि द्विवेदी पुलिस बल के साथ क्षेत्र की देखभाल में लगे थे। तभी मुखबिर की सूचना पर विश्वास करते हुए कश्मीरिया चैराहे से अकबरपुर जाने वाली सड़क के पास से मो. हाशमी पुत्र अब्दुल हक निवासी सकरावल पश्चिम थाना कोतवाली टांडा को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश कर जेल रवाना कर दिया गया है। मामले में प्रभारी निरीक्षक संतोष कुमार सिंह ने बताया कि पाक्सो एक्ट के आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है।

# अधिकारी ऋण के बारे में दें जानकारी

## कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी ने अधिकारियों के साथ की बैठक, दिए अहम निर्देश

- जनपद में योजना के तहत कुल आवंटित 62851 आवासों के सापेक्ष 61014 आवास है पूर्ण
- डीएम ने 31 मार्च तक 1837 प्रधानमंत्री आवासों को अनिवार्य रूप से पूर्ण करने के दिए निर्देश

जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर।

**अमृत विचार।** जिलाधिकारी अविनाश सिंह की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के अन्तर्गत गठित जिला स्तरीय समिति की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के तहत जनपद में कुल आवंटित 62851 आवंटित आवासों के सापेक्ष 61014 आवास पूर्ण है। वहीं बचे हुए 1837 आवासों को 31 मार्च तक अनिवार्य रूप से पूर्ण कराया जाए।

जिलाधिकारी ने कहा कि आवास योजना के लाभार्थियों को कन्वेंजेंस के तहत प्राप्त सुविधा यथा स्वच्छ शौचालय, बिजली कनेक्शन, एलपीजी गैस कनेक्शन, पेयजल की सुविधा प्रदान करते हुए आवास के लाभार्थियों को स्वयं सहायता समूहों से अनिवार्य रूप से जोड़ा जाए। साथ ही मनरेगा से 90 दिवस की मजदूरी भी सभी को प्रदान की जाए। आवास प्लस की सूची में ऐसे लाभार्थी आवास के लिए पात्र है लेकिन उनका नाम सूची में नहीं उनका सर्वे कराकर संकलित कर लिया जाए।

उन्होंने कहा कि भविष्य में साइट खुलने पर लाभार्थियों का रजिस्ट्रेशन प्राथमिकता के आधार पर करा लिया जाए। जिन लाभार्थियों को आवास आवंटित हुए है ऐसे लाभार्थी यदि आवास के लिए ऋण 70,000 हजार रुपए लेना चाहते हैं तो उन्हे समस्त औपचारिकताएं पूर्ण कराते हुए अनिवार्य रूप से उन्हें ऋण उपलब्ध कराया जाए। बैठक में जिलाधिकारी ने यह भी निर्देश दिए कि इसके लिए अग्रणी जिला प्रबंधक और खंड विकास अधिकारी दोनों लोग संयुक्त रूप से विकास खंडों में ग्राम प्रधान और लाभार्थी के साथ बैठक करते हुए लोगों को ऋण के संबंध में विस्तृत जानकारी प्रदान करें और इसका प्रचार-प्रसार भी कराएं।



कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक करते जिलाधिकारी व साथ में डीएसटीओ।

### योजनाओं का किया जाए प्रचार-प्रसार

जिलाधिकारी ने कहा कि आवास प्लस की स्थायी प्रतीक्षा सूची का आंकलन ग्राम सभा के सार्वजनिक भवन यथा पंचायत भवन, प्राइमरी स्कूल पर अनिवार्य रूप से कराया जाए। इसके साथ ही उन्होंने निर्देश दिया कि योजना के कियान्वयन में लाभार्थियों को विभिन्न योजनाओं के तालमेल से मिलने वाले सभी सुविधाओं का व्यापक प्रचार-प्रसार कराया जाए और जागरूक किया जाए। बैठक के दौरान परियोजना निदेशक दिलीप सोनकर, जिला ग्राम्य विकास अभिकरण प्रमुख, क्षेत्र पंचायत बसखारी, वरिष्ठ कोषाधिकारी, जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी अनुपम सिंह और समस्त खंड विकास अधकारी मौके पर उपस्थित रहें।

# डीएम ने मतदाता सूची के मिलान का किया निरीक्षण


जीके जेटली इंटर कॉलेज अकबरपुर में निरीक्षण करते डीएम व साथ में एसडीएम।

जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर।

अमृत विचार। भारत निर्वाचन आयोग के निर्देश के क्रम 9 व 10 मार्च को जपनद के प्रत्येक बूथ पर संबंधित बीएलओ और सुपरवाइजर पूर्वान्हे 11 बजे से अपरान्ह 02 बजे तक उपस्थित रहकर मतदाता सूची में अब तक दर्ज नाम को पढ़कर मतदाताओं और ग्रामीणों को सुनाएं। उक्त के संबंध जिला निर्वाचन अधिकारी जिलाधिकारी अविनाश सिंह द्वारा जीके जेटली इंटर कॉलेज अकबरपुर में हो रहे मतदाता सूची के मिलान का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान बूथ पर लगाए गए कार्मिक उपस्थित पाए गए। जिला निर्वाचन अधिकारी ने जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी भोलेंद्र प्रताप सिंह और जिला विद्यालय निरीक्षक गिरीश कुमार सिंह को निर्देशित किया कि 9 व 10 मार्च को जिन विद्यालयो को पोलिंग सेंटर बनाया गया है, उन विद्यालयों को समय से खुलवाना सुनिश्चित करें। उन्होंने सभी उप जिला मजिस्ट्रेट को निर्देशित करते हुए कहा कि उपरोक्त तिथियों में अपने-अपने विधानसभा क्षेत्र के प्रत्येक बीएलओ और सुपरवाइजरों को यह सुनिश्चित कराए कि अपने से संबंधित बूथों पर समय से पहुंचकर उपस्थित जन सामान्य को मतदाता सूची पढ़कर सुनायी जाए। उन्होंने कहा कि यदि किसी मतदाता का नाम किन्ही कारणों से मतदाता सूची में दर्ज नहीं है तो मौके पर बीएलओ फार्म-6 प्राप्त कर उसमें अपना समस्त विवरण भरकर पंजीकरण करवा सकते हैं।

### किशोरी से दुष्कर्म के मामले में तीन आरोपी गिरफ्तार

जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर। जनपद में किशोरी के साथ हुए दुष्कर्म के मामले में पुलिस ने तीन आरोपियों को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। महरुआ थानाध्यक्ष अभय मौर्या ने बताया बीते 6 मार्च को किशोरी को बहला-फुसलाकर उसके साथ दुष्कर्म हुआ था। पीड़ित के परिजनों ने 8 मार्च को महरुआ थाने में तहरीर दी थी। जिसमें एक युवक और दो महिला को आरोपी बनाया गया था। पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर वांछित राहुल गुप्ता मलवनिया जैतूपुर, पूजा और सोनी निवासी मानिकपुर बसाइतपुर को उनके घर से गिरफ्तार किया है। पुलिस ने गिरफ्तार अभियुक्तों को न्यायालय में पेश कर जेल भेज दिया है।

अब घर बैठे आपके जीवन की जटिल समस्याओं का 100% पक्का समाधान
फ्री सलाह
अभी फोन करें :
GURU AADIL JI
9717810464
1% विश्वास आप करें
99% विश्वास हम बनाएंगे
स्पेशलिस्ट – प्रेम विवाह, पति-पत्नी में अनबन, दुश्मनों से छुटकारा, कारोबार में रुकावट, मनचाहा प्यार, रूठे प्रेमी को मनाना, वशीकरण आदि।

# महर्षि दयानन्द का समाज सुधार में रहा व्यापक योगदान : आनंद

- महर्षि दयानंद सरस्वती की 200वीं जयंती पर चार दिवसीय कार्यक्रम का हुआ आयोजन

टांडा, अंबेडकरनगर।

**अमृत विचार।** नगर क्षेत्र हयातगंज स्थित आर्य समाज मंदिर में महर्षि दयानंद सरस्वती के 200वीं जयंती पर चार दिवसीय महर्षि महिमा पर्व का आयोजन किया गया। जिसमें महर्षि दयानंद सरस्वती के जन्मोत्सव से बोधोत्सव तक का विचार उपदेश व भजन के माध्यम से बताया गया।

आगरा से आए वैदिक प्रवक्ता आचार्य हरिशंकर अग्निहोत्री ने उपदेश में कहा कि महर्षि दयानन्द सरस्वती महाराज और आर्य समाज का उद्देश्य है कृण्वन्तो विश्वमार्यम अर्थात सम्पूर्ण विश्व को आर्य श्रेष्ठ बनाना। अर्थात वैदिक काल जैसा विश्व बनाना। ऐसा ही फिर से संसार बनाना चाहते थे महर्षि दयानंद संसार का उपकार करना इस समाज का मुख्य उद्देश्य है। शारीरिक, आत्मिक और सामाजिक उन्नति करना। बिजनौर से पधारे आर्य भजनोपदेशक भीष्म आर्य मधुर भजनों के माध्यम से महर्षि दयानंद के जीवनी पर भजन के माध्यम से प्रकाश डाला। आर्य समाज टांडा के प्रधान आनंद कुमार आर्य ने बताया महर्षि दयानन्द का समाज सुधार में व्यापक योगदान रहा। इस मौके पर आचार्य ओम प्रकाश शास्त्री, मंत्री वीरेंद्र आर्य, योगेश आर्य, अरुण आर्य, सत्य प्रकाश आर्य सहित सैकड़ों की संख्या में लोग मौजूद रहे।


हयातगंज स्थित आर्य समाज मंदिर में आयोजित कार्यक्रम में आचार्य हरिशंकर अग्निहोत्री, आर्य समाज टांडा के प्रधान आनंद कुमार आर्य व साथ में अन्य।

### बच्ची से दुष्कर्म के आरोपी को पुलिस ने किया गिरफ्तार

आलापुर, अंबेडकरनगर। अमृत विचार। घर के सामने खेल रही साढ़े तीन वर्षीय बच्ची के साथ दुष्कर्म के आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। आलापुर के एक गांव में उक्त बच्ची गत शुक्रवार की देर शाम करीब 7 बजे घर के बाहर खेल रही थी। मां बाहर निकली तभी पुत्री की रोने की आवाज सुनाई दी। आवाज आरोपी के घर की तरफ से आ रही थी। जब बालिका की मां पहुंची तो देखा कि अधेड़ आरोपी अपने घर के बाहर नीम के पेड़ के नीचे लगी चारपाई पर मच्छरदानी में मासूम को अपनी हवस का शिकार बना रहा था। मासूम की मां ने मामले की शिकायत दर्ज कराई। इस संबंध में थानाध्यक्ष इंस्पेक्टर राकेश कुमार ने बताया कि मामले में दुष्कर्म सहित पाक्सो एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर त्वरित कार्रवाई करते आरोपी हरिराम निषाद को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है।

### शिवरात्रि पर्व पर निकाली गई झांकियां, शिव चर्चा के साथ भंडारे का भी हुआ आयोजन

बसखारी, अंबेडकर नगर, अमृत विचार। शिवरात्रि महा पवन पर्व के दूसरे दिन भी क्षेत्र के विभिन्न हिस्सों में माता गौरी के साथ देवाधिदेव की भव्य झांकी निकाली गई। किछौछा में प्रत्येक वर्ष की भांति इस बार भी शिव व माता पार्वती की झांकी निकालकर बाजार में भ्रमण कराया गया तो वहीं शिवरात्रि के दूसरे दिन शुकुल बाजार में शिव भक्तों ने रथ पर शिव और माता गौरी की झांकी सजाकर शोभायात्रा निकाली। शोभायात्रा में शामिल शिव भक्तों के मुखारविंद से होने वाले हर हर महादेव के जय घोष से पूरे क्षेत्र का वातावरण भक्ति मय हो गया। शुकुल बाजार में निकाली गई शोभायात्रा का समापन कन्हैया पश्चिमी चौराहे पर किया। इसके बाद कन्हैया चौराहे पर स्थित शिवजी के वास का प्रतीक पीपल के वृक्ष के सौन्द्रयीकरण किये हुए स्थान पर शिवचर्चा का आयोजन किया गया। जिसमें सैकड़ो की संख्या में शिवभक्तों ने हिस्सा लेते हुए कथा का श्रवण किया। इसके बाद विशाल भंडारे में हजारों श्रद्धालुओं ने पहुंचकर प्रसाद का ग्रहण किया।


किछौछा में निकली शिव बरात में शामिल चेयरमैन।

**वार्षिकोत्सव** ग्रीनलैंड चिल्ड्रन एकेडमी में बच्चों ने प्रस्तुत किए सांस्कृतिक कार्यक्रम

# शिक्षा हमें श्रेष्ठ बनाती है : जुहेब

जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर।

**अमृत विचार।** शिक्षा क्षेत्र बसखारी के ग्रीनलैंड चिल्ड्रन एकेडमी का वार्षिकोत्सव और सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता राशिद खान और संचालन शाहबाज शाह ने किया।


मुख्य अतिथि टांडा विधायक राममूर्ति वर्मा और समाजसेवी धर्मवीर सिंह बग्गा ने कहा कि शिक्षा का उद्देश्य केवल रोजगार प्राप्त करना नहीं है, बल्कि मानव का सर्वांगीण विकास करने के साथ राष्ट्र के प्रति समर्पित रहे। सितारे उर्दू अवार्ड से सम्मानित मोहम्मद शफी नेशनल इंटर कॉलेज हंसवर के शिक्षक मोहम्मद असलम खान ने कहा कि शिक्षा एकमात्र ऐसा धन है जिसे एकबार अर्जित करने पर वह कभी खर्च नहीं होता है, बल्कि बढ़ता ही जाता है। संस्था के प्रेसिडेंट हाजी कासिम खान व प्रबंधक जुहेब खान ने कहा कि शिक्षा हमें सभ्य बनाती है, यह हमें अन्य जीवों से श्रेष्ठ बनाती है। कार्यक्रम के समापन पर विद्यालय के प्रधानाचार्या रेहाना खातून ने आए हुए अतिथियों और अभिभावकों का आभार प्रकट किया। इस दौरान विद्यालय के छात्र-छात्राएं और अभिभावक मौजूद रहे।

### इनका हुआ सम्मान

कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करके दर्शकों का मन मोह लिया। इस अवसर राममूर्ति वर्मा, धर्मवीर सिंह बग्गा, ओंकार गुप्ता, शिक्षक मोहम्मद असलम खान, दबीर अहमद एडवोकेट, शरद यादव, कलाम शाह, सैयद मेराजुद्दीन किछौछवी, सैयद फुरकान अहमद, फैजान खान, मेराज नेता, सैयद एंजील अशरफ, कुमेल अहमद, हकीम इरफान, काशिफ खान आदि को प्रबंधक शोएब खान ने माल्यार्पण कर और शाल ओढ़ाकर कर सम्मानित किया।

### डॉ. उग्रसेन असिस्टेंट प्रोफेसर पद पर चयनित

जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर। लखनऊ विश्वविद्यालय से विधि की डिग्री और डॉक्टरेट की उपाधि प्राप्त करने वाले डॉ. उग्रसेन वर्मा को हाल ही में महामहिम कुलाधिपति आनंदीबेन पटेल ने डॉ. चक्रवर्ती गोल्ड मेडल से नवाजा है। उन्हें शिया पीजी कॉलेज लखनऊ में विधि विभाग में असिस्टेंट प्रोफेसर के पद पर नियुक्ति मिली है। अपने पिता के मार्गदर्शन से उन्होंने यह मुकाम हासिल किया है। इनके पिता डॉ. राम उजागिर वर्मा सरदार पटेल स्मारक इंटर कॉलेज लारपुर प्रधानाचार्य के पद पर रहते हुए राष्ट्रपति पुरस्कार से पुरस्कृत हो चुके हैं।



VARUN ARJUN UNIVERSITY
NH-2, Banthra, Shahjahanpur
Direct Admission Open for Session-2024-25
D. Pharm | B. Pharm
DMLT | X-Ray
Special Features
100% Placement, Qualified Faculty, Wi-Fi Campus
24 Hrs. Security, Light, Water, AC & Non AC Hostels
For any query Contact : Mr. Rajendra Gupta
Contact No. : 9455113105 (Calling Time - 10 AM to 6 PM)

प्रवेश प्रारम्भ
वरुण अर्जुन विश्वविद्यालय
वरुण अर्जुन कॉलेज ऑफ नर्सिंग
उत्तर प्रदेश मेडिकल फैकल्टी से मान्यता प्राप्त
बी.एस.सी. नर्सिंग
(4 वर्षीय डिग्री कोर्स)
शैक्षिक योग्यता : इण्टरमीडिएट साइंस (बायोलॉजी) के साथ
पोस्ट बेसिक नर्सिंग
(2 वर्षीय कोर्स, योग्यता जी.एन.एम. पास आउट)
जी.एन.एम.
(3 वर्षीय नर्सिंग कोर्स, शैक्षिक योग्यता-इंटरमीडिएट 10+2)
ए.एन.एम.
(2 वर्षीय नर्सिंग कोर्स, शैक्षिक योग्यता-इंटरमीडिएट 10+2)
प्रवेश हेतु संपर्क करें :-
मो. 9412151327, 7521001992
पता
वरुण अर्जुन मेडिकल कॉलेज एवं रोहिलखण्ड हॉस्पिटल
NH-24, बन्थरा, जिला शाहजहाँपुर

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
क्लासीफाइड

वर्गीकृत विज्ञापन हेतु अमृत विचार अखबार के कार्यालय में सम्पर्क करें

आवश्यकता है
यूबीएस ग्रुप ऑफ़ इंस्टिट्यूट, बक्शी का तालाब, कठवारा, लखनऊ को बी.ए. संकाय हेतु आवश्यकता हैं। प्राचार्य एवं प्रवक्ताओं की, शिक्षा शास्त्र, अंग्रेजी, इतिहास, गृह विज्ञान, राजनीति विज्ञान, समाज शास्त्र, हिन्दी हेतु, योग्यता लखनऊ विश्वविद्यालय मानकानुसार, सम्पर्क – प्रबंधक मो.: 9454716161

पं. ओंकार नाथ महाविद्यालय
बखत का पुरवा बस्तीदेई गौरीगंज जनपद अमेठी
(सम्बद्ध- डॉ. राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय, अयोध्या)
आवश्यकता है
संस्था में संचालित बी.ए., एम.ए. एवं बी.एड. पाठ्यक्रम में निम्न स्टाफ की– प्रवक्ता बी.ए. – हिन्दी, अंग्रेजी, समाजशास्त्र, चित्रकला, मध्यकालीन इतिहास एवं भूगोल प्रत्येक विषयो के लिए 01 पद। प्रवक्ता एम.ए.– शिक्षा शास्त्र एवं गृहविज्ञान में 02–02 पद। प्रवक्ता बी. एड.– 04 पद। योग्यता– यू.जी.सी./राज्य सरकार/ विश्वविद्यालय के मानकानुसार। वेतन– राज्य सरकार के स्ववित्तपोषी शासनादेश के अनुसार। इच्छुक अभ्यर्थी विज्ञापन प्रकाशन के 15 दिन के अन्दर आवेदन करें।
प्रबन्धक– डॉ. श्रीमती गीता पांडेय
मो0– 8004232988

सूचना
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पासपोर्ट मे पति का नाम नवी अहमद (NAVI AHMAD) अंकित है। मेरे पति का सही नाम नबी अहमद (NABI AHAMAD) यह दोनों नाम मेरे पति के ही हैं। भविष्य मे मुझे रुकसाना पत्नी नबी अहमद के नाम से जाना जाए। –श्रीमती रुकसाना पत्नी नबी अहमद, निवासी नेवादा गौसगंज संडीला हरदोई

सूचना
सूचित हो कि पहले मेरा नाम AFROZ AHMED SIDDIQUI था अब मैने बदलकर अपना नाम AFROJ AHMAD रख लिया है भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना व पहचाना जाए। AFROJ AHMAD S/O: NOOH ALAM,34,MOHIB JOT, ALANPUR, ILTIFATGANJ, ILTIFAT BAZAR, AMBEDKAR NAGAR, UTTAR PRADESH-224145

सूचना
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे हाईस्कूल प्रमाण पत्र में मेरा नाम अनुज कुमार वर्मा लिख गया है, जो गलत है। मेरे आधार कार्ड में अनुज कुमार है, यही सही है। मुझे इसी नाम से जाना व पहचाना जाये। – अनुज कुमार पुत्र सुनील कुमार वर्मा निवासी– मं. नं.4 गोपाल नगर, यशोदा नगर, किदवई नगर कानपुर नगर

सूचना
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मुझे नवी अहमद (NAVI AHMAD) व नबी अहमद (NABI AHAMAD) दोनों नाम से जाना जाता है मेरा सही नाम नबी अहमद पुत्र गौस मोहम्मद है, भविष्य मे मुझे इसी नाम से जाना व पहचाना जाए। –नबी अहमद पुत्र गौस मोहम्मद निवासी–नेवादा गौस गंज संडीला हरदोई।

सूचना
सूचित हो कि मैं कौशलिया देवी अपने पुत्र लक्ष्मण सिंह मेहता आर्मी न. –4200962 एम. ग्राम/पोस्ट–गुलेर, तहसील– कपकोट, जिला–बागेश्वर, उत्तराखण्ड सूचित हो कि मेरे पुत्र के सर्विस रिकार्ड में मेरा नाम कौशलिया देवी दर्ज है जबकि मेरा सही नाम कोशलिया देवी है। मेरे पुत्र के सर्विस रिकार्ड में कोशलिया देवी दर्ज किया जाये।

सूचना
सूचित हो कि मैं ठाकुर सिंह मेहता अपने पुत्र लक्ष्मण सिंह मेहता आर्मी नं. –4200962एम, ग्राम/पोस्ट–गुलेर, तहसील–कपकोट, जिला–बागेश्वर, उत्तराखण्ड सूचित हो कि मेरे पुत्र को सर्विस रिकार्ड में मेरा नाम ठाकुर सिंह मेहता दर्ज है जबकि मेरा सही नाम ठाकुर सिंह है। मेरे पुत्र के सर्विस रिकार्ड में ठाकुर सिंह दर्ज किया जाये।

मुईद अहमद पी0जी0 कालेज, दोस्तपुर, सुलतानपुर
में आवश्यकता है
प्राचार्य – 01 पद
स्नातक स्तर पर कला संकाय के अंतर्गत बी0ए0 पाठ्यक्रम में– उर्दू, हिन्दी, अंग्रेजी, संस्कृत, गृहविज्ञान, समाजशास्त्र, प्राचीन इतिहास प्रत्येक विषय में प्रवक्ता 01 पद।
स्नातक स्तर पर विज्ञान संकाय के अंतर्गत बी0एससी0 पाठ्यक्रम में– भौतिक विज्ञान, रसायन विज्ञान, जन्तु विज्ञान, वनस्पति विज्ञान, गणित प्रत्येक विषय में प्रवक्ता 01 पद।
योग्यता एवं वेतनमान– यू0जी0सी0 एवं राज्य विश्वविद्यालय के मानकानुसार।
इच्छुक अभ्यर्थी 10 कार्य दिवस के अन्दर अपने समस्त अंक पत्रों एवं प्रमाण पत्रों की दो स्वप्रमाणित प्रतियों एवं दो पासपोर्ट साइज फोटोग्राफ एवं दो पता लिखे लिफाफे के साथ पी0जी0 कालेज के पते पर सम्पर्क करें।
मो0 नं0 7311115152, 8601042694 अध्यक्ष – मुईद अहमद

NIMISHA CANCER CARE CLINIC
आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के द्वारा इलाज
आयुष्मान योजना के तहत इलाज होता है, मुख्यमंत्री सहायता के तहत भी इलाज होता है।
PET-CT SCAN, RADIOTHERAPY, CANCER ADVANCED BIOPSY
BRACHYTHERAPY, CHEMOTHERAPY
सभी प्रकार की कैंसर सर्जरी
27 वर्षों का अनुभव
सभी प्रकार के कैंसर जैसे :- मुँह का कैंसर, जबड़े का कैंसर, स्तन का कैंसर, बच्चेदानी का कैंसर पित्ताशय का कैसर, टांग, हाथ की गांठ, शरीर में कहीं भी गांठ व जख्म कैंसर का कारण हो सकता है।
Dr. Neeraj Tandon
Cancer Vibhag HOD Vivekanand Polyclinic
& Institute of Medical Sciences
Vivekanand Polyclinic-: Consultation Time 11:00am To 2:00pm
सुबह: 10 से 11 बजे | दोपहर : 2:15 से 3:30 बजे तक। सायं-: 6 से 8 (रविवार व शुक्रवार को फोन करके आये।)
पताः 25 से 27, 32, 33 वसुन्धरा कॉम्प्लेक्स, पेट्रोल पम्प के दो कॉम्प्लेक्स आगे,बाटा के शोरुम के बगल मेन सेक्टर 16, लखनऊ
सम्पर्क सूत्र : 6388663844, 9198948112


## एक नजर

### दो वांछित किए गए गिरफ्तार, भेजे गए कोर्ट

**रुपईडीह, गोंडा :** 28 साल पहले हुई मारपीट घटना में न्यायालय से वांछित चल रहे कौड़िया के भगहरिया पूरे मितई लोनियन पुरवा गांव निवासी रामसमुझ व रामदेव को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। थानाध्यक्ष अंकुर वर्मा ने बताया कि गिरफ्तार किये गये दोनों वांछितों को पुलिस द्वारा न्यायालय रवाना कर दिया गया है। उन्होंने बताया कि यह गिरफ्तारी पुलिस चौकी दुबहा बाजार के प्रभारी गोपाल सिंह अगुवाई में गठित पुलिस कर्मियों की टीम द्वारा की गई है।

### सामुदायिक शौचालयों का नहीं हो रहा संचालन

**रुपईडीह, गोंडा :** ब्लॉक के अधिकांश ग्राम पंचायतों में निर्मित सामुदायिक शौचालयों का भरपूर लाभ ग्रामीणों को नहीं मिल पा रहा है। इसकी शिकायत श्री रघु बाबा सेवा आरोग्य संस्थान घुघुवापुर के प्रबंध निदेशक गोली दुबे ने मुख्य विकास अधिकारी से की है। बताया कि स्वच्छ भारत मिशन के तहत ग्राम पंचायतों में निर्मित अधिकांश सामुदायिक शौचालयों का केयरटेकर समूहों को नियुक्त कर दिया गया है। लेकिन केयरटेकर के समूहों द्वारा अधिकतर समय से सामुदायिक शौचालयों को संचालित नहीं किया जा रहा है।

### वजीरगंज थाने पर आयोजित हुआ समाधान दिवस

**गोंडा कार्यालय :** वजीरगंज थाने पर शनिवार को आयोजित हुए समाधान दिवस में थानाध्यक्ष अभय सिंह ने फरियादियों की फरियाद सुनी। थानाध्यक्ष ने बताया कि कुल 18 आवेदन आये थे, जिसमें से राजस्व के 17, पुलिस के 1 आवेदन थे। किसी भी आवेदन का निस्तारण नहीं हो पाया है। मामलों के लिए टीमें निर्धारित कर मौके पर भेजी जाएगी। समाधान दिवस में राघव राम शुक्ल, विश्वास कुमार चतुर्वेदी, दुर्गेश कुमार, रामधारी दिनकर, सहित थाने के महिला व पुरुष आरक्षी मौजूद रहे।

# ई-पास मशीन से कैसे हो वितरण, विभाग कर रहा डेमो

## जिले में 1393 उचित दर विक्रेता की दुकानों पर इलेक्ट्रॉनिक तौल वाली पास मशीन लगाई गई है

**गोंडा कार्यालय**

**अमृत विचार:** जनपद के कोटेदारों को नयी ई- पास मशीन से खाद्यान्न वितरण का टिप्स दिया जा रहा है। पूर्ति विभाग के कर्मचारी कोटे की दुकान पर जाकर ई- पास मशीन से कैसे खाद्यान्न का वितरण किया जाना है। उसका रिहर्सल कर कोटेदारों को बता रहे हैं।

जिले में 1393 उचित दर विक्रेता की दुकान है सभी दुकानों पर सरकार की ओर से इलेक्ट्रॉनिक तोल वाली पास मशीन लगाई गई है। मार्च माह में इसी मशीन से राशन कार्ड धारकों को खाद्यान्न दिया जाएगा। लिंक बेल कंपनी की मशीन कोटे की दुकान पर स्थापित की गई है। कंपनी के प्रतिनिधियों ने तहसील वार कोटेदारों को प्रशिक्षण दिया, लेकिन कोटेदार पूरी बात समझ नहीं पाए। इसके बाद शासन से आपूर्ति विभाग को निर्देश दिया गया कि सभी लोग खाद्यान्न वितरण तिथि से पहले कोटे की दुकानों पर जाकर खाद्यान्न वितरण का डेमो कराएंगे। जब खाद्यान्न वितरण का रिहर्सल होगा तो गांव के राशन कार्ड धारक व दुकानदार मौजूद रहेंगे।


नयी ई-पास मशीन से अनाज तौल का डेमो करते अधिकारी। अमृत विचार

हालांकि जिले में कंपनी के इंजीनियर भी कोटेदारों को जानकारी दे रहे हैं। जनपद के सभी तहसीलों व ब्लॉकों में तैनात पूर्ति निरीक्षक अपने-अपने क्षेत्र के कोटेदारों के बीच जाकर खाद्यान्न वितरण का डेमो कर रहे हैं।

कोटेदारों को बताया जा रहा है कि ड्राई रन अर्थात कार्डधारक ई-पास मशीन पर अंगूठा लगवाकर आधार प्रमाणीकरण के माध्यम से वजन मशीन पर निर्धारित मात्रा में खाद्यान्न रखकर वितरण का प्रदर्शन करते हुए पर्ची निकालकर देखना है। वर्तमान में सभी कोटेदारों को अपनी-अपनी नवीन ई पास मशीन से न्यूनतम 1 अंत्योदय एवं 1 पात्र गृहस्थी कार्ड धारक को गेहूं, चावल एवं यथावश्यक चीनी दिए जाने की टेस्टिंग का निर्देश शासन की ओर से है । जिसे पूर्ति विभाग करवा रहा है। इसमे अभी टेस्ट करना है, लेकिन खाद्यान्न, चीनी देना नहीं है। पूरे जिले में अभियान चलाकर कोटेदारों को प्रशिक्षित किया जा रहा है।

जिला पूर्ति अधिकारी कृष्ण गोपाल पांडे ने बताया कि जनपद के चारों तहसीलों में कोटेदारों को कंपनी के प्रतिनिधियों ने प्रशिक्षण दिया था लेकिन शासन का निर्देश मिला है कि सभी कोटेदारों का नई मशीन के साथ वितरण का डेमो कराया जाए, जिसके क्रम में कोटेदारों को खाद्यान्न वितरण का रिहर्सल कराया जा रहा है। यदि फिर भी किसी कोटेदार को कोई समस्या आ रही है तो वह विभाग में आकर संपर्क कर सकता है।

# धूमधाम से मनाया गया अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस

**गोंडा कार्यालय**

**अमृत विचार:** आचार्य नरेंद्र देव कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय कुमारगंज अयोध्या के अधीन संचालित कृषि विज्ञान केंद्र मनकापुर में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस धूमधाम से मनाया गया। प्रशिक्षण हाल में एक किसान गोष्ठी आयोजित कर महिलाओं के पोषण, स्वास्थ्य, शिक्षा आदि सहित नवीनतम कृषि तकनीकों पर चर्चा की गई।

डॉक्टर मिथिलेश पांडेय ने बताया कि महिलाएं आत्मनिर्भर बनकर परिवार को ऊंचाइयों तक पहुंचा सकती हैं। उन्होंने कहा कि आज महिलाएं हर क्षेत्र में पुरुषों की बराबरी कर रही हैं। डॉक्टर पीके मिश्रा वरिष्ठ वैज्ञानिक कृषि वानिकी ने सहजन के प्रयोग एवं महत्व की जानकारी दी। डॉक्टर अजीत सिंह वत्स वरिष्ठ वैज्ञानिक फसल सुरक्षा ने मशरूम के पोषण एवं महत्व की जानकारी दी। डॉ. मनोज कुमार सिंह उद्यान वैज्ञानिक ने खनिज लवणों एवं विटामिन्स की पूर्ति के लिए फलों के सेवन को अनिवार्य बताया। डा. ज्ञानदीप गुप्ता मत्स्य वैज्ञानिक ने मत्स्य आहार एवं मत्स्य पालन तकनीक की जानकारी दी। कृषक महिलाओं को कम्पनी द्वारा स्टाल व थैला भेंट स्वरूप निःशुल्क प्रदान किया गया।

# गेहूं खरीद : क्रय केंद्रों पर सन्नाटा

## जनपद में अभी तैयार नहीं है गेहूं की फसल, सप्ताह भर से संचालित हैं केंद्र

**गोंडा कार्यालय**

**अमृत विचार:** मूल्य समर्थन योजना के तहत जिले में गेहूं खरीद को लेकर सप्ताह भर पहले से ही क्रय केंद्र स्थापित कर दिया गया है। मंडी में विभिन्न एजेंसियों के 11 क्रय केंद्र किसानों के गेहूं को खरीदने के लिए स्थापित किए गए हैं।

गेहूं क्रय नीति के अनुसार इस बार गेहूं खरीद एक मार्च से शुरू करने का आदेश था। जिले में अभी गेहूं की फसल तैयार नहीं है। पहले खरीद की शुरुआत अप्रैल माह में होती थी। लेकिन इस बार 15 मार्च से गेहूं खरीद की शुरुआत का आदेश आया था। लेकिन अचानक मार्च से गेहूं खरीद सत्र 2024-25 की शुरुआत करने को कहा गया जिसको लेकर गेहूं खरीद से जुड़े अफसरों में हड़कंप मच गया। आनन फानन में क्रय केंद्र पर संसाधन जुटाए जाने लगे। किसी तरीके से केंद्र का शुरुआत कर दिया गया। इस बार गेहूं खरीद के लिए 6 एजेंसी को जिम्मेदारी सौंपी गई है। अब तक जनपद में 98 क्रय केंद्र अनुमोदित हो चुके हैं। मूल्य समर्थन योजना के तहत इस बार किसानों से गेहूं 2275 रुपए प्रति क्विंटल के भाव से खरीदा जाएगा। गेहूं खरीद केंद्र पर केंद्र प्रभारी सुबह से पहुंचकर केंद्र पर कुर्सी बैनर आदि की व्यवस्था में जुटे रहे। जिला खाद्य विपणन अधिकारी प्रज्ञा मिश्रा ने बताया कि जनपद में अब तक गेहूं खरीदने के लिए 98 क्रय केंद्र का अनुमोदन किया गया। मंडी स्थल पर स्थापित क्रय केंद्र का निरीक्षण किया गया है। मेज बैनर आदि की व्यवस्था हो गई है। लेकिन पहले दिन कोई किसान गेहूं बेचने के लिए नहीं आया। गेहूं बेचने के लिए 1507 किसानों ने पंजीकरण कराया है।


सूने पड़े गेहूं क्रय केंद्र। अमृत विचार

# मजरे टेपरा में आग से 15 घर जलकर राख, मवेशी की मौत

**उमरी बेगमगंज, गोंडा**

**अमृत विचार:** ग्राम सभा बरौली के मजरे टेपरा में शुक्रवार की रात करीब 11 बजे शॉर्ट सर्किट से लगी आग के कारण करीब 15 लोगों की पूरी गृहस्थी जलकर राख हो गई और एक बछिया की भी मौत हो गई।

मौके पर पहुंची पुलिस अग्निशमन विभाग व ग्रामीणों के सहयोग से कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया, लेकिन तब तक 15 घर पूरी तरह से जलकर राख हो चुके थे, जिसमें सियाराम की मोटर साइकिल पंपिंग सेट इंजन व 40 हजार नगद, घर का अन्य सामान, शिवप्रसाद की बछिया जलकर मर गई।


ग्राम सभा बरौली के मजरे टेपरा में आग से जला गृहस्थी का सामान। अमृत विचार

मजरे टेपरा में दिनेश, उमेश, शंकर, कल्पनाथ, विजय कुमार ननके उर्फ राजकुमार, मनोज, माधवराव सहित दस लोगों की लाखों रुपए की गृहस्थी जलकर खाक हो गई। लेखपाल अवधेश दुबे ने बताया कि रिपोर्ट बनाकर तहसील प्रशासन को भेज दी गई है।

# पेट्रोल पंप दिलाने का झांसा देकर 25 लाख ठगे

**धानेपुर, गोंडा**

**जालसाजी**

▸▸ पीड़ित ने आरोपी के खिलाफ दर्ज करायी धोखाधड़ी की रिपोर्ट

**अमृत विचार:** धानेपुर थाना क्षेत्र के रेतवागाड़ा गांव के रहने वाले एक शख्स से मध्य प्रदेश के रहने वाले जालसाजों ने पेट्रोल पंप का लाइसेंस दिलाने का झांसा देकर 25 लाख रुपये ऐंठ लिए। मामले में पीड़ित ने धानेपुर थाने में दो जालसाजों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है।

ग्राम पंचायत रेतवागाड़ा के रहने वाले दुष्यंत कुमार तिवारी ने पुलिस अधीक्षक को शिकायती पत्र देकर कहा कि मध्यप्रदेश के हौशंगाबाद जिले के रहने वाले दीपक पाठक ने इंडियन ऑयल कंपनी के किसान सेवा केंद्र पेट्रोल पंप दिलाने का वादा किया था। उसने दीपक की बात पर भरोसा कर उसके बताए गए बैंक खाते में 25 लाख रुपये भेज दिए। कुछ दिन तक टाल मटोल करने के बाद उसे ठगी किए जाने का एहसास हुआ। जब उसमे छानबीन की तो इंडियन ऑयल कॉरपोरेशन लिमिटेड का बैंक खाता फर्जी निकला। पीड़ित ने बताया कि जब उसने अपने पैसे की मांग की तो दीपक ने उसे 25 लाख रुपए का चेक दे दिया। लेकिन जब उसने चेक अपने बैंक खाता में जमा किया तो वह चेक बाउंस हो गया। पीड़ित ने बताया कि विपक्षी इंडियन ऑयल कंपनी का फर्जी व जाली एवं को कूटरचित प्रपत्र देकर उन्हें फर्जी पर पत्रों के आधार पर विश्वास में लेते हुए और धोखाधड़ी जालसाजी व कोर्ट रचना करके भारत सरकार के महत्वपूर्ण उपकरण इंडियन मिल कंपनी का किसान सेवा केंद्र पेट्रोल पंप दिलाने के नाम पर 25 लाख रुपए ठग लिया। मामले में एसपी विनीत जायसवाल ने धानेपुर पुलिस को रिपोर्ट दर्ज करने का निर्देश दिया था। प्रभारी निरीक्षक वेद प्रकाश शुक्ला ने बताया कि मध्य प्रदेश के जिला हौशंगाबाद के रहने वाले दीपक पाठक पुत्र बड़े लाल पाठक के विरुद्ध धोखाधड़ी समेत विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच की जा रही है।

# आयुष्मान आरोग्य भवन का लोकार्पण

**रुपईडीह, गोंडा:** सीएचसी के मातृ शिशु एवं परिवार कल्याण उपकेंद्र व आयुष्मान आरोग्य मंदिर के नवनिर्मित भवन का उद्घाटन चिकित्साधीक्षक डॉ. अजय कुमार यादव व ग्राम पंचायत कमड़ावा की प्रधान नीलम दुबे ने किया। इस मौके पर चिकित्साधीक्षक ने कहा इस केंद्र के माध्यम से असहाय लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधा मिलेगी। उन्हें टीकाकरण व इलाज के लिए भटकना नहीं होगा। बीसीपीएम महेंद्र विश्वकर्मा, सीएचओ मुस्कान द्विवेदी, जगमोहन दुबे, आलोक पाठक, नरसिंह नारायण पांडेय, केपी तिवारी, गीता तिवारी, रीता, संगीता, सुमन श्रीवास्तव, आशा देवी, सुशीला पांडेय आदि रहे।

# शिव बरात का किया स्वागत

**करनैलगंज, गोंडा**

**अमृत विचार :** नगर में शुक्रवार की देर रात्रि निकली शिव बरात का जगह-जगह स्वागत व आरती उतारी गई। नगर के गुड़ाही बाजार स्थित शिव मंदिर से भगवान शिव की प्रतिमूर्ति बग्गी पर सवार, डीजे, रोड लाइट के साथ शिव बारात निकाली गई। बारात के साथ श्रद्धालु झूमते, नाचते चल रहे थे।

गुड़ाही बाजार के शिव मंदिर से प्रारम्भ हुई यह बारात नगर के तमाम शिव मंदिरों पर गई जहां भगवान शिव की आरती की गई तथा बारातियों का स्वागत किया गया। नगर के कई शिव मंदिरों पर प्रसाद वितरण का आयोजन किया गया तो कुछ जगहों पर भंडारे में भोजन की भी व्यवस्था की गई थी। मंदिरों पर प्रसाद के साथ ही ठंडाई की भी व्यवस्था की गई थी। बारात में रामजी लाल मोदनवाल, अशोक कुमार सिंघानिया, कन्हैया लाल वर्मा, अंकित जायसवाल, आशीष शुक्ला, चंद्रशेखर गोस्वामी, संतोष सोनी, संजय साहू, हरिगोपाल वैश्य, अरुण कुमार वैश्य, बबलू सोनी, रामजी गुप्ता, हरीश गुप्ता, अनिल कुमार गुप्ता, आयुष सोनी, संजय यज्ञसेनी, सोनू पुरवार, अरमान पुरवार, मुकेश वैश्य आदि सहित भारी संख्या में लोग चल रहे थे। सुरक्षा व्यवस्था के पुख्ता इंतजाम किए गए थे।


नगर में देर रात शिव बरात निकालते भक्त। अमृत विचार

# दहेज के लिए महिला की हत्या कर फंदे से लटकाया पति समेत चार पर रिपोर्ट

**उमरी बेगमगंज :** उमरी बेगमगंज थाना क्षेत्र के कपनी गांव में दहेज की खातिर एक महिला को मारकर फंदे से लटका दिया गया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिये भेजा है। मामले में मृतका को पिता ने चार लोगों के खिलाफ दहेज हत्या की रिपोर्ट दर्ज कराई है। परसपुर थाना क्षेत्र के भौरीगंज गांव के रहने वाले भुलई को मुताबिक उन्होंने अपनी बेटी सबीना बानो ( 22 )का निकाह उमरी बेगमगंज थाना क्षेत्र के कपनी गांव के रहने वाले मोनू के साथ किया था। आरोप है कि निकाह के बाद से ही मोनू और उसके परिवार के लोग दहेज में सोने की चेन व 50 हजार रुपये की नकदी की मांग कर रहे थे। दहेज की मांग को लेकर उसकी बेटी को प्रताड़ित किया जा रहा था। भुलई ने बताया कि शुक्रवार की शाम को मोनू और उसके परिजनों ने उसकी बेटी सबीना बानो को मार पीट कर फंदे से लटका दिया। घटना की जानकारी मिलने पर जब वह बेटी के घर पहुंचा तो उसका शव फंदे से लटक रहा था। जब उसने घटना के संबंध में पूछताछ की तो उसके साथ अभद्रता की गयी। मामले में भुलई ने मृतका के पति मोनू, ननकई, आशमा व ताज के खिलाफ दहेज हत्या की रिपोर्ट दर्ज करायी है। प्रभारी निरीक्षक संजीव वर्मा ने बताया कि शव का पंचनामा भरकर उसे पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। घटना की रिपोर्ट दर्ज कर दी गयी है।

## सार-संक्षेप


### चार घरों में लगी आग, लाखों का सामान जलकर राख

**बभनजोत, गोंडा :** अज्ञात कारणों से छप्पर के चार घरों में लगी आग से गृहस्थी समेत अन्य घर के सामान जलकर राख हो गये। कड़ी मशक्कत से ग्रामीणों ने आग पर काबू पाया। शनिवार दोपहर विकासखंड बभनजोत के ग्राम पंचायत रसूलपुर खान के मजरा बकुई खुर्द में अज्ञात कारणों से रामजस चौहान, आलोक चौहान, राजकुमार चौहान, गच्चू चौहान के घर में आग लग गई। तेज हवा होने के कारण आग ने विकराल रूप धारण कर लिया। लपटें इतनी तेज हो गई कि ग्रामीणों की कोशिशों के बाद भी घर में रखा हुआ सारा सामान जलकर राख हो गया। बहरहाल ग्रामीणों ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। सूचना पर पहुंचे लेखपाल राजेंद्र यादव ने मौके का मुआयना करते हुए नुकसान का आकलन किया। हल्का लेखपाल ने बताया कि चार फूस के घरों में आग लग गई जिससे लगभग 1.20 लाख का नुकसान हुआ है। रिपोर्ट तैयार करके तहसील को भेजा जाएगा।

### रामचरित मानस के समापन पर भंडारे का आयोजन

**गोंडा कार्यालय :** धार्मिक, सामाजिक कार्य सभी के सहयोग से होता है। कीर्तन व रामा धुन की आवाज जिस व्यक्ति के कान में पड़ जाती है उसका भी भला हो जाता है। उक्त विचार समाज सेवी लालजी तिवारी ने रामचरितमानस पाठ के समापन के दौरान कहीं। उन्होंने कहा कि जीवन में अध्यात्म का बहुत महत्व होता है। गोंडा बलरामपुर मार्ग स्थित बलवंत पुरवा में शंकर जी के मंदिर पर हर वर्ष रामचरितमानस पाठ का आयोजन जन सहयोग से किया जाता है। पाठ के समापन के बाद विशाल भंडारे का आयोजन होता है। जिसमें सैकड़ों की संख्या में श्रद्धालु प्रसाद ग्रहण करते हैं। रामचरित मानस का पाठ संकीर्तन मंडली द्वारा किया गया। 24 घंटे पाठ का आयोजन के बाद हवन व आरती की गई। इस दौरान रामानंद शुक्ला, पिंकू तिवारी, मंजुल तिवारी, नान बाबू, अथर्व गुल्लू सरदार, विकास मिश्रा, रमेश यादव, शिवानंद शर्मा, गुड्डू पांडे आदि उपस्थित रहे।

### रोड मार्च कर आमजन को दिलाया सुरक्षा का भरोसा


रोड मार्च करते सीआईएफ के जवान। अमृत विचार

**उमरी बेगमगंज, गोंडा :** लोगों को आगामी लोकसभा चुनाव में जनता सुरक्षा का एहसास दिलाने के लिए पुलिस प्रशासन पूरी तरह से चौकस हो गया है। इसी के तहत आज थानाध्यक्ष उमरी बेगमगंज संजीव वर्मा व सीआईएफ के सब इंस्पेक्टर एसएल हाओकिप नेतृत्व में पुलिस ने क्षेत्र के कई संवेदनशील वह अतिसंवेदनशील गावों वह बाजारों में पैरामिलिट्री फोर्स के साथ फ्लैग मार्च किया आदमपुर बरौली मुकुंदपुर इस्माइलपुर होते हुए उमरी सेमरी कला सिधौटी धनाईगंज परास पट्टी पुरवार परास मंझवारा अमदही नियावा डिकसिर से होते हुए सुभाष नगर ( अठैइसा) पर समाप्त हुआ। इस दौरान उपनिरीक्षक अवधेश यादव, संजय सिंह चौहान, मुरारी सिंह सहित सैकड़ों पुलिसकर्मी मौजूद रहे।

### पुल की टूटी रेलिंग ठीक कराने की मांग

**गोंडा कार्यालय :** नहर विभाग के पुल की रेलिंग टूटी हुई है जिससे आने जाने वालों को दुर्घटनाग्रस्त हो जाने का खतरा है । ग्रामीणों ने नहर विभाग से ईट की बनी रेलिंग को सही करने की मांग की है। विकासखंड पंडरी कृपाल अंतर्गत केवलपुर तीर मोहनी पुल से धालोनी बाजार को जाने वाली नहर की पटरी पर बनी सड़क राम छवि पुरवा के पास नहर विभाग द्वारा बनाए गए पुल की ईंट की रेलिंग टूटी हुई है। कई लोग सूखे नहर में गिरकर चोटिल भी हो चुके हैं। ग्रामीणों ने कई बार इसे सही करने की मांग की। ग्रामीणों में सूर्य नारायण, विनय, अजय, संकटा मिश्रा, अभिषेक आदि ने कहा है कि यदि रेलिंग ठीक नहीं कराई गई तो वे आंदोलन के लिए बाध्य होंगे।

**मतदान का बताया महत्व** | पोस्टर के माध्यम से आमजन को मतदान के प्रति किया जागरूक, विद्यालय के प्रधानाध्यापक ने हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

# जेनी पकड़िया में बच्चों ने निकाली मतदाता जागरूकता रैली



मतदाता जागरूकता रैली निकालते बच्चे। अमृत विचार


वर्कशाप को संबोधित करते डीआईओएस। अमृत विचार

**गोंडा कार्यालय**

**अमृत विचार:** झंझरी ब्लाक के प्राथमिक विद्यालय जेनी पकड़िया में शनिवार को मतदाता जागरुकता रैली निकाली गयी। बच्चों ने पोस्टर लेकर लोगों को मतदान के लिए प्रेरित किया। विद्यालय के प्रधानाध्यापक आज़ाद बेग ने हरी झंडी दिखा कर बच्चों को रैली के लिए रवाना किया। जेनी पकड़िया गाँव के विभिन्न मजरों में बच्चों ने वोट हमारा है अधिकार, करें नहीं इसको बेकार, बनो देश के भाग्य विधाता, अब जागो प्यारे मतदाता, छोड़ो अपने सारे काम, पहले चलो करें मतदान,आदि नारों के साथ अभिभावकों व ग्राम वासियों के मतदान की अपील की।

**बूथ पर मनाया गया मतदाता दिवस: रुपईडीह:** विशेष विधानसभा मतदाता सूची पुनरीक्षण अभियान के तहत ब्लॉक रुपईडीह के प्राथमिक विद्यालय दलपतपुर में स्थापित मतदान केंद्र पर पर्यवेक्षक/ लेखपाल राजेंद्र कुमार वर्मा की उपस्थिति में मतदाता दिवस मनाया गया। बीएलओ अनूप कुमार शुक्ल ने विधानसभा की मतदाता सूची पढ़कर सुनाई गई। विष्णु सिंह, ओम प्रकाश वर्मा, अंकित वर्मा, राजेश वर्मा आदि लोग उपस्थित रहे।

### मतदान के प्रति डीआईओएस ने किया जागरूक

**बेलसर, गोंडा :** महाराजा देवी बख्श सिंह इंटर कॉलेज बेलसर में स्वीप योजना अंतर्गत मतदाता जागरूकता के लिए" मैं हूं ना" कार्यक्रम के तत्वावधान में वार्ड स्तर पर मतदाता सूची पढ़कर सुनाए जाने व अर्ह व्यक्तियों के पंजीकरण कार्यक्रम के तहत डीआईओएस राकेश कुमार ने लोगों को जागरूक किया। उन्होंने विद्यालय में गठित मतदाता साक्षरता क्लब के वर्कशॉप का शुभारंभ किया। जिला विद्यालय निरीक्षक राकेश कुमार ने कहा कि देश के लोकतंत्र को सशक्त बनाने के लिए हमे शत-प्रतिशत मतदान पर बल देना होगा। हमारा लोकतंत्र तभी मजबूत होगा जब हम ईमानदार व चरित्रवान लोगों को चुन कर सदन भेजें। जिस दिन ऐसा होगा उस दिन देश विकास के पथ पर स्वत: अग्रसर होगा। उन्होंने छात्राओं का आह्वान करते हुए कहा कि वे अपने आस-पास के लोगों को आवश्यक रूप से मतदान करने के लिए प्रेरित करें, ताकि अधिक से अधिक मतदान होने से अच्छे लोकतंत्र की स्थापना हो सके। विद्यालय के प्रधानाचार्य एवं उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ के जिला अध्यक्ष अजीत सिंह ने कहा कि हमें मतदान के लिए लोगों को प्रेरित करना चाहिए। मतदान हमारा लोकतांत्रिक अधिकार है और राष्ट्र के प्रति कर्तव्य भी।

## एक नजर

### प्रतियोगी कार्यक्रमों के साथ विदाई समारोह का किया गया आयोजन

**करनैलगंज, गोंडा :** नगर के मोहल्ला गाड़ी बाज़ार स्थित तामीरे हयात स्कूल में शुक्रवार को विभिन्न प्रतिभागी कार्यक्रमों के साथ विदाई समारोह का आयोजन किया। जिसमें वर्गवार सामान्य ज्ञान, निबंध प्रतियोगिता, कला व खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें जूनियर तथा सीनियर कक्षाओं के बच्चों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। कार्यक्रम संयोजक व सीनियर अध्यापिका उज़मा फातमी ने बताया कि निबंध प्रतियोगिता में शोएब, फिरदौस, कला प्रतियोगिता में तूबा, शायना, सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता में ज़ैनब, ऐमन, खेलकूद प्रतियोगिता में अयान, अलैना, रहमान, अल्फ़ाज़, राजा खान, नूरीन कौसर, उरूज़, नसरा ने अव्वल मक़ाम हासिल किया है। इस सत्र के मिस्टर हयात, अबू तालिब, मिस टैलेंट समरीन बानो रहीं जिन्होंने इस खिताब को अपने नाम किया है। प्राचार्य ने बताया कि इन कार्यक्रमों का उद्देश्य विद्यार्थियों के मनोबल और उनकी क़ाबिलियत को बढ़ावा देना है, अंतिम वर्ष के वो छात्र छात्राएं जो इस सत्र पासआउट हो रहे हैं उनके उज्ज्वल भविष्य की कामनाओं के साथ कार्यक्रम का समापन किया गया।

### पारिवारिक विवाद में चले लाठी-डंडे, पुलिस ने दर्ज किया मुकदमा

**गोंडा कार्यालय :** वजीरगंज थाने पर अजबनगर निवासी पुजारी ने तहरीर देकर बताया है कि पारिवारिक विवाद को लेकर लड़के अरविन्द जायसवाल ने अभद्रता करते हुए मूका थप्पड़ लाठी डंडे से पिटाई कर दी जिससे वादी को काफ़ी चोटें आई है तथा जान से मारने की धमकी भी दी है। पीड़ित ने बताया कि अब लड़के की दबंगई से चारों ओर दहशत का माहौल व्याप्त हो गया है। थानाध्यक्ष अभय सिंह ने बताया मुकदमा दर्ज किया गया है। जांच-पड़ताल के बाद जल्द ही पूरा मामला सामने आ जाएगा।

# 1.07 करोड़ से 1323 स्कूलों में विकसित होंगे लर्निंग कॉर्नर

## विद्यालय प्रबंध समिति के खाते में भेजी गयी धनराशि

**तैयारी**

- पूर्व प्राथमिक शिक्षा के तहत पंजीकृत 11 हजार बच्चों को मिलेगा इसका फायदा

गोंडा कार्यालय

**अमृत विचार:** जिले के परिषदीय स्कूलों के परिसर में संचालित आंगनबाड़ी केंद्रों पर लर्निंग कॉर्नर विकसित करने के लिए सरकार ने 1.97 करोड़ रुपये का बजट आवंटित किया है। आवंटित बजट के सापेक्ष प्रत्येक स्कूलों के विद्यालय प्रबंध समिति के खाते में 8110 रुपये की धनराशि भेज दी गयी है। इस धनराशि से स्कूलों में चार तरह के लर्निंग कॉर्नर तैयार किए जायेंगे। इस लर्निंग कॉर्नर के जरिए परिषदीय स्कूलों के परिसर में संचालित आंगनबाड़ी केंद्रों पर पंजीकृत 3 से 6 वर्ष आयु तक के बच्चों को गतिविधि आधारित शिक्षा दी जायेगी। इस लर्निंग कॉर्नर में शिशु स्तर की पुस्तकें उपलब्ध होंगी। इन पुस्तकों के माध्यम से आंगन बाड़ी कार्यकत्रियां नन्हे मुन्ने बच्चों को न सिर्फ अक्षर ज्ञान करायेंगी बल्कि उन्हे प्रारंभिक स्तर पर मिलने वाले व्यवहारिक ज्ञान से भी परिचित करायेंगी। तीन साल तक बाल वाटिका में पढ़ने के बाद बच्चों का प्रवेश प्राथमिक कक्षा में किया जायेगा।

नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) के तहत स्कूली शिक्षा के ढांचे में अब प्री-प्राइमरी को भी शामिल किया गया है।

जिसमें बच्चों को अब तीन साल की उम्र से ही स्कूली शिक्षा में प्री प्राइमरी व बाल वाटिका कक्षाओं के जरिए जोड़ने का प्रस्ताव है। इसके लिए सभी आंगनबाड़ी केंद्रों को बाल वाटिका और प्री-प्राइमरी स्कूलों के रूप में बदलने का सुझाव दिया गया है। इस सुझाव से दृष्टिगत इन केंद्रों को अपग्रेड किया जा रहा है।

जिले में कुल 3095 आंगनबाड़ी केंद्र संचालित हैं। इनमें से 2550 केंद्र बेसिक शिक्षा विभाग के प्राथमिक स्कूलों के परिसर में हैं। इनमें से 1323 केंद्रों को बाल वाटिका के रूप में परिवर्तित करने का फैसला किया गया है। प्री प्राइमरी कक्षाओं के संचालन के लिए यहां लर्निंग कॉर्नर बनाया जायेगा। इस लर्निंग कॉर्नर में 3 वर्ष से 6 वर्ष तक के बच्चे पढ़ाई कर सकेंगे। इसके लिए पाठ्य सामग्री बेसिक शिक्षा विभाग की तरफ से उपलब्ध कराया जायेगा। इसके लिए सरकार की तरफ से 1.07 करोड़ रुपये का बजट आवंटित किया गया है।

जिला समन्वयक प्रशिक्षण हरिगोविंद यादव ने बताया कि लर्निंग कॉर्नर बनाए जाने के लिए चयनित स्कूलों के विद्यालय प्रबंध समिति के बैंक खाते में धनराशि भेज दी गयी है।

### तीन अलग-अलग आयु वर्ग में बांटे गए बच्चे

प्री प्राइमरी शिक्षा के लिए बाल वाटिका में पंजीकृत बच्चों को तीन आयु वर्ग में बांटा गया है। इन्हें अलग अलग पाठ्य सामग्री उपलब्ध करायी जायेगी। 4 से 5 वर्ष तक के बच्चों को चहक- दो व प्राक्कलन-2 की पुस्तक मिलेगी। 5 वर्ष से 6 वर्ष तक के बच्चों को चहक तीन व प्राक्कलन तीन दिया जायेगा। वहीं 3 से 6 वर्ष तक के बच्चों को कलांकुर नाम की किताब दी जायेगी। सभी बच्चों को नेशनल बुक ट्रस्ट ऑफ इंडिया की तरफ से कार्य पुस्तिका भी मिलेगी। इसके अतिरिक्त प्रत्येक केंद्र को आईआईटी गांधीनगर की तरफ से एक वंडर बॉक्स भी दिया जायेगा। वंडर बॉक्स में गणित व संकल्पना से संबंधित पाठ्यक्रम होगा।


> जिले में परिषदीय स्कूलों के परिसर में कुल 2550 आंगनबाड़ी केंद्र संचालित हो रहे हैं इनमें से 1323 स्कूलों को लर्निंग कॉर्नर के लिए चयनित किया गया है। इस लर्निंग कॉर्नर 3 वर्ष से 6 वर्ष तक की आयु वर्ग के बच्चे पढ़ाई कर सकेंगे इसके लिए विभाग की तरफ से बच्चों को पाठ्य सामग्री उपलब्ध कराया जाएगा। इसके लिए प्रत्येक स्कूल को 8110 रुपये की धनराशि आवंटित की गयी है।
>
> -**हरि गोविंद यादव,** जिला समन्वयक प्रशिक्षण

# स्मार्ट फोन न मिलने पर छात्रों ने दिया धरना

## एलबीएस डिग्री कॉलेज में किया हंगामा, अधिकारियों को सौंपा ज्ञापन

**गोंडा कार्यालय:** निशुल्क स्मार्टफोन न मिलने पर शनिवार को लाल बहादुर शास्त्री डिग्री कॉलेज के छात्रों ने जमकर हंगामा किया। कालेज प्रशासन पर छात्र छात्राओं की अनदेखी का आरोप लगाते हुए नारेबाजी की और कॉलेज परिसर को बाहर धरना दिया। इंकलाब फाउंडेशन के अध्यक्ष अविनाश सिंह व शिवम मझवार के नेतृत्व में छात्रों ने प्रदर्शन करते हुए जिलाधिकारी को संबोधित ज्ञापन प्रभारी प्राचार्य प्रोफेसर विनोद प्रताप सिंह व जिला विद्यालय निरीक्षक को सौंपा।

छात्रों ने सवाल किया कि श्री लाल बहादुर शास्त्री डिग्री कॉलेज गोण्डा महाविद्यालय में छात्रों को उत्तर प्रदेश निशुल्क टैबलेट स्मार्टफोन योजना के लाभ से वंचित क्यों किया जा रहा है। पहले 2022-23 वर्ष के बीए, बीएससी व बी कॉम के उत्तीर्ण हुए छात्रों को उत्तर प्रदेश निःशुल्क टैबलेट स्मार्टफोन योजना का लाभ दिया जाना था परंतु इसमे डॉ राम मनोहर लोहिया अवध महाविद्यालय के द्वारा परिवर्तन करके 2023-24 वर्ष में अध्ययन कर रहे बीए, बीएससी, बी कॉम, बीएससी एग्रीकल्चर व बीसीए के सेमेस्टर छात्रों को इसका लाभ दिया जा रहा है इंकलाब फाउंडेशन के अध्यक्ष अविनाश सिंह ने कहा कि छात्रों की मांग उचित है इसीलिए उनके समर्थन में प्रदर्शन किया गया है और जब उनकी लड़ाई जारी है। हमारा समर्थन रहेगा। इस संबंध में जिलाधिकारी/अध्यक्ष प्रबंध समिति, उपाध्यक्ष प्रबंध समिति, सचिव प्रबंध समिति व मुख्य नियंता को संबोधित करते हुए कॉलेज प्रशासन के प्राचार्य महोदय को ज्ञापन सौंपा और मांग की गयी कि दो दिन के भीतर इसमे सुधार करके सूची जारी की जाये। जिससे सभी छात्रों को योजना का लाभ मिल सके। ज्ञापन देने वालों में आयुष मिश्रा, हरिओम चौबे, मोहित चौबे, निशा, सिमरन, आंशिक, रुचि ओझा, शालू तिवारी, अंकित सिंह, प्रिया सोनकर, काजल सिंह, अंचल दुबे, अंजली रहीं।



एलबीएस महाविद्यालय के प्रभारी प्राचार्य को ज्ञापन देते छात्र। अमृत विचार

## पदोन्नति सूची करें जारी, भेजा मांग पत्र

**गोंडा कार्यालय:** कार्यालय सहायकों के स्थाईकरण व पदोन्नति को लेकर यूपी एजुकेशन मिनिस्ट्रियल ऑफिसर्स एसोसिएशन के जनपदीय इकाई के पदाधिकारी ने संयुक्त शिक्षा निदेशक देवीपाटन मंडल को पत्र भेजकर कार्रवाई के जाने की मांग की है। भेजे गए मांग पत्र मे कहा गया है कि पूर्व में भी वरिष्ठता सूची जारी किए जाने को लेकर अनुरोध किया गया था लेकिन अभी तक कोई कार्रवाई नहीं की गई है। मांग पत्र में प्रवीण सिंह, वैभव पांडे, नीरज त्रिपाठी, सुधीर सिंह, बब्बन सिंह, अनूप सिंह, गुलाम उस्मानी, बबली सिंह, शालिनी,वरुण गौरव, विश्वनाथ धनीराम आदि के हस्ताक्षर हैं।

# सर्राफा एसोसिएशन ने की बैठक, खुलासे की उठी मांग

## करनैलगंज के सर्राफा व्यवसायी से बीते दिनों हुई थी लूटपाट

करनैलगंज, गोंडा

**अमृत विचार :** करनैलगंज के सर्राफा व्यवसायी के साथ हुई लूट का खुलासा करने की मांग अब तेज हो गई है।

शनिवार को नगर के साहू गेस्ट हाउस में सर्राफा एसोसिएशन की बैठक हुई। जिसमें 4 मार्च को सर्राफा व्यापारी विश्वनाथ शाह के साथ हुई लूट की वारदात पर चर्चा की गई और घटना की व्यापारियों ने निंदा करते हुए जल्द खुलासे की मांग की। लूट कांड के पीड़ित व्यापारी विश्वनाथ शाह ने अपने साथ हुई वारदात के खुलासे की मांग रखी। जिस पर व्यापारियों ने समर्थन और सहयोग करने का आश्वासन दिया।

सर्राफा एसोसिएशन के अध्यक्ष पिंटू मिश्रा ने लूट कांड का खुलासा करने के लिए पुलिस के अधिकारियों से मांग की और कहा कि सभी व्यापारियों को करनैलगंज से बाहर आने जाने के लिए प्रशासन परिचय पत्र जारी करे जिससे चुनाव आदि में व्यापारियों को व्यापार करने में दिक्कत न हो। व्यापारियों ने शस्त्र लाइसेंस देने की मांग भी की। बैठक में प्रस्ताव रखा गया कि 12 मार्च तक लूट का खुलासा न होने पर आगे की रणनीति तैयार की जाएगी। बैठक में अरुण कुमार वैश्य, नंदलाल सोनी, सलीम सिद्दीकी, अरुण बाथम, रितेश सोनी, आशीष सोनी, मोहित पाण्डेय, श्रीराम सोनी, रानू मिश्रा, गुड्डू वारसी, चीनी वारसी, मोहम्मद आरिफ, राजकुमार सोनी, आलोक सोनी, जुगल किशोर, पवन, मुन्ना लाल, धर्मेंद्र सोनी सहित तमाम व्यापारी उपस्थित रहे।

# गल्ले की दुकान में चोरी करते युवक को पकड़ा

**बभनान, गोंडा:** छपिया थाना क्षेत्र के जमुनहा में गल्ले की दुकान पर चोरी कर रहे एक युवक को दुकान में सो रहे लोगों ने पकड़कर पुलिस के हवाले कर दिया।

छपिया थाना क्षेत्र के जमुनहा निवासी शत्रुघ्न प्रसाद ने पुलिस को दिए तहरीर में बताया कि उसकी एक दुकान बभनान खोडारे रोड पर सकदरपुर के पास है। जिसमें वह गल्ले का काम करते हैं। शुक्रवार की रात दुकान में उसका भाई सुशील एवं दिव्यांश व आशुतोष सो रहे थे। तभी देर रात लगभग बारह बजे दुकान में खटपट की आवाज आई तो लोग जाग गए। मौके पर जाकर देखा तो गोदाम में दो लोग धान की बोरी व गेहूं की बोरी को दीवार के बाहर फेंक रहे थे। जिसमें उन लोगों द्वारा व्यक्तियों को पकड़ने का प्रयास किया गया। जिसमें एक व्यक्ति भाग भागने में सफल हुआ किंतु दूसरा व्यक्ति कटीले तारों में फंसने के कारण पकड़ा गया। जिसने अपना नाम अजय कुमार निवासी खम्हरिया बताया। जिसके पास से दो धान की बोरी तथा चोरी करने का उपकरण मिला। चौकी प्रभारी बभनान अंकित सिंह ने बताया कि शत्रुघ्न प्रसाद निवासी जमुनहा की तहरीर पर आरोपी के विरुद्ध विधिक कार्रवाई की जा रही है।

# बिसुही पर बने घारीघाट पुल का लोकार्पण

## छह करोड़ रुपये से निर्मित हुआ था पुल, सांसद ने किया उद्घाटन

बभनजोत, गोंडा

**अमृत विचार:** भाजपा सरकार विकास में विश्वास रखती है। विकास से भाजपा का मूल मंत्र है। उक्त बातें गोंडा सांसद कीर्ति वर्धन सिंह ने घारीघाट पुल के शिलान्यास दौरान कही। उन्होंने कहा कि सरकार, बिजली, पानी, शिक्षा के साथ-साथ यातायात को लेकर गंभीर है जिसका परिणाम है कि पुल को स्वीकृत किया गया। इसके निर्माण से आवागमन में सुविधा होगी। सांसद ने कहा कि पुल का निर्माण लागत छह करोड़ से अधिक है। इसके निर्माण होने से बगल के जिले के लोगों को भी लाभ होगा। शिलान्यास के दौरान मौजूद रहे क्षेत्रीय विधायक प्रभात वर्मा ने कहा कि सरकार लगातार विकास के आयाम स्थापित कर रही है। जहां पहले पक्की सड़क के लिए लोग तरसते थे वहीं इस सरकार में सड़कों का जाल बुन गया है। भाजपा सरकार सभी लोगों को साथ में लेकर चलने में विश्वास रखती है। विकास इसका लक्ष्य है जिसको लगातार पूरा कर रही है। बिजली के क्षेत्र में उल्लेखनीय प्रगति हुई है अब अगर लाइट कट जाती है तो लोग पता करते हैं की क्यों कट गई। पहले कई कई दिन बिजली आपूर्ति बाधित रहती थी। डबल इंजन सरकार का लाभ सीधे अब जनता को मिल रहा है। इस पुल के निर्माण से बस्ती समेत स्थानीय जनपद को सीधा लाभ मिलेगा। विकास के क्षेत्र में यह पुल मिल का पत्थर साबित होगा। शिलान्यास कार्यक्रम के दौरान ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधित्व नीरज पटेल, दिनेश शुक्ला, यशवंत सिंह, बिंदेश्वरी वर्मा, विक्रम प्रसाद, बीडी पाठक, शोहरत वर्मा, चंद्रभान वर्मा, रामचंद्र, कमलेश पांडे, यूपी सिंह, भूपेश मिश्रा, पिंकू सिंह, कप्तान श्रीवास्तव, पप्पू शुक्ला आदि रहे।



पुल का उद्घाटन करते सांसद कीर्तिवर्धन सिंह व विधायक प्रभात वर्मा। अमृत विचार

# 12 से मसकनवा स्टेशन पर तीन ट्रेनों का होगा ठहराव

मसकनवा, गोंडा

**अमृत विचार:** मसकनवा में 12 मार्च से मनवर संगम, कृषक, कुशीनगर व 13 मार्च से एलटीटी एक्सप्रेस ट्रेनों का स्टापेज होगा।

मसकनवा रेलवे स्टेशन पर मनवर संगम, कृषक एक्सप्रेस, कुशीनगर व एलटीटी एक्सप्रेस के ठहराव का समय सारिणी जारी होने से क्षेत्र वासियों ने ट्रेन ठहराव को लेकर प्रसन्नता व्यक्त की है। क्षेत्रीय संघर्ष समिति के अध्यक्ष पूरन गुप्ता, महामंत्री नीरज कुमार गुप्ता, व्यापार मंडल अध्यक्ष विनोद मोदनवाल, संरक्षक भरत लाल त्रिपाठी, राज कुमार, भइया लाल, खगेन्द्र पांडेय, पूर्व प्रमुख शैलेंद्र पांडेय, राम कुमार कसौधन, राम सुंदर, विशाल, मनोज, संतोष कुमार, पूर्व जिला पंचायत सदस्य दिनेश शुक्ला, सुधांशु गुप्ता, श्याम बाबू कमल, आशीष कुमार, राजेश कौशल एडवोकेट, चन्दन कौशल, मुकेश कुमार, राजीव कुमार, अमित कुमार, प्रहलाद, प्रदीप कुमार गुप्ता, पवन कुमार, सुनील कुमार सहित सैकड़ों लोगों ने सांसद कीर्ति वर्धन सिंह व रेल मंत्री को धन्यवाद ज्ञापित करते हुये 12 मार्च को मसकनवा रेलवे स्टेशन पर क्षेत्रीय संघर्ष समिति द्वारा स्वागत समारोह का आयोजन किया गया है।

# महाशिवरात्रि पर निर्धन परिवार की बेटियों की कराई शादी



महाशिवरात्रि पर मंडप में विवाह के जोड़े में वर-वधू। अमृत विचार



महाशिवरात्रि पर आयोजित कार्यक्रम में ब्रह्मकुमारी की बहनें व जनप्रतिनिधि।

नवाबगंज, गोंडा

**अमृत विचार:** शिवरात्रि महापर्व पर शुक्रवार की देर शाम नगर में अनोखी वर यात्रा निकाली गई। सजी धजी कारों में निर्धन परिवार के आधा दर्जन दूल्हों की बारात नगर के फुटहा शिवाला शिव मंदिर से निकाली गई। पूर्व मंत्री रमापति शास्त्री और चेयरमैन डॉ सत्येन्द्र सिंह इस यात्रा में शामिल रहे। बारात पूरे नगर का भ्रमण करते हुए रामलीला मैदान के हनुमान गढ़ी मंदिर पर पहुंची। इसके पश्चात जयमाल स्टेज पर पहुंचे वधुओं ने वर के गले में जयमाला डाल कर दांपत्य जीवन में प्रवेश करने का संकल्प लिया। पंडितों द्वारा धार्मिक रीति-रिवाज के अनुसार छः जोड़े का विवाह सम्पन्न कराया गया। नगर के सेठ साहूकारों द्वारा इन विवाहित जोड़ों पर सौगातों की बारिश की गई। रामलीला समिति के संयोजन में प्रतिवर्ष आयोजित होने वाले इस समारोह में शनिवार के सुबह सभी जोड़ों को उनके परिजनों के साथ समिति के पदाधिकारियों ने ढेरों आशिर्वाद और शुभकामना देकर विदा किया। छः विवाहित जोड़े रोशनी पति मनोज, लालमती पति मुन्ना गुप्ता, मनीषा पति गया प्रसाद, मोनी भारती पति पप्पू समेत छः जोड़े एक दूसरे के साथ मिलकर जीवन जीने का संकल्प लिया। विशाल भंडारे में सभी लोगों को प्रसाद ग्रहण कराया गया।

### राजयोग सेवा केंद्र पर मनाई गई महाशिवरात्रि

**परसपुर, गोंडा :** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विवि राजयोग सेवा केंद्र के तत्वावधान में महाशिवरात्रि हर्षोल्लास पूर्वक मनाई गई। आध्यात्मिक कार्यक्रम में शिव ध्वजारोहण, ध्वज वंदन एवं ओम शांति का उद्बोधन किया गया। बीके अनामिका व बीके सुनीता बहन ने अतिथियों का स्वागत सम्मान किया। बेलसर सेवा केंद्र की प्रभारी बीके सुनीता, बीके जेपी भाई, प्रदीप भाई, प्रोफेसर डॉक्टर अनुपमा सिंह, शिक्षिका रमा सिंह ने भोलेनाथ की महिमा का गुणगान किया। बीके सुनीता बहन ने कहा कि मानव जीवन अनमोल है। इसके लिये आध्यात्मिक चिंतन व ईश्वरीय महाकाव्य को आत्मसात करना चाहिये। परमात्मा शिव ही सर्व गुणों और शक्तियों के भंडार हैं। राजयोग सेवा केंद्र संचालिका बीके अनामिका दीदी ने बताया कि अंतरराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त, नारी शक्ति द्वारा संचालित, समाज में पवित्रता, सुख व शांति संपन्न गृहस्थ की स्थापना के लिए पहचाने जाने वाला, राजयोग मेडिटेशन द्वारा मानसिक एकाग्रता, पॉजीटिव थिंकिंग के माध्यम से हेल्दी और हैप्पी लाइफ स्टाइल की सौगात दुनिया को देने वाला प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय अपनी स्थापना के गौरवशाली 88 वें वर्ष में पदार्पण किया है। इस अवसर पर परसपुर चेयरमैन वासुदेव सिंह, थाना प्रभारी निरीक्षक परसपुर प्रदीप कुमार शुक्ल, प्रताप नारायण मिश्रा, आरपी मिश्रा, अरून सिंह, अनुज सिंह पुत्ती, डॉ. सुरेश चन्द्र तिवारी, उमा, रमा, विमला, कोमल सोनी, ममता, ज्योति सोनी, मन्ना सोनी समेत काफ़ी संख्या में ब्रह्माकुमारीज भाई बहन कार्यक्रम में शामिल रहे हैं।

### तुर्काडीहा में नकदी और जेवर पर चोरों ने हाथ किया साफ

**गोंडा कार्यालय :** देहात कोतवाली क्षेत्र के ग्राम पंचायत तुर्काडीहा में शुक्रवार की रात अज्ञायत चोर एक घर में गए और नकदी व जेवर उठा ले गए। परिवार के लोग जब सुबह सोकर उठे तो उन्हे घटना की जानकारी हुई। सुबह पीडित को घर से कुछ दूर पर खाली बक्सा पड़ा मिला। पीडित ने सालपुर पुल्स चौकी पर अज्ञात चोरों के खिलाफ तहरीर दी है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मामले की छानबीन की है।

**दिखाई प्रतिभा** — नेहरू युवा केंद्र के तत्वावधान में जिले के विभिन्न ब्लॉकों में आयोजित किया गया कार्यक्रम

# नारी शक्ति फिटनेस दौड़ स्पर्धा में बेटियों का परचम

कौड़िया/ रुपईडीह, गोंडा

**अमृत विचार:** नेहरू युवा केंद्र के तत्वावधान में शनिवार को जिले के विभिन्न ब्लाकों में नारी शक्ति फिटनेस रन कार्यक्रम का आयोजन किया गया.इस प्रतियोगिता में बेटियों ने अपनी प्रतिभा दिखाते हुए दौड़ लगायी। बालिकाओं को सम्मानित किया गया।

विकास खण्ड रुपईडीह के कौड़िया बाजार में संचालित कौशल विकास प्रशिक्षण केन्द्र में आयोजित फिटनेस रन कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अम्बरीष तिवारी सचिव सहकारिता विभाग एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में वरिष्ठ समाजसेवी राकेश शुक्ला ने हरी झंडी दिखाकर दौड़ प्रतियोगिता की शुरुआत करायी। कार्यक्रम में उपस्थित नारी शक्ति को सम्बोधित करते हुए राज्य प्रशिक्षक रजनीकान्त तिवारी ने कहा कि वर्तमान में हमारे समाज की नारी शक्ति पुरुषों के साथ कंधा मिलाकर प्रत्येक क्षेत्र में अपना परचम लहरा रहीं है। फिटनेस रन प्रतियोगिता में वन्दना प्रथम , डिम्पल द्वितीय तथा रेनू तृतीय स्थान पर रहीं। विजेता को अतिथियों द्वारा टी-शर्ट व कैप देकर पुरस्कृत किया गया।कार्यक्रम की अध्यक्षता कौशल विकास प्रशिक्षण केन्द्र की समन्वयक तनु सिंह व संचालन अमित द्विवेदी ने किया। कार्यक्रम में नीतू शुक्ला, नम्रता सिंह,गरिमा पाठक , शशि मिश्रा ,राहुल शुक्ल सहित नारी शक्ति उपस्थित रही।



नारी शक्ति फिटनेस कार्यक्रम में भाग लेतीं बालिकाएं। अमृत विचार

### दौड़ में मानसी गौतम प्रथम, स्वाति पांडेय द्वितीय

**बेलसर :** नेहरू युवा केंद्र के तत्वाधान में बेलसर के पीएम श्री स्कूल लौवा टेपरा में नारी शक्ति फिटनेस रन के तहत बालिकाओं की दौड़ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। दौड़ प्रतियोगिता में मानसी गौतम प्रथम, स्वाति पांडेय द्वितीय व अविका को तृतीय स्थान मिला। सभी विजेताओं को टी शर्ट और टोपी देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय प्रधानाचार्य गजेंद्र प्रताप सिंह व ममता सिंह के ने किया। विद्यालय की अध्यापिका दीपमाला सिंह ने कहा खेल से शारीरिक और मानसिक विकास होता है। छात्र छात्राओं को पढ़ाई के साथ खेल में रुचि लेना चाहिए। कार्यक्रम की अध्यक्षता विद्यालय के प्रधानाचार्य गजेन्द्र सिंह व संचालन नीतू सिंह ने किया। निर्णायक मंडल में शिम्पी तिवारी, जय प्रकाश श्रीवास्तव रहे। कार्यक्रम समापन पर ब्लॉक कार्यक्रम संयोजक सूरज गुप्ता ने विद्यालय के प्रधानाध्यापक को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया ।

## एनएसएस शिविर का किया उद्घाटन

**करनैलगंज, गोंडा:** सरयू डिग्री कॉलेज के तत्वावधान में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के सात दिवसीय शिविर का आयोजन कंपोजिट विद्यालय सकरौरा ग्रामीण में किया गया। शुभारंभ प्राचार्य डॉ. आरबी सिंह ने गया। शिविर में अलका तिवारी, रिंकी जोशी, खुशी शुक्ला आदि छात्राओं ने सरस्वती वंदना व स्वागत गीत पेश किया। इस अवसर पर विजय यादव, ममता मिश्रा, त्रिपुरारी दुबे, डॉ. शैलेंद्र बहादुर सिंह, अमित सिंह, मार्शल स्टालिन, अमरेश मौर्य, उमेश पाठक, प्रेम कुमार तिवारी, कंपोजिट विद्यालय के प्रधानाध्यापक शैलेंद्र कुमार सहित छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

REQUIREMENT
ROHILKHAND MEDICAL COLLEGE & HOSPITAL
Bareilly Ph. 0581-2526011-12
STAFF REQUIRED
Nursing Staff
Qualification : GNM/B.Sc. Nursing
OT Technician Sr. Staff
Qualification : Diploma/B.Sc. OT, Exp. Minimum 10 Years
Lab Technician (Blood Bank) Sr. Staff
Qualification : DMLT/BMLT, Exp. Minimum 4 years
Lab Technician
For Pathology, Micro Biology, Bio Chemistry
Qualification : DMLT/BMLT
Accountant
Qualification : B.Com, M.Com, Exp. Min. 1 year
Computer Operator
Qualification : Graduate Exp. Minimum 2 years
Salesman
Qualification : D.Pharma/B.Pharma
Salary as per norms
Contact
HR Office, Opp. IPD Reception, RMCH Campus, Bareilly
How to apply :- Send your resume
Mob. 9548624286
E-mail : hrrmch@gmail.com

# एमपी की तरह यूपी में भी बने स्वर्ण कला बोर्ड : मुकुल वर्मा

**संबोधन**

▸▸ स्वर्ण समाज को शस्त्र लाइसेंस देने की मांग, आने वाले समय में होगा पार्टी का गठन

बहराइच कार्यालय

अमृत विचारः उत्तर प्रदेश स्वर्णकार समाज की यात्रा शनिवार को जिले में पहुंची। जिसका स्वागत ज्वेलर्स एसोसिएशन की ओर से किया गया। प्रदेश अध्यक्ष ने मध्य प्रदेश की तरह उत्तर प्रदेश में स्वर्ण कला बोर्ड के गठन की मांग की।

उत्तर प्रदेश स्वर्णकार समाज एवं ज्वेलर्स एसोसिएशन जनपद बहराइच की बैठक जिलाध्यक्ष मनीष रस्तोगी के नेतृत्व में शहर के एक रेस्टोरेंट में हुई। मुख्य अतिथि प्रदेश अध्यक्ष मुकुल वर्मा और विशिष्ट अतिथि प्रदेश महासचिव कमल वर्मा आगरा जिलाध्यक्ष एवं प्रदेश मीडिया प्रभारी दीपक वर्मा प्रदेश की महामंत्री जया वर्मा संयुक्त रूप से रहीं। मुख्य अतिथि मुकुल वर्मा ने समाज के उत्थान को लेकर पूरे प्रदेश में चलाए जा रहे जन जागरण अभियान के संबंध में जनपद के पदाधिकारीयो को अवगत कराया। उन्होंने प्रदेश


स्वर्णकार समाज की बैठक में मुख्य अतिथि का स्वागत करते पदाधिकारी।

सरकार से मांग किया कि एमपी की तरह यहां भी स्वर्ण कला बोर्ड का गठन किया जाए। शासन द्वारा शस्त्र लाइसेंस एवं चोरी के माल पकड़े जाने पर व्यापारियों के साथ हो रही असुविधाओं से बचने के लिए किया जा रहे प्रयासों की जानकारी दी। समाज के पीड़ित तबके के लिए किया जा रहे प्रयासों के संबंध में भी अवगत कराया। प्रदेश महासचिव कमल वर्मा ने समस्त व्यापारियों से एकजुट होते हुए समाज की राजनीतिक भागीदारी होने की संभावनाओं को बल दिया। प्रदेश मीडिया प्रभारी दीपक वर्मा ने समाज के निचले तबके के लोगों को ऊपर उठाने के लिए किया जा रहे प्रयासों के संबंध में अवगत कराया। स्वागत जिलाध्यक्ष मनीष रस्तोगी ने बुके देकर किया। बहराइच जिले में स्वर्णकार समाज को संगठित करने के लिए किया जा रहे प्रयासों की जानकारी दी। जिला महामंत्री आदित्य सोनी अंशु ने बुके देकर स्वागत किया। जिला कोषाध्यक्ष आकाश सोनी एवं जिला उपाध्यक्ष शुभम सोनी मनु ने मुख्य अतिथि का स्वागत किया। वरिष्ठ संरक्षक मगन बिहारी रस्तोगी ने मुख्य अतिथि को गिफ्ट हैंपर देकर स्वागत किया। संरक्षक नागेश्वर नाथ रस्तोगी ने मुख्य अतिथि का शाल ओढ़ाकर सम्मान किया। कार्यक्रम में उत्तर प्रदेश स्वर्णकार समाज जनपद बहराइच के संरक्षक नागेश्वर नाथ रस्तोगी, उद्योग व्यापार मंडल के नगर अध्यक्ष दीपक प्रकाश सोनी दाऊजी ,सराफा व्यापार मंडल के अध्यक्ष सुमित खन्ना, महामंत्री राजेश रस्तोगी आदि मौजूद रहे।

## वृद्ध महिलाओं के दुखों को समझने का किया प्रयास

**बहराइच, अमृत विचारः** रामगांव के राजापुर माफी स्थित वृद्धाश्रम के परिसर में शनिवार को अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के मौके पर आश्रम प्रबंधन की ओर से महिला सम्मान समारोह कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस मौके पर आश्रम में निवास कर रही वृद्ध माताओं को माला पहनाकर उनके दुखों को आपस में साझा किया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता आश्रम की वार्डेन अनुराधा प्रधान ने किया। मुख्य अतिथि आदर्श कल्याण सेवा समिति के प्रबंधक अनिल प्रधान रहे। कार्यक्रम का आरंभ वार्डेन अनुराधा ने आश्रम में निवास कर रही सभी वृद्ध माताओं को एक साथ बैठाकर सभी को माला पहनाकर उनको सम्मानित कर स्वागत किया। इसके बाद समिति के प्रबंधक प्रधान ने माताओं से उनका कुशलक्षेम पूंछकर उनके साथ बैठकर सभी माताओं को अपने हाथों से मिष्ठान कराते हुए उनके दुखों को साझा किया। प्रबंधक ने आश्रम की सभी माताओं को हवाई चप्पल का भी वितरण कराया। इस मौके पर आश्रम के सभी स्टाफ मौजूद रहे।

**एक नजर**

### मुंह में जेवर रखकर गायब करता रहा कारीगर

**बहराइच, अमृत विचार :** शहर के काजीपुरा दक्षिणी में सराफा कारोबारी की दुकान पर बैठने बाले कारीगर ने जेवर चोरियों की वारदातें की। शक होने पर कारोबारी ने सीसीटीवी कैमरे लगाए। तो लाइव चोरी पकड़ में आने पर कारीगर फरार हो गया। पीड़ित सराफा कारोबारी ने कोतवाली में तहरीर दी है। नगर कोतवाली के वशीरगंज निवासी अमित सोनी पुत्र हरिशंकर की काजीपुरा दक्षिणी मे सराफा दुकान है। उसकी दुकान पर सोने व चांदी के जेवर बनाने वाला कारीगर युवक बैठता था। सराफा कारोबारी के लंबे समय से कोई न कोई जेवर गायब हो रहा था। उसने दुकान में सीसीटीवी लगवाए। 28 फरवरी को अमित की दुकान से सोने का तार गायब हुआ। तो अगले दिन कारीगर के आने पर कड़ाई से पूछताछ मे तार बरामद हुआ।

### प्रधानमंत्री आज करेंगे वर्चुअल उद्घाटन



**बहराइच, अमृत विचार :** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा 10 मार्च को मध्यान्ह 12 बजे आजमगढ़ से बहराइच में प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना फेज-3 अंतर्गत निर्मित सड़कों के वर्चुअल लोकार्पण अवसर पर रामगांव रोड निकट मुर्गिहा में सजीव प्रसारण कार्यक्रम होगा। इसमें सभी अधिकारी शामिल होंगे।

### एसएसबी जवानों ने किया फ्लैग मार्च

**मटेरा, बहराइच, अमृत विचार :** त्योहारों और लोक सभा चुनाव को लेकर शनिवार को पुलिस और एसएसबी जवानों ने फ्लैग मार्च किया। मटेरा थाना प्रभारी के साथ एसएसबी जवानों व पुलिस ने गश्त किया। लोगों को सुरक्षा का एहसास दिलाया।

# रिकॉर्ड 143639 वादों का निस्तारण

## राष्ट्रीय लोक अदालत में 10.12 करोड़ सेटेलमेंट धनराशि भी आई

बहराइच कार्यालय

**अमृत विचारः** जिले में शनिवार को जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वाधान में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन हुआ। जिसमें एक लाख से अधिक मामलों की सुनवाई होने के साथ 10 करोड़ से अधिक के धन का अर्जन हुआ।

राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली एवं राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण लखनऊ के निर्देशानुसार जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण उत्कर्ष चतर्वेदी के कुशल मार्गदर्शन एवं नेतृत्व में जनपद न्यायालय बहराइच में आयोजित राष्ट्रीय लोक अदालत में कुल 143639 वादों का निस्तारण किया गया। राष्ट्रीय लोक अदालत में सेटेलमेन्ट की कुल धनराशि रू


लोक अदालत में सुनवाई करतीं जिलाधिकारी। अमृत विचार

10 करोड़ 12 लाख 80 हज़ार 795 रही। राष्ट्रीय लोक अदालत अन्तर्गत कुल 1,43,639 वादों का निस्तारण किया गया। जिसमें जिला न्यायालय द्वारा 7625, प्रधान न्यायाधीश, परिवार न्यायालय शेषमणी की अध्यक्षता में कुल 55 पारिवारिक विवाद, स्थायी लोक अदालत के अध्यक्ष नरेन्द्र बहादुर यादव द्वारा 02, बैंक रिकवरी के 504 तथा राजस्व के 1,35,394 वादों का निस्तारण किया गया। जबकि राष्ट्रीय लोक अदालत में सेटेलमेन्ट की कुल धनराशि रू 10 करोड़ 12 लाख 80 हज़ार 795 रही। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव विराट शिरोमणि द्वारा बताया गया कि राष्ट्रीय लोक अदालत को सफल बनाये जाने हेतु जगह-जगह पर स्थापित किये हेल्पडेस्क के माध्यम से पराविधिक स्वयं सेवकों द्वारा न्यायालय में उपस्थित वादकारियों को आवश्यक सहायता भी प्रदान की गयी। उन्होंने राष्ट्रीय लोक अदालत के सफल आयोजन के लिए समस्त न्यायिक अधिकारियों, प्रशासनिक अधिकारियों, पुलिस प्रशासन, अधिवक्तागण, बैंक अधिकारियों, कर्मचारियों एवं वादकारियों का धन्यवाद ज्ञापित किया।

### डीएम ने भी की सुनवाई

जिलाधिकारी मोनिका रानी ने भी राष्ट्रीय लोक अदालत में सुनवाई की। उन्होंने पटल पर सुनवाई कर कई मामलों का निस्तारण किया। संबंधित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

# डिग्री कॉलेज भवन का किया उद्घाटन

संवाददाता बहराइच

**अमृत विचार :** शहर से स्थित महिला डिग्री कॉलेज में सांसद निधि से बने भवन का शनिवार को बहराइच लोकसभा क्षेत्र के सांसद ने फीता काटकर उद्घाटन किया उन्होंने कहा कि इससे विद्यालय परिवार के साथ छात्रों को भी लाभ होगा। शहर के सिविल लाइन में स्थित महिला महाविद्यालय परिसर में सांसद निधि द्वारा प्राप्त धनराशि से भवन का निर्माण हुआ है।

भवन का उद्घाटन बहराइच सांसद अक्षयवर लाल गोंड ने फीता काट कर किया। सांसद, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष शिवभूषण सिंह और पूर्व जिलाध्यक्ष श्याम करण तेकडीवाल ने सरस्वती प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलन कर के कार्यक्रम का शुभारंभ किया। कार्यक्रम में महाविद्यालय की छात्राओं प्रतीक्षा मिश्र एवं अन्य द्वारा


डिग्री कॉलेज में भवन का उद्घाटन करते सांसद। अमृत विचार

स्वागत गीत, खुशी द्वारा सरस्वती आराधना पर नृत्य, स्मृति द्वारा गणेश वंदना नृत्य आदि की अत्यंत मनमोहक प्रस्तुति की गई।

महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई एक के अंतर्गत चलने वाला सप्तदिवसीय शिविर का शुभारंभ भी किया गया। कार्यक्रम में प्रबंध समिति के सदस्य आदर्श अग्रवाल, अजय अग्रवाल, प्रबंध समिति की सदस्य डॉ. रंजना उपाध्याय एवं डॉ. मोहिनी गोयल एवं प्राचार्या प्रो. प्रिया मुखर्जी शामिल रहीं। कार्यक्रम का संचालन डॉ. रीमा शुक्ला ने किया। कार्यक्रम में महाविद्यालय के शिक्षण एवं शिक्षणेत्तर कर्मचारी उपस्थित रहे।

# गुल्लावीर मंदिर निर्माण को हुआ पूजन

संवाददाता बहराइच

**अमृत विचार :** शहर के गुल्लाबीर मंदिर को पर्यटन के रूप में विकसित किया जायेगा। इसके लिए सरकार की ओर से सवा करोड़ रूपये का बजट जारी किया गया है। शनिवार को निर्माण के लिए सांसद, विधायक और अन्य ने पूजा कर शुरुआत की।शहर के ऐतिहासिक गुल्लाबीर मंदिर का निर्माण पर्यटन विभाग की ओर से कराया जायेगा। इसके लिए सरकार की ओर से एक सप्ताह पूर्व बजट जारी किया गया था। जिसके निर्माण की शुरुआत शनिवार से हो गई।सांसद बहराइच अक्षयबर लाल गोड, प्रदेश मंत्री बहराइच प्रभारी शिव भूषण सिंह, एमएलसी पदमसेन चौधरी व डॉ प्रज्ञा त्रिपाठी,


गुल्लाबीर मंदिर में पूजा-अर्चना करतीं सांसद व विधायक। अमृत विचार

अध्यक्ष नगर पालिका परिषद सुधा देवी, भाजपा जिलाध्यक्ष बृजेश पाण्डेय, पूर्व जिलाध्यक्ष श्यामकरण टेकड़ीवाल सहित गौरव वर्मा, अखण्ड प्रताप सिंह व अन्य गणमान्य व संभ्रान्तजनों के साथ विधायक सदर अनुपमा जायसवाल ने 127.41 लाख रूपये की लागत से गुल्लाबीर मन्दिर के पर्यटन विकास एवं सौन्द्रीयकरण कार्य का भूमि पूजन किया। सांसद और विधायक ने सरकार की योजनाओं से लोगों को अवगत कराया। इस दौरान अन्य लोग मौजूद रहे।

# वन विभाग व पुलिस ने बुजुर्ग से जबरन करा दी सुलह

मिहीपुरवा, बहराइच

**अमृत विचारः** धर्मापुर रेंज के वन क्षेत्राधिकारी और अन्य वन कर्मियों के विरुद्ध बुजुर्ग ने पिटाई का आरोप लगाते हुए थाने में तहरीर दी। लेकिन पुलिस ने कार्रवाई करने के बजाए मामले में सुलह लगवा दिया।

कतर्नियाघाट वन्यजीव प्रभाग के धर्मपुर रेंज में मलखे पुत्र सोहराब निवासी धर्मापुर को वन विभाग के द्वारा बुरी तरह मारने पीटने का मामला समाचार पत्रों में शनिवार को प्रकाशित हुआ। जिसमें वन विभाग को पीड़ित ने मारने पीटने की बात कही थी। पीड़ित का इलाज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मिहींपुरवा में हुआ। जिसमे डॉक्टरों द्वारा शुरूआती इलाज कर मेडिकल नही किया और पीड़ित को पुलिस के माध्यम से मेडिकल कराने की बात कही और उसे कोतवाली मूर्तिहा भेज दिया गया। जहां पीड़ित बुजुर्ग पति-पत्नी दोनों प्रार्थना पत्र लेकर पहुंचे तो वहां वन विभाग एवं पुलिस के लोगों ने मिलकर जबरन धमका कर वह फर्जी मुकदमों में फंसाने का हवाला देते हुए उनसे सुलह समझौता करवा लिया। पुलिस द्वारा समझौता से पहले न ही उनका मेडिकल कराया और न ही उनकी कोई दवा इलाज हुई जबरन सुलाह समझौता करा कर दोनों पति-पत्नी अपने घर लौट आए हैं। अब ऐसे में इन बुजुर्गों को कौन न्याय दिला पाएगा।

**सार-संक्षेप**

### सात दिवसीय राष्ट्रीय सेवा योजना का हुआ समापन


एनएसएस शिविर में सलामी देतीं कार्यक्रम अधिकारी व मौजूद अन्य लोग।

**मोतीपुर, बहराइच।** मिहीपुरवा में स्थित सर्वोदय महाविद्यालय में चल रहे राष्ट्रीय सेवा योजना का समापन हो गया। अंतिम दिन सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन हुआ। छात्र और छात्राओं को राष्ट्र रक्षा के लिए शपथ दिलाई गई। सर्वोदय महाविद्यालय के छात्राओं द्वारा मिहींपुरवा नगर पंचायत क्षेत्र वार्ड नंबर 15 तमोलिनपुरवा में स्थित प्राथमिक विद्यालय में सात दिवसीय राष्ट्रीय सेवा योजना विशेष शिविर का समापन किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के प्रबंधक परमहंस मदेशिया,प्राचार्य डॉ .संजय श्रीवास्तव,वार्ड के सभासद राजेश चौरसिया,शिविर की कार्यक्रमाधिकारी डॉ .नम्रता श्रीवास्तव,पूर्व कार्यक्रमाधिकारी लल्लन कुमार, राजेश चंद्र श्रीवास्तव जैनेंद्र कुमार,सुनील कुमार,जगदीश सिंह,प्राथमिक विद्यालय की प्रधान शिक्षिका सरिता उपस्थित रहीं। शिविर में विभिन्न जागरूकता अभियान, एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत किए गए। शिविर में करते हुए अतिथियों एवं ग्राम वासियों का आभार व्यक्त किया।

### फिटनेस के लिए दौड़ीं बालिकाएं


नारी शक्ति रन प्रतियोगिता में शामिल युवतियां और अन्य। अमृत विचार

**बहराइच, अमृत विचार :** भारत सरकार युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय के अधीनस्थ नेहरू युवा केंद्र बहराइच के तत्वाधान में जिला युवा अधिकारी के मार्गदर्शन में शनिवार को नारी शक्ति फिटनेस रन प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। विकसित भारत अभियान फिट इंडिया अंतर्गत नारी शक्ति फिटनेस रन प्रतियोगिता का आयोजन विकासखंड तेजवापुर के स्थल ग्राम पंचायत चौखड़िया में सारा हायर सेकंडरी स्कूल में आयोजित हुआ। जिसमें नारी शक्ति फिटनेस रन प्रतियोगिता अंतर्गत 500 मीटर के दौड़ प्रतियोगिता कराया गया। इस दौड़ अभियान में विकासखंड के विभिन्न महिला मंडलों के 25 युवतियों ने प्रतिभाग किया। खेल प्रतियोगिता में निर्णायक समिति द्वारा अच्छा प्रदर्शन करने वाली युवतियों को प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान दिया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि वाशिम खान प्रधानाचार्य ने प्रथम विजेता कुमारी नसीब जहान, द्वितीय विजेता कुमारी शायरून व तृतीय विजेता कुमारी सानिया को टी-शर्ट व कैप देकर पुरस्कृत किया। सभी विजेता व प्रतिभागी बालिकाओं ने फिटनेस रन प्रतियोगिता व खेल के महत्व पर जानकारी दिया। कार्यक्रम का संचालन विकासखंड तेजवापुर के राष्ट्रीय युवा स्वयंसेवक सन्तोष कुमार ने किया। तथा कार्यक्रम में उपस्थित सभी प्रतिभागियों को अतिथिगण को नारी शक्ति फिटनेस रन कार्यक्रम के महत्व व मुख्य उद्देश्य के बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी दिया। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि हिना खान रहीं।

### एंबुलेंस में महिला का हुआ सुरक्षित प्रसव

**बहराइच, अमृत विचार :** चितौरा विकासखंड के ग्राम पंचायत तैबाजोड़ निवासी विनोद कुमार की पत्नी ऊषा देवी गर्भवती थी। महिला को प्रसव पीड़ा शुरू होने पर पति ने 102 एंबुलेंस को फोन किया। सूचना के 10 मिनट में एंबुलेंस पहुंच गई। एंबुलेंस से महिला को अस्पताल ले जाया जा रहा था। लेकिन रास्ते में ही महिला को तेज प्रसव पीड़ा शुरू हो गई। इस पर एंबुलेंस चालक अमित कुमार ने वाहन को सड़क के किनारे रोक दिया। आशा संगिनी रजनी देवी और ईएमटी संजय कुमार वर्मा की मौजूदगी में गर्भवती महिला का एंबुलेंस में ही प्रसव कराया गया। सुरक्षित प्रसव के द्वारा जच्चा और बच्चा स्वस्थ हैं। दोनों को एंबुलेंस कर्मचारियों ने अस्पताल में प्राथमिक उपचार के लिए भर्ती करवा दिया है। ईएमटी ने बताया कि बालिका ने जन्म लिया है। एंबुलेंस सेवा के जिला प्रबंधक सुधीर मणि त्रिपाठी ने बताया कि एंबुलेंस में सभी प्राथमिक उपचार की सुविधाएं उपलब्ध हैं।


एंबुलेंस में महिला व बच्चा।

# रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम के साथ छात्राओं को दी विदाई


विदाई समारोह में मौजूद छात्राएं व शिक्षक। अमृत विचार

**रिसिया, बहराइच, अमृत विचार।** कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय में शनिवार को विदाई समारोह का आयोजन हुआ। विदाई समारोह में छात्राओं ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया। इसके बाद सीनियर छात्राओं को जूनियर ने विदाई दी। जिले के रिसिया में कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय का संचालन होता है। जिसमें कक्षा आठ तक बालिकाएं शिक्षा ग्रहण करती हैं। शनिवार को कक्षा आठ के छात्राओं का विदाई समारोह आयोजित हुआ। संचालन नेहा गुप्ता ने किया। कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय रिसिया में कक्षा 8 की विदाई पार्टी हुई। दिलकुशा रहमानी, सुलैमा खातून, अनवार खान, वकील अहमद, पुष्पेंद्र पाल, उर्मिला, कुसुम सिंह, मीना कुमारी आदि रहीं।

## नौचंदी मेला व रमजान को लेकर तैयारी हुई शुरू

**बहराइच, अमृत विचारः** शहर स्थित सैय्यद सालार मसऊद गाजी दरगाह में गुरूवार को एक दिवसीय नौचंदी मेला आयोजित होगा । जबकि रमज़ान की भी शुरूआत इसी सप्ताह से हो रही है। दरगाह की मस्जिदों मे तराबीह व नौचंदी मेला को लेकर तैयारी की समीक्षा को शनिवार शाम गोलघर में बैठक हुई। कमेटी सदर सैय्यद शमसाद अहमद ने प्रभारी मैनेजर हाजी अलीमुलहक से रमजान व नौचंदी मेला की तैयारियों का ब्यौरा लिया। गोलघर में दरगाह कमेटी सदर ने बदल रहे मौसम के अनुरूप जायरीनों को कोई असुविधा न हो, इसको लेकर निर्देश दिए।

# निजी काम में नहीं ला सकते वक्फ संपत्ति

संवाददाता बहराइच

**अमृत विचार :** प्रदेश सरकार के पशुधन और अल्पसंख्यक कल्याण मुस्लिम वक्फ बोर्ड मंत्री शनिवार को जिला मुख्यालय पहुंचे। लोक निर्माण विभाग में आयोजित प्रेस वार्ता में उन्होंने कहा कि सरकार का सपना है कि मदरसे से पढ़ने वाले छात्र के एक हाथ में लैपटॉप और दूसरे हाथ में कुरान होना चाहिए।

प्रदेश सरकार के मंत्री धर्मपाल सिंह शनिवार को जिला मुख्यालय पहुंचे। रामलीला मैदान में चुनाव कार्यालय उद्घाटन से पूर्व लोक निर्माण विभाग में वह रुके। गार्ड ऑफ ऑनर के बाद मंत्री ने प्रेस वार्ता की। प्रेस वार्ता करते हुए


शहर के लोक निर्माण विभाग में वार्ता करते मंत्री।

मंत्री ने कहा कि प्रदेश में संचालित मदरसों की जांच अभी भी चल रही है। इसके बाद मदरसों के संचालन पर फैसला होगा। उन्होंने कहा कि प्रदेश में वक्फ बोर्ड की काफी संपति है। इसकी जांच हो चुकी है। इसका उपयोग निजी काम के लिए न हो, ऐसे में यहां अस्पताल या सार्वजनिक उपयोग के लिए भवन का निर्माण हो सकता है।।उन्होंने कहा मदरसे में पढ़ने वाले छात्रों के एक हाथ में कुरान और दूसरे हाथ में लैपटॉप होना चाहिए। यह सरकार की सोच है। इस दौरान भाजपा जिलाध्यक्ष बृजेश कुमार पांडेय, सदर विधायक अनुपमा जायसवाल, नगर मैजिस्ट्रेट शालिनी प्रभाकर, सीओ सिटी राजीव सिसोदिया समेत अन्य मौजूद रहे।

**कार्यशाला** कैसरगंज सांसद ने किसानों को दी मोटे अनाज के उत्पादन के साथ-साथ प्रयोग में लाने की दी सीख

# शरीर स्वस्थ रखने को आधुनिक खाद्य पदार्थ त्यागे

विशेश्वरगंज, बहराइच

**अमृत विचार :** विशेश्वरगंज में शनिवार को जिला स्तरीय मिलेट्स शिक्षक कार्यशाला का आयोजन हुआ। मुख्य अतिथि कैसरगंज सांसद बृजभूषण शरण सिंह और विशिष्ट अतिथि विधायक सुभाष त्रिपाठी रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता उप कृषि निदेशक टीपी शाही ने की।

श्री अन्न मिलेट्स की महत्ता बताते हुए सांसद कैसरगंज ने उपस्थित लोगो को बताया कि पूर्व में हमारे पूर्वज द्वारा कोदो, सांवा, ज्वार, बाजरा मक्का की खेती कर पौष्टिक अन्न पैदा कर हम सबको


कृषक कार्यशाला का शुभारंभ करते सांसद, विधायक। अमृत विचार

खिलाया गया है। आधुनिक परिप्रेक्ष्य में पुराने खाद्यान को त्यागने तथा नये परिप्रेक्ष्य के खाद्य पदार्थ बर्गर, पिज्जा एवं फास्ट फूड उपयोग करने से हमारे शरीर में हजारों प्रकार की बिमारियाँ उत्पन्न हो रही हैं। फलस्वरूप हमारी आमदनी का अधिकांश पैसा दवाइयों में खर्च हो रहा है। सांसद ने उपस्थित लोगों को आगाह किया कि यदि बिमारियों से बचना है तथा अपनी मेहनत की कमाई को बचाना है तो हमें दूध, हल्दी एवं खाद्य तेलों तथा मोटे अनाज कोदो, सावां, ज्वार, बाजरा का उत्पादन कर उनका उपयोग करना होगा। विधायक सुभाष त्रिपाठी ने भी उपस्थित किसानो तथा जनसामान्य को श्री अन्न मिलेट्स अपनाने की सलाह दी।

उप कृषि निदेशक टीपी शाही ने उपस्थित किसानों को ज्वार, बाजरा, कोदो, सावां की खेती तथा वर्तमान जायद में कैश क्राप के रूप में मक्का, उर्द मूँग की खेती अपनाने की सलाह दी। उप कृषि निदेशक ने प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना से आच्छादित किसानो के बारे में बताया कि जनपद में कुल 5 लाख 79 हजार कृषकों को सम्मान निधि प्राप्त होने से जनपद के कृषकों के जीवन स्तर में सुधार लाने तथा कृषि निवेशों को समय से क्रय करने में सहयोग के लिये प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी तथा मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर निशंक त्रिपाठी, सुनील सिंह सांसद प्रतिनिधि, राकेश पाण्डेय, सचिदानन्द पाठक, उमाशंकर तिवारी, हरेन्द्र विक्रम सिंह, महेन्द्र पाठक, सत्यप्रकाश सिंह सत्या, उप संभागीय कृषि प्रसार अधिकारी उदय शंकर सिंह, केवीके के वैज्ञानिक सहित अन्य मौजूद रहे।

## वाहन चालक महासंघ के अध्यक्ष बने रामगोपाल

**बहराइच, अमृत विचारः** राजकीय वाहन चालक महासंघ के अध्यक्ष पद पर रामगोपाल मिश्रा पुनः निर्विरोध अध्यक्ष चुने गए। मंत्री पद पर सतीश चंद्र शुक्ला , उपाध्यक्ष जावेद हुसैन, संगठन मंत्री निरंकार मल्होत्रा, उपमंत्री राजेश कुमार बबलू, कोषाध्यक्ष संजय कुमार श्रीवास्तव, आडीटर अय्यूब अली, प्रचार मंत्री देवानंद, सुभाष चुने गए। कार्यकारणी सदस्य में राम लखविन्द्र, विजय कुमार लोधी, रियाज अहमद, हरिराम, साचेन्द्र कुमार शुक्ला, विनोद कुमार शुक्ल, हसीब बेग, मुख्तार अली, राज करन यादव चुने गए है।

अमृत विचार
www.amritvichar.com

## एक नजर

### प्रभारी मंत्री राकेश कुमार का आगमन आज

**श्रावस्ती, अमृत विचार :** प्रभारी मंत्री एवं राज्यमंत्री नगर विकास, शहरी समग्र विकास, नगरीय रोजगार एवं गरीबी उन्मूलन विभाग राकेश कुमार राठौर 'गुरु' रविवार को जनपद पहुंचेंगे। वह सुबह 10 .00 बजे लोक निर्माण विभाग के निरीक्षण भवन कटरा पहुंचेंगे। वहां पार्टी पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं से भेंट करेंगे। इसके बाद 11 बजे श्रावस्ती एयरपोर्ट के लोकार्पण कार्यक्रम में पहुंचेंगे। ये जानकारी प्रभारी अधिकारी प्रोटोकाल ने दी है।

### आज व कल ठप रहेगी बिजली आपूर्ति

**श्रावस्ती, अमृत विचार :** अधिशासी अभियंता विद्युत दिलीप कुमार ने बताया कि 33/11 केवी विद्युत उपकेंद्र भिनगा, आईपीडीएस भिनगा व घोलिया में विद्युत आपूर्ति की गुणवत्ता बढ़ाने व सुदृढ़ीकरण का कार्य होगा। 132 केवी पारेषण उपकेंद्र भिनगा से निकलने वाली 33 केवी भिनगा मेन लाइन की रिकंडक्टरिंग का कार्य किया जाएगा। साथ ही 11 केवी भिनगा टाउन-1, मिनगा टाउन-2 व कलेक्ट्रेट फीडर की लाइन का रिकंडक्टरिंग कार्य किया जाएगा। इस कारण इन क्षेत्रों की विद्युत आपूर्ति 9 से 10 मार्च तक सुबह 11 से शाम 5 बजे तक बाधित रहेगी।

### अपहरण के आरोपी को गिरफ्तार कर भेजा जेल

**बहराइच, अमृत विचार :** खैरीघट थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत पथारकला निवासी दीपू सिंह पुत्र दगली सिंह के विरुद्ध अपहरण और एससी एसटी एक्ट का केस दर्ज है। प्रभारी निरीक्षक एसके सिंह ने बताया कि उप निरीक्षक राम प्रवेश यादव और हेड कांस्टेबल दयानंद सिंह ने बताया कि रविवार को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। उसकी पुलिस को कई दिनों से तलाश थी।

# सूर्य घर बिजली योजना में 7764 ने कराया पंजीयन

**जागरूकता**

- डाक विभाग को बहराइच व श्रावस्ती के 26480 उपभोक्ताओं को जोड़ने का मिला लक्ष्य
- अभियान से जुड़े लोग स्वयं करेंगे बिजली का उत्पादन

**बहराइच कार्यालय**

**अमृत विचार:** प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के लिए जिले में लक्ष्य दिया गया है। इसके तहत डाक विभाग में अभी तक महज 7764 लोगों ने ही रजिस्ट्रेशन कराया है। अभी लक्ष्य का आधा भी नहीं हुआ है। इस अभियान से जुड़कर जिले के लोग स्वयं बिजली उत्पादन करने के साथ सरकार को बिक्री भी कर सकते हैं।

प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान से जोड़ने के लिए केंद्र सरकार की ओर से डाक विभाग बहराइच और श्रावस्ती जिले के 26480 का लक्ष्य दिया गया है। प्रधान डाकघर के डाक अधीक्षक एसके शुक्ला ने बताया इस अभियान से जुड़ने के लिए बिजली विभाग का कनेक्शन धारी अनिवार्य हैं। उन्होंने बताया कि जो उपभोक्ता एक किलो से लेकर चार किलो वाट तक घरेलू कनेक्शन लिए हैं। वह इससे जुड़कर सरकार के अभियान का लाभ उठा सकते हैं। जिससे कि उपभोक्ता स्वयं बिजली उत्पादन करने के साथ अपने प्रयोग की बिजली छोड़कर उसकी बिक्री भी सरकार से कर सकता है। पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के लिए केंद्र और प्रदेश सरकार 60 प्रतिशत अनुदान भी दे रही है। जिसे बिजली उपभोक्ताओं को जमा भी नहीं करना है। शेष रकम उपभोक्ताओं को जमा करना होगा। इसका लाभ बिजली उपभोक्ताओं को मिलेगा, उत्पादन के चलते उन्हें स्वयं बिजली प्रयोग करने के साथ बिजली का बिल भी जमा करने से छूट मिल जायेगी।

### किसी भी डाक घर से करें आवदेन



बहराइच और श्रावस्ती के बिजली उपभोक्ताओं के लिए अवसर है। इसका लाभ लेने के लिए कोई भी उपभोक्ता दोनों जिलों के किसी भी डाक घर से राजिट्रेशन करवाकर अभियान से जुड़ सकता है। सरकार की ओर से पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना में लाभ मिलेगा।

**-एसके शुक्ला,** डाक अधीक्षक प्रधान डाक घर

### कहीं से भी ऑनलाइन करवाएं रजिस्ट्रेशन



योजना का लाभ लेने के लिए बिजली उपभोक्ता कहीं से भी ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन कर सकते हैं। नेडा के वेबसाइट का ऐप डाउनलोड कर कहीं से भी रजिस्ट्रेशन कर सकते हैं। बस बिजली उपभोक्ता को छह माह पुराना बिजली बिल लाना होगा। रजिस्ट्रेशन सभी लोग करवा सकते हैं। अभी योजना की शुरुआत ही हुई है। **-शैलेंद्र कुमार,** अधिशाषी अभियंता विद्युत

# बाहर से दरवाजा बंद कर नकदी-जेवर ले गए चोर

**हुजूरपुर, बहराइच**

**अमृत विचार:** जनपद के रामपुर गांव निवासी एक परिवार के लोगों को बाहर से बंद कर दिया गया इसके बाद मकान में चोरी की वारदात को अंजाम दिया गया परिवार के लोगों ने पड़ोसियों को फोन कर दरवाजा खुलवाया। इसके बाद थाने में तहरीर दी पुलिस ने केस दर्ज का जांच शुरू कर दी है।

रानीपुर थाना क्षेत्र के रामपुर गांव निवासी ब्रिज नरेश सिंह शुक्रवार रात को परिवार के लोगों के साथ घर में सो रहे थे। देर रात को अज्ञात चोर ब्रिज नरेश सिंह के घर में घुसे। सभी ने कमरे के दरवाजे की कुंडी बाहर से बंद कर दी। इसके बाद घर में रखा हजारों रुपए नगदी, सोने और चांदी के जेवरात, कपड़ा, बर्तन समेत लाखों की संपत लेकर फरार हो गए। परिवार के लोग शनिवार सुबह जब सो कर उठे तो दरवाजा बाहर से बंद देखा इस पर पड़ोस के लोगों को फोन कर जानकारी दी और दरवाजा खुलवाया। बाहर निकल कर देखा, तब उन्हें चोरी की जानकारी हुई। पीड़ित ग्रामीण ने थाने में तहरीर दीप थानाध्यक्ष आरती वर्मा पुलिस टीम के साथ गांव पहुंची। उन्होंने जांच की थाना अध्यक्ष ने बताया कि अज्ञात के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है। जल्द ही चोरी का खुलासा किया जाएगा।

# कार व कंटेनर में भिड़ंत, बच्चे की मौत

## बेटे की तबियत खराब होने पर इलाज को बहराइच आ रहे थे कार सवार, 5 घायल

**बहराइच कार्यालय**

**अमृत विचार :** श्रावस्ती जिले के लोग 22 दिन के मासूम बेटे की तबियत खराब होने पर कार से शुक्रवार रात को जिला मुख्यालय बहराइच इलाज के लिए आ रहे थे। बलरामपुर बहराइच मार्ग पर रात एक बजे कार और कंटेनर में आमने सामने की भिड़ंत हो गई। हादसे में 22 दिन के मासूम की मौत हो गई। जबकि दंपती समेत पांच लोग घायल हो गए। सास बहू को गंभीर हालत में लखनऊ रेफर कर दिया गया है।



जिला अस्पताल में भर्ती घायल। अमृत विचार

श्रावस्ती जिले के इकौना थाना क्षेत्र के ग्राम अकबरपुर निवासी मनोज सिंह उर्फ नहर सिंह पुत्र गार्ड बाबू सिंह की पत्नी ने 22 दिन पूर्व बेटे को जन्म दिया था। शुक्रवार रात में बेटे की तबियत खराब हो गई। जिस पर परिवार के लोग कार संख्या 32 इसी 0843 से मासूम के इलाज के लिए बहराइच जिला मुख्यालय स्थित एक प्राइवेट अस्पताल में आ रहे थे। कार में मनोज की पत्नी लक्ष्मी, मां सीमा सिंह, लव कुमार सिंह पुत्र नान बाबू सिंह और लल्लू गोस्वामी पुत्र अनोखी बेटे के इलाज के लिए आ रहे थे। रात एक बजे के आसपास कार सवार बहराइच बलरामपुर मार्ग पर कोतवाली देहात के दोनक्का के पास पहुंचे। तभी कन्नौज से आ रही कंटेनर संख्या यूपी 74 एटी 0615 की आमने सामने भिड़ंत हो गई। हादसे में सभी लोग घायल हो गए। चीख पुकार मच गई। घायलों को कोतवाली देहात पुलिस की मदद से जिला अस्पताल में लाया गया। यहां पर डॉक्टर मनोज चौधरी ने 22 दिन के मासूम बेटे को मृत घोषित कर दिया। जबकि सास और बहू की हालत गंभीर होने पर जिला अस्पताल से लखनऊ रेफर कर दिया। मृतक के शव को पुलिस ने पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। जिला अस्पताल में देहात कोतवाल बीके मिश्रा, चौकी के सिपाही अखिलेश कुमार ने सभी घायलों का हाल जाना।

# सना मिस व रितेश मिस्टर फ्रेशर चुने गए

**तेजवापुर, बहराइच**

**अमृत विचार :** तेजवापुर ब्लॉक के ग्राम पंचायत आलादादपुर स्थित स्पार्क कॉलेज में फ्रेशर पार्टी का आयोजन हुआ।कॉलेज में नर्सिंग के जूनियर विद्यार्थियों के लिए फ्रेशर पार्टी का आयोजन सीनियर विद्यार्थियों द्वारा किया गया। कार्यक्रम की मुख्यातिथि कॉलेज की निदेशक डॉ अभिलाषा वर्मा रहीं।कार्यक्रम का शुभारंभ डॉ अभिलाषा वर्मा ने मां सरस्वती के चित्र पर के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित करके किया।

डॉ अभिलाशा वर्मा ने कहा कि इस प्रकार के कार्यक्रम से छात्राओं में उत्साह व प्रतिस्पर्धा की भावना का विकास होता है। सीनियर छात्राओं ने जूनियर छात्र-छात्राओं को मार्गदर्शन करते हुए अनेक टिप्स दिए। नर्सिंग



विद्यालय में आयोजित कार्यक्रम में शामिल लोग। अमृत विचार

विभाग के प्रधानाचार्य मोहसिन ने कहा कि हमारा उद्देश्य है कि बेहतर डॉक्टर तैयार करना। उन्होंने सभी विद्यार्थियों को अपनी मेहनत व लगन से आगे बढ़ाने की प्रेरणा दी।कार्यक्रम का आरंभ रचनात्मक तरीके से किया गया इसके बाद विद्यार्थियों की ओर से रंगारंग कार्यक्रम पेश किए गए। कार्यक्रम में हरियाणवी डांस,रेट्रो बॉलीवुड डांस, मैजिक शो, स्किट ,बॉलीवुड मैश अप,म्यूट डांस, भांगड़ा, सोलो,फैशन वॉक शो जैसी कलाओं को शामिल किया गया।कार्यक्रम में निर्णायक मंडल में शामिल मोहसिन व सीनू ने बेहतर प्रदर्शन करने वाले रितेश को मिस्टर तथा सन्ना को मिस फ्रेशर घोषित किया। मिस्टर इवनिंग शिवम् और मिस इवनिंग तेजस्विनी को चुना गया। इस दौरान शिक्षक सीनू,अखिलेश अरविंद शिक्षिका शिवांगी, सोनिया व छात्रा निधि मौर्य, ज्योति मौर्य,सोनम, ऊषा पांडेय समेत अन्य रहे।

# महिला दिवस पर खेल और अन्य कार्यक्रमों का किया गया आयोजन




महिला दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में शामिल लोग। अमृत विचार

**नानपारा, बहराइच, अमृत विचार :** सवेरा परियोजना टीम बलहा की ओर से अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए। विकासखंड बलहा में सवेरा परियोजना संचालित है कार्यक्रम प्रबंधक आदर्श मिश्रा ने बताया कि अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर अलग-अलग ग्राम पंचायतों में महिला दिवस से संबंधित गतिविधियां की गई। लक्ष्मणपुर में महिलाओं के साथ बैठक आयोजित हुई। जिसमें गीत,खेल,दौड़ आदि के माध्यम से महिलाओं को सशक्त और जागरूक करने की दिशा में कार्य किया गया। महिलाओं के हितों की रक्षा में अपनी महती भूमिका अदा कर रही मिशन शक्ति प्रभारी नानपारा मंजू यादव ने कई महिलाओं को संम्मानित किया। इस दौरान रुबीना, जुबेर, शालिनी,चांदनी,अंजुम, सरोजनी,नजिस, पुष्पा देवी, कृष्नावती, रंजना, विनोद आदि मौजूद रहे।

# केयर टेकरों को समय से कराएं भुगतानः पशुधन मंत्री

- मंत्री ने विभागीय अधिकारियों के साथ की समीक्षा बैठक

**बहराइच कार्यालय**

अमृत विचार। प्रदेश के मंत्री, पशुधन एवं दुग्ध विकास, राजनैतिक पेंशन, अल्पसंख्यक कल्याण, मुस्लिम वक्फ एवं हज तथा नागरिक सुरक्षा विभाग धर्मपाल सिंह ने जनपद भ्रमण के दौरान निरीक्षण भवन में पशुधन एवं दुग्ध विकास विभाग के अधिकारियों के साथ विभागीय कार्यों की समीक्षा बैठक की। उन्होंने हुए आवश्यक दिशा निर्देश दिये।

पशुपालन विभाग की समीक्षा के दौरान सीवीओ डॉ. उपाध्याय ने बताया कि जनपद में 07 गौआश्रय स्थल व 106 अस्थायी गौआश्रय स्थल संचालित है जिसमें 28347 गौवंश संरक्षित हैं। जनपद में निराश्रित गोवंशों को संरक्षित करने के उद्देश्य से संचालित किये गये अभियान के दौरान 5400 गोवंशों को संरक्षित किया गया है। मंत्री ने निर्देश दिया कि जनपद में निर्माणाधीन वृहद केन्द्रों को निर्धारित मानक व गुणवत्ता के साथ समय से पूर्ण कराकर अवशेष गौवंशों को संरक्षित किया जाय। उन्होंने यह भी निर्देश दिया कि संरक्षित गोवंशों को शासन द्वारा निर्धारित मानक के अनुसार चारे-पानी, भूसा, आवास व चिकित्सा सुविधा उपलब्ध करायी जाय। गोवंशों के संरक्षण में धनाभाव की स्थिति आड़े नहीं आने दी जायेगी। उन्होंने विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिया कि गोसंरक्षण केन्द्रों पर कार्यरत कार्मिकों विशेष रूप से केयर टेकरों को समय से मानदेय का भुगतान किया जाय तथा अन्य मदों में बिलों को लम्बित न रखा जाय ताकि गोवंशों का संरक्षण बेहतर से बेहतर ढंग से हो सके। यह भी निर्देश दिया कि निजी क्षेत्रों में संचालित गौशालाओं से सम्बन्धित देयकों के भुगतान हेतु समयबद्ध तरीके से कार्यवाही की जाय। मंत्री ने सहभागिता योजना का दायरा बढ़ाये जाने का भी निर्देश देते हुए कहा कि यह बहुत अच्छी योजना है अधिक से अधिक लोगों को प्रेरित कर उन्हें योजना से आच्छादित किया जाय। जनपद में दुग्ध उत्पादन में वृद्धि के लिए नस्ल सुधार पर विशेष फोकस किया जाय। अधिक से अधिक पशुओं का कृत्रिम गर्भाधान कराएं ताकि अधिक संख्या में बछिया की पैदावार होने से पशुपालकों को लाभ हो। दुग्ध विकास विभाग की समीक्षा करते हुए मंत्री सिंह ने निर्देश दिया कि जनपद में दुग्ध समितियों का समय से भुगतान किया जाय तथा जो समितियां निष्क्रिय हैं उन्हें क्रियाशील किया जाय। इस दौरान सदर विधायक अनुपमा जायसवाल, भाजपा जिलाध्यक्ष बृजेश पाण्डेय, पुलिस क्षेत्राधिकारी राजीव कुमार सिसोदिया, अपर निदेशक पशुपालन डॉ. केदार नाथ कुशवाहा, प्रधान प्रबन्धक दुग्ध संघ देवीपाटन मण्डल गोण्डा कन्हैया लाल यादव, जिला विकास अधिकारी महेन्द्र कुमार पाण्डेय, मुख्य पशु चिकित्साधिकारी डॉ. राजेश कुमार उपाध्याय व अन्य विभागीय अधिकारी मौजूद रहे।

## सार-संक्षेप

### जिले में पोषण पखवाड़े की हुई शुरुआत



पोषण पखवाड़ा कार्यक्रम का शुभारंभ करते जिला कार्यक्रम अधिकारी।

**बहराइच, अमृत विचार :** जिले में शनिवार को अभियान के तहत पोषण पखवारा कार्यक्रम का आयोजन हुआ। जिसमें गर्भवती महिलाओं की गोदभराई व बच्चों का अन्न प्रासन्न कराया गया। गर्भवती एवं धात्री महिलाओं, किशोरियों, बालिकाओं, बच्चों व अन्य लाभार्थियों को पोषण सम्बंधी जागरूकता लाये जाने के उद्देश्य से 09 मार्च से 23 मार्च तक संचालित होने वाले पोषण पखवाड़ा का जिला कार्यक्रम अधिकारी राजकपूर द्वारा आकांक्षी विकास खण्ड हुजूरपुर के रमवापुर बीलगांव आंगनबाड़ी केन्द्र से पोषण पखवाड़ा का शुभारम्भ किया गया। इस अवसर पर 07 गर्भवती महिलाओं की गोदभराई व 05 बच्चों का अन्नप्रासन्न भी कराया गया। कार्यक्रम के दौरान सीडीपीओ विमल सिंह, मुख्य सेविका व शिक्षा विभाग द्वारा गर्भवती, धात्री महिलाओं व अन्य लाभार्थियों को पखवाड़ा अन्तर्गत संचालित होने वाली गतिविधियों की जानकारी प्रदान की गयी।

### केडीसी क्रिकेट क्लब ने जीता पहला टेस्ट मैच



स्टेडियम में मौजूद विजेता टीम के खिलाड़ी। अमृत विचार

**बहराइच, अमृत विचार :** वेदवान फाइनेंस के तत्वावधान में आयोजित दो दिवसीय टेस्ट मैच केडीसी क्रिकेट एकेडमी एवं केडीसी क्लब के बीच किसान डिग्री कालेज के मैदान पर खेला गया। टास जीतकर केडीसी क्लब के कप्तान हरेंद्र वेदवान ने पहले बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया। पहली पारी में पूरी टीम वैभव सिंह के 74 रनों की बदौलत 53 ओवरों में 215 रनों पर आल आउट हो गई। केडीसी एकेडमी की तरफ से कृष्णा सिंह ने शानदार 6 विकेट एवं मोहित मिश्रा ने 3 विकेट लिए। केडीसी एकेडमी ने पहली पारी में बल्लेबाजी करते हुए नवजोत के 41 व नारायण मणि के 37 रनों की बदौलत 30 ओवरों में 152 रनों पर ऑल आउट हो गई। दूसरी पारी में देवाशीष के 78 रनों की बदौलत केडीसी क्लब 40 ओवरों में 249 रनों पर ऑल आउट हो गई। 313 रनों का पीछा करते हुए केडीसी एकेडमी की तरफ से कुनाल यादव ने शानदार 123 रनों की पारी खेली। लेकिन अंतिम समय में पूरी टीम 301 रनों पर आल आउट हो गई। केडीसी क्लब ने 11 रनों से मैच जीत लिया। तुषार सोनी को शानदार गेंदबाजी की बदौलत मैन ऑफ द मैच घोषित किया गया। इस अवसर पर गोविंद चौहान, आयुश चित्रांश, हरेंद्र वेदवान, शुऐब आदि खेलप्रेमी मौजूद रहे।

### शराब का पैसा मांगा तो दुकान में की तोड़फोड़

**बहराइच, अमृत विचार :** शहर के स्टेशन रोड पर स्थित बियर की दुकान पर शनिवार रात को दबंगों ने जमकर उत्पाद मचाया। मुनीम की सूचना पर पहुंची पुलिस ने कुछ लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है सभी को मेडिकल के लिए भेजा है। दरगाह शरीफ थाना क्षेत्र के स्टेशन रोड पर बीयर की दुकान स्थित है दुकान का ठेका टिकाऊ की है। जबकि दुकान पर माधव की अगुवाई में तीन मुनीम रहते हैं। मुनीम का कहना है कि शनिवार रात 8 :00 बजे एक युवक आया उसने बियर लिया। बियर का पैसा मांगने पर उसने पहले दे देने की बात कहते हुए विवाद शुरू कर दिया। कुछ देर बाद वह अपने डेढ़ दर्जन साथियों के साथ दुकान पर आ धमका और बवाल शुरू कर दिया। वाहनों व दुकान के बाहर परिसर में तोड़फोड़ की। वहां मौजूद राम प्रताप जायसवाल और रवि गुप्ता ने बताया कि दबंगों ने दुकान के अंदर घुसकर लूटपाट करने का भी प्रयास किया लेकिन एक युवक के पकड़े जाने पर अन्य फरार हो गए।



दुकान परिसर में की गई तोड़फोड़।

# पुनरीक्षण मतदाता सूची का हुआ प्रकाशन

**रामगांव, बहराइच**

**अमृत विचार विचार :** निर्वाचन आयोग के निर्देश के क्रम में फोटोयुक्त निर्वाचक नामावली का संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम सम्पन्न होने के बाद शनिवार से वरिष्ठ मतदाताओ, वरिष्ठ नागरिको,सम्मानित समाज सेवको के द्वारा सभी मतदान केंद्रों पर स्थानीय मतदाताओं,स्थानीय नागरिकों व स्थानीय मतदाताओं के मध्य फोटो युक्त निर्वाचक नामावली का प्रकाशन हुआ।

प्राथमिक विद्यालय में आयोजित कार्यक्रम में मृतक मतदाता, शिफ्टेड मतदाता,डबल मतदाताओं, विकलांग व दृष्टिहीन मतदाताओं, स्थाई रूप से बाहर रहने वाले मतदाताओं पर विशेष विचार विमर्श किया गया।उपरोक्त के क्रम में लोकसभा 56 सुरक्षित सीट के विधानसभा 284 मटेरा के बूथ संख्या 321अंधराचक पर बीएलओ अकबाल अली व पदाभिहित अधिकारी आराधना चतुर्वेदी,भाग संख्या 322 मतदेय स्थल बढ़हिंन बाग पर बीएलओ संगीता देवी यादव,पदाभिहित सययदुननिशा,भाग संख्या 323 फत्तेपुर पर रोली श्रीवास्तव, पदाभिहित रश्मि गुप्ता,भाग संख्या 324 काज़ी जोत पर बब्लू यादव,रूमाना कुद्दूस,पदाभिहित रंजना मौर्या उपस्थित रहे। दर्जनों क्षेत्रीय मतदाता उपस्थित रहे।



प्राथमिक विद्यालय में आयोजित कार्यक्रम में शामिल लोग। अमृत विचार

# वार्षिकोत्सव में दिखे विभिन्न रंग

**पयागपुर, बहराइच**

**अमृत विचार :** परिषदीय विद्यालय मल्लव में शनिवार को वार्षिकोत्सव कार्यक्रम का आयोजन हुआ उद्घाटन मुख्य अतिथि विधायक प्रतिनिधि निशंक त्रिपाठी ने फीता काट कर किया। उन्होंने कहा कि प्राथमिक स्तर की शिक्षा ही बच्चों के आगे की शिक्षा को मजबूती देती है।

पयागपुर विकासखंड के प्राथमिक विद्यालय मल्लव में शनिवार को विद्यालय का वार्षिक उत्सव कार्यक्रम आयोजित हुआ। मुख्य अतिथि के उद्घाटन के बाद कक्षा एक से कक्षा 5 तक के छात्राओं ने देशभक्ति गीत पर रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया।



प्राथमिक विद्यालय में आयोजित वार्षिक उत्सव में मौजूद छात्र और शिक्षक।

मेरा रंग डे बसंती चोला, मेरे देश की धरती सोना उगले, ऐ वतन समेत अन्य कार्यक्रम प्रस्तुत किया। इसके बाद बेहतर प्रदर्शन करने वाले छात्राओं को सम्मानित किया गया इस दौरान प्राथमिक शिक्षक संघ पयागपुर के अध्यक्ष बृजेश कुमार तिवारी, एआरपी राजेश मिश्रा, प्रधान प्रतिनिधि जुगल किशोर सिंह, विद्यालय की प्रधानाध्यापिका प्रियंका शुक्ला, मार्तंड त्रिपाठी, विनोद पांडे, रमेश शुक्ला, सत्यम सिंह, अभिषेक सिंह समेत काफी संख्या में अभिभावक मौजूद रहे।

**महाशिवरात्रि** शिव परिवार की ओर से शिव मंदिर परिसर में किया गया शिव विवाह का आयोजन, बाबा बर्फानी का शिवलिंग रहा आकर्षण का केंद्र

# गाजे-बाजे के साथ धूमधाम से निकली शिवशंकर की बरात

**जरवलरोड/रूपईडीहा, बहराइच**

महाशिवरात्रि के पावन पर्व पर जरवल रोड नगर शिवालय शिव मंदिर को लाइटों से सजाया गया था। शिव परिवार जरवलरोड की ओर से प्राचीन शिव मंदिर परिसर में शिव विवाह का आयोजन किया गया। दुल्हन की तरह सजाया गए मंदिर परिसर में बरातियों का स्वागत हुआ।

भगवान भोलेनाथ की बारात में शामिल बारात के बराती वर कन्या पक्ष के लोग भगवान के विभिन्न स्वरूपों में सजी झांकियों के साथ गाजे-बाजे के साथ जरवल रोड बाजार के विभिन्न मार्गों का भ्रमण करते हुए बस स्टॉप तिराहा स्टेशन रोड चीनी मिल चौराहासब्जी मंडी, चीनी मिल चौराहा तूफानी चौराहा होते हुए गल्ला मंडी स्टेशन रोड होते हुए पुनः शिव मंदिर के परिसर में पहुंची जहां बरातियों का शानदार स्वागत किया गया। प्राचीन शिव मंदिर परिसर मे शिव परिवार आयोजक मंडल के सदस्य चंदन गुप्ता, अजय फैजाबादी, रामू गुप्ता, संजय श्रीवास्तव, संजय गुप्ता, जीतू श्रीवास्तव, घराती के अलावा बराती पूर्व सपा जिलाध्यक्ष लक्ष्मी नारायण यादव, भाजपा जिला प्रतिनिधि ओम प्रकाश अवस्थी, संजय राव, कृष्ण कुमार गुप्ता, विवेक मिश्रा शिव मंदिर महिपतगंज में भी शिव बारात का आयोजन हुआ। जिसमें विशाल भंडारे का भी आयोजन हुआ। इस दौरान राहुल सिंह, शेर बहादुर सिंह, अजय फैजाबादी, संतोष श्रीवास्तव, सुमित गुप्ता, बनारसी दास गुप्ता, रवि शुक्ला, संतोष आदि रहे।





रूपईडीहा में बाबा बर्फानी और जरवल रोड में भगवान शिव की सजी झांकी।

## बरात में शामिल हुईं महिलाएं, बच्चे व बुजुर्ग



बरात में शामिल श्रद्धालु।

**संवाददाता, श्रावस्ती :** सिरसिया बाजार में महादेव बाबा नागेश्वर नाथ मंदिर परिसर से निकलने बाली महादेव की बरात की झांकी जिलेवासियों के लिए आकर्षण का केंद्र रहीं। सबसे आगे महादेव रथ पर सवार होकर आगे आगे निकले। पीछे-पीछे झांकियो का रेला निकला। अध्यक्ष जमुना प्रसाद द्वारा भगवान के पैर पखारे गए और उपहार भी दिया गया। शोभायात्रा पुरानी बाजार से रामलीला मैदान होते हुए सिरसिया थाना के पास पहुंची। इस दौरान संरक्षक पंकज श्रीवास्तव, अध्यक्ष रमेश गुप्ता, प्रधान सुनील सिंह, अतुल सिंह , गिरधारी गुप्ता , सत्य प्रकाश सोनी, गिरजेश गुप्ता, हरशिव सोनी, खंड प्रचारक हेमंत , संदीप आदि रहे।

## एक नजर

### 10 शिकायती पत्रों में मात्र एक का निस्तारण

गोसाईंगंज, सुलतानपुर, अमृत विचार : गोसाईंगंज में थाना समाधान दिवस का आयोजन नायब तहसीलदार गरिमा वर्मा की अध्यक्षता में किया गया। यहां राजस्व से संबंधित 10 शिकायतें प्राप्त हुई। जिसमें से एक का ही मौके पर निस्तारण हो सका। शेष शिकायतों के निस्तारण के लिए टीम गठित की गई है। नायब तहसीलदार गरिमा वर्मा ने शिकायतों को समय भीतर गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करने के निर्देश दिए हैं। इस मौके पर थानाध्यक्ष धीरज कुमार, उपनिरीक्षक जगदीश यादव, मुंशी, अमित यादव आदि रहे।

### उच्चाधिकारियों से निर्माण कार्य रोकने की मांग

सुलतानपुर, अमृत विचार : कोर्ट में मुकदमें के बावजूद खतौनी भूमि में जबरदस्ती निर्माण का आरोप लगाते हुए पीड़ित ने उच्च अधिकारियों से न्याय की गुहार लगाई है। गोसाईंगंज थाना क्षेत्र के बहाउद्दीनपर निवासी राजेश विश्वकर्मा ने पट्टीदारों पर जबरदस्ती निर्माण करने का आरोप लगाते हुए रोक की मांग की है। आरोप है कि कोर्ट से स्थगन के बावजूद भी निर्माण कार्य जारी है जबकि विपक्षी के पास स्थगन खारिज का आदेश नहीं है।

### कादीपुर कस्बे से छह स्ट्रीट लाइट चोरी

कादीपुर, सुलतानपुर, अमृत विचार : कस्बे में नगर पंचायत से लगाई गई छह स्ट्रीट लाइटों की चोरी हो गई है। नगर पंचायत के लिपिक जावेद अहमद की दी गई तहरीर के अनुसार एक सप्ताह के अंदर नगर पंचायत की छह स्ट्रीट लाइटें चोरी हो गई है। जिसमें निराला नगर मोहल्ले से दो एवं बस स्टेशन के पास से दो तथा विवेकानंद नगर मोहल्ले में लगी दो स्ट्रीट लाइटें चोरी हो गई है। जावेद अहमद की तहरीर पर पुलिस ने अज्ञात चोर के विरुद्ध केस दर्ज कर लिया है।

## बाइकों की भिड़ंत में एक की मौत

लंभुआ, सुलतानपुर, अमृत विचार। लंभुआ कोतवाली क्षेत्र के हरिहरपुर नहर की पुलिया के पास दो बाइक की भिड़ंत में मौके पर एक की मौत हो गई, जबकि तीन घायल हो गए। घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया। प्रतापगढ़ जनपद के कन्हई थाना क्षेत्र के सागर सराय निवासी उदय राज यादव उम्र लगभग 45 वर्ष अपने रिश्तेदार कर्म राज यादव उम्र 55 वर्ष के साथ बाइक से घर जा रहे थे। लंभुआ कोतवाली क्षेत्र के सूर्यभान पट्टी निवासी शुभम चौहान उम्र लगभग 17 वर्ष व अभय राज उम्र लगभग 18 वर्ष दोनों छात्र बाइक से आ रहे थे, उसी समय दोनों बाइकों की टक्कर हो गई। जिसमें उदय राज की मौके पर मौत हो गई।

# दो बार की विजेता, तीन बार की रनर बसपा में है खामोशी

## अकेले दम पर लोकसभा चुनाव लड़ने का दावा कर रही बसपा, भाजपा सहयोगी दलों व सपा कांग्रेस के सहारे सीट फतेह की तैयारी में

अजय कुमार पांडेय, सुलतानपुर



अमृत विचारः बसपा व आम आदमी पार्टी लोकसभा चुनाव में अपने दम पर उतरेगी। किसी भी राजनीतिक दल से गठबंधन नहीं करेगी, वहीं भाजपा अपने सहयोगी दलों तो सपा कांग्रेस के सहारे लोकसभा मिशन फतेह करने की तैयारी में जुटी है। फिलहाल अभी तक किसी भी राजनीतिक दल ने जिले में अपना प्रत्याशी घोषित नहीं किया है। प्रत्याशियों को लेकर सभी दलों में मंथन चल रहा है। पार्टियां किसको अपना उम्मीदवार बनाती है यह अभी भविष्य के गर्भ में है। वहीं, सभी दलों के टिकट के दावेदार अपनी उम्मीदवारी पक्की मान रहे हैं।

1999 के लोकसभा चुनाव में बसपा के जय भद्र सिंह 1,73,558 मत पाकर सपा के राम लखन वर्मा को 14,599 वोट से हराया हैं। वहीं, 2004 के लोक सेवा चुनाव में बसपा के मो ताहिर 2,61,564 मत पाकर समाजवादी पार्टी के शैलेंद्र प्रताप सिंह को 1,59,764 वोट से मात दे चुके हैं। कांग्रेस के सतीश शर्मा तीसरे तो भाजपा की वीणा पांडेय चौथे स्थान पर रही थी। 2009 के लोकसभा चुनाव बसपा प्रत्याशी मो ताहिर कांग्रेस के संजय सिंह से चुनाव हार गए थे।2014 के लोक सभा चुनाव में बसपा प्रत्याशी पवन पांडेय भाजपा के वरुण गांधी से चुनाव हार गए थे। 2019 के लोक सभा चुनाव में सपा के समर्थन से लड़ने वाली बसपा प्रत्याशी चंद्रभद्र सिंह भाजपा के मेनका संजय गांधी से चुनाव हार गए। लगातार दो बार 1999 व 2004 में लोक सभा सुलतानपुर सीट पर बसपा का कब्जा रहा। वही 2009, 2014 व 2019 के लोकसभा चुनाव में रनर रही बसपा 2024 के लोकसभा चुनाव में काफी पीछे नजर आ रही है। 1999 व 2004 में रनर 2009 व 2014 में तीसरे स्थान पर रहने वाली सपा 2024 के लोकसभा चुनाव में कांग्रेस से गठबंधन कर सीट जीतने के लिए समीकरण तैयार कर रही है।

वहीं आम आदमी पार्टी अभी तक लोकसभा चुनाव को लेकर सतर्क नजर नहीं आ रही है। जिलाध्यक्ष बृजेश प्रजापति ने बताया कि हम गांव गांव जाकर लोगों को पार्टी से जोड़ रहे हैं। पार्टी हाईकमान का किसी भी राजनैतिक दल से गठबंधन की बात अभी सामने नहीं आई है। अकेले दम पर लोकसभा चुनाव लड़ा जाएगा, पार्टी हाईकमान जिसको प्रत्याशी घोषित करेगा उसी को जिताने का कार्य किया जायेगा।

# लोक अदालत में 44,201 वादों का किया गया निस्तारण

## जिला जज की अध्यक्षता में किया गया आयोजन, सुलह-समझौते के आधार पर समस्याओं का निकाला गया हल

विधि संवाददाता, सुलतानपुर

अमृत विचारः जनपद न्यायाधीश जय प्रकाश पांडेय की अध्यक्षता में शनिवार को राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया गया। लोक अदालत में 44,201 वाद सुलह समझौते से निपटाए गए।

राष्ट्रीय लोक अदालत में परिवार न्यायालय के प्रधान न्यायाधीश मोहम्मद अशरफ अंसारी एवं अपर प्रधान न्यायाधीश अंकिता शुक्ला और मधु गुप्ता ने कुल 141 वैवाहिक वादों को तथा वैवाहिक संबंधी प्री लिटिगेशन के 11 मामलों को सुलह समझौता से निस्तारित किया। रमेश सिंह, अध्यक्ष मोटर दुर्घटना दावा न्यायाधिकरण द्वारा 54 वाद मोटर एक्सीडेंट क्लेम पेटीशन निस्तारित किया गया। न्यायाधीश पवन कुमार शर्मा द्वारा चार वाद, अभय श्रीवास्तव द्वारा 02 वाद, त्रिभुवन नाथ पासवान द्वारा 01 वाद, अंकुर शर्मा द्वारा 83 वाद एवं जलाल मो० अकबर द्वारा 02 वाद तथा समस्त अपर जनपद न्यायाधीशगण द्वारा कुल 2111 प्री लिटिगेशन बैंक वसूली से सम्बन्धित वादों को निस्तारित कराया गया। जिसमें बैक के ऋण संबंधी वादों में 11,95,34,260 रुपये का समझौता किया गया। मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट बटेश्वर कुमार द्वारा 2785 वाद, सिविल जज प्रवर खंड, योगेश कुमार यादव द्वारा 32 वाद एवं अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट सिद्दिकी सैयमा जर्रार आलम द्वारा 1102 वाद, अपर सिविल जज प्रवर खंड किरन गौड़ द्वारा 618 वाद, सिविल जज (प्रवर खण्ड) एफटीसी अंकिता सिंह द्वारा 508 वाद, अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट शालीन मिश्रा द्वारा 777 वाद, अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट पोमेला श्रीवास्तव द्वारा 813 वाद, अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट, अमित सिंह द्वारा 519 वाद, सिविल जज कादीपुर क्षितीश पांडेय द्वारा 27 वाद, शमवील रिजवान सिविल जज अपर खण्ड उत्तरी द्वारा 24 वाद, आस्था मिश्रा सिविल जज अपर खण्ड दक्षिणी द्वारा 29, संतोष कुमार वर्मा, सिविल जज जूडि कक्ष संख्या-29 द्वारा 405 वाद, शिवम् वशिष्ठ सिविल जज जूडि द्वारा 124 वाद एवं अरूण कुमार श्रीवास्तव विशेष न्यायिक मजिस्ट्रेट द्वारा धारा 138 एनआई एक्ट के 38 वाद निस्तारित किये गये।



राष्ट्रीय लोक अदालत में किया गया वादों का निस्तारण।



लोक अदालत का निरीक्षण करते न्यायाधीश। अमृत विचार

डीएम एवं उनके अधीन कार्यरत समस्त पीठासीन अधिकारियों द्वारा 19196 वाद तथा जिलाधिकारी अमेठी एवं उनके अधीन कार्यरत समस्त पीठासीन अधिकारियों द्वारा 14,794 वाद निस्तारित कराये गये। वहीं, जिला एवं सत्र न्यायालय में राष्ट्रीय लोक अदालत शिविर में कमला नेहरू संस्थान के विधि विभाग के 15 छात्र/छात्राओं ने सक्रिय रूप से भागीदारी की।

## वाहन की ठोकर से बाइक सवार युवक की मौत

कूरेभार, सुलतानपुर, अमृत विचारः थाना क्षेत्र के रामवन गवन मार्ग किरीदीपुर मोड़ के पास अज्ञात वाहन ने बाइक सवार को टक्कर मार दी। मौके पर ही हुई युवक की मौत हो गई। शनिवार की शाम लगभग 5 बजे चित्रांशु सिंह (22) पुत्र रामबहादुर सिंह निवासी वल्लीपुर थाना कुड़वार यहां कूरेभार कस्बे से सुलतानपुर की तरफ जा रहे थे। तभी अयोध्या की तरफ से आ रहे अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दिया। ग्रामीणों ने 108 एम्बुलेंस से सीएचसी कूरेभार पहुंचाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। एसओ अमित कुमार मिश्र ने बताया कि अभी तहरीर नहीं मिली है। जरूरी कार्यवाही की जा रही है।

# 4 माह बाद पुल से शुरू हुआ संचालन

● वाहन चालकों को मिली बड़ी राहत

संवाददाता, सुलतानपुर

अमृत विचार। टूटे हुए पुल के बगल से बनाए गए वैकल्पिक मार्ग से वाहनों का आवागमन हो रहा था। पुल बनने में महकमे को 4 माह लग गए। आखिरकार तैयार पुल के संचालन हो जाने से वाहन चालकों ने राहत की सास ली।

जिले के जयसिंहपुर कोतवाली क्षेत्र से होकर गुजरे टांडा बांदा राष्ट्रीय राजमार्ग पर पीढ़ी चौराहे के समीप बना नहर पर पुल मे अक्टूबर माह में दरार आ गई थी। एसडीएम ने एनएचएआई से जांच करा पुल को सही बताया था। नवम्बर माह में जब पुल बैठ गया तो एनएचएआई ने वैकल्पिक मार्ग बना आवागमन बाधित कर दिया था। पखवारे भर बाद पुल को तोड़ा गया नए पुल का निर्माण शुरू हुआ था। नहर के पानी आ जाने से धीमी गति से पुल का निर्माण किया। जो करीब तीन माह में पूरा हो सका। इसी बीच वैकल्पिक मार्ग से बड़े वाहनों के आवागमन से मार्ग बैठ जाता तो उस पर फिर गिट्टी डाल ऊंचा किया जाता। जान जोखिम में डालकर टोल टैक्स देने के बाद भी वाहन चालक आ जा रहे थे। करीब चार माह बाद पुल बनकर तैयार हुआ साथ वाहनों का आवागमन शुरू हुआ तो वाहन चालकों ने राहत की सांस ली। फिलहाल पुल के दोनों तरफ अभी डामरीकरण नहीं हुआ है। फिर गिट्टी डाल कर आवागमन एनएचएआई ने बहाल कर दिया है।



टांडा-बांदा मार्ग पर पीढ़ी के पास बनकर तैयार पुल पर फर्राटा भरने लगे वाहन।

# दिव्या मिस तो सतीश बने मिस्टर फेयरवेल

संवाददाता, सुलतानपुर

अमृत विचारः उच्च प्राथमिक विद्यालय धम्मौर में आयोजित वार्षिकोत्सव पीटीएम एवं विदाई समारोह के मुख्य अतिथि धम्मौर ग्राम प्रधान प्रतिनिधि देव व्रत सिंह एवं अध्यक्षता विद्यालय प्रबंध समिति के अध्यक्ष हरिशंकर तिवारी ने ज्ञान की देवी मां सरस्वती की पूजा अर्चना के साथ प्रारंभ किया।

सर्वप्रथम विद्यालय के प्रभारी प्रधानाध्यापक एवं प्राथमिक शिक्षक संघ के जिला उपाध्यक्ष रमेश तिवारी ने आए हुए अतिथियों का स्वागत माला एवं बैज लगाकर किया। विद्यालय में उपलब्ध संसाधन के बारे में बताया कि वर्तमान में कुल 186 बच्चे अध्ययनरत हैं। सरकार द्वारा विद्यालय में एस्ट्रोनॉमी लैब स्मार्ट क्लास एवं डिजिटल लाइब्रेरी का निर्माण हो रहा है, जिससे बच्चों को उच्च स्तर की गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान की जाएगी। बच्चों ने बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ पर एकांकी, तिरंगा गीत, दहेज प्रथा पर देश गीत आदि सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया। जिसकी सराहना उपस्थित अभिभावकों ने किया। कक्षा आठ के कुल 69 बच्चों की विदाई जेमेट्री बॉक्स पेन देकर सम्मानित किया गया। विशिष्ट अतिथि के रूप में अविनाश सिंह एवं धर्मराज कश्यप रहे। इस अवसर पर मोहन लाल विद्यालय की वरिष्ठ शिक्षिका कालिंदी सिंह, शबनम बानो, प्रभा सिंह, सरस्वती पांडेय, महेश सिंह आदि रहे। कार्यक्रम का संचालन विद्यालय के शिक्षक वसीम खान ने किया।



परिषदीय विद्यालय के वार्षिकोत्सव समारोह में शामिल बच्चे।

## सार-संक्षेप

### रक्तदान से शरीर को मिलती है शक्तिः ब्लाक प्रमुख

संवाददाता, सुलतानपुर, अमृत विचार : शनिवार को राजकीय मेडिकल कालेज में ग्लोबल हुसैनी मिशन संस्था की ओर से रक्तदान कैंप का आयोजन किया गया। विकास खंड जयसिंहपुर के ब्लाक प्रमुख राहुल चंद्रशेखर शुक्ला व सीएमएस डा. एसके गोयल ने फीता काटकर कैंप का शुभारंभ किया। साथ ही ब्लाक प्रमुख व सहयोगियों ने रक्तदान भी किया। उन्होंने कहा कि रक्तदान करना हर स्वस्थ्य व्यक्ति के लिए जरूरी है। इससे जहां शरीर बेहतर होता है वही पुण्य भी मिलता है। सीएमएस एसके गोयल ने बताया कि स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन ग्लोबल हुसैनी मिशन द्वारा किया गया था। नियमित रूप से फाउंडेशन के सदस्य रक्त कोष में रक्तदान करते हैं। रक्तदान करने वालों में ब्लॉक प्रमुख राहुल शुक्ला, पंच बहादुर वर्मा बीडीसी भभोट, नवीन सिंह बीडीसी बांस गांव, अमित तिवारी समाज सेवी, अली इमाम, डॉ हैदर खान, सैफ खान, हैदर खान समेत 40 से अधिक लोगों ने रक्तदान किया।



रक्तदान करते ब्लाक प्रमुख जयसिंहपुर राहुल शुक्ल।

### किन्नरों के दो गुट क्षेत्र के बंटवारे को लेकर भिड़े

सुलतानपुर, अमृत विचार। क्षेत्र बंटवारे को लेकर किन्नरों के दो गुट आपस में भिड़ गए। मामला थाने तक पहुंच गया। जयसिंहपुर कोतवाली क्षेत्र के दौलतपुर गांव में एक समारोह में किन्नरों के दो गुट पहुंच गए। पहले किन्नरों के गुट ने इसका विरोध किया तो दूसरे पक्ष के किन्नर भिड़ गए। दोनों गुटो के किन्नर गोसाईगंज थाना पहुंच अपना इलाका होने की बात कही। मामला जयसिंहपुर कोतवाली क्षेत्र से जुड़ा होने के चलते गोसाईगंज पुलिस ने उन्हें जयसिंहपुर भेज दिया। सीओ प्रशांत सिंह ने बताया कि इलाक़े के बटवारे को लेकर किन्नरों मे विवाद था। गोसाईगंज थाने पर किन्नर गए थे। प्रभारी ने जयसिंहपुर भेजा था। फिलहाल किन्नर जयसिंहपुर नही आए हैं।

### बीएससी व बीकाम के विद्यार्थियों को मिला स्मार्टफोन



राणा प्रताप महाविद्यालय में स्मार्टफोन के साथ छात्र-छात्राएं।

सुलतानपुर, अमृत विचार : राणा प्रताप स्नातकोत्तर महाविद्यालय में शनिवार को स्मार्टफोन वितरित किए गये। यहां बीएससी के 89 व बीकाम के 133 विद्यार्थियों ने स्मार्टफोन पाकर प्रसन्नता व्यक्त की। समारोह में प्राचार्य प्रो. दिनेश कुमार त्रिपाठी ने कहा कि स्मार्टफोन हमें ज्ञान के विविध स्रोतों से जोड़ता है। इसका सकारात्मक उपयोग हमें ऊंचाइयों पर ले जा सकता है। इस अवसर पर नोडल प्रभारी सुनील कुमार त्रिपाठी, डॉ. धीरेन्द्र कुमार, डॉ. आलोक पांडेय, डॉ. भारती सिंह, डॉ प्रभात कुमार श्रीवास्तव, डॉ. संतोष सिंह अंश, सत्येन्द्र, आदित्य, रवि सिंह, रामलाल मिश्र व विष्णु आदि मौजूद रहे।

### महंगाई को लेकर सपाइयों ने किया प्रदर्शन, सौंपा ज्ञापन



सपाइयों ने केंद्र सरकार के खिलाफ किया प्रदर्शन। अमृत विचार

संवाददाता, सुलतानपुर, अमृत विचार : लगातार बढ़ रही महंगाई के विरोध में सपाइयों ने कलेक्ट्रेट गेट पर नारेबाजी करते हुए विरोध-प्रदर्शन किया। सपा मुलायम सिंह यूथ ब्रिगेड के जिलाध्यक्ष मोहम्मद शहजाद ने राज्यपाल को संबोधित ज्ञापन एसडीएम को सौंपा। सपाइयों ने महंगाई पर अंकुश नहीं लगाने पर सरकार से इस्तीफा देने की मांग की है। समाजवादी मुलायम सिंह यूथ ब्रिगेड जिलाध्यक्ष मोहम्मद शहजाद के नेतृत्व में भारी संख्या में सपा कार्यकर्ता कलेक्ट्रेट के पास बढ़ती महंगाई को लेकर अपना विरोध दर्ज कराते हुए मार्च निकाला। जिलाध्यक्ष मोहम्मद शहजाद ने कहा कि सरकार आम जनता और किसान विरोधी काम कर रही है। युवा नेता समाज वादी लोहिया युवा वाहिनी के जिलाध्यक्ष सुरेश कुमार उर्फ भजन ने कहा कि किसी को सरकार रोजगार तो नहीं दे रही है, ऊपर से महंगाई व बेरोजगारी जरूर बढ़ रही है। समाजवादी युवजन सभा के जिलाध्यक्ष शिव मंगल तिवारी ने कहा कि अन्याय, अराजकता, उत्पीड़न, महंगाई व बेरोजगारी को लेकर संघर्ष तेज करना होगा। भाजपा की सरकार में हर वर्ग के लोग परेशान हैं। इस मौके पर अली अहमद, पवन भीम पाल, अशोक, लंकेश,अमजद खान, सचिन, बसंत अग्रहरी,राजदेव निषाद,अनिल, वेंकटेश, नदीम सिद्दीकी, जरताब रजा खां व अमरीश कांत गौतम आदि सैकड़ों लोग मौजूद रहे।

# शौच गई किशोरी से दुष्कर्म, केस दर्ज

संवाददाता सुलतानपुर

▸▸ गिरफ्तारी के लिए लगी हैं पुलिस की दो टीमें

अमृत विचार। ननिहाल में रह रही 12 वर्षीय किशोरी दिन में शौच के लिए गई थी। तभी गांव के दो युवकों ने अरहर के खेत में ले जा कर एक ने गला दबा दुष्कर्म किया। जयसिंहपुर कोतवाली क्षेत्र में एक गांव निवासी ने थाने में तहरीर दी है।

पीड़ित के मुताबिक उसकी नातिन 8 मार्च को दिन में करीब 11 बजे शौच के लिए गई थी। इसी बीच गांव के दो युवक जबरदस्ती खेत में लेकर चले गए। एक ने गला दबा उसके साथ दुष्कर्म किया तो दूसरा जान से मारने की धमकी दी। दोनों युवकों ने उसे पूरा दिन व रात भर उसे छिपा कर रखवाली करते रहे। किशोरी के घर न लौटने पर नाना ने थाने में तहरीर दी। शनिवार को जब किशोरी घर आई तो उसने सारी बातें नाना से बताई। जिस पर किशोरी के नाना ने थाने पर नामजद तहरीर दी है। जयसिंहपुर कोतवाल प्रेम चंद्र सिंह ने बताया कि पहले वाली तहरीर पर अपहरण का मुकदमा दर्ज किया गया था। किशोरी के बयान व तहरीर पर मुकदमा दर्ज कराया जायेगा। फिलहाल आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए दो पुलिस टीम लगी हुई है।

# शाहगंज शिवालय से निकली शिव बरात

संवाददाता, सुलतानपुर

अमृत विचारः शहर के शिव चौक में पूजा आराधना व रुद्राभिषेक का कार्यक्रम आयोजित किया गया। शाहगंज शिवालय से परंपरागत शिव बरात निकाली गई। अन्नपूर्णा नगर गल्ला मंडी में कैलाशी ग्रुप द्वारा शिव जागरण का आयोजन किया गया था।

शहर के शिव चौक में रामचरितमानस पाठ का आयोजन किया गया था, जिसका समापन व हवन पूजा के बाद देर शाम भंडारे का आयोजन हुआ। गल्लामंडी में शिव भक्त शंकर लाल कैलाशी ग्रुप द्वारा लगातार 22वें वर्ष भव्य शिव जागरण का आयोजन किया गया। बालाजी म्यूजिकल ग्रुप की ओर से सनातन चिंतक भजन सम्राट कथा वाचक धर्मेंद्र पांडेय ने अपनी प्रस्तुतियों से लोगों का मन मोह लिया। वहीं गोंडा जनपद से आई बंकू सिस्टर ने रात भर देवी महिमा का गान किया। शाहगंज चौराहे से निकला शिव बरात का जुलूस बैंड बाजे व डीजे की धुन पर शहर के मुख्य मार्ग से गुजरा। किराना व्यापार मंडल के आलोक सागर ठठेरी बाजार में, युवा अग्रहरि समाज के प्रिंस अग्रहरि, मनीष कसौधन रजत कसौधन आदि सदस्यों ने शिव बरात का स्वागत कर जलपान कराया। यहां प्रमुख रूप से नगर पालिका अध्यक्ष प्रवीण अग्रवाल, सभासद रमेश सिंह टिन्नू, अनिल द्विवेदी, अवधेश गुप्ता, रविंद्र तिवारी, राजदेव शुक्ल, हिमांशु मालवीय, अशोक गुप्ता आदि मौजूद रहे।



शिव जागरण में कार्यक्रम प्रस्तुत करते कलाकार। अमृत विचार

## खेत गए युवक की करंट लगने से मौत

अखंडनगर, सुलतानपुर, अमृत विचार : अखंडनगर थाना क्षेत्र के बनगांवडीह गांव के गोविंदपुर पुरवे अपने दादा के साथ सिंचाई कर रहा 18 वर्षीय युवक बिजली की चपेट में आने से गंभीर रूप से झुलस गया। उसे ग्रामीण सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र ले गए। वहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। परिजन युवक का शव लेकर घर चले गए। क्षेत्र के गोविंद पुर गांव में अनूप वर्मा (18) पुत्र विजय कुमार अपने दादा भुखाली वर्मा के साथ खेत की सिंचाई कर रहा था। इस दौरान खेत में फैले विद्युत तार के ऊपर फिसल कर गिर गया। इससे उसे बिजली का करंट लग गया। खेतों में काम कर रहे लोगों की मदद से अनूप को तार से अलग-अलग किया गया। उसके बाद युवक को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अखंडनगर पहुंचाया गया। वहां पर डॉक्टरों ने अनूप को मृत घोषित कर दिया। परिवार के लोग अन्य डॉक्टर को दिखाने के बहाने शव को लेकर चले गए।

## अयोध्या जा रही कार ट्रक में घुसी, पांच लोग घायल

बल्दीराय, सुलतानपुर, अमृत विचार : हलियापुर थाना क्षेत्र के कूरेभार मोड़ के पास अयोध्या की तरफ से जा रही कार सामने जा रही ट्रक में पीछे घुस गई जिससे कार सवार सभी पांच लोग घायल हो गए। राजस्थान के जयपुर जिले के परागपुरा थाना के करोली निवासी कुसुम (55) पत्नी राम अवतार सिंह, राम अवतार सिंह (69) पुत्र घीसा सिंह, रूपवती (62) पत्नी जगदीश, नीलम सिंह (35) पत्नी कप्तान सिंह व कप्तान सिंह (38) पुत्र राम शरण सिंह अयोध्या से दर्शन कर वापस घर जा रहे थे। हलियापुर थाना क्षेत्र के कूरेभार मोड़ पर पहुंचे थे कि सामने जा रही ट्रक का टायर फटने से गाड़ी पीछे से जा टकराई। वहीं, पिठला अस्पताल के डॉक्टर प्रवीण कुमार बरनवाल एंबुलेंस बुलाकर सभी को अस्पताल भिजवाया जहां से दोनों महिलाओं की गंभीर हालत देखते हुए अयोध्या रेफर किया गया है। थानाध्यक्ष अंजू मिश्रा ने बताया कि सभी की हालत ठीक है घायलों के परिजनों को सूचना दी गई है।

सुविधा

बीज खरीदते ही किसानों को मिल जाएगा किसान अंश का लाभांश

# सब्सिडी का नहीं होगा इंतजार, सामान खरीदते ही मिलेगा लाभ

संवाददाता, सुलतानपुर

अमृत विचारः किसानों के लिए खुशखबरी है। सरकार की ओर से जो सब्सिडी किसानों को खाते में मिलती थी अब ई-पास मशीन से आधार कार्ड के द्वारा बीज खरीदते ही उन्हें तुरंत कृषक अंश का लाभांश मिल जाएगा। इसका शुभारंभ तो हो गया है, लेकिन कुछ तकनीकी खामियों को चलते अभी लाभ नही मिल पा रहा है।

पहले जिले के किसानों को बीज और खाद की खरीद पर सब्सिडी उनके खाते में बाद में भेजी जाती थी। इसके लिए किसानों को इंतजार करना पड़ता था, लेकिन अब ऐसा नहीं है। जिले के किसानों को राजकीय कृषि बीज भंडार पर खाद और बीज आधार कार्ड का अंकन करवाने के बाद ई पास मशीन से खरीदना होगा। इसके बाद तुरंत उन्हें कृषक लाभांश मिल जायेगा।



दुर्गेश मिश्र — अनिल कुमार — राजेश मिश्र — हरीश यादव

### किसानों को मिली है बड़ी राहत

प्रदेश सरकार के इस फैसले से किसानों को बड़ी राहत मिली है। किसान दुर्गेश मिश्रा ने बताया कि राजकीय केंद्र पर बीज खरीदने के लिए पहले पूरे पैसे की व्यवस्था करनी पड़ती थी। सब्सिडी का पैसा बाद में आता था। अब तुरंत मिल जायेगा। अनिल मिश्रा ने बताया कि राजकीय केंद्र पर अच्छा व सस्ता बीज मिलने के बाद भी पैसों के अभाव में नहीं खरीद पाते थे। अब सब्सिडी का पैसा काट कर बीज का पैसा देना पड़ेगा। जिससे गरीब किसान भी अब नए व उन्नतशील बीज खेतो में बो सकेंगे।

भटपुरा निवासी हरीश यादव ने बताया कि आधे अधूरे पैसा होने के चलते निजी दुकानदारों से बीज लेना पड़ता था। अब सब्सिडी तुरंत मिलने से उन्हीं पैसों से बीज भी मिल जायेगा। दुकानदार के यहां उधार भी नहीं होगा। राजेश मिश्रा ने सरकार की इस पहल की सराहना की है उन्होंने बताया कि सब्सिडी का पैसा तुरंत मिलने से जहां बीजों के खरीद मे लागत कम आयेगी। वही सब्सिडी लेने बैंक नही जाना पड़ेगा, समय की भी बचत होगी।

> जिले में 14 राजकीय बीज भंडार संचालित हैं। यहां पर जो भी किसान आधार कार्ड के द्वारा बीज और खाद की खरीद करेगा, उसे इसका लाभ मिलेगा। फिलहाल व्यवस्था बनाई जा रही है एक दो दिन बाद किसानों को लाभ मिलना शुरू हो जायेगा। -सदानन्द चौधरी, जिला कृषि अधिकारी सुलतानपुर

# वायु प्राणशक्ति की संचालक



हृदय नारायण दीक्षित
पूर्व विधानसभा अध्यक्ष उ.प्र.

वायु प्राण है। प्राण नहीं तो जीवन नहीं। वैदिक परंपरा में वायु अमर देव हैं। वैदिक ऋषि वायु की प्रीति में सराबोर हैं। वे प्राणशक्ति के संचालक हैं,लेकिन दिखाई नहीं पड़ते। वायु का रूप नहीं होता। वायु की तीव्र गति आंधी है। आंधी का शोर सुनाई पड़ता है,लेकिन वायु का रूप नहीं।

वायु से आयु है। स्वच्छ वायु आयुवर्धक है। प्रदूषित वायु प्राणलेवा है। ये सब जानते हुए भी वायु प्रदूषण बढ़ाने वाले तमाम अपकृत्य जारी हैं। 'द लैसेंट प्लैनेटरी हेल्थ जर्नल के अध्ययन में चैंकाने वाले तथ्य सामने आए हैं। वायु प्रदूषण के कारण 2000 से 2019 तक प्रतिवर्ष 10 लाख लोगों की जान गई है। सांस संबंधी बीमारियां बढ़ी हैं और बीमारियों के कारण लाखों लोगों की मौत हुई है। ऑस्ट्रेलिया की एक यूनिवर्सिटी के शोधकर्ताओं ने दुनिया के लगभग 13000 नगरों में प्रदूषण का विश्लेषण किया है। इस अध्ययन की रिपोर्ट के अनुसार एशिया में मृत्यु दर का आंकड़ा काफी चिंताजनक है। बताया गया है कि प्रदूषण के कारण मौतों के आंकड़ों में चीन पहले स्थान पर है। भारत में भी वायु प्रदूषण की स्थिति भयावह है। राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में हर साल वायु प्रदूषण के कारण धूल भरा कोहरा दिखाई पड़ता है। वायु प्रदूषण का मूल कारण आधुनिक जीवनशैली है। भारत की परंपरा में वायु को देवता कहा गया है। संस्कृति आधारित जीवन मूल्यों से विचलन वायु प्रदूषण बढ़ाता है।

वायु प्राण है। प्राण नहीं तो जीवन नहीं। वैदिक परंपरा में वायु अमर देव हैं। वैदिक ऋषि वायु की प्रीति में सराबोर हैं। वे प्राणशक्ति के संचालक हैं,लेकिन दिखाई नहीं पड़ते। वायु का रूप नहीं होता। वायु की तीव्र गति आंधी है। आंधी का शोर सुनाई पड़ता है,लेकिन वायु का रूप नहीं। कहते हैं,"तीव्र गति अनुभव में आती है,लेकिन रूप नहीं। ऋषि वायु का रूप देखने के अभिलाषी हैं। वायु का मानवीकरण रम्य है। ऋषि उन्हें सोम पीने का निमंत्रण देते हैं "वायवा याहि दर्शते मे सोमा अरंकृता-दर्शनीय वायु! आओ सोम रस सजाकर रखा गया है।" (ऋग्वेद 1.2.1) प्राण जीवन है। प्राण से प्राणी है। वायु हरएक प्राण का प्राण है,लेकिन देवों का प्राण भी वायु ही है "आत्मा देवानां।" (10.168.4) बड़ी बात है,देवों को भी मनुष्य जैसा बताना। वायु देवों के भी प्राण हैं,इसलिए वही विश्व के राजा हैं। (10.168.2) लेकिन हम पटाखा फोड़कर वायु को प्राण लेवा बनाते हैं। सृष्टि में पांच महाभूत हैं। पृथ्वी, जल, अग्नि, वायु और आकाश। इनमें 'वायु' प्रत्यक्ष देव हैं और प्रत्यक्ष ब्रह्म भी। ऋग्वेद (1.90.9) में स्तुति है "नमस्ते वायो, त्वमेव प्रत्यक्ष ब्रह्मासि, त्वामेव प्रत्यक्षं ब्रह्म वदिष्यामि। तन्मामवतु-वायु को नमस्कार है,आप प्रत्यक्ष ब्रह्म हैं,मैं तुमको ही प्रत्यक्ष ब्रह्म कहूंगा। आप हमारी रक्षा करें।" यही मंत्र यजुर्वेद (36.9),अथर्ववेद (19.9.6) व तैत्तिरीय उपनिषद् (1) में भी जस का तस आया है। ब्रह्म संपूर्णता है। आधुनिक ब्रह्मांड विज्ञानी भी ब्रह्म में उत्सुक हैं। भारतीय अनुभूति का ब्रह्म अनुभूत है। प्रयोग सिद्ध है। कहते हैं, "वायु ही सभी भुवनों में प्रवेश करता हुआ हर एक रूप में प्रतिरूप होता है। सभी जीवों में प्राण की सत्ता है,प्राण नहीं तो जीवन नहीं। ऋषि सूर्य आदित्य को देखते हैं। वे भी प्रत्यक्ष देव हैं। प्रश्नोपनिषद में कहते हैं 'आदित्य है वै प्राणो-जो आदित्य है, सूर्य है, वही प्राण है।

वैदिक पूर्वज वायु को बहुवचन 'मरूद्गण' कहते हैं। वे संपूर्ण विश्व के प्रति मधु दृष्टि रखते है। ऋग्वेद के एक मंत्र में वे वायु को भी मधुरस से भरा पूरा पाना चाहते हैं-मधुवाता ऋतायते। वृहदारण्यक उपनिषद् के सुंदर मंत्र में पृथ्वी और अग्नि के प्रति मधुदृष्टि बताने के बाद वायु के लिए कहते हैं "अयं वायुः सर्वेषां भूतानां मध्वस्य-यह वायु सभी भूतों का मधु (सभी भूतों के पुष्पों से प्राप्त रस) है और सभी भूत इस वायु के मधु हैं-वायोः सर्वाणि भूतानि मधु। सृष्टि निर्माण के सभी घटक एक दूसरे से अंतर्संबंधित हैं। वे एक दूसरे के मधु हैं। वे वायु हैं, प्राण हैं, मरूत भी हैं।

मरूद्गण धनी, दरिद्र सबको एक समान संरक्षण देते हैं। वैदिक सूक्तों में इन्हें अति प्राचीन भी बताया गया है "हे मरुतो आपने हमारे पूर्वजों पर भी बड़ी कृपा की।" ऋग्वेद के एक और ऋषि अगस्त्य मैत्रवरुण अतिरिक्त जिज्ञासु हैं। पूछते हैं 'मरुद्गण किस शुभ तत्व से सिंचन करते हैं? कहां से आते हैं? किस बुद्धि से प्रेरित हैं? किसकी स्तुतियां स्वीकार करते हैं? (1.165.1-2) फिर मरुतों का स्वभाव बताते हैं "वे वर्षणशील मेघों के भीतर गर्जनशील हैं। (1.166.1) वे पर्वतों को भी अपनी शब्द ध्वनि से गुंजित करते हैं, तेज आंधी और पानी का ऐसा काव्य चित्रण अनूठा है। कहते हैं, "वे गतिशील मरुद्गण भूमि पर दूर-दूर तक जल बरसाते हैं। वे सबके मित्र हैं। (1.167.4) यहां मरुद्गण वर्षा के भी देवता हैं।

ऋग्वेद में मरुतों की स्तुतियां हैं। कहते हैं "आपके आगमन पर हम हर्षित होते हैं, स्तुतियां करते हैं।" (5.53.5) लेकिन कभी-कभी वायु नहीं चलती, उमस हो जाती है। प्रार्थना है "हे मरुतो आप दूरस्थ क्षेत्रों में न रूकें, द्युलोक अंतरिक्ष लोक से यहां आएं। (5.53.8) ऋषि कहते है "रसा, अनितमा कुभा सिंध आदि नदियां वायु वेग को न रोकें।" (वही 10) वे "नदी के साथ पर्वतों से भी यही अपेक्षा करते हैं।" (5.55.7) वायु प्रवाह का थमना ऋषियों को अच्छा नहीं लगता। हम सबको भी वायु का प्रवाह अच्छा लगता है। वायु रूकी तो उमस बढ़ती है। कहते हैं "हे मरुतो आप रात दिन लगातार चलें, सभी क्षेत्रों में भ्रमण करें।" (5.54.4) वायु जगत् का स्पंदन है। वे देवता हैं इसीलिए वायु का प्रदूषण नहीं करना चाहिए। वे जीवन हैं,जीवन दाता भी हैं। वायु से वर्षा है,वायु से वाणी है। गीत-संगीत गंध-सुगंध और मानुष गंध के संचरण का उपकरण भी वायु देव हैं। वायु नमस्कारों के योग्य हैं। भारतीय दृष्टि में वायु प्रकृति की शक्ति है। उनका अध्ययन जरूरी है,लेकिन दिव्य शक्ति की तरह उनको प्रणाम भी किया जाना चाहिए।

चरक संहिता आयुर्विज्ञान का महाग्रंथ है। इसके 28 वें अध्याय (श्लोक 3) में बताया है "वायुरायुर्बलं वायुर्वायु र्धाता शरीरिणाम-वायु ही आयु है। वायु ही बल है, शरीर को धारण करने वाले भी वायु ही हैं। कहते हैं "यह संसार वायु है,उसे सबका नियंता गाते हैं-वायुर्विश्वमिदं सर्व प्रभुवायुश्च कीर्तितः।" वायु को सर्वशक्तिमान गाने की परंपरा पुरानी है। शरीर और प्राण का संयोग जीवन है, दोनों का वियोग मृत्यु है। वाग्भट्ट ने ठीक कहा है "वह विश्वकर्मा, विश्वात्मा, विश्वरूप प्रजापति है। वह सृष्टा, धाता, विभु, विष्णु और संहारक मृत्यु है।" चरक संहिता में कहते हैं "वह भगवान (परम ऐश्वर्यशाली) स्वयं अव्यय हैं, प्राणियों की उत्पत्ति व विनाश के कारण हैं, सुख और दुख के भी कारण हैं, सभी छोटे बड़े पदार्थों को लांघने वाले हैं, सर्वत्र उपस्थित हैं।" यहां शरीर के भिन्न अंगों में प्रवाहित पांच वायु का वर्णन है। फिर इनसे जुड़े रोगों का विस्तार से विवेचन है।

वायु का प्रदूषण हजारों रोगों की जड़ है। प्राणवायु के लिए ही लोग सुबह-सुबह टहलने निकलते हैं,जहां वायु सघन है,वहां के जीवन में नृत्य है। जंगलों में वायु सघन है। इसीलिए वन उपवन मधुवन हैं। भारत का अधिकांश प्राचीन ज्ञान वनों में ही पैदा हुआ था। वैदिक मंत्रों में प्राणवायु की सघनता है। हम सब वैदिक संस्कृति के उत्तराधिकारी हैं,बावजूद इसके हम वायु को प्रदूषित करते हैं। प्रकृति को आहत करते हैं,स्वयं अपने ही जीवन जगत को क्षति पहुंचाते हैं। वायु प्रदूषण रोकने में ही हमारे जीवन की गति है।

# जिंदगी में सजगता जरूरी

किसी एक ही दिशा में जाने के लिए दो रास्ते हैं। एक रास्ता तो ऐसा है,जो कंटकाकीर्ण है, पथरीला है, सड़क के किनारों पर लगे पेड़-पौधों की डालें सड़क की ओर आ गई हैं जिसके चलते पेड़ों में निकले कांटे निकल आए हैं। सावधानी हटी तो कांटों के चुभने का अंदेशा भी है। जबकि उसी दिशा में जाने वाला दूसरा रास्ता बहुत साफ-सुथरा है,दुरूस्त है। आंख बंद कर चलने पर भी कहीं कांटों के चुभने या पत्थर के टुकड़ों से ठोकर खाकर गिरने का खतरा नहीं है। हर तरह की सुविधा भी इस रास्ते पर उपलब्ध होने की व्यवस्था है। दोनों रास्ते एक ही मंजिल की तरफ ले जाने वाला है।



सलिल पांडेय
मिर्जापुर

स्वाभाविक है कि अधिकांश लोग सुगम रास्ते को चुनेंगे,क्योंकि दुर्गम रास्ते पर मिलने वाले कष्ट को ज्यादातर लोग उठाना नहीं चाहेंगे। इसके विपरीत दुर्गम रास्ते पर चलने वाले को लोग बेवकूफ समझेंगे तथा उपहास भी उड़ाएंगे। जबकि दुर्गम रास्ते पर चलने वाले ने यह सोचकर इस रास्ते को इसलिए वरीयता दी कि इस पर जो अवरोध आदि है,उसे वह हटाते और रास्ते को सुगम बनाते हुए चलेगा ताकि भविष्य में किन्हीं कारणों से सुगम वाले रास्ते में कोई अनहोनी हो गई तो मजबूरी में लोगों को इसी रास्ते पर चलना होगा। जब रास्ता सुगम होगा तो भले उसे कठिनाई हो रही है,लेकिन आने वाले समय में लोगों को किसी तरह कठिनाई न हो सके। यह तो भौतिक सड़क की बात है। अब जिंदगी की राह को भी देखा जाए तो जिंदगी जीने की भी दो-राहें होती हैं जिसमें एक राह सकारात्मकता की राह है तो दूसरी नकारात्मकता की राह। अब यह खुद को निर्णय करना पड़ता है कि किस रास्ते पर कदम रखा जाए। सकारात्मकता के रास्ते में नैतिक मूल्यों, कड़ी मेहनत, सत्यनिष्ठ आचरण, धैर्य और संतोषप्रद भावना को कीमती पूंजी समझकर रखना होगा। संभव है कि समाज में नकारात्मक ढंग से जीने वाले भौतिक उपलब्धियों के बल पर बहुत आगे निकल रही हो,लेकिन सत्चरित्र, कर्तव्यनिष्ठा और अनुभव की पूंजी सकारात्मक रास्ते पर चलने से ही मिलेगी। इतिहास के पन्नों को पलट कर देखा जाए तो सबूत के तौर पर ऐसे तमाम लोगों के उदाहरण मिल जाएंगे जिनका किसी कालखंड में बहुत प्रभाव था,लेकिन उसी प्रभावशाली शख्स के जीवन में ऐसा भी समय आया कि वह दीनहीन बनने के लिए मजबूर हो गया। नकारात्मक तरीका आत्मबल भी छीनता है।

गलत ढंग से उपलब्धियां अर्जित करते समय भले ही ऐसा लगता हो कि इसकी भनक किसी को नहीं लग रही है, लेकिन खुद अपना मन तो जानता है कि अकूत भौतिक उपलब्धियों के लिए जो तरीका अपनाया गया है, वह सही नहीं है। गलत कार्य करते समय एकांत की तलाश होती है। यदि प्लानिंग बनाकर समूह में गलत कार्य किया जाता है तो समूह में शामिल लोग ही एक दूसरे पर विश्वास नहीं करते हैं। एक अज्ञात भय समूह के पूरे लोगों में समाया रहता है। जिंदगी की सर्वाधिक कष्टदायी स्थिति मन का भयाक्रांत होना ही है। अंदर से डरा हुआ व्यक्ति आंख मिलाकर बात करने का साहस खो बैठता है। इसके विपरीत सकारात्मक तरीका का पहला उपहार आत्मविश्वास के रूप में देता है और दूसरा अनुभव प्रदान करता है।

किसी काम को संपादित करने में पहली बार कुछ दिक्कतें आ सकती हैं,लेकिन आगे चलकर उसी काम को करने में सरलता महसूस होने लगती है। किसी वाहन के संचालन का ही उदाहरण लिया जाए तो पहली बार उसे संचालित करने में जितनी सजगता बरती गई,धीरे-धीरे उसमें कमी आती जाएगी। फिर तो एक ऐसा भी समय आ जाता है कि कब क्या करना है,वह स्वतः होने लगता है। जिंदगी की डगर में भी यही स्थिति होती है। मन रूपी ड्राइवर सकारात्मक रहा है तो दुर्घटना की संभावना कम होती जाती है।

# भौतिक विकास की कीमत चुका रही प्रकृति



अविनाश झा
डीएफएमओ, चित्रकूट

वर्ष 1982 के बाद से इन देशों के सम्मिलित प्रयास ने वैश्विक जंगलों में लगभग सात प्रतिशत की वृद्धि की है। भारत में भी इसी दृढ़ इच्छाशक्ति और सतत प्रयास की आवश्यकता है।

वास्तव में इंसान के भौतिक विकास की कीमत प्रकृति चुका रहा है। यूं तो पर्वत, पहाड़, नदी, सागर सभी पर इस विकास का असर हुआ है, परंतु सबसे बड़ी कीमत पेड़-पौधे और वन चुका रहे हैं। जब भी किसी सड़क का चौड़ीकरण होता है तो सबसे पहले उसके किनारे लगे पेड़ों को काट दिया जाता है। भले ही हम प्रतिवर्ष सघन वृक्षारोपण कार्यक्रम चलाकर पेड़ों को लगाते हैं, परंतु उस पुराने पेड़ की स्थिति तक पहुंचने में कई दशक लग जाते हैं। शहरों का विकास व बढ़ती जनसंख्या को खिलाने के लिए वनों की भूमि का बदलता उपयोग वनों के विनाश का प्रमुख कारण है। फारेस्ट डिक्लेरेशन असेसमेंटः ऑफ ट्रैक एंड फॉलिंग बिहाइंड की रिपोर्ट 2023 के अनुसार यदि ग्लोबल वार्मिंग में हो रही वृद्धिदर को 1.5 डिग्री सेल्सियस के नीचे रखना है तो जंगलों को बरकरार रखना बेहद जरूरी है। ये जंगल हमारी दुनिया के फेफड़े हैं,जो न केवल प्रदूषित हवा को साफ करते हैं, बल्कि जैवविविधता को भी बचाए रखने में अहम भूमिका निभाते हैं। यह उत्सर्जित होने वाली कार्बन डाईऑक्साइड जैसी हानिकारक गैसों के एक बहुत बड़े हिस्से को सोख लेते हैं जिसकी वजह से तापमान में होती वृद्धि को रोकने में मदद मिलती है। केंद्रीय पर्यावरण मंत्रालय द्वारा संसद में दी गई जानकारी के अनुसार देश में एक हेक्टेयर से बड़े क्षेत्रफल जिसमें पेड़ों की यानी हरित छतरी यानी हरियाली का घनत्व 10 प्रतिशत से ज्यादा हो, जंगल कहा जाता है। पारिस्थितिक संतुलन के लिए कुल भूमि क्षेत्र का 33 प्रतिशत वन क्षेत्र होना ही चाहिए, लेकिन वर्तमान में भारत के कुल भौगोलिक क्षेत्रफल का मात्र 24 प्रतिशत क्षेत्र ही वनाच्छादित है। वस्तुतः वन प्रकृति के सबसे प्रचुर और बहुमुखी नवीकरणीय संसाधन हैं, जो एक साथ आर्थिक, सामाजिक, पर्यावरणीय और सांस्कृतिक लाभ और सेवाओं की एक विस्तृत श्रृंखला प्रदान करते हैं। यह न केवल जलवायु और जैव विविधता, बल्कि खाद्य सुरक्षा, ऊर्जा, स्वच्छ पानी और स्वास्थ्य के क्षेत्र में योगदान देता है।

बढ़ती जनसंख्या के कारण स्थान, आवास, भोजन की आवश्यकता, शहरीकरण, औद्योगीकरण के कारण के वनों की कटाई और भूमि उपयोग के अन्य रूपों में स्थायी रूपांतरण के परिणाम स्वरूप वन क्षेत्र निरंतर कम हो रहा हैं। लगभग 80 प्रतिशत वन हानि वनों को कृषि भूमि में बदलने के कारण हो रही है। मानवीय गतिविधियों में वृद्धि के कारण, विशेष रूप से दुनिया के उष्णकटिबंधीय क्षेत्रों में, वनों की कटाई और गिरावट के कारण जंगलों में भारी गिरावट आई है। एक अनुमान के अनुसार दुनिया में हर मिनट लगभग 21.1 हेक्टेयर से ज्यादा क्षेत्र में फैले जंगल नष्ट हो रहे हैं। इस प्रकार पूरे वर्ष में उष्णकटिबंधीय क्षेत्रों में करीब 111 लाख हेक्टेयर में फैला जंगल खत्म हो जाता है। इतनी बड़ी संख्या में वनों के विनाश होने से लगभग 250 करोड़ टन कार्बन डाईऑक्साइड का उत्सर्जन हुआ होगा, जो भारत के वार्षिक जीवाश्म ईंधन उत्सर्जन के बराबर हैं। अब तक जंगलों को हो रहे नुकसान में 40 प्रतिशत से ज्यादा अकेले ब्राजील में हुआ है। वर्ष 2021 में कनाडा, रूस और अलास्का जैसे सुदूर उत्तरी क्षेत्रों में पाए जाने वाले ठंडे बोरियल वनों के करीब 80 हजार वर्ग किलोमीटर से अधिक क्षेत्र में फैले जंगलों नष्ट हो गए हैं, जो वर्ष 2001 के बाद सर्वाधिक है। पिछले 18 वर्षों में लगभग यूरोप के क्षेत्रफल के बराबर वन क्षेत्र नष्ट हो चुका है, जो करीब 15.7 करोड़ हेक्टेयर क्षेत्र में फैले थे।

युनाइटेड किंगडम स्थित फर्म यूटिलिटी बिडर के सर्वेक्षण के अनुसार वनों के विनाश के मामले में भारत, ब्राजील के बाद दूसरे स्थान पर है। सेंटर फॉर साइंस एंड एनवायरनमेंट के अनुसार भारत के लगभग उत्तर प्रदेश के आकार के बराबर 2.59 करोड़ हेक्टेयर में फैला जंगल गायब हो चुका हैं। रिपोर्ट के अनुसार जहां भारत ने वर्ष 1990 से 2000 के बीच अपने 384 हजार हेक्टेयर में फैले जंगलों को खो दिया था। वहीं वर्ष 2015 से 2020 के बीच यह आंकड़ा बढ़कर 668 हजार हेक्टेयर हो गया है। देश में वन विनाश में 284 हजार हेक्टेयर की वृद्धि हुई,जो विश्व में सर्वाधिक है। इसमें से पूर्वोत्तर राज्यों में वन क्षेत्र लगभग एक हजार 20 वर्ग किलोमीटर कम हो गया है। देश के पर्वत, पहाड़ी और आदिवासी जिलों में वन क्षेत्र घटा है। पिछले दो वर्षों में देश के पर्वतीय क्षेत्रों में वनाच्छादन में 902 वर्ग किलोमीटर की कमी आई है। देश का वन और वृक्ष आच्छादन क्षेत्र 8.09 लाख वर्ग किलोमीटर में फैला हुआ है। हालांकि वर्ष 2019 की तुलना में इसमें 2261 वर्ग किलोमीटर की वृद्धि हुई है जिसमें मध्य प्रदेश में सर्वाधिक वृक्षारोपण कार्य के चलते वृद्धि हुई है। इसके बाद अरुणाचल प्रदेश, छत्तीसगढ़, ओडिशा और महाराष्ट्र राज्य हैं। देश के अन्य राज्यों द्वारा भी वन क्षेत्रों को बढ़ाने के प्रयास किए जा रहे है।

वर्ष 2014 में विश्व स्तर पर सहमति बनी थी कि वर्ष 2020 तक पेड़ों के नष्ट होने की गति को कम से कम आधा और वर्ष 2030 तक इसे पूरी तरह ख़त्म किया जाएगा,परंतु यह लक्ष्य हासिल नहीं किया जा सका। हालांकि सतत प्रयास और दृढ़ इच्छाशक्ति के चलते रूस,अमेरिका और चीन जैसे देशों में कुल वन क्षेत्रों में वृद्धि हुई है। वर्ष 1982 के बाद से इन देशों के सम्मिलित प्रयास ने वैश्विक जंगलों में लगभग सात प्रतिशत की वृद्धि की है। भारत में भी इसी दृढ़ इच्छाशक्ति और सतत प्रयास की आवश्यकता है। यदि पृथ्वी और मानव जाति को बचाएं रखना है तो वनों का संरक्षण तथा उसका सतत विकास आवश्यक है।

# कविता तूने मुझको क्या दिया

यह कई बार लोगों ने मुझसे पूछा,आपको प्यार पहली बार कब हुआ? मेरा जवाब भी अजीब था, जिस पर लोगों को यकीन कम होता था। मैंने सबसे पहले प्यार को शब्दों के बीच देखा और उन शब्दों के बीच के प्यार ने मेरे भीतर प्रेम को जन्म दे दिया। एक आधे अक्षर के बगैर एक पूर्ण अक्षर अपने को अभिव्यक्त नहीं कर सकता,अपूर्णता पूर्णता को व्याख्यायित करती है,यह मेरी पहली प्यार की समझ थी। मुझे अक्षरों से प्यार होने लगा। मैंने लिखने की कोशिश की और मुझे अपने लेखन से प्यार हो गया। मेरी उम्र रूपदर्शी तो थी पर रूप आग्रही न थी,ऐसी समाज की मान्यता थी,पर मैंने उस उम्र में स्त्री के सौंदर्य, अनगढ़ सौंदर्य को लफ्जों में उतारने की कोशिश की,जो शब्द गूंगे लगते थे लोगों को वह मुझसे बात करते थे और मैं शब्दों में खोने लगा। शब्दों में खोना शायद मेरा पहला प्यार था,वैसा प्यार फिर न हुआ। मुझे और उस प्यार ने बहुत से प्रेम को जन्म दिया और मैं सौंदर्याग्राही हो गया। मैंने पहली बार जिसके रूप को सराहा उससे लिखने की इजाजत मांगे बगैर उस पर लिख गया,पर अफसोस उसने पढ़ने से इंकार कर दिया,पर मेरी कविताओं ने, मेरी रचनाओं ने, मेरी रचनाधर्मिता ने लोक को समालोचक करने का मुझे अवसर दिया। मैं कोई बहुत मौलिक कृतिकार नहीं हूं,मैं लोगों के लेखन से शब्द चुरा लेता हूं, कभी-कभी भाव भी पर आसान नहीं होगा उसको भी जानना जिसमें से मैं चोरी कर लेता हूं। कारण यह है कि मैं उसमें मौलिकता सृजन करता हूं। मैं चुराए हुए शब्दों को गढ़ता हूं। मैं जमीन से उठाए गए भावों को अपने भावों में संजोता हूं और खुद से कहता हूं, सिर्फ मैं जानता हूं यह चुराया हुआ है,पर यह अर्ध सत्य है। पूर्ण सत्य यह है कि वह तराशा हुआ है। मैं मौलिकता का आग्रही हूं,मौलिकता विहीन होकर भी, मौलिकता विहीन तो शायद न हूं मैं, अधिक सत्य यह कहना होगा,मैं मौलिकता की तलाश में रहता हूं। यह तलाश मौलिकता की ओर ले जाती है।



वीरेंद्र ओझा
आयकर आयुक्त

# मनुष्य का मन बीते युगों का सार तत्व

एक नए मनुष्य का रूप उभर रहा है, जो केवल "डिमांड एंड सप्लाई" अर्थात् "मांग और आपूर्ति" की भाषा जानता है। जीवन भी "मांग और आपूर्ति" पर आधारित हो गया है। हर स्थिति लेन-देन का हिसाब होकर रह गई है। ममत्वहीनता, बौद्धिकता, सामंजस्य का अभाव, परिवारिक संबंधों का विघटन, उद्विग्नता, अभाव, अशांति, आतंक, अजनबीपन, अकेलापन, अवसाद, आशंका, संशय, अनिश्चय, आक्रोश, विडंबना, अनास्था, सामूहिक हत्या और सामूहिक आत्महत्या, जीवन का परम सत्य विकास अर्थात् भौतिक विकास को माना जाने लगा है और इस चक्कर में जीवन यांत्रिक होकर रह गया है। एक ओर वैभव तथा ऐश्वर्य का प्रदर्शन, दूसरी ओर अभाव और दरिद्रता। यह इतिहास ही की गति है।



डॉ. राजेंद्र रंजन चतुर्वेदी
सेवानिवृत्त प्रोफेसर

यहां ध्यान देने की बात यह है कि जो बीत गया, वह बीतकर भी कहीं गया नहीं, वह मनुष्य की चेतना में समाया हुआ है और चेतना के रूप में वह इतिहास की गति को निर्धारित भी करता है। मनुष्य का मन बीते युगों का सार-तत्व है, समस्त युग उसके साथ जी रहे हैं और जीते रहेंगे। सभी लोग एक जैसे न कभी हुए और न कभी होंगे, विविधता रहेगी, क्योंकि विविधता अनिवार्य है। अनिवार्य इसलिए कि विविधता नैसर्गिक है और समानता को देखा जाए तो वह भी नैसर्गिक है। सभी के पास आंख, नाक-कान और मन-बुद्धि हैं, यह समानता है परंतु सभी के आंख, नाक, कान और मन तथा बुद्धि एक जैसे नहीं है, यह विविधता है। जिजीविषा है, सभी जीना चाहते हैं, रिरंसा है, सभी लोग सुख को खोज रहे हैं।

विज्ञान और टेक्नोलॉजी भी सुख को खोज रहे हैं। सुख का आविष्कार कर रहे हैं। सुख को बाजार में ले जा रहे है। बाजार सुख की डिमांड बढ़ाता है और फिर उसकी सप्लाई करता है। यह बाजार-सत्ता कुछ हाथों में केन्द्रित है और संपदा के केन्द्रीकरण की प्रक्रिया चल रही है। इस प्रक्रिया की अपनी विसंगतियां भी हैं जिनसे एक विक्षोभ संगठित हो रहा है और घात प्रतिघात कर रहा है। इस घात प्रतिघात में नया विचार जन्म लेगा, उसके जन्मोत्सव में संपूर्ण मनुष्यता सम्मिलित होगी, उस विचार को अभिषिक्त करेगी, रस-सिक्त करेगी।

# बेगानी शादी में अब्दुल्ला दीवाना



मुकेश नेमा
वरिष्ठ लेखक

जितने अब्दुल्ला मंडप में घुस पाते हैं उससे सौ गुना मंडप के बाहर खड़े आते जाते मेहमानों को घूरते हैं। कोसते हैं उन्हें। उनकी कमियां निकालते और खिल्लियां उड़ाते हैं।

अब्दुल्ला का सबसे बड़ा काम क्या? वही। बेगानी शादी में दीवाना हो जाना। शादी की सुगबुगाहट भर हो किसी की। किसी के फेरे पड़ने की खबर आ जाए,उसका मन मोर हो जाता है। देर नहीं करता फिर वो। अपने पैरों में घुंघरू बांध लेता है। ऐन केन प्रकारेण मंडप में घुस ही जाता है। अपने जैसे और भी मिल जाते है उसे। उनमें से किसी को भी थाम कर अनर्गल बातें करता है। अपच होने तक खाता है। मंडप से धीरे से खिसकता है और फिर ऐसी ही किसी अगली बेगानी शादी का इंतजार करता है।

बेगानी शादी में दीवाने होने वाले अब्दुल्ला प्रायः मोहल्ले की हर लड़की के इकतरफा प्रेमी होते हैं। ऐसी हर लड़की के आशिक जो कभी इनके दिल के हाल नहीं जानती। जानकर दुत्कार चुकी होती है, बाप के तय किए किसी होनहार लड़के की दुल्हन बनकर रूखसत होती ही होती है। हमारे अब्दुल्ला ऐसे सांस्कृतिक अवसर पर निरंतर सजग भाव से उपस्थित बने रहते हैं। मेहमानों को लाना छोड़ना, कुर्सियां गिनना। टेंट हाउस के मालिक और केटरर से जूझना ऐसे सारी बेगारों के लिए ये कार सेवक की भूमिका में होते हैं। इन्हें कोई नहीं गिनता,पर ये होते हैं और इसलिए होते हैं,क्योंकि ये दीवाने हैं।

मोहल्ले के बुड्ढे भी इसी प्रजाति के सदस्य हैं। कोई काम नहीं। इन्हें बस चबूतरे पर पैर लटकाए बैठना है,सुबह-शाम। बहू के दुत्कारें बेघर लोग। ये दिनभर यही ताड़ते रहते हैं। किसके यहां कौन आया। कब आया। कब गया। किस लड़की का किसके साथ चक्कर चल रहा है। किसका बेरोजगार लड़का किसकी गलत संगत में पड़ा है। किसके यहां की बटलोई में आज कौन सी वाली दाल पकी है। जब भी कोई सनसनीखेज जानकारी मिलती है इन्हें ये नाचने-कूदने के लिए उतारू हो जाते हैं। उनकी तेज नाक हमेशा चौकन्नी बनी रहती है। किसी का कुछ निजी कार्यक्रम हो। शादी ब्याह, मुंडन, मैयत। ऐसे किसी भी मौके पर पकने वाले लजीज पकवानों को सूंघ ही लेते हैं ये और मौका देखकर मौके पर पहुंच भी जाते हैं। बेगाने अब्दुल्ला हर विषय के जानकार होते हैं। जानने भर के हर धतरकरम पर अपनी राय देने के लिए तत्पर। ये इस बात की परवाह नहीं करते कि कोई इनकी बातों पर गौर कर भी रहा है या नहीं। ये बकवास किए बिना मानते नहीं और कह सुनकर ही ठंडे होते हैं। जितने अब्दुल्ला मंडप में घुस पाते हैं उससे सौ गुना मंडप के बाहर खड़े आते-जाते मेहमानों को घूरते हैं। कोसते हैं उन्हें। उनकी कमियां निकालते और खिल्लियां उड़ाते हैं। किसने क्या पहना? किस मॉडल की कार मे आया। आने वालों में कितने हरामखोर है,कितनों के पास कितना माल है जैसी बातें करते हैं। लड़के के बाप ने कितनी दौलत लुटा दी और लड़की के बाप ने लड़के में क्या देखा? जैसी गंभीर चर्चाएं होती हैं। फिर खड़े-खड़े थक जाते हैं ये और हारे मन और भारी कदमों से अपने डेढ़ रूम के फ्लैट में लौट जाते हैं।

आप खुद के बारे में भी गौर कर लें अब। बताईए। अनंत अंबानी की प्री-वेडिंग में कितने सेलिब्रिटी नाचे? मुफ्त में नाचे या करोड़ों लूट ले गए? हाथी की खिचड़ी कौन खा गया? आपको क्या मतलब है? आप काहे एक्सपर्ट कमेंट वाले लाला अमरनाथ हुए जा रहे हैं। उनका निजी मामला है ये। आपके पेट में गुड़गुड़ क्यों होना चाहिए? आप हैं कौन? अनंत के ताऊ हैं? फूफा हैं दूर के, जिसे बताकर, आपकी कीमती राय लेकर उसे अपनी होने वाली दुल्हन को वरमाला पहनाना चाहिए?

बाज आइए महाराज। ऐसे करने का कोई मतलब है नहीं। बेगानी शादी के दीवाने अब्दुल्ला आमतौर पर कॉलर से पकड़े जाकर धकेले जाते हैं बाहर। अब आप देख लें कि क्या करना है?

# पहली महिला शिक्षिका सावित्रीबाई फूले



भारत की पहली महिला शिक्षिका और प्रसिद्ध समाज सुधारक सावित्रीबाई फूले का आज ही के दिन 1897 में निधन हुआ था। जीवनपर्यंत महिलाओं की शिक्षा और उनके अधिकारों के लिए संघर्ष करने वाली सावित्रीबाई फूले का जन्म महाराष्ट्र के सतारा जिले के नायगांव में हुआ था। उनके पिता खंडोजी नेवसे किसान थे। माता का नाम लक्ष्मीबाई था। 1840 में जब वह नौ साल की थी,तब उनका विवाह 12 वर्ष के ज्योतिराव फूले के साथ कर दिया गया। विवाह के समय सावित्रीबाई अनपढ़ थी। जबकि पति तीसरी कक्षा तक पढ़े थे। उस दौर में दलित व महिलाओं को पढ़ने का अधिकार नहीं था। शादी के बाद वह पति के साथ पुणे में रहने लगी। वह पढ़ना चाहती थी तो इसमें उनके पति ने उन्हें पूरा सहयोग दिया। ज्योतिराव फूले ने उन्हें पढ़ने के लिए प्रेरित किया।



दीपक नौगांई
शिक्षक, नैनीताल

समाज के तमाम विरोधों के बीच वह पढ़ने जाती थी। कई बार लोगों ने उन पर पत्थर व गोबर फेंका। खरी-खोटी सुनाई और अपशब्द भी कहे,पर वह कभी भी अपने उद्देश्य से पीछे नहीं हटी। सावित्रीबाई ने अहमदनगर और पुणे में शिक्षक की ट्रेनिंग ली। उन्होंने अपनी पढ़ाई जारी रखी और अपने व दूसरों के हक के लिए लड़ती रही।

वर्ष 1848 में फूले दंपत्ति ने पुणे में नौ बालिकाओं के साथ देश के पहले बालिका विद्यालय की स्थापना की। उन्होंने कुल 18 विद्यालयों की स्थापना की। उनकी कोई संतान नहीं थी तो उन्होंने एक ब्राह्मण विधवा के पुत्र यशवंतराव को गोद लिया। एक विधवा के पुत्र को गोद लेने पर दोनों को बहुत विरोध का सामना करना पड़ा और बिरादरी से बेदखल भी कर दिया गया, लेकिन वे अपने निर्णय पर अडिग रहे और बेटे को पढ़ा लिखाकर डॉक्टर बनाया। महिला अधिकारों खासकर दलित महिलाओं की शिक्षा के लिए संघर्ष करने वाली सावित्रीबाई फुले ने विधवाओं के लिए एक पुनर्वास केन्द्र की स्थापना की और उन्हे पुनः विवाह के लिए प्रेरित भी किया। 28 जनवरी 1853 को उन्होंने गर्भवती बलात्कार पीड़ितों के लिए बाल हत्या प्रतिबंधक गृह की स्थापना भी की। यह सब करना उनके लिए कतई आसान नहीं था,क्योंकि उन्हें लगातार लोगों के विरोध का सामना करना पड़ता था। सावित्रीबाई फूले का पूरा जीवन समाज के वंचित तबके खासकर दलितों और महिलाओं के संघर्ष के लिए बीता। उनके पति महान समाज सुधारक,लेखक और दार्शनिक ज्योतिराव फूले का 1890 में निधन हुआ। सावित्रीबाई ने ही उनका दाह संस्कार किया। पति की चिता को मुखाग्नि दी और अंतिम संस्कार की सभी विधियां पूर्ण की। उस समय किसी महिला का ऐसा करना कोई सोच भी नहीं सकता था। इसका भी लोगों ने विरोध किया।

1897 में जब महाराष्ट्र में प्लेग की महामारी फैली तब सावित्रीबाई फूले ने अपने बेटे के साथ मिलकर अस्पताल में भर्ती बीमार लोगों की देखभाल की। हालांकि इस दौरान वह स्वयं भी प्लेग से पीड़ित हो गईं और 10 मार्च 1897 को उन्होंने अंतिम सांस ली। वह केवल एक समाज सुधारक शिक्षिका ही नहीं थी,बल्कि कवयित्री भी थीं। उन्हें मराठी की आदि कवयित्री माना जाता है। फूले दंपति को शिक्षा के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान के लिए 1852 मे ब्रिटिश सरकार ने सम्मानित भी किया था। शिक्षा व सामाजिक क्षेत्र में सावित्रीबाई फूले के योगदान को कभी नहीं भुलाया जा सकता। शिक्षकों के लिए वह सदैव प्रेरणा स्रोत बनी रहेंगी।

एक नजर

### मुख्यमंत्री के संभावित दौरे को लेकर तैयारियां तेज

सिद्धार्थनगर, अमृत विचार। जनपद में मुख्यमंत्री के संभावित आगमन को लेकर तैयारी जोरों पर चल रही है। जनपद मुख्यालय के अशोक मार्ग स्थित बीएसए ग्राउंड में साफ-सफाई का कार्य जोरों पर चल रहा है। जनपद के सैकड़ों सफाई कर्मी पहुंचकर बीएसए ग्राउंड के सफाई तथा अशोक मार्ग सफाई कार्य में जुटे हुए है। प्रशासन भी तमाम तैयारियों को लेकर बैठक कर रणनीति बनाने में जुटा हुआ है। सूत्रों के मुताबिक मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का आगमन संभावित है, अभी तारीख की पुष्टि नहीं हो पाई है।

### निर्जलीकृत फूलों के प्रयोग की दी गई जानकारी

गोरखपुर, अमृत विचार। महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय गोरखपुर के अंतर्गत संचालित कृषि संकाय और राष्ट्रीय वनस्पति अनुसंधान संस्थान, (एनबीआरआई) लखनऊ के संयुक्त तत्वावधान में शनिवार को 'निर्जलित पुष्प शिल्प' विषय पर एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया गया। राष्ट्रीय वनस्पति अनुसंधान संस्थान से आये वैज्ञानिक डॉ. अतुल बत्रा एवं डॉ. श्वेता ने पुष्प निर्जलीकरण की वैज्ञानिक विधि के साथ फूलों और पत्तियों के रंग, आकार, सुन्दरता के संरक्षण एवं भौतिक क्षरण से बचाने की विधि पर विस्तृत जानकारी प्रदान की। निर्जलीकृत फूलों का प्रयोग कलर्पूर्ण ग्रीटिंग कार्ड, वालप्लेट, लैंडस्केप डिजाइनिंग में किया जाता है। उन्होंने कहा कि निर्जलीकृत फूलों और पत्तियों से तैयार ग्रीटिंग कार्ड, वालप्लेट की बाजार में बहुत मांग है और इसमें रोजगार के असीम अवसर है। कार्यक्रम में डॉ. कुलदीप सिंह, डॉ. आयुष कुमार पाठक, डॉ. प्रवीन कुमार सिंह, डॉ. शाश्वती प्रेमकुमारी, सुश्री प्रीति (एनबीआरआई), स्नातक कृषि विज्ञान के विद्यार्थी उपस्थित रहे।

### अपने बूथ पर जाकर वोटर लिस्ट में देखें नाम

सिद्धार्थनगर, अमृत विचार। मतदाता सूची में अपना नाम चेक करने के लिए 9 व 10 मार्च को अपने बूथ पर जरूर पहुंचें। सभी पोलिंग बूथ पर 9 व 10 मार्च को मतदाता सूची पढ़कर सुनाई जाएगी। यदि आपका नाम मतदाता सूची में नहीं है तो फॉर्म 6 भर कर अपना पंजीकरण अवश्य कर लें। यह जानकारी जिला निर्वाचन अधिकारी जिलाधिकारी पवन अग्रवाल ने दी है।

# मुख्यमंत्री योगी ने मंदिर में सुनीं जन समस्याएं

गोरखपुर

जनता दरबार

▸▸ सैकड़ों फरियादियों से मिलकर सभी को न्याय का दिया भरोसा

▸▸ जमीन पर कब्जा करने वालों के खिलाफ कार्रवाई के निर्देश

**अमृत विचार।** गोरखपुर प्रवास के दौरान मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शनिवार सुबह गोरखनाथ मंदिर में जनता दर्शन में आए लोगों से मुलाकात की। मुख्यमंत्री ने उनकी समस्याएं सुनीं और अधिकारियों को निर्देशित किया कि जन समस्याओं का समाधान शीघ्रता से किया जाए, इसमें किसी भी तरह की शिथिलता या लापरवाही नहीं होनी चाहिए। हर समस्या का निस्तारण गुणवत्तापूर्ण, पारदर्शी और संतुष्टिपरक होना चाहिए। कहा कि जनता की हर पीड़ा का निवारण सरकार की प्रमुख प्राथमिकता है।

गोरखनाथ मंदिर परिसर के महंत दिग्विजयनाथ स्मृति भवन के बाहर बैठे फरियादियों से मिलकर मुख्यमंत्री ने सभी की समस्याएं सुनीं। उन्होंने करीब 500 लोगों से मुलाकात की। सभी को भरोसा दिया कि उनके साथ न्याय होगा। उन्होंने अधिकारियों को हिदायत दी कि किसी की जमीन पर कब्जा करने वाले, कमजोरों को उजाड़ने वाले किसी भी सूरत में बख्शे न जाएं। उनके खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाए। मुख्यमंत्री के समक्ष जनता दर्शन में कई लोग इलाज के लिए आर्थिक सहायता की गुहार लेकर पहुंचे थे। सीएम योगी ने उन्हें आश्वस्त किया कि सरकार इलाज के लिए भरपूर मदद करेगी। प्रार्थना पत्रों को अधिकारियों को देते हुए मुख्यमंत्री ने निर्देश दिया कि इलाज से जुड़ी इस्टीमेट की प्रक्रिया को जल्द से जल्द पूर्ण करा कर शासन में उपलब्ध कराया जाए। राजस्व व पुलिस से जुड़े मामलों को उन्होंने पूरी पारदर्शिता वह निष्पक्षता के साथ निस्तारित करने का निर्देश देते हुए कहा कि किसी के साथ भी नाइंसाफी नहीं होनी चाहिए। हर पीड़ित के साथ संवेदनशील व्यवहार अपनाते हुए उसकी मदद की जाए।



गोरखनाथ मंदिर में आयोजित जनता दरबार में फरियादियों की समस्याएं सुनते मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ। अमृत विचार

# अवैध ढंग से संचालित हो रहे कई अल्ट्रासाउंड जांच केन्द्र

सिद्धार्थनगर

**अमृत विचार।** जनपद में मानकविहीन और अवैध तरीके से अल्ट्रासाउंड जांच केन्द्र संचालित किए जा रहे हैं जबकि स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी उदासीन बने हुए हैं। इन केन्द्रों पर अकसर मरीजों की गलत जांच और रिपोर्ट दी जाती है।

सूत्र बताते हैं कि इन सेंटरों के संचालकों ने क्षेत्र के डाक्टरों के साथ साठगांठ कर रखी है, मरीज भेजने के बदले डाक्टरों को भी कमीशन मिल जाता है। सूत्रों का कहना है कि कई महिला चिकित्सक लगभग मरीज को अल्ट्रासाउंड जांच लिख देती हैं ताकि कमीशन उन तक पहुंचता रहे। जनपद मुख्यालय पर भी दर्जनों अल्ट्रासाउंड अवैध ढंग से खोलकर व्यवसाय के रूप में अप्रशिक्षित कर्मियों द्वारा अल्ट्रासाउंड किया जाता है। सूत्रों का कहना है कि स्वास्थ्य विभाग के लिए वैध अल्ट्रासाउंड सेंटर अतिरिक्त आय का स्रोत बना हुआ है। मजे की बात यह है कि स्वास्थ्य विभाग अल्ट्रासाउंड के रजिस्ट्रेशन करने को लेकर 50,000 की धनराशि रजिस्ट्रेशन के नाम पर भी लेता है। सूत्र बताते हैं कि इसके लिए सीएमओ कार्यालय में दलाल घूमते रहते हैं और उनके माध्यम से रजिस्ट्रेशन का काम होता है। इस संबंध में सीएमओ ने कहा कि समय-समय पर अवैध अल्ट्रासाउंड के खिलाफ कार्रवाई की जाती है लेकिन अल्ट्रासाउंड मलिक दो-दो रजिस्ट्रेशन करवा रखे हैं जब एक रजिस्ट्रेशन सीज हो जाता है तो इस स्थान पर इस मशीन से दूसरा अल्ट्रासाउंड शुरू कर देते हैं।

# फार्म 6 भरकर मतदाता सूची में जुड़वाएं नाम: डीएम

## जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक ने मतदान केन्द्रों का निरीक्षण कर सभी तैयारियां पूर्ण करने का दिया निर्देश

सिद्धार्थनगर

**अमृत विचार।** जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन पवन अग्रवाल व पुलिस अधीक्षक प्राची सिंह ने आगामी लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 के दृष्टिगत थाना बांसी क्षेत्रान्तर्गत मतदान केन्द्रो का निरीक्षण कर किया। इस दौरान जिलाधिकारी ने थाना बांसी क्षेत्रान्तर्गत उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सोनखर, मॉडल प्राइमरी स्कूल सूपाराजा, तिलक इण्टरमिडिएट कालेज बांसी, प्राथमिक विद्यालय बैदौलीकला मिठवल इत्यादि का दौरा कर निरीक्षण किया। विद्यालय प्रबंधन/प्रधानाचार्य से वार्ता कर मानक के अनुरूप आवश्यक संसाधनों और मूलभूत जरूरतों की व्यवस्था के लिए आवश्यक निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने कहा कि पोलिंग बूथो पर मतदाता सूची भी पढ़ाई जाए। यदि सूची में किसी मतदाता का नाम नहीं है तो फॉर्म 06 भरकर अपना पंजीकरण अवश्य करा ले। इस अवसर पर उप जिलाधिकारी बांसी कुणाल व अन्य संबंधित अधिकारी, कर्मचारी उपस्थित थे।





मतदान केन्द्र का निरीक्षण करते डीएम व एसपी। अमृत विचार

### एसपी ने पुलिस बल के साथ किया रूट मार्च

सिद्धार्थनगर। पुलिस अधीक्षक प्राची सिंह ने आगामी त्योहारों व लोकसभा चुनाव को लेकर थाना बांसी पुलिस व सीआईएसएफ की संयुक्त टीम के साथ कस्बा बांसी में रुट मार्च किया। इस दौरान एसपी ने आमजनमानस को सुरक्षा का एहसास कराया। क्षेत्राधिकारी बांसी सतीष चन्द्र पाण्डेय, प्रभारी निरीक्षक बांसी बिन्द्धेश्वरी मणि त्रिपाठी व कमांडर सीआईएसएफ सुरेन्द्र सिंह के नेतृत्व में थाना बांसी पुलिस व सीआईएसएफ की संयुक्त टीम के साथ एसपी ने कस्बा बांसी व नरकटहा में रूट मार्च किया।



बांसी थाने पर आयोजित समाधान दिवस में मौजूद डीएम व एसपी। अमृत विचार

### बांसी थाने में डीएम व एसपी ने सुनीं जन शिकायतें

सिद्धार्थनगर, अमृत विचार। सम्पूर्ण थाना समाधान दिवस पर शनिवार को जिलाधिकारी पवन अग्रवाल एवं पुलिस अधीक्षक प्राची सिंह ने थाना बांसी में फरियादियों की समस्याएं सुनीं। जिलाधिकारी ने पुलिस अधिकारियों व जवानों को पीड़ितों की शिकायतों व समस्याओं से गंभीरता पूर्वक सुनकर सही निस्तारण करने का निर्देश दिया। जिलाधिकारी ने थाना दिवस रजिस्टर का अवलोकन किया। पुलिस कर्मियो को निर्देशित किया कि जिन प्रार्थना-पत्रों का निस्तारण उच्चाधिकारी स्तर से किया जाना है, उन पर रिपोर्ट लगाकर सम्बन्धित अधिकारी को प्रेषित करें।

### ट्रक की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत

**सिद्धार्थनगर, अमृत विचार।** स्थानीय थाना क्षेत्र के मेंहदावल-बांसी मार्ग पर स्थित बेलौहा में ट्रक ने बाइक सवार युवक को टक्कर मार दी। हादसे में युवक मौत हो गई। मृतक के भाई की तहरीर पर अज्ञात के खिलाफ केस दर्ज कर लिया गया है। संतकबीरनगर जिले के मेंहदावल थाना क्षेत्र के भैंसा माफी गांव निवासी श्रवण कुमार (19) शुक्रवार शाम को बांसी का मेला देखने जा रहा था। बेलौहा स्थित मरवटिया मोड़ पर पीछे से आ रही ट्रक ने उसकी बाइक में टक्कर मार दी। हादसे में श्रवण की मौके पर ही मौत हो गई। आसपास के लोगों ने ट्रक रोक लिया। लेकिन चालक फरार हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने जांच पड़ताल कर मृतक के परिजनों को सूचना दिया। थानाध्यक्ष खेसरहा ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। अज्ञात के खिलाफ केस दर्ज कर जांच की जा रही है।

# स्टेशनों पर ट्रेनों का किया जाएगा प्रायोगिक ठहराव

गोरखपुर

**अमृत विचार।** रेलवे प्रशासन द्वारा यात्री जनता की सुविधा के लिये 14854/14853 जोधपुर-वाराणसी सिटी-जोधपुर (त्रैसाप्ताहिक) एक्सप्रेस, 14864/14863 जोधपुर-वाराणसी सिटी-जोधपुर एक्सप्रेस (त्रैसाप्ताहिक) एक्सप्रेस एवं 14866/14865 जोधपुर-वाराणसी सिटी-जोधपुर (साप्ताहिक) एक्सप्रेस का जोधपुर मंडल के रेल स्टेशन पर प्रायोगिक आधार पर ठहराव प्रदान किया जायेगा।

इसी प्रकार 15021/15022 शालिमार-गोरखपुर-शालिमार एक्सप्रेस का दक्षिण पूर्व रेलवे के खड़गपुर मंडल के घाटशिला स्टेशन पर प्रायोगिक आधार पर ठहराव प्रदान किया जायेगा। 14231/14232 प्रयागराज संगम-बस्ती-प्रयागराज संगम एक्सप्रेस का उत्तर रेलवे के खजुरहट स्टेशन पर प्रायोगिक आधार पर दो मिनट ठहराव प्रदान किया जायेगा। 11 मार्च को 14231 प्रयागराज संगम-बस्ती एक्सप्रेस खजुरहट स्टेशन से 07.23 बजे छूटेगी। इसी प्रकार 14232 बस्ती-प्रयागराज संगम एक्सप्रेस खजुरहट स्टेशन से 16.58 बजे छूटेगी। 15089/15090 गोड्डा-गोमती नगर-गोड्डा एक्सप्रेस का पूर्व रेलवे के पोड़ैयाहाट स्टेशन पर प्रायोगिक ठहराव अगली सूचना तक किया जाएगा।

# होली पर विशेष गाड़ियों का होगा संचालन

गोरखपुर

**अमृत विचार।** रेलवे प्रशासन द्वारा आगामी होली त्यौहार पर यात्रियों की होने वाली अतिरिक्त भीड़ को ध्यान में रखते हुये यात्री जनता की सुविधा के लिए 01053/01054 लोकमान्य तिलक टर्मिनस-बनारस-लोकमान्य तिलक टर्मिनस साप्ताहिक होली विशेष गाड़ी का संचालन लोकमान्य तिलक टर्मिनस से 13, 20 एवं 27 मार्च को तथा बनारस से 14, 21 एवं 28 मार्च को तीन फेरों के लिये किया जायेगा।

इसके अलावा 01123/01124 लोकमान्य तिलक टर्मिनस-गोरखपुर-लोकमान्य तिलक टर्मिनस साप्ताहिक होली विशेष गाड़ी लोकमान्य तिलक टर्मिनस से 15, 22, एवं 29 मार्च को तथा गोरखपुर से 16, 23 एवं 30 मार्च को तीन फेरों के लिए चलायी जायेगी। इसमें यात्रा करने वाले यात्रियों को कोविड-19 के सम्बन्ध में समय-समय पर जारी सभी मानकों का पालन करना होगा। इन विशेष गाड़ियों में यात्रियों को कोविड-19 के मानकों का पालन करना होगा। 02371/02372 हावड़ा-बनारस-हावड़ा होली विशेष गाड़ी का संचलन 23 मार्च को एक फेरे के लिये किया जायेगा। 02371 हावड़ा-बनारस होली विशेष गाड़ी 23 मार्च को हावड़ा से 08.15 बजे प्रस्थान कर विभिन्न स्टेशनों से होते हुए छूटकर बनारस 21.45 बजे पहुंचेगी। वापसी यात्रा में 02372 बनारस-हावड़ा होली विशेष गाड़ी 23 मार्च को बनारस से 23.05 बजे प्रस्थान कर हावड़ा 12.20 बजे पहुंचेगी। 05053/05054 गोरखपुर-बांद्रा टर्मिनस-गोरखपुर होली विशेष गाड़ी का संचलन गोरखपुर से 22 एवं 29 मार्च को तथा बांद्रा टर्मिनस से 23 एवं 30 मार्च को दो फेरों के लिये किया जायेगा। यह जानकारी मुख्य जनसंपर्क अधिकारी पंकज कुमार सिंह ने दी।



### गाजीपुर सिटी दिलदारनगर के मध्य चलेगी विशेष गाड़ी

**गोरखपुर, अमृत विचार।** रेलवे प्रशासन द्वारा यात्रियों की सुविधा के लिए गाजीपुर सिटी दिलदारनगर के मध्य 05479/05480 गाजीपुर सिटी-दिलदारनगर-गाजीपुर सिटी विशेष गाड़ी का संचालन गाजीपुर सिटी से एवं दिलदारनगर से 11 मार्च से नियमित रूप से किया जाएगा। 10 मार्च को गाजीपुर सिटी से 05481 गाजीपुर सिटी-दिलदारनगर उद्घाटन विशेष गाड़ी चलाई जायेगी। 05481 उद्घाटन विशेष गाड़ी 10 मार्च को गाजीपुर सिटी से 12.30 बजे प्रस्थान कर दिलदारनगर 13.40 बजे पहुंचेगी। नियमित रूप से, 05479 गाजीपुर सिटी-दिलदारनगर मेमू विशेष गाड़ी 11 मार्च से गाजीपुर सिटी से 12 प्रस्थान कर दिलदारनगर 13.15 बजे पहुंचेगी। 05480 दिलदारनगर-गाजीपुर सिटी मेमू विशेष गाड़ी 11 मार्च से दिलदारनगर से 13.25 बजे प्रस्थान कर गाजीपर सिटी 14.35 बजे पहुंचेगी। यह जानकारी मुख्य जनसंपर्क अधिकारी पंकज कुमार ने दी।

### विज्ञान क्विज प्रतियोगिता में विजयी बच्चे पुरस्कृत

सिद्धार्थनगर, अमृत विचार। राष्ट्रीय अविष्कार अभियान के अंतर्गत आयोजित विज्ञान क्विज प्रतियोगिता में ब्लॉक नौगढ़ के समस्त परिषदीय पू.मा. वि. और कंपोजिट विद्यालय के कक्षा छह, सात और आठ के कुल 60 बच्चों ने प्रतिभाग किया। जिसमें प्रथम स्थान सौरभ वर्मा पू.मा.वि. खलीलपुर, व दिव्तीय स्थान पू.मा. वि. खलीलपुर के ही कल्पना मिश्रा व तृतीय स्थान पू.मा. वि.रेहरा अजय ने प्राप्त किया। जिन्हें मोमेंटो प्रशस्ति पत्र और मेडल से सम्मानित किया गया।



### प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज रेलवे की विभिन्न परियोजनाओं का करेंगे शिलान्यास एवं लोकार्पण

**गोरखपुर, अमृत विचार।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी रविवार को आजमगढ़ में आयोजित एक समारोह में लगभग रुपए 8,200 करोड़ की रेल परियोजनाओं का शिलान्यास, उद्घाटन एवं लोकार्पण समर्पण करेंगे तथा जनसभा को सम्बोधित करेंगे। इन रेल परियोजनाओं से उत्तर प्रदेश में रेल इन्फ्रास्ट्रक्चर को मजबूती मिलेगी तथा रेलवे सहित उत्तर प्रदेश के विकास को गति मिलेगी। इन परियोजनाओं में विभिन्न रेल खंडों के दोहरीकरण, विद्युतीकरण सहित अन्य विकास कार्य शामिल हैं। यह जानकारी देते हुए मुख्य जनसंपर्क अधिकारी पंकज कुमार सिंह ने बताया कि प्रधानमंत्री द्वारा गाजीपुर सिटी-तारीघाट-दिलदार नगर जं. उद्घाटन विशेष गाड़ी को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया जायेगा। रेल खंडों के दोहरीकरण एवं विद्युतीकरण से लाइन क्षमता में सुधार हुआ है और जन आकांक्षाओं के अनुरूप इन खंडों से होकर अधिक ट्रेनों के संचलन का मार्ग प्रशस्त हुआ है तथा पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा मिला है। इस अवसर पर मुख्यमंत्री, योगी आदित्यनाथ भी मौजूद रहेंगे।

सार-संक्षेप

### सिद्धार्थनगर के रूपेश ने हरदोई के मुन्ना को किया चित

**सिद्धार्थनगर, अमृत विचार।** जोगिया ब्लॉक के ग्राम कडजहवा में शनिवार को एक दिवसीय विराट कुश्ती दंगल का आयोजन हुआ। इसमें फाइनल मुकाबला सिद्धार्थनगर के रूपेश पांडेय एवं हरदोई के मुन्ना टाइगर के बीच हुआ। रूपेश पांडेय ने हरदोई के मुन्ना टाइगर को धोबिया पाट दांव से पटखनी देकर फाइनल मुकाबला अपने नाम कर लिया। कुश्ती में पहले करीब 15 जोड़ी पहलवानों ने दांव आजमाए। कुश्ती प्रतियोगिता का पहला मुकाबला प्रदुम्मन बक्सर एवं अचल दिल्ली के बीच हुआ, जिसमें प्रदुम्मन विजयी रहे। इसके बाद राजू बरेली जेपी यादव खजनी के बीच हुआ, जिसमें जेपी ने राजू को पराजित किया। मो. आतिफ बनरही एवं कुलदीप भुतहिया के बीच हुआ दोनों बराबर रहे, इसके पहले प्रधान प्रतिनिधि सुग्रीव यादव ने पहलवानों का हाथ मिलाकर कुश्ती दंगल का शुभारंभ किया। विजेता पहलवान को 5100 रुपये नगद पुरस्कार स्वरुप देकर सम्मानित किया गया। इस दौरान आयोजक कर्ता हनुमान पांडेय, कृष्ण कुमारी, अवनीश कुमार, रोहन यादव, विजय कुमार, नंदलाल मौजूद रहे। इसी प्रकार धेंसा क्षेत्र के सेमरा स्थित बाबा पल्टन नाथ शिव मंदिर परिसर में कुश्ती प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसमें सिद्धार्थनगर के पहलवान कमलेश से कानपुर के सुनील से रोचक मुकाबले में कमलेश पहलवान ने बाजी मारी।

### वरिष्ठ समाचार पत्र विक्रेता के निधन पर हुई शोकसभा

**गोरखपुर, अमृत विचार।** रेलवे स्टेशन स्टाल समाचार पत्र विक्रेता संघ के जिला प्रचार मंत्री दिलीप कुमार के पिता वरिष्ठ समाचार पत्र विक्रेता रामबचन के निधन पर समाचार पत्र विक्रेता संघ का एक शोकसभा अध्यक्ष राम श्रेष्ठ पासवान की अध्यक्षता के संपन्न हुई। जिसमें सभी समाचार पत्र विक्रेता 2 मिनट का मौन धारण कर दिवंगत आत्मा हेतु प्रार्थना कर श्रद्धा जलि अर्पित किये। भारतीय समाचार पत्र विक्रेता संघ के कोषाध्यक्ष राजकुमार गुप्ता ने परिवार को इस महान दुख को सहन समर्पित प्रदान करने के लिए ईश्वर से प्रार्थना की। शोक सभा के सभी प्रेस के अधिकारी सेंटर इंचार्ज एजेंट वह सभी समाचार पत्र विक्रेता मौजूद थे। शोक सभा में आरके सिंह ,रवि त्रिपाठी सूरज यादव ,नीरज सहगल विकास यादव नीतीश मद्धेशिया विकास सिंह विजय सिंह पंकज गुप्ता गुड्डू खान मुन्ना राम श्रेष्ठ पासवान राजकुमार गुप्ता पंकज शर्मा पीतांबर प्रजापति मनोज यादव नर्सिंग मिश्रा चंदन माजावर आशीष गुप्ता उत्तम शाह विनोद तिवारी विजय मंत्री श्री राम प्रजापति केसरी नंदन गुप्ता गणेश माजावर विजय अग्रहरी सुनील कुमार सुरेश गुप्ता विजय पासवान अमित पासवान संतोष पासवान इत्यादि मौजूद थे।



मान्यता प्राप्त पत्रकार संघ की बैठक में मौजूद पदाधिकारी। अमृत विचार

### मान्यता प्राप्त पत्रकार संघ की नई कार्यकारिणी गठित

**सिद्धार्थ नगर , अमृत विचार।** पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार अशोक मार्ग स्थित रेस्ट हाउस में मान्यता प्राप्त पत्रकार संघ के पदाधिकारी की आवश्यक बैठक वरिष्ठ पत्रकार एमपी गोस्वामी के नेतृत्व में संपन्न हुआ। जिसमें कार्यकारिणी द्वारा पूर्ण किए हुए कार्यों पर चर्चा की गई और 2 साल का कार्यकाल पूरा होने पर नई कार्यकारिणी का गठन किया गया। जिसमें सर्वसम्मति से मान्यता प्राप्त संघ के नए अध्यक्ष के रूप में राजेश शर्मा को निर्विरोध चुना गया साथ ही महामंत्री प्रदीप वर्मा भी निर्विरोध चुने गए। इस अवसर पर जनपद के वरिष्ठ पत्रकार बीपी त्रिपाठी, सुनील मिश्रा, एमपी गोस्वामी, बालमुकुंद त्रिपाठी आदि पत्रकारों ने नवगठित पदाधिकारियों को शुभकामनाएं दी। बैठक में नए प्रेस क्लब भवन के बारे में भी विधिवत चर्चा की गई।

### स्त्री क्या चाहती है विषय पर परिचर्चा का किया आयोजन

**गोरखपुर, अमृत विचार।** अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस (8 मार्च) के अवसर पर स्त्री मुक्ति लीग और दिशा छात्र संगठन की ओर से पन्त पार्क गोरखपुर विश्वविद्यालय के सामने स्त्री क्या चाहती है विषय पर परिचर्चा का आयोजन किया गया। साथ ही 'मुक्ति के स्वर' नाम से पोस्टर प्रदर्शनी लगायी गयी। कार्यक्रम की शुरुआत 'महिलाएं अगर उठी नहीं तो जुल्म बढ़ता जायेगा' क्रान्तिकारी गीत से किया गया।

योजना — कमर की हड्डी गलने से बैठने व चलने में हो रही थी मुश्किल, निजी अस्पताल में इलाज से अब बिता रहीं सामान्य जीवन

# आशमां के लिए वरदान साबित हुई आयुष्मान योजना

सिद्धार्थनगर

**अमृत विचार।** आयुष्मान भारत योजना गरीबी में वरदान साबित हो रहा है। नौगढ़ शहर के रामनगर तेतरी बाजार निवासी आशमां (37) को योजना के तहत इलाज मिलने से जिंदगी बदल गई है। इनकी कमर की हड्डी गलने से बैठने व चलने में संकट खड़ा हो गया था। दर्द से कराह रही थी। योजना के तहत निःशुल्क ऑपरेशन हो गया है। अब उनकी जिंदगी धीरे-धीरे सामान्य होने लगी है। आशमां के पति नवी हुसैन बताते हैं कि अक्टूबर 2023 में उनकी पत्नी के पैर में दर्द का महसूस होने लगा। दिसंबर 2023 में दर्द इस कदर बढ़ा की बैठने-उठने में परेशानी होने लगी। स्थानीय स्तर पर उपचार के दौरान लाभ नहीं मिला। एक निजी अस्पताल के चिकित्सक डॉ. अमित पटेल ने परामर्श के दौरान बताया कि एमआरआई में दर्द का सही कारण पता चल सकता है। इसके बाद वह बत्नी का एमआरआई कराए तो पता चला कि रीढ़ की हड्डी गल गई है और उसमें पस बन गया है। दिसंबर माह में आनन-फानन उपचार के लिए राम मनोहर लोहिया अस्पताल, लखनऊ गए। यहां तीन लाख रुपए का स्टीमेट बना। वह बताते हैं कि पेपर बांट कर परिवार का जीविका चलाते हैं। ऐसे लखनऊ में रहकर उपचार करा पाना संभव नहीं था। वापस घर लौट आए और गोरखपुर में आयुष्मान भारत योजना से जुड़े अस्पताल की तलाश किया। काफी खोजने पर पता चला कि अमृत हॉस्पिटल तारामंडल योजना से जुड़ा है और यहां इलाज संभव है। इसके बाद 29 दिसंबर 2023 को पत्नी का ऑपरेशन कराया। ऑपरेशन के बाद कमर से लेकर पैर के नीचे तक होने वाला दर्द गायब हो गया है। अब वह न सिर्फ सामान्य हालात में हैं, बल्कि उठ-बैठकर भोजन इत्यादि आसानी से कर ले रही हैं। आसमां बताती हैं कि चिकित्सकी परामर्श के अनुसार अभी अधिक समय तक बेड पर ही रह रही हैं। अगले कुछ दिनों बाद चलना भी प्रारंभ कर देंगी।



लाभार्थी आशमां

"आयुष्मान भारत योजना गरीबों के लिए वरदान है। लाभार्थी योजना का अधिक से अधिक लाभ उठाएं, इसका निरंतर प्रयास जारी है। जिले के अलावा देश के बड़े शहरों में भी पंजीकृत अस्पतालों में लाभार्थी उपचार कराकर योजना का लाभ उठा सकते हैं।"
-डॉ. लक्ष्मी सिंह, जिला समन्वयक आयुष्मान भारत योजना

### युवक की हत्या की जांच में जुटी पुलिस

सिद्धार्थनगर, अमृत विचार। लोटन कोतवाली के रमवापुर गांव निवासी 22 वर्षीय अभिषेक उपाध्याय की मौत का रहस्य गहराता जा रहा है। पिता ने हत्या बताते हुए मामले में रिपोर्ट दर्ज कराई है लेकिन पुलिस अभी तक घटना में किसी तरह का खुलासा नहीं कर सकती है। हालांकि पुलिस युवक की हत्या की जांच कर रही है। अभिषेक के शव के साथ मौके से एक दुपट्टा भी बरामद किया गया था। जिसके चलते प्रेम प्रसंग में हत्या की बात भी कही जा रही थी। अभिषेक उपाध्याय मुम्बई से कमाकर हाल ही में घर लौटा था। वह 5 मार्च की शाम बाइक लेकर निकला था। 6 मार्च को अभिषेक का शव गांव के दक्षिण बगीचे में आम के पेड़ से दुपट्टे के सहारे लटकी मिली थी। पिता देवनंदन उपाध्याय का कहना है कि बेटे की हत्या कर शव पेड़ से लटकाया गया है।

## एक नजर

### अज्ञात वाहन की टक्कर से नवजात की मौत

**महाराजगंज तराई, बलरामपुर।** महराजगंज के ललिया रोड से सुगानगर को जाने वाले मार्ग पर 1:30 बजे के करीब अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। ग्राम महदईया निवासी राम बक्श ने बताया कि अपनी बहन सुशीला व उनकी बेटी शिवानी लगभग 7 माह अपने गांव से जहाहडीह गांव ले जा रहे थे। तभी हरिहर नगर गांव के पास अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। जिसमें भाई-बहन व भांजी गंभीर रूप से घायल हो गए। ग्रामीणों की मदद से घायलों को एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। इलाज के दौरान नवजात शिशु शिवानी की मौत हो गई। रामबक्स व सुशीला को डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद घर भेज दिया है। प्रभारी थाना अध्यक्ष मुनीष दुबे ने बताया है कि घटना की सूचना नहीं मिली है। जानकारी करके कार्रवाई की जाएगी।

### मिट्टी खनन करते हुए ट्रैक्टर ट्रॉली सीज

**हर्रैय्या सतघरवा, बलरामपुर, अमृत विचार।** स्थानीय थाने की पुलिस द्वारा अवैध मिट्टी खनन करते हुए एक ट्रैक्टर ट्रॉली पकड़कर सीज किया है। प्रभारी निरीक्षक हरैया गोविंद कुमार ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर थाना क्षेत्र के गनवरिया गांव के पास से अवैध मिट्टी खनन करते हुए एक ट्रैक्टर ट्राली पकड़ कर सीज किया गया है।

### चोरी का पंपिंग सेट इंजन बरामद, दो गिरफ्तार

**बलरामपुर।** थाना सादुल्लानगर पुलिस टीम द्वारा चोरी किया हुआ पंपिंग सेट इंजन की बरामदगी कर चोरी की घटना मे शरीक रहे दो अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया। एसपी केशव कुमार द्वारा जनपद में अपराधों की रोकथाम हेतु चलाए जा रहे अभियान के क्रम में प्रभारी निरीक्षक सादुल्लानगर बृजानंद सिंह के नेतृत्व में 7 मार्च की रात्रि में वादी गजराज वर्मा निवासी नथईपुर कुंवर थाना सादुल्लानगर के खेत से फील्ड मार्शल कंपनी का पंपिंग सेट इंजन अज्ञात चोरों द्वारा चोरी कर लिया गया था। जिसके संबंध में थाना स्थानीय पर पंजीकृत किया गया था। शनिवार को सुबह दो अभियूक्तों अमरजीत उर्फ निरहू निवासी ग्राम पिपरागिंट बनकटवा थाना सादुल्लानगर व सुनील जायसवाल उर्फ बुद्धू निवासी ग्राम नथईपुर कुंवर थाना सादुल्लानगर को गिरफ्तार कर चोरी गया फील्ड मार्शल कंपनी का पंपिंग सेट मशीन को बरामद कर मुकदमा पंजीकृत कर अभियुक्तों को न्यायालय रवाना किया गया है।

# असलहे की नोक पर छात्रा के अपहरण व दुष्कर्म का प्रयास, आरोपी गिरफ्तार

संवाददाता, संतकबीरनगर

**दुस्साहस**

- गुरुवार को कोचिंग जा रही छात्रा का कर लिया था अपहरण
- चलती गाड़ी में दुष्कर्म का विरोध करने पर छात्रा को मार दी गोली

**अमृत विचार।** धनघटा चौराहे पर दिन के 3.30 बजे के आसपास कोचिंग जा रही छात्रा को मनबढ़ मनचलों ने असलहे की नोक पर खींचकर गाड़ी में बैठा लिया और चलती गाड़ी में उसके साथ दुष्कर्म का प्रयास करने लगे। छात्रा के तगड़े विरोध के चलते दुष्कर्म करने में नाकाम मनचले ने छात्रा को गोली मारकर घायल कर दिया।

बेहद चौंकाने वाली बात तो यह है कि खून से लथपथ छात्रा को मनचले काफी देर तक इधर-उधर घुमाते रहे और बाद में गोरखपुर स्थित एक प्राइवेट हॉस्पिटल में ले जाकर एडमिट भी कर दिया। परिजनों को मामले की जानकारी हुई तो वे हास्पिटल पहुंचे और घायल छात्रा के बयान के आधार पर मनचलों के खिलाफ धनघटा पुलिस को तहरीर सौंपी। प्रभारी निरीक्षक धनघटा अनिल कुमार ने बताया कि परिजनों की तहरीर पर महुली थानाक्षेत्र के ग्राम खजुरिया निवासी राहुल यादव पुत्र चंद्र प्रकाश यादव और उसके साथी हरिओम यादव पुत्र ब्रह्मदेव यादव के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत मुकदमा कायम करते हुए अभियुक्त राहुल यादव को को गिरफ्तार कर लिया गया है।

उन्होंने बताया कि अभियुक्त के कब्जे से घटना में प्रयुक्त अवैध पिस्टल, कारतूस, अभियुक्त की अर्टिगा कार और वाहन से अन्य साक्ष्यों के साथ उसे न्यायालय रवाना कर दिया गया है। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि मुख्य अभियुक्त के साथ मौजूद हरिओम यादव पुत्र ब्रह्मदेव यादव की गिरफ्तारी के प्रयास जारी हैं। शीघ्र ही उसे भी गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

# 507 गर्भवती महिलाओं का किया अल्ट्रासाउंड

- 1,073 गर्भवती महिलाओं की हुई जांच


संयुक्त चिकित्सालय में महिला की जांच करतीं चिकित्सक। अमृत विचार

**बलरामपुर, अमृत विचार।** शनिवार को जनपद के दो जिला स्तरीय चिकित्सालय जिला संयुक्त चिकित्सालय जिला महिला चिकित्सालय बलरामपुर, नौ सीएचसी व नौ प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों सहित कुल बीस स्वास्थ्य केंद्रों पर प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान मनाया गया।

जनपद में आयोजित प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान में कुल 1073 गर्भवती महिलाओं की जांच किया गया। 116 गर्भवती महिलाएं हाई रिस्क प्रेग्नेंसी के रूप में चिन्हित किया गया। कुल 507 महिलाओं का निःशुल्क अल्ट्रा साउंड करवाया गया। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ मुकेश कुमार रस्तोगी ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गैंसडी में आयोजित प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान का निरीक्षण किया। निरीक्षण में चिकित्सक समेत कुल चार कर्मी अनुपस्थित पाए गए। सभी अनुपस्थित पाए गए कर्मियों का अनुपस्थित अवधि का वेतन रोकने हेतु अधीक्षक सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र गैंसड़ी डॉ सुरेंद्र कुमार को निर्देशित किया। निरीक्षण किए जाने के समय तक कुल 36 गर्भवती महिलाओं की जांच किया गया था। उन्होंने वहां पर मौजूद मुख्य चिकित्सा अधीक्षक सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र गैंसड़ी डॉ सुरेंद्र कुमार को निर्देशित किया कि सभी गर्भवती महिलाओं की प्रसव पूर्व समस्त जांचें अवश्य कर लिया जाय। सीएमओ डॉ मुकेश कुमार रस्तोगी ने बताया कि इस दिन गर्भवती महिलाओं, विशेष रूप से उच्च जोखिम वाली गर्भवती महिलाओं की पहचान की जाती है और उनका इलाज किया जाता है। और उनके लिए उचित जन्म योजना तैयार की जाती है, क्योंकि उन्हें विशेष देखभाल की आवश्यकता होती है। उच्च जोखिम वाली गर्भवती महिलाओं को विशेष देखभाल प्रदान करके मातृ मृत्यु दर को कम किया जा सकता है। इस दौरान सरकार द्वारा दी जाने वाली सुविधाओं के बारे में भी जागरूक किया गया।

# होली की मस्ती और खाटू नरेश की भक्ति में झूमे भक्त, निकली निशान यात्रा

## भगवतीगंज नगर में भक्तिमय हुआ माहौल, खाटू श्याम बाबा के लगे जयकारे

कार्यालय संवाददाता, बलरामपुर

**अमृत विचार।** जनपद के भगवतीगंज नगर में फाल्गुन महोत्सव के तहत खाटू श्याम बाबा की निशान यात्रा बड़े ही धूमधाम और हर्षोल्लास के साथ निकाली गई। यात्रा चंद्र प्रकाश राइस मिल से निकालकर भगवतीगंज विभिन्न मार्गों से होकर अग्रसेन भवन में पहुंचकर संपन्न हुआ। जिसमें खाटू वाले श्याम तेरा ही सहारा, तेरे सिवा दुनिया में कोई न हमारा, जिस घर में खाटू वाले की तस्वीर लगाई जाती है, के अलावा होली के आनंदमय भजनों के साथ नगर में खाटू श्याम की निशान यात्रा निकाली गई। इससे भगवतीगंज नगर में माहौल भक्तिमय हो गया।

खाटू श्याम बाबा के जयकारे लगाकर पूरा माहौल को भक्तिमय कर दिया। निशान यात्रा का जगह-जगह पर लोगों ने स्टाल लगाकर कोल्ड ड्रिंक, पानी का बोतल, शरबत व मीठा बाटा भक्तों द्वारा प्रसाद का वितरण किया गया व लोगों ने स्वागत सत्कार किया। निशान यात्रा में भगवतीगंज पुलिस चैकी के पुलिस प्रशासन व महिलाओं पुलिसकर्मी मुस्तैद के साथ डटी रही। भजन पर श्रद्धालु झूमने और नाचने को मजबूर हो गए। श्रद्धालु एक दूसरे को अबीर गुलाल लगा रहे थे व खाटू श्याम बाबा का एक श्रृंगार दर्शन के लिए भक्तों की भारी भीड़ रही। जिसमें पंडित जय नारायन शर्मा, मनोज कुमार अग्रवाल, अजय कुमार अग्रवाल, राज कुमार अग्रवाल, सतीश अग्रवाल, प्रमोद चौधरी, साकेत तुलस्यान, विजय अग्रवाल, तारा चंद्र अग्रवाल, सुनील गुप्ता, महेश अग्रवाल, अनूप अग्रवाल, रवीन्द्र गुप्ता कमलापुरी जिलाध्यक्ष वैश्य समाज गौ सेवक बलरामपुर, सौरभ तुलस्यान, डीपी सिह, रघुनाथ अग्रवाल, विक्की, महेश्वरी, अभिषेक सिंगल, अनु अग्रवाल, अंकुश अग्रवाल, संजय अग्रवाल, रवि पोद्दार, यश अग्रवाल, राज कुमार गुप्ता, महिला में सुनीता अग्रवाल, रितु अग्रवाल, पारुल अग्रवाल, नीतू अग्रवाल, संगीता अग्रवाल, पूनम चौधरी, मधु, नेहा, नम्रता अग्रवाल, मीरा सिह, कंचन गुप्ता, गुड़िया, अर्चना सहित कई हजारों की संख्या में लोग शोभा यात्रा के जुलूस में मौजूद रहे।


भगवतीगंज में निकली श्री खाटू श्याम निशान शोभायात्रा में शामिल महिलाएं। अमृत विचार

## छात्रों के उत्कृष्ट पठन-पाठन को लेकर हुई चर्चा

**बलरामपुर, अमृत विचार।** बाबू हरीकान्त स्मारक बाल भारती इंटर कॉलेज के प्रांगण में समिति की आवश्यक बैठक वरिष्ठ अधिवक्ता अनिल कुमार सिंह की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में कॉलेज के पठन-पाठन, इंटरमीडिएट विज्ञान वर्ग के लैब के संसाधनों की व्यवस्था करने, खेलकूद प्रतियोगिता के लिए छात्रों को तैयार करने, वार्षिक समारोह आयोजित करने, कॉलेज की पत्रिका का प्रकाशन करने, आदि पर निर्णय लिए गए।

बैठक में प्रबन्ध तंत्र के प्रबंधक व सचिव डॉ देवेश चन्द्र श्रीवास्तव ने बताया कि कॉलेज में उच्च स्तर की शिक्षा देने के लिए पर्याप्त संसाधन मौजूद हैं। जिनमें विभिन्न विज्ञान वर्ग की प्रयोगशालाओं में पर्याप्त सामान, पर्याप्त कंप्यूटर की व्यवस्था, सिलाई मशीनो की व्यवस्था, शुद्ध पेयजल के लिए आरओ प्लांट की व्यवस्था उपलब्ध है। अपने सम्बोधन में एमएलके कॉलेज के वनस्पति विज्ञान के अध्यक्ष डॉ राजीव रंजन ने बताया कि कक्षा 9 से कक्षा 12 तक के लिए पर्याप्त सामान कॉलेज में उपलब्ध है व समय-समय पर छात्रों के लिए विशेषज्ञ शिक्षकों की व्याख्यान माला का आयोजन कॉलेज में नए सत्र से किया जाए व छात्रों के भविष्य के लिए कैरियर काउंसिलिंग का भी आयोजन किया जायेगा। बैठक में वरिष्ठ सदस्य आदित्य प्रसाद श्रीवास्तव, दिलीप कुमार श्रीवास्तव, डॉ केके राणा, डॉ जुबैर अहमद, तीरथ दास तोलानी, रघुनाथ अग्रवाल, उषा श्रीवास्तव, राम सांवरे त्रिपाठी उपस्थित रहे।

## सार-संक्षेप

### कष्टों से मुक्ति दिलाता है सुंदरकांड का पाठ : कृष्ण चन्द्र


मुख्य अतिथि का स्वागत करते भाजपा विधायक गणेश चौहान। अमृत विचार

**संतकबीरनगर।** खलीलाबाद शहर से सटे बनियाबारी में महाशिवरात्रि के पावन पर्व के उपलक्ष्य में शनिवार की शाम जिला उपाध्यक्ष उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मण्डल खलीलाबाद के तत्वावधान में हनुमान मंदिर पर सुंदरकांड पाठ और विशाल भण्डारे का आयोजन किया गया। सुंदरकांड पाठ का महत्व बताते हनुमान मंदिर के पुजारी ने बताया कि कलयुग में लोगों को अगर रोग तथा कष्टों से मुक्ति चाहिए तो घर-घर सुंदरकांड पाठ करना पड़ेगा। उन्होंने कहा कि सुंदरकांड का पाठ करने से बाबा बजरंग बली अपने भक्तों के सारे कष्टों को दूर कर देते हैं। इससे पहले यहां विभिन्न धार्मिक कार्यक्रम संपन्न कराए गए। बाद में आरती कर प्रसाद का वितरण किया गया। विशाल भण्डारे में हजारों भक्तों ने प्रसाद ग्रहण किया। इस मौके पर भक्तगण सुमित्रा देवी, कृष्ण चन्द्र पाण्डेय, आयोजक अजय पाण्डेय, संजीव पाण्डेय, नीरज पाण्डेय, निलेश पाण्डेय, व्यापारी नेता बनर्जीलाल अग्रहरी, जिलाध्यक्ष कपीस अग्रहरी, शैलेश सिंह, शैलेन्द्र सिंह, अनिकेत पाण्डेय, चन्द्रभूषण मिश्र, अमित पाण्डेय, कुमार गौरव, ज्ञानदेव पाण्डेय, दिपक मिश्र, प्रभाकर दूबे, लकी पाण्डेय, आलोक राय, धीरज पाण्डेय, भाजपा नेता टुनटुन राय, डॉ. विवेक सिंह, बागेश तिवारी, सर्वेश पाण्डेय, सहित भारी संख्या में भक्त गण मौजूद रहे।

### बैंड बाजे के साथ निकली शिव की बरात

**संतकबीरनगर।** महाशिवरात्रि पर्व पर शुक्रवार की देर शाम बैंड बाजे के साथ भगवान शिव की बरात निकाली गई। बरात में बैंड बाजे पर सैकड़ों पुरुष और महिला शिव भक्तों ने जमकर डांस किया। आपको बता दें कि ख़लीलाबाद के माली टोला मोहल्ले में स्थित प्राचीन शिवमन्दिर में शिव मंडली के द्वारा शुक्रवार की सुबह से ही जलाभिषेक के साथ भजन कीर्तन किया गया। साथ ही शाम को भगवान शिव,पार्वती, भगवान राम, और नन्दी के बाल रूप तैयार कर बैंड बाजे के साथ बारात निकाली गई। यहां बाल रूप शिव पर लोगों ने पुष्प वर्षा कर स्वागत किया और मंदिर के पुजारी द्वारा चुनरी ओढाई गई। बारात शिव मंदिर पक्का पोखरा, राम जानकी मंदिर होते माली टोला के प्राचीन शिव मंदिर पहुंची जहां शिव मंडली की महिलाओं ने बाल रूप भगवान शिव की आरती उतारी। शिव मंडली के सदस्य राहुल जायसवाल ने बताया कि मोहल्ले में एक प्राचीन शिव मंदिर है जो पूर्वजों के द्वारा बनाया गया था। परिवार और मोहल्ले की सभी बहुएं मिलकर एक मंडली बनाई हैं जिनके द्वारा प्रत्येक सोमवार को भजन कीर्तन किया जाता है। शोभायात्रा के दौरान सुनीता जायसवाल, प्रियंका जायसवाल, पिंकी जायसवाल, नेहा जायसवाल, नीलू जायसवाल, शिखा जायसवाल, अमित जायसवाल, सौरभ जायसवाल, रजत जायसवाल सहित सैकड़ों शिव भक्त शामिल रहे।

### यादव समाज के 440 लोग भाजपा में शामिल


नारायनपुर बेमिहा ग्राम पंचायत में आयोजित भारतीय जनता पार्टी के सामाजिक मिलन समारोह में शामिल पदाधिकारी व यादव समाज के लोग। अमृत विचार

**पचपेड़वा, बलरामपुर, अमृत विचार।** सामाजिक मिलन समारोह में यादव समाज के 440 लोगों ने समाजवादी पार्टी छोड़ कर भारतीय जनता की सदस्यता ग्रहण किया। विधानसभा गैंसडी के पचपेडवा में नारायनपुर बेमिहा ग्राम पंचायत में आयोजित भारतीय जनता पार्टी की सामाजिक मिलन समारोह में यादव समाज बैनर तले यादव समाज के 440 लोगो ने सपा छोड़कर भारतीय जनता पार्टी में आस्था व्यक्त करते हुए भारतीय जनता पार्टी की सदस्यता ग्रहण किया। निवर्तमान विधायक शैलेश कुमार सिंह शैलू ने सभी लोगो की पार्टी की सदस्यता ग्रहण करवाई। इस अवसर पर कार्यक्रम के संयोजक चंद्र शेखर यादव, जिला पंचायत सदस्य, प्रधान शिव राम यादव मजगवां, आंनद यादव हरैया चंदरसी, राजकुमार यादव, दिलीप यादव, राम केवल यादव, जगन्नाथ यादव के नेतृत्व में प्रेम लाल यादव, पंकज यादव, गल्ले यादव, गुड्डू यादव, बीडी यादव, प्रमोद यादव, देवेंद्र कुमार यादव, राम गोपाल यादव, गोली यादव, जय करन यादव, कृष्ण कुमार यादव, मंशाराम यादव, रोहित यादव, लाल जी यादव, तुलसी राम यादव, महेन्द्र यादव, सूर्य लाल यादव, धर्म राज यादव, रंजीत यादव, सुनील यादव, बब्लू यादव, संत राम यादव, मुरारी यादव समेत प्रधान पूर्व प्रधान, बीडीसी, समेत यादव समाज के 440 लोगों ने भारतीय जनता पार्टी की सदस्यता ग्रहण किया। इस अवसर पर ब्लाक प्रमुख गैसड़ी जगदम्बा सिंह शक्ति, ब्लाक प्रमुख पचपेड़वा मनोज तिवारी, पूर्व ब्लाक प्रमुख अयोध्या प्रसाद, भोला जायसवाल, मदन लाल जायसवाल, प्रखर सिंह, छोटकऊ प्रसाद यादव, अरूण देव पाठक, इंद्रजीत साहू, किशोरी यादव, संतोष सिह, रोहित गुप्ता, राम बिलास, विश्वकर्मा, जमुना मौर्या समेत दर्जनों भारतीय जनता पार्टी के पदाधिकारी उपस्थित रहे।

### घर-घर तक पहुंच रहा योजनाओं का लाभ : अभिमन्यु

**संतकबीरनगर, अमृत विचार।** भारतीय जनता पार्टी पिछड़ा वर्ग मोर्चा द्वारा हैंसर मंडल के नेतवापुर में सामाजिक सम्मेलन का बृहद आयोजन किया गया। आयोजन के मुख्य अतिथि क्षेत्रीय उपाध्यक्ष पिछड़ा मोर्चा अभिमन्यु मौर्य ने भाजपा सरकार की योजनाओं के बारे में विस्तार से प्रकाश डाला। मौजूद लोगों को सम्बोधित करते हुए उन्होंने विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजना, हर घर जल, किसान सम्मान निधि, हर घर शौचालय, 18 से 24 घंटे बिजली की उपलब्धता जैसी तमाम योजना पर प्रकाश डालते हुए लोगों से व्यापक रुप से संवाद किया। विशिष्ट अतिथि क्षेत्रीय विधायक गणेश चंद्र चौहान ने कहा कि डबल इंजन सरकार की विकास योजनाएं जन जन तक पहुंच रही हैं। मोदी और योगी सरकार के द्वारा चलाई जा रही जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ मिल रहा है। कार्यक्रम का संचालन भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा के जिला सोशल मीडिया प्रभारी अंकित शर्मा ने किया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से मंडल अध्यक्ष जियुत लाल निषाद, जिला सह मीडिया प्रभारी संत लाल मौर्य, जिला महामंत्री शिव शंकर विश्वकर्मा, जिला उपाध्यक्ष किसान मोर्चा पी.एन सिंह समेत तमाम पदाधिकारी और कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# त्योहारों को शांतिपूर्वक मनाने की अपील


सादुल्लाह नगर थाना परिसर में आगामी त्योहारों को लेकर पीस कमेटी की बैठक में शामिल लोग। अमृत विचार

सादुल्लाह नगर, बलरामपुर

**अमृत विचार।** सादुल्लाह नगर थाना परिसर में आगामी होली त्यौहार व रमजान माह को देखते हुए पीस कमेटी की बैठक उपजिलाधिकारी उतरौला अवधेश कुमार व क्षेत्राधिकारी प्रमोद कुमार रावत की अध्यक्षता में आयोजित किया गया।

बैठक में उपजिलाधिकारी व क्षेत्राधिकारी उतरौला ने उपस्थिति लोगों से शांति पूर्वक त्योहार मनाने की अपील की। रमेश चंद्र त्रिपाठी, शाहिद हुसैन व राधेश्याम गुप्ता, सादुल्लाह नगर क्षेत्र की गंगा जमुनी संस्कृति पर प्रकाश डालते हुए प्रशासन को शांति पूर्वक त्योहार कराने का विश्वास दिलाया। उन्होंने कहा कि हम सभी मिलकर आपसी भाईचारा व सौहार्द की परंपरा को कायम रखेंगे। बैठक में सादुल्लाहनगर व आस पास के बाजारों में विशेष अवसरों पर फल सब्जियों के दामों में बढ़ोतरी व खाद्य पदार्थ में मिलावट का भी मुद्दा उठाया गया। जिस पर उपजिलाधिकारी उतरौला ने आवश्यक कार्रवाई का आश्वासन दिया। इस अवसर पर अरविंद मिश्र, रमेश चंद्र त्रिपाठी, देवी बख्श सिंह, सरजू प्रसाद, रज्जाक, सईद अहमद, राधेश्याम गुप्ता, दीप चंद जायसवाल, अवधेश कुमार उपाध्याय, अहमद अली, शहंशाह आलम, यार मुहम्मद, अताउल्लाह खान मौजूद रहे।

# पुलिस और अर्द्धसैनिक बलों ने मगहर में किया फ्लैग मार्च

मगहर, संतकबीरनगर

- आगामी त्योहारों और लोकसभा चुनाव के मद्देनजर लोगों को सुरक्षा का कराया एहसास


मगहर नगर में पैदल गश्त करते अर्द्धसैनिक बल और पुलिस के जवान। अमृत विचार

**अमृत विचार।** आगामी होली, रमजान, ईद का त्यौहार और लोकसभा सामान्य निर्वाचन को सकुशल सम्पन्न कराने के उद्देश्य से शनिवार को पुलिस व अर्द्धसैनिक बल सीआईएसएफ के जवानों ने मगहर नगर का पैदल मार्च किया। पुलिस अधीक्षक सत्यजीत गुप्ता के निर्देशन में फ्लैग मार्च का नेतृत्व कोतवाली खलीलाबाद के प्रभारी निरीक्षक बृजेन्द्र पटेल के नेतृत्व में कस्बे के विभिन्न मुहल्लों का पैदल मार्च कर लोगों में सुरक्षा की भावना का एहसास कराया।

कोतवाली प्रभारी बृजेन्द्र पटेल व चौकी इंचार्ज अमित कुशवाहा के नेतृत्व में मगहर पुलिस चौकी और सीआईएसएफ के जवानों ने पुलिस चौकी से कतारबद्ध होकर पैदल चलते हुए शेरपुर, सूती मिल चौराहा, धोबी टोला, काजीपुर चौराहा, स्टेट बैंक होते हुए गांधी आश्रम चौराहे तक गए। वहां से पुनः वापस काजीपुर चौराहे से जामा मस्जिद तिराहा, कन्या जूनियर हाईस्कूल, रानी बाजार, आर्यसमाज मंदिर, तकिया बाजार, मछली मंडी, नई बाजार होते हुए पुनः पुलिस चौकी तक फ्लैग मार्च किया। इस दौरानअर्द्धसैनिक बल द्वारा आम जन मानस में सुरक्षा की भावना उत्पन्न करायी गई और निर्भीक होकर त्यौहारों को मनाने और लोकसभा चुनाव में अपने मताधिकार का अधिक से अधिक प्रयोग किये जाने के लिए आम जनता को जागरूक किया गया। फ्लैग मार्च में कोतवाली प्रभारी बृजेन्द्र पटेल, चौकी इंचार्ज अमित कुशवाहा, दीवान मिथिलेश मिश्र, आदित्य यादव, दीवान अशोक सिंह के अलावा अर्द्धसैनिक बल के तमाम जवान शामिल रहे।

**आयोजन** — भूमिहार ब्राह्मण सम्मेलन में वक्ताओं ने एकजुटता पर दिया बल

# सामाजिक व राजनीतिक नेतृत्व ने ब्राह्मणों को मुख्य धारा से किया दूर : जगद्गुरु


जगद्गुरु को सम्मानित करते भूमिहार ब्राह्मण एकता मंच के पदाधिकारी। अमृत विचार

**संतकबीरनगर, अमृत विचार।** भूमिहार ब्राह्मण एकता मंच के बैनर तले शनिवार को खलीलाबाद के बनियाबारी स्थित कृष्णा मैरेज हाल पर विशाल सम्मेलन का आयोजन किया गया। सम्मेलन में हजारों की संख्या में लोगों ने प्रतिभाग किया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि वाराणसी स्थित राजगुरु मठ शिवाला पीठ के पीठाधीश्वर जगद्गुरु शंकराचार्य स्वामी अनंतानंद सरस्वती ने भूमिहार ब्राह्मण एकता मंच के राष्ट्रीय अध्यक्ष आशुतोष कुमार और सवर्ण आर्मी के राष्ट्रीय अध्यक्ष सर्वेश पाण्डेय के साथ दीप प्रज्वलन कर सम्मेलन का शुभारंभ कराया। मौजूद लोगों को सम्बोधित करते हुए शंकराचार्य स्वामी अनंतानंद सरस्वती ने कहा कि अनादि काल से ब्राह्मण पूज्यनीय और नेतृत्वकर्ता के रूप में अपनी भूमिका निभाता आ रहा है। ब्राह्मण समाज के नेताओं ने ही निहित स्वार्थ की पूर्ति के लिए खुद के समाज को ही हासिये पर खड़ा कर दिया है। समाज को अपने मूल कर्म पर वापस लौटने के साथ ही आपसी एकजुटता के सहारे अपना खोया वैभव वापस लेना होगा।

अपने सम्बोधन में संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष आशुतोष कुमार ने कहा कि मैं उस बिहार प्रदेश का निवासी हूं जहां पांच वर्ष पूर्व तक ब्राह्मणों और भूमिहारों को समाज से पूरी तरह उपेक्षित कर दिया गया था। विगत पांच वर्षों के दौरान कड़ी मेहनत की बदौलत आज बिहार विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष और उप मुख्यमंत्री के पद पर भूमिहार और ब्राह्मण समाज का कब्जा है। उन्होंने कहा कि महज दो से तीन प्रतिशत की आबादी वाली बिरादरी के नेताओं को विधानसभा और लोकसभा का टिकट देने के साथ ही मंत्री भी बनाया जा रहा है और बड़ी आबादी के बावजूद हमारे समाज के नेताओं के टिकट काट दिए जा रहे हैं। इसके पीछे सबसे बड़ी वजह आपसी बिखराव है। सम्मेलन में जोश भरते हुए सवर्ण आर्मी के राष्ट्रीय अध्यक्ष सर्वेश पाण्डेय ने कहा कि एकता से बड़ी से बड़ी लड़ाई जीती जा सकती है। हम एक रहे तो राजनैतिक दलों को घुटनों के बल खड़ा कर सकते हैं। कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉ श्याम नारायण और संचालन शत्रुजीत राय ने किया।

### छाया रहा शुगर मिल की 52 बीघे जमीन का मुद्दा

शुगर मिल के लिए दुधरा गांव के किसानों ने 52 बीघे जमीन मिल प्रबंधन को लीज पर दिया था। शर्त थी कि जबतक मिल चलेगी किसानों को जमीन का किराया मिलता रहेगा और जब मिल समाप्त होगी तो किसानों को उनकी जमीन वापस लौटा दी जाएगी। किसानों का आरोप है कि बाद में मिल प्रबंधन ने जमीन की फर्जी तरीके से रजिस्ट्री करा लिया। मिल बिक कर चली गई तो मिल प्रबंधन ने सारी जमीन ऐस्प्रा ग्रुप के हाथों बेंच दिया। वक्ताओं ने कहा कि जमीन हर हाल में किसानों को वापस दिलाई जाएगी।

## एक नजर

### संदेशखालि को लेकर सरकार पूरी तरह नाकाम : चंद्रशेखर

**अमृत विचार, लखनऊ :** संदेशखालि (पश्चिम बंगाल) में महिलाओं, बच्चों एवं कुछ परिवारों पर अमानवीय अत्याचार एवं हिंसा हो रही है। इसे रोकने पर पश्चिम बंगाल की ममता सरकार पूरी तरह से नाकाम रही है। राजनीति व धार्मिक कारणों से प्रेरित ये कृत्य पुलिस प्रशासन की नाकामी को उजागर करती है। यह जानकारी अखिल भारत हिन्दू महासभा के प्रदेश अध्यक्ष चंद्रशेखर सिंह ने सदर स्थित एक होटल में आयोजित महासभा की बैठक में दी। बैठक में लखनऊ जिला अध्यक्ष विशाल कनौजिया, धनंजय सिंह, मनोज कुमार,अरविंद नाथ गुप्ता,किशन, मुकेश, ओम प्रकाश सिंह, अमर, श्याम मलहोत्रा ,विनोद मलहोत्रा, वंसराज यादव , सुनील यादव सहित अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे।

# 1040 गरीबों को प्रधानमंत्री देंगे लाइट हाउस प्रोजेक्ट की सौगात

## 10 लाभार्थियों को सौंपेंगे सपनों के घर की चाबी, आजमगढ़ से करेंगे वर्चुअल लोकार्पण

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी रविवार को 1040 गरीबों को लाइट हाउस प्रोजेक्ट की सौगात देंगे। प्रधानमंत्री आजमगढ़ में कार्यक्रम के दौरान वर्चुअल तरीके से प्रोजेक्ट का लोकार्पण करेंगे। इस दौरान प्रधानमंत्री 10 लाभार्थियों को सपनों के घर की चाबी सौंपेंगे।

आवासन एवं शहरी कार्य मंत्रालय ने ग्लोबल हाउसिंग टेक्नोलॉजी चेलेंज इंडिया के तहत आवास विकास की अवध विहार योजना के सेक्टर पांच में इन मकानों का निर्माण कराया है। 14 मंजिला इस इमारत में नवीन 'स्टे इन प्लेस फार्मवर्क' तकनीक का इस्तेमाल किया गया है। इस तकनीक से बने मकान टिकाऊ, पर्यावरण के अनुकूल एवं आपदारोधी होते हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एक जनवरी 2021 को लाइट हाउस प्रोजेक्ट का शिलान्यास किया था। परियोजना की कुल निर्माण लागत 130.90 करोड़ रुपये है।



▸▸ प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) के तहत अवध विहार योजना में बनाए गए 1040 मकान

▸▸ देश में छह जगहों पर बनाए गए हैं अलग-अलग तकनीक पर लाइट हाउस प्रोजेक्ट

### लाभार्थियों को देने होंगे 5.26 लाख रुपये

एक आवास की लागत 12.59 लाख रुपये है। लेकिन लाभार्थियों को 5.26 लाख रुपये देने होंगे। परियोजना के लिए केंद्र सरकार ने केंद्रांश 1.50 लाख रुपये के अलावा टीआईजी के रूप में 4 लाख रुपये दिए हैं। राज्य सरकार ने एक लाख रुपये और टीआईजी के रूप में 1.33 लाख रुपये दिए हैं। परियोजना में कुल 7.83 लाख रुपये अनुदान दिया गया है।

**34.50 वर्गमीटर क्षेत्रफल के हैं 1040 फ्लैट :** लाइट हाउस प्रोजेक्ट में 34.50 वर्गमीटर कारपेट एरिया के कुल 1040 भवन बनाये गए हैं। परियोजना में आवास के साथ-साथ कम्युनिटी सेंटर, कॉमर्शियल सेंटर, सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट (एसटीपी), पेयजल, ड्रेजने, आन्तरिक सड़कें, रेन वाटर हार्वेस्टिंग, सोलर लाइट, खुला हरित क्षेत्र, पार्किंग आदि सुविधाएं दी गयी हैं।

**नई तकनीक पर इन शहरों में बनाये गए हैं मकान :** उत्तर प्रदेश सहित देश के छह राज्यों में प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी के तहत लाइट हाउस प्रोजेक्ट तैयार किये गए हैं। इन बहुमंजिला इमारतों में हर जगह अलग-अलग तकनीक का इस्तेमाल किया गया है। लखनऊ के अलावा, चेन्नई, राजकोट, रांची, त्रिपुरा और इंदौर में लाइट हाउस प्रोजेक्ट के तहत गरीबों के लिए आवास बनाये गए हैं।

# नशे के अंतर्राष्ट्रीय तस्कर को एसटीएफ ने पकड़ा

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

▸▸ नागालैण्ड में था वांछित वाराणसी में हत्थे चढ़ा

**अमृत विचार :** एसटीएफ ने नशे के अंतर्राष्ट्रीय तस्कर को गिरफ्तार किया है। नागालैण्ड में वांछित तस्कर रामानन्द यादव वाराणसी में हत्थे चढ़ा है। यह गाजीपुर जिले का मूल निवासी है।

अपराधियों की धर-पकड़ में जुटी एसटीएफ को उसके वाराणसी में होने की सूचना मिली थी। उस आधार पर उसे पकड़ा गया। पूछताछ में पता चला कि वह नागालैण्ड में रहकर प्राइवेट नौकरी करता था। उसी दौरान उसका सम्पर्क नशे के स्थानीय तस्करों के साथ-साथ नेपाल के भी तस्करों से हो गया। नेपाल व देश के अन्य कोने से मादक पदार्थ लाकर अपने गैंग के सदस्यों के साथ नागालैण्ड में बेचता था। इसी दौरान वर्ष 2014 में 5 किग्रा डोडा (मादक पदार्थ का प्रकार) के साथ थाना बारा चट्टी जनपद गया (बिहार) में अपने 4 साथियों के साथ गिरफ्तार हुआ था। जमानत पर छूटने के बाद वह फिर अपने गैंग के साथ सक्रिय हो गया। इसी साल उसके गैंग के 2 सदस्यों को नागालैण्ड पुलिस द्वारा गिरफ्तार किया गया। उस दौरान रामानन्द यादव आदि फरार हो गये थे।

# 2.70 लाख रोजगार देंगे प्रदेश में स्थापित हो रहे बड़े इंडस्ट्रियल पार्क

## 13 पार्क के तहत प्रदेश में हो रहा 14,634 करोड़ रुपये से अधिक का निवेश

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** प्रदेश के कई जनपदों में इंडस्ट्रियल पार्क में 14,634 करोड़ रुपये के निवेश के साथ ही 2.70 लाख लोगों के लिए रोजगार का अवसर उपलब्ध जाने जा रहा है। इनमें सबसे बड़े पार्कों की संख्या 13 है। अकेले 2.5 लाख रोजगार कानपुर नगर में स्थापित हो रहे इंडस्ट्रियल पार्क से मिलने जा रहा है। वहीं, बागपत, बाराबंकी, बरेली, चंदौली, गाजियाबाद, हापुड़, मेरठ, सहारनपुर और शाहजहांपुर में भी इंडस्ट्रियल पार्क स्थापित किए जा रहे हैं।

शासन के मुताबिक निजी इंडस्ट्रियल पार्क के मामले में कानपुर नगर बड़ी उपलब्धि दर्ज करते हुए सबसे ज्यादा रोजगार प्रदान करने को तैयार है। यहां पर मेगा लेदर क्लस्टर डेवलपमेंट (यूपी) लि. 5850 करोड़ की लागत से प्राइवेट इंडस्ट्रियल पार्क स्थापित कर रही है। यह इंडस्ट्रियल पार्क रिकॉर्ड 2.5 लाख लोगों को रोजगार प्रदान करेगा। इसके साथ ही अयोध्या में क्रेसेंडो इंटीरियर्स 500 करोड़ की लागत से इंडस्ट्रियल पार्क की स्थापना कर रहा है, जिससे 100 लोगों को रोजगार प्राप्त होगा तो बाराबंकी में लखनऊ एच एम ग्रीन सिटी प्रा. लि. 150 करोड़ रुपये से इंडस्ट्रियल पार्क स्थापित कर रहा है। इसकी स्थापना के बाद यहां पर 200 लोगों को रोजगार हासिल होगा।

शाहजहांपुर में भी लेटेस्टप्लस अपैरल प्रा. लि. 5000 करोड़ के निवेश से इंडस्ट्रियल पार्क बना रहा है। यह पार्क 1000 लोगों को रोजगार उपलब्ध कराएगा। इसके अतिरिक्त बरेली में रियलप्लाई प्लाइवुड्स एलएलपी 408 करोड़ की लागत से शुरू कर रहे प्रोजेक्ट के जरिए 1000 लोगों को, जबकि चंदौली में डीआरएस डेवलपर्स 50 करोड़ के निवेश से प्लेज स्कीम के अंतर्गत 150 लोगों के रोजगार का प्रबंध कर रहा है।



▸▸ कानपुर नगर में स्थापित हो रहे इंडस्ट्रियल पार्क से सर्वाधिक 2.5 लाख रोजगार का हो रहा सृजन

▸▸ बागपत, बाराबंकी, बरेली, मेरठ, शाहजहांपुर आदि जिलों में भी स्थापित हो रहे इंडस्ट्रियल पार्क

### पश्चिमांचल में भी देंगे हजारों रोजगार

प्रदेश के पश्चिमांचल में भी बड़े पैमाने पर इंडस्ट्रियल पार्क स्थापित किए जा रहे हैं। इसमें बीएमआर बिल्डकॉन प्रोजेक्ट्स प्रा. लि. बागपत में 200 करोड़ से 30 एकड़ इंडस्ट्रियल पार्क के जरिए 1200 लोगों के लिए नौकरियां सृजित करेगा, जबकि बागपत में ही कालिंदी एस्टेट प्रा. लि. 200 करोड़ से 25 एकड़ इंडस्ट्रियल पार्क स्थापित करके 1430 लोगों को रोजगार देगा। गाजियाबाद में मल्टीविंग्स इलेक्ट्रिक एलएलपी 500 करोड़ से लॉजिस्टिक पार्क का निर्माण कर रहा है। यह 800 लोगों के लिए नौकरियां प्रदान करने में सक्षम होगा। जबकि हापुड़ में शिव शंकर इंडस्ट्रीज 350 करोड़ के निवेश से 500 लोगों के लिए रोजगार के द्वार खोलेगा। मेरठ में विश्वकर्मा इंडस्ट्रियल एस्टेट 626 करोड़ की लागत से इंडस्ट्रियल पार्क बना रहा है, जिससे 6570 लोगों को रोजगार मिलेगा। मेरठ में ही पसवारा इंफ्रास्ट्रक्चर प्रा. लि. भी इंडस्ट्रियल पार्क में 300 करोड़ के प्रोजेक्ट में निवेश कर रहा है जो 500 लोगों को रोजगार उपलब्ध कराएगा। सहारनपुर में पुलस्तया इंडस्ट्रियल पार्क लि. भी 500 करोड़ से इंडस्ट्रियल पार्क निर्मित कर रहा है। इससे 5000 लोगों की रोजी रोटी के प्रबंध किए जाने की उम्मीद है।

### हर सुविधा से लैस होंगे इंडस्ट्रियल पार्क

प्रदेश में स्थापित किए जा रहे इन प्राइवेट इंडस्ट्रियल पार्क में औद्योगिक इकाइयों के लिए सभी सुविधाएं एक ही परिसर में उपलब्ध होंगी। पार्क के मैन्युफैक्चरिंग जोन में फ्लैटनुमा कारखाने और फैक्ट्री शेड होंगे। सामान्य सुविधाओं के तहत बिजनेस व शॉपिंग सेंटर, इन्क्यूबेशन सेंटर, होटल व रेस्टोरेंट, हॉस्टल, ऑफिस ब्लॉक, स्वास्थ्य व संचार सुविधाएं, पुलिस व फायर स्टेशन आदि होंगे। इन इंडस्ट्रियल पार्क में बिजली, पानी, सड़क की सुविधा के अलावा कॉमन एफ्लुएंट ट्रीटमेंट प्लांट, टेस्टिंग व सर्टिफिकेशन लैब भी होंगे। लॉजिस्टिक्स के तहत वेयरहाउस, कंटेनर व ट्रक टर्मिनल, रेलवे साइडिंग इंफ्रास्ट्रक्चर, फ्यूल स्टेशन आदि सुविधाएं भी उपलब्ध होंगी। इसके अलावा हरियाली से भरा ग्रीन जोन भी होगा। यही नहीं, सुरक्षा की दृष्टि से भी यहां सिक्योरिटी गार्ड व पुलिस थाना जैसी सुविधाएं प्रदान की जाएंगी।

## रमजान और ईद पर पुख्ता सुरक्षा इंतजाम करें अफसर : डीजीपी

**अमृत विचार, लखनऊ :** पुलिस महानिदेशक प्रशांत कुमार ने शनिवार को रमजान और ईद पर्व को लेकर प्रदेश के सभी पुलिस अफसरो को पुख्ता सुरक्षा इंतजाम करने के निर्देश दिए हैं।

डीजीपी ने कहा कि पुलिस अफसर कार्यक्रमों के आयोजक, पीस कमेटी एवं धर्मगुरुओं के साथ बैठक कर समस्त कार्यक्रम की रूपरेखा तैयार कर लें। मजिस्ट्रेट एवं अन्य विभागों के अफसरों से समन्वय स्थापितकर त्योहारों से संबंधित समस्त समस्याओं का समाधान समय से करा लिया जाए। उन्होंने कहा कि किसी नई परंपरा की अनुमति नहीं दी जाए। थानों में मौजूद त्योहार रजिस्टर एवं रजिस्टर नम्बर आठ में उपलब्ध सारी प्रविष्टयों का अध्ययन कर लिया जाए। असामाजिक और अवांछनीय तत्वों की सूची को अद्यावधिक कर आवश्यकतानुसार उनके विरुद्ध कड़ी निरोधात्मक कार्रवाई कर ली जाए।

त्योहारों के मद्देनजर समस्त ट्रबल स्पॉट, हॉट स्पॉट की सूची बनाकर वरिष्ठ अधिकारी स्तर पर भ्रमण कर समीक्षा करने और पूर्व विवादों और घटनाओं की को देखते हुए प्रभावी पुलिस प्रबंधन सुनिश्चित कर लेने का निर्देश दिया है। उन्होंने कहा कि आयोजन स्थलों, संवेदनशील एवं आबादी वाले स्थानों, जुलुस के मार्गों पर ड्रोन कैमरे, सीसीटीवी कैमरे के माध्यम से निगरानी की जाए। लगातार पुलिस मोबाइल गश्त एवं फूट पेट्रोलिंग किया जाए।

# खत्म कर देनी चाहिए ईडी और सीबीआई

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) और सीबीआई के काम करने के तरीके पर कहा कि ऐसी संस्थाएं हमेशा के लिए खत्म कर देनी चाहिए। जैसे नेताजी मुलायम सिंह यादव ने सत्ता में आने पर व्यापारियों पर लगने वाली चुंगी समाप्त कर दी थी।

अखिलेश का आरोप रहा कि ऐसी एजेंसियों का इस्तेमाल केन्द्र सरकार विरोधी दलों को डराने-धमकाने के लिए कर रही है। वहीं, सपा प्रमुख ने इशारों ही इशारों में भाजपा सरकार की तुलना हिटलर के शासन से की। अखिलेश यादव ने मोदी सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि 10 सालों से अधिक तो हिटलर का शासन नहीं चल सका। इनके भी 10 साल हो चुके हैं। उप्र. की जनता अगर स्वागत भी अच्छे से करती है तो वह अच्छे से विदाई भी करना जानती है।

अखिलेश यादव शनिवार को सपा मुख्यालय में भाजपा, रालोद और बसपा से आए नेताओं को पार्टी की सदस्यता दिलाने के बाद पत्रकारों को संबोधित कर रहे थे।

**मायावती का जताया आभार :** बसपा प्रमुख मायावती द्वारा एक बार फिर से अकेले लोस. चुनाव लड़ने पर अखिलेश यादव ने कहा कि इसके लिए उन्हें धन्यवाद। बता दें कि मायावती ने शनिवार सुबह ही सोशल मीडिया साइट एक्स पर कहा कि बसपा के किसी भी गठबंधन में शामिल होने की बातें अफवाह हैं। बसपा अकेले ही चुनाव लड़ेगी।



सपा मुख्यालय में भाजपा, रालोद और बसपा से आए नेताओं को पार्टी की सदस्यता दिलाने के दौरान सपा प्रमुख अखिलेस यादव, साथ में अन्य। अमृत विचार

▸▸ कहा, 10 सालों से अधिक तो हिटलर का शासन नहीं चल सका

### ये नेता सपा में हुए शामिल

शनिवार को सपा में डॉ. सीताराम राजपूत भाजपा छोड़कर अपने समर्थकों के साथ शामिल हो गए। इसके अलावा, रालोद के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष रहे लतेश विधूड़ी, परवेज आलम, बसपा के इलियास अंसारी, कुशीनगर, पूर्व विधायक सुभाष चंद्र श्रीवास्तव, हरदोई के तिलक चंद्र वर्मा, औरैया के पूर्व विधायक मदन गौतम और सुबोध यादव भी सपा के साथ आ गए।

# यूपीएसआईएफएस के छात्रों ने सीडीएफडी में समझी फॉरेंसिक की बारीकियां

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

▸▸ डीएनए व फिंगर प्रिंटिंग पर हुई चर्चा : डॉ0.गोस्वामी

▸▸ इससे फॉरेंसिक के क्षेत्र में न्याय दिलाने में मिलेगा मजबूत साक्ष्य

**अमृत विचार :** यूपीएसआईएफएस के छात्रों ने सीडीएफडी हैदराबाद में नमूना संग्रह, डीएनए प्रोफाइल तैयार करने तक डीएनए फिंगरप्रिंटिंग की प्रक्रियाओं पर आधारित बारीकियां समझी। इस दौरान डीएनए प्रिंटिंग, फिंगर प्रिंटिंग पर गहराई से चर्चा हुईं।

यूपीएसआईएफएस के छात्रों ने इस कार्यक्रम में फोरेंसिक से संबंधित उन सभी आवश्यक बारीकियों को सीखा, जिसे फॉरेंसिक के क्षेत्र में पहलकर साक्ष्य के रूप में संग्रह करना और उसे न्याय दिलाने में मजबूत साक्ष्य के रूप में खड़ा किया जा सकता है।

यूपीएसआईएफएस के निदेशक डॉ. जीके गोस्वामी यह जानकारी दी है। उन्होंने बताया कि सीडीएफडी के निदेशक डॉ. संगीता मुखोपाध्याय के बीच 13 फरवरी 2024 को एमओयू साइन किया गया था। उसके चलते यूपीएसआईएफएस के छात्रों को यह पहला मौका मिला था।

उन्होंने बताया कि उप्र स्टेट इंस्टीट्यूट ऑफ फॉरेंसिक साइंस (यूपीएसआईएफएस) लखनऊ के छात्रों का एक दल सेंटर फॉर डीएनए फिंगर प्रिंटिंग एंड डायग्नोस्टिक (सीडीएफडी) हैदराबाद में एक सप्ताह का व्यावहारिक प्रशिक्षण सफलता के साथ पूर्ण किया। इसमें एक दर्जन से अधिक छात्र शामिल थे, जो संस्थान के फॉरेंसिक विषयों में शिक्षा ग्रहण कर रहे हैं।

डॉ. गोस्वामी ने यह भी बताया कि छात्रों ने फिनोल, क्लोरोफॉर्म और आइसो-एमाइल अल्कोहल (पीसीआई) का उपयोग करके डीएनए निष्कर्षण की विभिन्न विधियों जैसे कार्बनिक विधि और चुंबकीय मनका आधारित तरीके और जेल इलेक्ट्रोफोरेसिस और रियल-टाईम पीसीआर द्वारा डीएनए मात्रा निर्धारण के बाद एसटीआर एम्प्लिफिकैसन और जीनोटाइपिंग द्वारा डीएनए प्रोफाइल तैयार करना भी सीखा।

# अकेले लड़ेंगे चुनाव : मायावती

राज्य ब्यूरो, लखनऊ



▸▸ बसपा प्रमुख ने किसी तीसरे मोर्चे और गठबंधन करने की अटकलों पर लगाया विराम

**अमृत विचार :** बहुजन समाज पार्टी के इंडिया गठबंधन में शामिल होने अथवा कोई तीसरा मोर्चा बनाने की चर्चाओं के बीच बसपा प्रमुख मायावती ने स्थिति स्पष्ट की है। बसपा प्रमुख ने एक्स पर अपनी प्रतिक्रिया पोस्ट करते हुए इन दोनों संभावनाओं से इंकार किया है।

मायावती ने अपनी पोस्ट में शनिवार को लिखा कि बीएसपी देश में लोकसभा का आमचुनाव अकेले अपने बलबूते पर पूरी तैयारी व दमदारी के साथ लड़ रही है। ऐसे में चुनावी गठबंधन या तीसरा मोर्चा आदि बनाने की अफवाह फैलाना गलत है। उन्होंने सुझाव दिया कि मीडिया ऐसी शरारतपूर्ण खबरें देकर अपनी विश्वसनीयता न खोए।

मायावती के मुताबिक, ऐसी अफवाहों से लोग भी सावधान रहें। ख़ासकर उप्र. में बसपा की काफी मजबूती के साथ अकेले चुनाव लड़ने के कारण विरोधी लोग काफी बैचेन लगते हैं। इसीलिए ये आए दिन किस्म-किस्म की अफवाहें फैलाकर लोगों को गुमराह करने का प्रयास करते रहते हैं। किन्तु बहुजन समाज के हित में बीएसपी का अकेले चुनाव लड़ने का फैसला अटल है।

पहले भी मायावती ने एक प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान यह स्पष्ट किया था कि बसपा लोकसभा का चुनाव अकेले ही लड़ेगी और वह किसी भी दल के साथ गठबंधन में शामिल नहीं होंगी।


## वर्ग पहेली-5

**बाएं से दाएं**

1. 1. खाद्य पदार्थ का बासी हो जाना 2. खाने-पीने के पदार्थों से बदबू आना गंधाना, सड़ना।
4. सूबेदार का ओहदा या पद, सूबेदार का कार्य।
6. वह कागज़ जिसपर इकरार और उसकी शर्तें लिखी हों, शपथपत्र, प्रतिज्ञापत्र।
7. 1. जो वैधानिक न हो, अवैधानिक 2. अकरणीय, अकर्तव्य।

**ऊपर से नीचे**

2. समान जाति से संबंधित, समान जाति या प्रकार के।
3. अनुपम, उत्कृष्ट, बेहतरीन, बेजोड़।
4. 1. प्राचीनकाल में सूबे अर्थात प्रांत का प्रधान अधिकारी अथवा प्रादेशिक शासक, (गवर्नर) 2. वर्तमान में फ़ौज का एक छोटा अधिकारी।
5. 1. हिम का घर 2. हिमालय पर्वत।
6. 1. बाण, तीर 2. (ज्यामिति) वृत्त के अंदर जीवा के मध्य-बिंदु से परिधि तक खींची जाने वाली सीधी रेखा।



### वर्ग पहेली -4 का हल

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| ■ | 1 गु | ■ | ■ | ■ | ■ | 2 ते |
| 3 जु | ला | ब | ■ | 4 खं | ■ | गा |
| ■ | ब | ■ | 5 सौ | गा | त | ■ |
| ■ | 6 पा | नी | दा | र | ■ | 7 बि |
| ■ | श | ■ | सू | ■ | ■ | खे |
| 8 साँ | ■ | 9 इं | त | हा | ■ | र |
| ड़ | ■ | ■ | ■ | ■ | ■ | ना |

## सुडोकू -84

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 9 | | 7 | | 5 | | | 8 |
| | 8 | | 2 | | 1 | | | |
| 2 | | | | 6 | | | | 1 |
| | | 3 | | | 2 | 5 | 4 | |
| | | | | | | | | |
| | 2 | 6 | 1 | | | 8 | | |
| 5 | | | | 7 | | | | 2 |
| 4 | | | 9 | | 3 | | 6 | |
| | | | | 1 | 8 | | 9 | |

### सुडोकू -83 का हल


| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 9 | 3 | 6 | 5 | 8 | 7 | 1 | 4 |
| 4 | 6 | 7 | 9 | 1 | 2 | 3 | 5 | 8 |
| 8 | 5 | 1 | 3 | 4 | 7 | 9 | 6 | 2 |
| 9 | 1 | 6 | 5 | 2 | 4 | 8 | 3 | 7 |
| 3 | 8 | 4 | 7 | 6 | 9 | 5 | 2 | 1 |
| 5 | 7 | 2 | 8 | 3 | 1 | 4 | 9 | 6 |
| 6 | 4 | 9 | 1 | 8 | 3 | 2 | 7 | 5 |
| 1 | 3 | 8 | 2 | 7 | 5 | 6 | 4 | 9 |
| 7 | 2 | 5 | 4 | 9 | 6 | 1 | 8 | 3 |

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 10 मार्च, रविवार 2024 संवत-2080, शक संवत 1945 मास-फाल्गुन, पक्ष-कृष्ण पक्ष, तिथि-अमावस्या 14.29 तक तत्पश्चात प्रतिपदा।

### आज का पंचांग




**दिशाशूल**-पश्चिम। **ऋतु**-वसंत।
चन्द्रबल-मेष, वृषभ, सिंह, कन्या, धनु, कुंभ।
ताराबल-भरणी, रोहिणी, आर्द्रा, पुनर्वसु, पुष्य, आश्लेषा, पूर्वा फाल्गुनी, हस्त, स्वाति, विशाखा, अनुराधा, ज्येष्ठा, पूर्वाषाढ़ा, श्रवण, शतभिषा, पूर्वाभाद्रपद, उत्तराभाद्रपद, रेवती।
नक्षत्र-पूर्वाभाद्रपद 11 मार्च 01.55 तक तत्पश्चात उत्तर भाद्रपद।

**मेष** — आज व्यवसाय में सहयोगी आपके कार्यों से प्रसन्न रहेंगे। निर्माण कार्यों में आपको सफलता मिलेगी। कुछ बदलाव कर सकते हैं। मित्रों के साथ कहीं घूमने जा सकते हैं। लंबित मामलों के परिणाम आपके पक्ष में होने की संभावना है।

**वृष** — आज मित्रों का सहयोग लेना हितकारी होगा, जो लोग आपके विरुद्ध थे,वे अचानक आपके पक्ष में आ सकते हैं। नया मकान खरीदने का विचार बनाएंगे। व्यापार में जिम्मेदारियां बढ़ सकती है। आपकी कर्तव्यनिष्ठा की प्रशंसा होगी।

**मिथुन** — आज जॉब में बदलाव करने का विचार बनाएंगे। प्रेम संबंधों में कुछ प्रतिकूलता रहेगी। अपने काम को लेकर सतर्क रहें। समय के अनुसार अपने व्यवहार में बदलाव लाएं। व्यवसाय में रुके हुए कार्यों में सफलता मिलेगी।

**कर्क** — आज रक्तचाप और किडनी के रोगियों की परेशानी हो सकती है। तनाव की वजह से आपकी नींद प्रभावित होगी। विवाह को लेकर समस्या होगी। किसी भी तरह की उधारी न करें। दांपत्य संबंधों को समय अवश्य दें।

**सिंह** — आज माता के स्वास्थ्य की चिंत रहेगी। घर में मित्रों का आगमन होगा। वैवाहिक चर्चाओं में सफलता मिलेगी। उत्साहवर्धक सूचना मिल सकती है। आपको प्रेम प्रस्ताव मिल सकते हैं। राजनीति से जुड़े लोगों को उच्च पद मिलने के योग बन रहे हैं।

**कन्या** — आज आपका स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। अपनी योग्यता पर विश्वास रखें। ऑफिस में राजनीति हो सकती है। अपनी वाणी पर संयम बनाए रखें। आपको ज्यादा मेहनत करने के बाद ही अच्छे परिणाम मिलेंगे। ट्रैफिक नियमों में लापरवाही न करें।

**तुला** — आज आपके आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। घर में परिजन किसी बात से रुष्ट हो सकते हैं। अपनी धार्मिक वृत्तियों का प्रदर्शन ज्यादा न करें। अपनी रुचि के अनुसार काम करने से सफलता मिलेगी। प्रेम संबंधों में साथी की भावनाओं का ध्यान रखें।

**वृश्चिक** — आज घर में किसी बात को लेकर झगड़ा हो सकता है। इस कारण आपका मन विचलित रहेगा। बिजली के उपकरणों का सावधानी पूर्वक प्रयोग करें। गलत आदतों पर शीघ्रता से नियंत्रण करें। आपके काम बिगड़ सकते हैं।

**धनु** — आज बच्चों के भविष्य की योजना बना सकते हैं। अपनी कार्यशैली में सुधार करने का प्रयास करेंगे। विद्यार्थी पढ़ाई पर काफी ध्यान देंगे। व्यवसाय में बड़े ऑर्डर मिल सकते हैं। आय के नए स्रोत विकसित होंगे।

**मकर** — आज संपत्ति विवाद से दूर रहें। कार्यक्षेत्र में सीनियर्स से आपको लाभ मिलेगा। सामाजिक कार्यक्रमों में आपका मन नहीं लगेगा। कमीशन से जुड़े कार्यों में नुकसान हो सकता है। नए कारोबार में धन को लेकर परेशानी होगी।

**कुंभ** — आज ऑफिस का काम घर पर करना पड़ेगा। बॉस से बेवजह कहासुनी हो सकती है। दूसरों के कार्यों में अपनी दखलंदाजी न करें। अपनी बातों को दूसरों से मनवाने के लिए काफी मेहनत करनी पड़ेगी। मेहनत का उचित परिणाम मिलेगा।

**मीन** — आज सरकारी मामलों में आपको समस्या होगी। जीवनसाथी के साथ अपने संबंध अच्छे रखें। उच्च अध्ययन में आप रुचि ले सकते हैं। बुरी संगत के कारण आपको नुकसान हो सकता है। अपनी व्यक्तिगत बातों को दूसरों से शेयर न करें।

## आज की फिल्में

B4U MOVIES
खुद्दार — दोपहर : 12.00
मेला — रात : 08.39

SONY PIX
एक्वामैन — सुबह : 09.52
स्पाइडर मैन — रात : 07.59

SONY MAX
अर्जुन पटियाला — सुबह : 10.56
हसीन दिलरुबा — रात : 07.00

ZEE CINEMA
कार्तिक कॉलिंग कार्तिक — सुबह : 10.30
रेस 3 — शाम : 04.30

colors CINEPLEX
बेटा — दोपहर : 12.03
मैं हूं ना — रात : 08.02

### आज की सुपरहिट फिल्म




जी सिनेमा पर शाम 04.30 बजे

## जोक्स ऑफ द डे

एक बार एक दामाद शराब पी के घर लौटा। ससुराल वाले से बचने के लिए सूटकेस खोलकर काम करने लगा।
ससुर-आज फिर पी के आए हैं
दामाद-नहीं
ससुर-तो सूटकेस खोल के क्या रेडियो स्टेशन लगा रहे हैं।
ससुर की बात सुनकर दामाद का सारा नशा उतर गया।

गोलू पड़ोसी से- मैं आपकी बेटी से शादी करना चाहता हूं।
पड़ोसी-कितना कमा लेते हो?
गोलू-20 हजार रुपये प्रति माह।
पड़ोसी- मैं अपनी बेटी को 15 हजार रुपये प्रति माह पॉकेट मनी देता हूं।
गोलू-मैं भी तो उसी को जोड़कर ही तो बता रहा हूं।

# हमने पूर्वोत्तर में पांच साल में जो किया, उसे करने में कांग्रेस को 20 साल लगते: मोदी

ईटानगर (अरुणाचल प्रदेश), एजेंसी

- प्रधानमंत्री ने पूर्वोत्तर के राज्यों में किया 55,000 करोड़ रुपये की परियोजनाओं का लोकार्पण

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को दावा किया कि उनकी सरकार ने पिछले पांच साल में पूर्वोत्तर भारत में जिस तरह का विकास कार्य किया है, उसे करने में कांग्रेस को 20 साल लग जाते। प्रधानमंत्री ने अरुणाचल प्रदेश की राजधानी ईटानगर में एक जनसभा में कहा-दक्षिण एशिया और पूर्वी एशिया के साथ भारत के व्यापार, पर्यटन और अन्य संबंधों में पूर्वोत्तर एक मजबूत कड़ी बनेगा। आज यहां 55,000 करोड़ रुपये से अधिक की परियोजनाओं का उद्घाटन व शिलान्यास किया गया।

प्रधानमंत्री ने कहा कि अरुणाचल प्रदेश आने वाला कोई भी व्यक्ति स्पष्ट रूप से देख सकता है कि मोदी



की गारंटी क्या है। उन्होंने कहा, ''पूरा पूर्वोत्तर देख रहा है कि मोदी की गारंटी कैसे काम कर रही है। प्रधानमंत्री ने कहा कि जब वह देश के विकास के लिए काम कर रहे हैं, तब विपक्षी गठबंधन 'इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इन्क्लूसिव अलायंस' के नेता उन पर हमला कर रहे हैं।

**मोदी ने सामरिक रूप से महत्वपूर्ण सेला सुरंग का किया उद्घाटन:** मोदी ने सामरिक रूप से महत्वपूर्ण सेला सुरंग का शनिवार को उद्घाटन किया जो अरुणाचल प्रदेश के तवांग तक हर मौसम में संपर्क सुविधा उपलब्ध कराएगी। उन्होंने कहा कि 2019 में सेला सुरंग की नींव रखे जाने के बाद इसका का उद्घाटन मोदी की गारंटी का प्रमाण है।

### सिलीगुड़ी को 4,500 करोड़ रुपये की सौगात

**सिलीगुड़ी।** प्रधानमंत्री मोदी ने उत्तरी पश्चिम बंगाल में 4,500 करोड़ रुपये से अधिक की बुनियादी ढांचा परियोजनाओं का शनिवार को लोकार्पण किया। मोदी ने राज्य की अपनी तीसरी यात्रा के दौरान क्षेत्र के सबसे बड़े शहर सिलीगुड़ी में एक कार्यक्रम में परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया। कार्यक्रम में राज्यपाल सीवी आनंद बोस भी मौजूद थे।

### पीएम ने त्रिपुरा में बंदरगाह का किया उद्घाटन

**अगरतला।** प्रधानमंत्री मोदी ने दक्षिण त्रिपुरा के सबरूम में तीसरे भूमि बंदरगाह का शनिवार को वर्चुअली उद्घाटन किया, जिसका मकसद बंगलादेश के चटगांव समुद्री बंदरगाह के माध्यम से दक्षिण पूर्व एशियाई देशों के साथ देश के पूर्वोत्तर के व्यापार को अधिक सुविधाजनक बनाना है। भारत ने त्रिपुरा को बंगलादेश से सड़क मार्ग से जोड़ने के लिए फेनी नदी पर पहले ही एक पुल का निर्माण किया है।

### मोदी ने बोड़फूकन की 125 फुट ऊंची प्रतिमा का किया अनावरण

**जोरहाट (असम)।** प्रधानमंत्री मोदी ने पूर्वी असम के जोरहाट में 'अहोम सेनापति' लचित बोड़फूकन के समाधि स्थल पर उनकी 125 फुट ऊंची कांसे की प्रतिमा का शनिवार को अनावरण किया। इस 'स्टैच्यू ऑफ वेलर' (वीरता की प्रतिमा) की ऊंचाई 84 फुट है और इसे 41 फुट की चौकी पर स्थापित किया गया है। इससे यह संरचना 125 फुट ऊंची हो गयी है। प्रधानमंत्री ने टोक के समीप होलोंगापार में लचित बोड़फूकन मैदाम डेवलपमेंट प्रोजेक्ट में इस प्रतिमा का अनावरण किया। 16.5 एकड़ से अधिक के इस क्षेत्र का विकास एक पर्यटक स्थल के रूप में किया जा रहा है जो क्षेत्र के इतिहास को दर्शाता है। पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद ने फरवरी 2022 में इस प्रतिमा की नींव रखी थी।



चेन्नई में शनिवार को एयरफोर्स चीफ वीआर चौधरी के साथ ऑफिसर्स ट्रेनिंग अकादमी (ओटीए) में पासिंग आउट परेड और पिपिंग समारोह के दौरान कैडेट। ● एजेंसी

## एक नजर

### अरुणाचल के पूर्व सीएम ने कांग्रेस से दिया इस्तीफा

**ईटानगर।** अरुणाचल प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री नबाम तुकी ने आगामी लोकसभा और विस चुनावों से पहले कांग्रेस की प्रदेश इकाई के अध्यक्ष पद से इस्तीफा दे दिया। पार्टी के एक नेता ने शनिवार को बताया कि पार्टी के तीन विधायकों के भाजपा में शामिल होने के बाद तुकी ने शुक्रवार को अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी (एआईसीसी) को अपना इस्तीफा भेजा। प्रदेश कांग्रेस महासचिव ग्यामर ताना ने कहा-विधायकों को अन्य राजनीतिक दलों में जाने से नहीं रोक पाने के कारण पूर्व मुख्यमंत्री ने नैतिक आधार पर इस्तीफा दे दिया।

### राजस्थान में चाकू घोंपकर कांस्टेबल की हत्या

**जयपुर।** राजस्थान के सिरोही जिले में दो पक्षों के बीच झड़प के दौरान एक पुलिस कांस्टेबल की चाकू घोंपकर हत्या कर दी गई। पुलिस ने शनिवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि सरूपगंज थाने में तैनात कांस्टेबल निरंजन सिंह की ड्यूटी शुक्रवार रात लौटाना गांव में आयोजित हो रहे शिवरात्रि मेले में थी। उसने बताया कि मेले में दो पक्षों के बीच झड़प हो गई और कांस्टेबल ने बीच बचाव किया। इसी दौरान किसी ने सिंह की गर्दन पर चाकू से वार कर दिया, जिससे उसकी मौत हो गई।

## सोनिया और लालू का एकमात्र लक्ष्य बेटों को प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्री बनाना

पटना, एजेंसी

- गृह मंत्री अमित शाह ने पटना के एक सम्मेलन में लगाया आरोप

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शनिवार को आरोप लगाया कि कांग्रेस की नेता सोनिया गांधी और राजद सुप्रीमो लालू प्रसाद का एकमात्र लक्ष्य अपने-अपने बेटों को क्रमशः प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री बनाना है।

शाह ने पटना के पालीगंज प्रखंड में भाजपा के ओबीसी मोर्चा द्वारा आयोजित पिछड़ा-अतिपिछडा महासम्मेलन में अपने संबोधन में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के हालिया बिहार दौरे का जिक्र करते हुए कहा-अभी-अभी मोदी जी आए थे, उन्होंने देश भर में दो लाख करोड़ रुपये से ज्यादा विकास योजनाओं का उद्घाटन एवं लोकार्पण किया है। मगर मोदी जी को बिहार की जनता की ओर से एक विशेष बात के लिए धन्यवाद देना चाहता हूं । इतने सालों से कांग्रेस पार्टी और लालू प्रसाद यादव जी सत्ता में रहे, लेकिन उन्होंने कर्पूरी ठाकुर जी का सम्मान नहीं किया। बिहार के पिछड़ा वर्ग के हितैषी और बिहार के जननायक कर्पूरी ठाकुर को भारत रत्न देने का काम हमारे प्रधानमंत्री मोदी जी ने किया है। उन्होंने आरोप लगाया-कांग्रेस पार्टी ने हमेशा अपने परिवार का सम्मान किया। लालू जी ने भी पूरा जीवन पिछड़ों के नाम पर अपने



परिवार के लिए जीया।

शाह ने आरोप लगाया कि कांग्रेस की नेता सोनिया गांधी का एकमात्र लक्ष्य राहुल गांधी को प्रधानमंत्री बनाना है। लालू जी का एकमात्र लक्ष्य अपने बेटे को मुख्यमंत्री बनाना है। मुझे बताइए, जो अपने बेटे-बेटियों को प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्री बनाना चाहते हों, वे आपके बेटे का भला कर सकते हैं क्या। उन्होंने कहा-पिछड़ा, अति पिछडा वर्ग, गरीब और दलित का अगर कोई भला कर सकता है तो केवल और केवल नरेन्द्र मोदी और भारतीय जनता पार्टी कर सकती है, इसलिए हमने कई प्रकार के काम गरीबों के लिए किया है। नरेन्द्र मोदी ने 10 साल के अंदर पिछड़ा, अति पिछडा वर्ग के लिए ढेर सारे काम किए हैं। लालू जी जिसकी गोदी में बैठे हैं, उस कांग्रेस पार्टी ने हमेशा पिछड़ा, अति पिछडा वर्ग का अपमान किया।

## कांग्रेस नेता सुरेश पचौरी, पूर्व सांसद राजूखेड़ी भाजपा में शामिल

भोपाल, एजेंसी

मध्य प्रदेश में एक महत्वपूर्ण राजनीतिक घटनाक्रम में, दिग्गज नेता और पूर्व केंद्रीय मंत्री सुरेश पचौरी ने कांग्रेस के साथ पांच दशक के अपने जुड़ाव को अलविदा कह दिया और शनिवार को भाजपा में शामिल हो गए।

पचौरी, पूर्व सांसद गजेंद्र राजूखेड़ी

**कांग्रेस पार्टी को लगा एक बड़ा झटका**

और कांग्रेस के कई पूर्व विधायक सुबह भाजपा के प्रदेश मुख्यालय में मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव, भाजपा की प्रदेश इकाई के अध्यक्ष वी डी शर्मा और पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान की उपस्थिति में भाजपा में शामिल हुए।

यह कदम मध्य प्रदेश में कांग्रेस पार्टी के लिए एक बड़ा झटका है क्योंकि पार्टी छोड़ने वाले उसके सदस्यों की संख्या बढ़ती जा रही है। गांधी परिवार के करीबी माने जाने वाले 71 वर्षीय पचौरी केंद्रीय रक्षा उत्पादन राज्य मंत्री भी रह चुके हैं। वह कांग्रेस के चार बार राज्यसभा सदस्य भी रहे हैं। भाजपा में शामिल होने के बाद पचौरी ने कांग्रेस की आलोचना की।

## पश्चिम बंगाल के झारग्राम से भाजपा सांसद कुनार हेम्ब्रम ने दिया इस्तीफा

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल के झारग्राम से भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) सांसद कुनार हेम्ब्रम ने शनिवार को कहा कि उन्होंने लोकसभा की सदस्यता और पार्टी से इस्तीफा दे दिया है। हेम्ब्रम ने संवाददाताओं से कहा कि उन्होंने निजी कारणों से यह फैसला लिया है। भाजपा की प्रदेश इकाई के प्रवक्ता समिक भट्टाचार्य ने कहा-हेम्ब्रम ने कुछ दिन पहले पार्टी को अपने फैसले के बारे में सूचित किया था। इस घटनाक्रम पर प्रतिक्रिया देते हुए तृणमूल कांग्रेस ने कहा कि उन्होंने पराजय को भांपते हुए इस्तीफा दिया है। तृणमूल सांसद शांतनु सेन ने कहा-उन्हें पता है कि भाजपा सीट हारने वाली है।

### बोफोर्स मामला: हाईकोर्ट के फैसले के खिलाफ याचिका दाखिल

**नई दिल्ली।** राजनीतिक रूप से संवेदनशील 64 करोड़ रुपये के बोफोर्स घूस कांड में हिंदुजा बंधुओं के खिलाफ लगाए गए आरोप समेत सभी आरोपों को रद करने वाले दिल्ली उच्च न्यायालय के 2005 के फैसले को चुनौती देने वाली याचिका पर जल्द सुनवाई की मांग को लेकर उच्चतम न्यायालय में एक अर्जी दाखिल की गई है।

अधिवक्ता अजय अग्रवाल की ओर से दाखिल अर्जी में कहा गया है कि शीर्ष अदालत ने दो नवंबर, 2018 को उच्च न्यायालय के फैसले के खिलाफ केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) की अर्जी खारिज कर दी थी। इसमें यह भी कहा गया है कि जांच एजेंसी उस फैसले के खिलाफ उनके द्वारा दायर अपील में सभी आधार उठा सकती है।

## सपा को बुंदेलखंड से किसी दिग्गज की तलाश

ज्ञानेंद्र सिंह, नई दिल्ली

**खजुराहो संसदीय क्षेत्र**

- पिछले चुनाव में ददुआ के लड़के को उतारा था सपा ने
- उमा भारती की चुप्पी से सपा को होगा फायदा

**अमृत विचार:** इंडिया गठबंधन के तहत मध्य प्रदेश में कांग्रेस ने बुंदेलखंड के अंतर्गत खजुराहो संसदीय क्षेत्र समाजवादी पार्टी को दिया है। 2019 में सपा ने दस्यु सरगना ददुआ के पुत्र वीर सिंह पटेल को यहां से उम्मीदवार बनाया था और उनकी जमानत जब्त हो गई थी। इस बार फिर सपा बुंदेलखंड के किसी दिग्गज को तलाश रही है जिसमें झांसी के दीप नारायण यादव का नाम सबसे आगे चल रहा है।

गठबंधन के तहत उत्तर प्रदेश में सपा ने कांग्रेस को 17 सीटें दी हैं और मध्य प्रदेश में कांग्रेस ने मात्र एक सीट खजुराहो सपा को दी है। यदि 2009, 2014 एवं 2019 के चुनाव नतीजों पर नजर डालें तो सपा को तीनों बार पांच प्रतिशत से भी कम मत मिले हैं। लेकिन इस बार उसे कांग्रेस और पूर्व मुख्यमंत्री उमा भारती की नाराजगी से जीत की संभावना है। 2019 में प्रदेश भाजपा अध्यक्ष एवं वर्तमान सांसद विष्णु दत्त शर्मा को 64.49 प्रतिशत एवं सपा के वीर सिंह पटेल को मात्र 3.19 प्रतिशत मत मिले थे। हालांकि उस समय कांग्रेस के पूर्व विधायक विक्रम सिंह नातीराजा की पत्नी कविता सिंह को 25 प्रतिशत से ज्यादा मत मिले थे। इसी तरह 2009 में भाजपा के विजयी उम्मीदवार नागेंद्र सिंह को 54.3 प्रतिशत एवं सपा के सिद्धार्थ कुशवाहा को 4.58 प्रतिशत मत मिले थे जबकि कांग्रेस के राजा पटेरिया को 26 प्रतिशत मत मिले थे। 2009 के चुनाव में भी सपा के उम्मीदवार जयवंत सिंह का प्रदर्शन सबसे खराब था। उन्हें मात्र तीन प्रतिशत मत मिले थे। जितेंद्र सिंह बुंदेला ने 39.33 प्रतिशत मत पाकर विजय हासिल की थी। इस प्रकार उक्त तीनों चुनावों में सपा का प्रदर्शन ज्यादा अच्छा नहीं था लेकिन इस बार सपा ने एक सोची समझी रणनीति के तहत कांग्रेस से यह सीट अपने खाते में ली है। इसके पीछे दो बड़े कारण है। वहां से पांच बार चुनाव जीतने वाली पूर्व मुख्यमंत्री उमा भारती का भाजपा से मोह भंग होना और जातीय समीकरण के तहत ब्राह्मणों के मुकाबले वहां पिछड़ा एवं दलित मतदाताओं की संख्या बहुत ज्यादा होना। पिछले चुनाव में बीजेपी ने चार दशक बाद ब्राह्मण उम्मीदवार शर्मा को मैदान में उतारा था।

जाति समीकरण के तहत ही इस बार सपा पिछड़े वर्ग के ऐसे उम्मीदवार को तलाश रही है जो आर्थिक रूप से भी संपन्न हो। जिसमें दीप नारायण यादव का नाम सबसे ऊपर है। खजुराहो संसदीय क्षेत्र छतरपुर, पन्ना एवं कटनी जिले के अंतर्गत 8 विधानसभा क्षेत्रों में विभाजित है और सभी में भाजपा के विधायक हैं इसलिए यह सीट भाजपा के लिए मजबूत मानी जा रही है।

मध्य प्रदेश में सपा का पहली बार खाता खजुराहो संसदीय क्षेत्र के अंतर्गत आने वाली चंदला विधानसभा क्षेत्र से विजय बहादुर सिंह बुंदेला ने खोला था और उनके नेतृत्व में सपा के एक-एक करके 7 विधायक भी निर्वाचित हुए थे लेकिन इस बार बुंदेला भाजपा में हैं।

# कारोबार/कृषि

## मैंथा बाजार भाव

**रामपुर**-शिवालिक 1010 फ्लैग 1110 डीएमओ 885 बोल्ड 1150, **सम्भल-चन्दौसी**-शिवालिक 1005 फ्लैग 1115 बोल्ड 1145 डीएमओ 900।

## लखनऊ मंडी

| | |
|---|---|
| **अनाज (प्रति क्वि.)-** | |
| गेहूं (आरआर 21) | 2360-2800 |
| गेहूं (के 65) | 3500-3800 |
| बाजरा | 2200-2300 |
| मक्का | 2700-2800 |
| जौ | 2900-3000 |
| **चावल (प्रति क्वि.)** | |
| चावल सेल्हा | 2800-3100 |
| चावल बासमती | 7000-8000 |
| चावल मोटा | 2800-3000 |
| चावल मन्सूरी | 3200-3500 |
| चावल शक्कर चीनी | 4800-5200 |
| चावल गोल्डन सेल्हा | 5600-8600 |
| चावल राजरानी | 7000-7500 |
| **दाल दलहन** | |
| चना देशी | 6800-7000 |
| चना फार्मी | 7200-7500 |
| चना काबली | 14500-17000 |
| मटर हरा | 6000-6200 |
| मटर सफेद | 6100-6500 |
| दाल चना | 8000-8400 |
| दाल मटर | 6400-6500 |
| उड़द हरा | 12000-12500 |
| उड़द काला | 9000-9500 |
| दाल उड़द हरी | 15500-16000 |
| दाल उड़द काली | 10500-11000 |
| दाल उड़द धोवा | 12000-12500 |
| मूंग खड़ा | 10000-10500 |
| मूंग दाल | 10500-11000 |
| मूंग धोवा | 12000-13000 |
| मसूर | 8800-9000 |
| मलका | 9000-9500 |
| दाल अरहर फूल | 16000-17000 |
| दाल स्पेशल | 13000-14000 |
| राज्मा सफेद | 13000-14000 |
| राज्मा काला | 11500-12500 |
| मूंगफली का दाना | 11000-12000 |
| **तेल तिलहन** | |
| अलसी | 5310-5510 |
| लाही | 4800-5200 |
| काली सरसों | 4900-5300 |
| पीली सरसों | 5600-5800 रुपये। |

## कीमतें नियंत्रित करने के लिए सभी उपाय करेंगे

### वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल बोले-खाद्य पदार्थों के दामों पर काबू पाने में होंगे सफल

नई दिल्ली, एजेंसी

केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने कहा कि केंद्र सरकार प्याज से लेकर टमाटर और दालों जैसे आवश्यक खाद्य पदार्थों की कीमतों को नियंत्रित करने के लिए हर संभव प्रयास करेगी। उन्होंने किसी भी अस्थायी बढ़ोतरी के कुछ दिनों के भीतर दरों को नियंत्रित करने के मोदी सरकार के पिछले रिकॉर्ड का हवाला दिया। गोयल के पास खाद्य एवं उपभोक्ता मामलों का मंत्रालय भी है।

उन्होंने साक्षात्कार में कहा कि मोदी सरकार यह सुनिश्चित करने के लिए उपाय करना जारी रखेगी कि "हमारी नारी-शक्ति" के घरेलू बजट पर कोई तनाव न हो। केंद्रीय मंत्री ने आम चुनावों से पहले खाद्य



पदार्थों की कीमतों पर नियंत्रण को लेकर सरकार की रणनीति के संबंध में एक सवाल के जवाब में कहा-हम इस पर काबू पाने में सफल रहेंगे... और मैं लोगों को आश्वस्त कर सकता हूं कि यह सरकार भारत की महिलाओं की परवाह करती है। उन्होंने कहा कि सरकार ने पिछले कुछ वर्षों में खाद्य मुद्रास्फीति से लड़ने के प्रयासों का समर्थन करने के लिए मूल्य स्थिरीकरण कोष में लगभग 28,000 करोड़ रुपये खर्च किए हैं। गोयल ने कहा-हम अपनी बहनों और माताओं के साथ आगे भी खड़े रहेंगे और सुनिश्चित करेंगे कि हम उन्हें तनाव न दें... हम यह सुनिश्चित करने के लिए सक्रिय रूप से काम कर रहे हैं कि हम अपनी नारी-शक्ति का सम्मान करते हैं और इस बात का सम्मान करते हैं कि उन्हें अच्छा घरेलू बजट मिलना चाहिए। चुनाव आयोग जल्द ही आम चुनाव की घोषणा कर सकता है। लोकसभा चुनाव अप्रैल-मई में होने की संभावना है।

### आईपीआर कानून से विकास को तेजी से बढ़ावा मिला



वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने शनिवार को कहा कि बौद्धिक संपदा अधिकार (आईपीआर) कानून से देश में अनुसंधान और विकास को तेजी से बढ़ावा मिला है। उन्होंने कहा-हम आईपीआर कानूनों को सुविधा तथा प्रोत्साहन देने वाला बनाने की कोशिश कर रहे हैं, और निश्चित रूप से ये कानून अनुसंधान एवं विकास की प्रक्रिया में बाधा नहीं है। हमने कई कदम उठाए हैं और मैं इस विशेष नीति के लिए प्रधानमंत्री को धन्यवाद देता हूं। उन्होंने कहा कि इस नीति को 2016 में काफी विचार-विमर्श के बाद लाया गया। वित्त मंत्री ने पेटेंट कानून पर न्यायमूर्ति प्रतिभा एम सिंह की पुस्तक के विमोचन कार्यक्रम में कहा कि जो लोग नवाचार करना चाहते हैं, उन्हें यह कानून सुरक्षा देता है। सीतारमण ने कानून का विवरण साझा करते हुए कहा कि आठ अलग-अलग वस्तुएं, जिनका बौद्धिक संपदा से कुछ संबंध हैं, उन सभी को एक छतरी के नीचे एक साथ लाया गया है।

### रेल मंत्री ने वंदे भारत शयनयान श्रेणी के कोच का किया अनावरण

**बेंगलुरु।** रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने शनिवार को यहां भारत अर्थ मूवर्स लिमिटेड (बीईएमएल) संयंत्र में वंदे भारत शयनयान श्रेणी के कोच का अनावरण किया। बीईएमएल रक्षा मंत्रालय के अंतर्गत आता है और रक्षा, अंतरिक्ष, खनन, निर्माण, रेल और मेट्रो जैसे विभिन्न क्षेत्रों के लिए उत्पाद बनाता है। इसे वंदे भारत शयनयान के 10 ट्रेनसेट (160 डब्बे) बनाने का ठेका मिला है। वैष्णव ने कहा कि वंदे भारत ट्रेन के तीन संस्करण हैं - चेयर कार (कुर्सी यान), स्लीपर (शयनयान) और मेट्रो। जहां कुर्सीयान खंड पहले ही पेश हो चुका है और काफी लोकप्रिय है, वहीं वंदे भारत शयनयान की पहली संरचना तैयार है। वैष्णव ने संवाददाताओं से कहा-अब इसकी साज-सज्जा का काम होगा। संरचना बनाना सबसे मुश्किल काम है।

## भारत, ईएफटीए आज करेंगे मुक्त व्यापार समझौते पर हस्ताक्षर

नई दिल्ली, एजेंसी

- अधिकारी ने कहा-समझौते को 7 मार्च को मिल चुकी है मंजूरी

भारत और यूरोपीय समूह 'ईएफटीए' आपस में वस्तुओं और सेवाओं के व्यापार तथा निवेश को बढ़ावा देने के लिए रविवार को एक मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) पर हस्ताक्षर करेंगे।

यूरोपीय मुक्त व्यापार संघ (ईएफटीए) के चार सदस्य-आइसलैंड, लिकटेंस्टीन, नॉर्वे और स्विट्जरलैंड हैं। एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि इस समझौते को 7 मार्च को केंद्रीय मंत्रिमंडल से मंजूरी मिल गई। समझौते को आधिकारिक तौर पर व्यापार और आर्थिक साझेदारी समझौता (टीईपीए) कहा गया। उन्होंने कहा कि एफटीए के इतिहास में पहली बार ईएफटीए से भारत में लक्ष्य-उन्मुख निवेश को बढ़ावा देने और रोजगार सृजन के बारे में




एक कानूनी प्रतिबद्धता को समझौते में शामिल किए जाने की उम्मीद है। भारत ने समझौते के कार्यान्वयन के बाद पहले 10 साल के दौरान 50 अरब डॉलर की निवेश प्रतिबद्धता और उसके बाद अगले पांच वर्षों में ब्लॉक के सदस्य देशों से 50 अरब डॉलर की निवेश प्रतिबद्धता मांगी है। समझौते के तहत यह प्रतिबद्धता शुल्क कटौती से जुड़ी होगी। इस निवेश से देश में करीब 10 लाख लोगों को प्रत्यक्ष रोजगार मिलने की उम्मीद है। देशों को निर्यात से से ज्यादा लाभ होने की संभावना है।

## सर्राफा

| | |
|---|---|
| **कानपुर** | |
| चॉदी 999 (प्रति किलो) | 74,700 |
| चांदी सिक्का (प्रति सैकड़ा) | 82,500 |
| चांदी सिक्का (सैकड़ा) बिकवाल | 87,500 |
| सोना बिस्कुट (दस ग्राम) | 67,500 |
| गिन्नी (प्रति नग) | 50,300-50,500 |
| **लखनऊ** | |
| सोना स्टैंडड (प्रति 10 ग्राम) | 65,750 |
| सोना रवा (प्रति 10 ग्राम) | 65,600 |
| गिन्नी (प्रति 10 नग) | 40, 500 |
| चांदी (999) | 74,000 |
| चांदी तैयार | 74,100 |
| चांदी का सिक्का (प्रति सैकड़ा) | 90, 500 |
| **बरेली** | |
| सोना जेवरात पक्के | 65,400 |
| सोना जेवरात गिन्नी | 64,400 |
| चांदी पक्की | 730 (अनुमानित) |
| **मुरादाबाद** | |
| सोना 24 कैरेट | 65,400 |
| चांदी आभूषण | 73,800। |

## शीर्ष छह शहरों में कार्यालय स्थल की मांग 5 से 5.5 करोड़ वर्ग फुट रहने की उम्मीद

नई दिल्ली, एजेंसी

- फिक्की और कोलियर्स इंडिया ने जारी की रिपोर्ट

भारत के छह प्रमुख शहरों में कार्यालय स्थल की मांग इस साल अच्छी रहेगी। फिक्की-कोलियर्स की एक रिपोर्ट के अनुसार घरेलू और विदेशी कंपनियां अपने व्यवसाय विस्तार के लिए 2024 में 5-5.5 करोड़ वर्ग फुट क्षेत्र पट्टे पर ले सकती हैं। छह प्रमुख शहरों बेंगलुरु, चेन्नई, दिल्ली-एनसीआर, हैदराबाद, मुंबई और पुणे में कार्यालय स्थल का कुल पट्टा 5.82 करोड़ वर्ग फुट था।

उद्योग निकाय फिक्की और रियल एस्टेट सलाहकार कोलियर्स इंडिया ने इस सप्ताह की शुरुआत में अपनी रिपोर्ट जारी की। रिपोर्ट में कार्यालय मांग के लिए तीन परिदृश्य दिए गए हैं - आशावादी, यथार्थवादी और निराशावादी। रिपोर्ट के अनुसार यथार्थवादी स्थिति में, इन छह शहरों में इस साल श्रेणी-क के कार्यालय स्थल का कुल पट्टा 5-5.5 करोड़ वर्ग फुट होने का अनुमान है। आशावादी स्थिति में यह आंकड़ा 5.5-6 करोड़ वर्ग फुट तक जा सकता है, जबकि निराशावादी परिदृश्य में यह 4.5-5 करोड़ वर्ग फुट तक गिर सकता है।

### एनसीएलटी ने इफको को अंतरिम राहत देने से किया इनकार


**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय कंपनी कानून न्यायाधिकरण (एनसीएलटी) ने स्वान एनर्जी-इफको के संयुक्त उद्यम ट्रायम्फ ऑफशोर से कहा है कि वह अल्पांश शेयरधारक इफको के मुद्दों पर चर्चा के लिए चार अप्रैल से पहले एक बोर्ड बैठक आयोजित करे। इफको ने जलपोतों को संचालित करने की व्यवहार्यता के संबंध में कुछ सवाल उठाए थे। एनसीएलटी ने इफको की याचिका पर सुनवाई की अगली तारीख चार अप्रैल तय की है। न्यायाधिकरण ने हालांकि इफको को अंतरिम राहत देने से इनकार किया। इफको ने कहा था कि उसकी मंजूरी के बिना संयुक्त उद्यम काम करने से रोका जाए।

## किसान और गांव के विकास बगैर भारत के विकास की कल्पना नहीं की जा सकती

रायपुर, एजेंसी

- छत्तीसगढ़ में किसान महाकुंभ को रक्षा मंत्री राजनाथ ने संबोधित किया

केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने शनिवार को कहा कि किसान और गांव के विकास बगैर भारत के विकास की कल्पना नहीं की जा सकती है। सिंह आज छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर के 'साइंस' कॉलेज मैदान में किसान महाकुंभ में आए किसानों को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने अपने संबोधन में राज्य की पिछली कांग्रेस सरकार पर भी भ्रष्टाचार में लिप्त होने और विकास को पटरी से उतारने का भी आरोप लगाया।




सिंह ने कहा-मैं एक किसान का बेटा हूं और गांव से हूं। किसान अपनी मेहनत से मिट्टी से सोना उगा सकते हैं। मेरी सरकार किसानों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़ी है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाला केंद्र किसानों के कल्याण के लिए कई कदम उठा रहा है। उन्होंने कहा कि किसानों और गांवों के विकास के बिना भारत के विकास की कल्पना नहीं की जा सकती। सिंह ने कहा, ''अमेरिका में यूरिया उर्वरक का एक बोरी तीन हजार रुपए में उपलब्ध है.. भारत एकमात्र ऐसा देश है जहां किसानों को तीन सौ रुपये प्रति बोरी के दर पर यूरिया उपलब्ध कराया जा रहा है। रूस-यूक्रेन युद्ध के कारण महंगाई बढ़ी लेकिन मोदी सरकार ने बीज और खाद के दाम नहीं बढ़ने दिए हैं।

# इंग्लैंड पर पारी और 64 रन से जीत

## भारत ने 5 मैच की टेस्ट श्रृंखला 4-1 से जीती, बैजबॉल शैली पर इंग्लैंड की सबसे बड़ी हार

धर्मशाला, एजेंसी



प्लेयर ऑफ द मैच कुलदीप यादव



रविचंद्रन अश्विन के अपने 100वें टेस्ट के एक पारी में 5 विकेट लेने से भारत ने इंग्लैंड को अंतिम टेस्ट के तीसरे दिन शनिवार को पारी और 64 रन से शिकस्त देकर उसकी 'बैजबॉल' शैली पर भी प्रश्न चिह्न लगा दिया। भारत ने 5 मैच की टेस्ट श्रृंखला 4-1 से जीती। यह 'बैजबॉल' शैली अपनाने के बाद इंग्लैंड की सबसे बड़ी हार है।

इंग्लैंड की टीम पहले बल्लेबाजी करते हुए 218 रन पर आउट हो गई थी, जिसके जवाब में भारत ने 477 रन बनाकर 259 रन की बढ़त ली। इंग्लैंड की टीम दूसरी पारी में तीसरे दिन दूसरे सत्र में ही 195 रन पर सिमट गई। पहली पारी में 4 विकेट लेने वाले अश्विन ने दूसरी पारी में 77 रन देकर 5 विकेट लिए। इंग्लैंड से जो रूट ने 84 रन बनाए। भारत श्रृंखला पहले ही अपने नाम कर चुका था, लेकिन वह विश्व टेस्ट चैंपियनशिप के अंक लेने के लिए प्रतिबद्ध था। भारत के लिए यह जीत इसलिए भी महत्वपूर्ण है क्योंकि उसने यह विराट कोहली और मोहम्मद शमी जैसे खिलाड़ियों की गैर मौजूदगी में हासिल की। ऐसे में यशस्वी जयसवाल जैसे खिलाड़ियों ने मौके का फायदा उठाया। अश्विन ने सुबह के सत्र में 4 विकेट लेकर भारत की जीत तय कर दी थी। इंग्लैंड ने लंच तक 5 विकेट पर 103 रन बनाए थे। भारतीय गेंदबाजों ने बाकी बचे 5 विकेट दूसरे सत्र में लिए। भारत ने पहली पारी में सुबह केवल 4 रन जोड़कर अपने बचे दो विकेट गंवाए। जेम्स एंडरसन इस बीच टेस्ट क्रिकेट में 700 विकेट लेने वाले दुनिया के पहले तेज गेंदबाज बने। उन्होंने कुलदीप (30) को विकेट के पीछे कैच करा कर यह उपलब्धि पाई। ऑफ स्पिनर शोएब बशीर (5 विकेट) ने जसप्रीत बुमराह (20) को आउट कर पांचवा विकेट लिया। इंग्लैंड के बल्लेबाजों ने इसके बाद आक्रामक रूख अपनाया और विकेट गंवाए। कप्तान बेन स्टोक्स (2) को लंच से ठीक पहले अश्विन ने पवेलियन भेजा।

रोहित शर्मा पीठ में जकड़न से मैदान पर नहीं उतरे, ऐसे में बुमराह ने टीम की अगुआई कर अश्विन के साथ नई गेंद संभाली। अश्विन ने एक बार फिर बेन डकेट (2) को नहीं टिकने दिया। ये बल्लेबाज पिछले मैचों में भी अश्विन के सामने संघर्ष करता रहा। पिच से टर्न और उछाल मिल रही थी और ऐसे में अश्विन ने जैक क्रॉली (0) के लिए लेग स्लिप लगाई। उनकी गेंद इंग्लैंड के बल्लेबाज के बल्ले का अंदरूनी किनारा लेकर लेग स्लिप में खड़े सरफराज खान के हाथों में चली गई। अश्विन ने ओली पोप (19) के रूप में तीसरा विकेट लिया। इंग्लैंड के बल्लेबाज ने सीधी गेंद पर स्क्वायर लेग पर कैच दिया। अपना 100वां टेस्ट खेल रहे जॉनी बेयरस्टो (31 गेंद पर 39 रन) ने रूट के साथ मिलकर आक्रामक रवैया अपनाया। उन्होंने अश्विन पर 3 छक्के भी लगाए लेकिन कुलदीप ने उन्हें पगबाधा कर दिया। इस बीच उनकी पहली स्लिप में खड़े शुभमन गिल से नोक-झोंक भी हुई। लंच के बाद भी कहानी नहीं बदली और भारतीय गेंदबाजों के सामने इंग्लैंड के बल्लेबाजों की नहीं चली। बेन फॉक्स (8) ने अश्विन की गेंद पर स्वीप करना चाहा लेकिन वहां बोल्ड हो गए। अश्विन ने इस तरह से 36वीं बार पारी में पांच या इससे अधिक विकेट लेने का कारनामा किया। बुमराह ने इसके बाद टॉम हार्टली और मार्क वुड के विकेट लेकर भारत की बड़ी जीत सुनिश्चित की।

### स्कोर बोर्ड

भारत (पहली पारी) 477/10 (124.1 ओवर)

| खिलाड़ी | रन | गेंद | 4/6 |
|---|---|---|---|
| कुलदीप यादव का फोक्स बो एंडरसन | 30 | 69 | 2/0 |
| जसप्रीत बुमराह स्टं फोक्स बो बशीर | 20 | 64 | 2/0 |
| मोहम्मद सिराज नाबाद | 00 | 02 | 0/0 |

अतिरिक्त: 6, विकेट पतन: 1-104, 2-275, 3-279, 4-376, 5-403, 6-427, 7-427, 8-428, 9-477, 10-477, गेंदबाजी: जेम्स एंडरसन 16-2-60-2, मार्क वुड 15- 1-89-0, टॉम हार्टली 39-3-126-2, शोएब बशीर 46.1-5-173-5, बेन स्टोक्स 5-1-17-1, जो रूट 3-0-8-0

इंग्लैंड (पहली) 218 (दूसरी पारी) 195/10 (48.1 ओवर)

| खिलाड़ी | रन | गेंद | 4/6 |
|---|---|---|---|
| जाक क्राउली का सरफराज बो अश्विन | 00 | 16 | 0/0 |
| बेन डकेट बो अश्विन | 02 | 05 | 0/0 |
| ओली पोप का यशस्वी बो अश्विन | 19 | 23 | 3/0 |
| जो रूट का बुमराह बो कुलदीप | 84 | 128 | 12/0 |
| जॉनी बेयरस्टो पगबाधा बो कुलदीप | 39 | 31 | 3/3 |
| बेन स्टोक्स बो अश्विन | 02 | 10 | 0/0 |
| बेन फोक्स बो अश्विन | 08 | 17 | 0/0 |
| टॉम हार्टले पगबाधा बो बुमराह | 20 | 24 | 4/0 |
| मार्क वुड पगबाधा बो बुमराह | 00 | 02 | 0/0 |
| शोएब बशीर बो जडेजा | 13 | 29 | 3/0 |
| जेम्स एंडरसन नाबाद | 00 | 05 | 0/0 |

अतिरिक्त: 8, विकेट पतन: 1-2, 2-21, 3-36, 4-92, 5-103, 6-113, 7-141, 8-141, 9-189, 10-195, गेंदबाजी: बुमराह 10-2-38-2, अश्विन 14-0-77-5, रविंद्र जडेजा 9-1-25-1, कुलदीप 14.1-0-40-2, मोहम्मद सिराज 1-0-8-0

# लोग क्या सोचते हैं इससे मैं असहज नहीं: अश्विन

धर्मशाला, एजेंसी



रविचंद्रन अश्विन ने इंग्लैंड के खिलाफ टेस्ट श्रृंखला के दौरान विभिन्न एक्शन और गति पर काम किया। उन्होंने कहा कि बाहरी प्रतिक्रियाओं पर ध्यान दिए बिना प्रयोग करना उनकी सफलता का राज है। इंग्लैंड के खिलाफ खेला गया अंतिम टेस्ट अश्विन का 100वां टेस्ट मैच था। उन्होंने इस श्रृंखला में 26 विकेट लिए। अश्विन ने पांचवें मैच में भारत की पारी और 64 रन से जीत के बाद कहा कि पूरी श्रृंखला के दौरान मैंने भिन्न एक्शन और गति से गेंदबाजी की। यहां प्रत्येक मैदान से जुड़ी चुनौतियां होती हैं। लोग मेरे बारे में क्या सोचते हैं, इसको लेकर मैं कभी असहज महसूस नहीं करता हूं। उन्होंने कहा कि अगर मुझे विश्वास है कि मैं कुछ नया करने की कोशिश कर सकता हूं तो फिर मैं उससे पीछे नहीं हटता। मैं अच्छा फीडबैक लेने के लिए अपने कान और आंखें हमेशा खुली रखता हूं। मेरा कोई एक तरीका काम नहीं कर रहा है लेकिन सौभाग्य से प्रयोग करना और कुछ नया सीखने से मुझे मदद मिली है।

### गुरु कुंबले को अश्विन ने छोड़ा पीछे

रविचंद्रन अश्विन ने धर्मशाला के मैदान पर अपने 100वें टेस्ट मैच में 9 विकेट लेकर सर्वश्रेष्ठ गेंदबाज बनने का गौरव हासिल किया। उन्होने एक पारी में 5 विकेट लेने के मामले में अपने आदर्श अनिल कुंबले को भी पीछे छोड़ दिया। अश्विन की गेंदबाजी की बदौलत भारत ने धर्मशाला टेस्ट मैच जीत लिया। अश्विन ने पहली पारी में 4 और दूसरी पारी में 5 विकेट लिए। उनके टेस्ट करियर का यह 36वां मौका था जब उन्होने एक पारी में 5 या उससे अधिक विकेट लिए। इससे पहले पूर्व स्पिनर अनिल कुंबले यह 35 बार दोहरा चुके हैं। रविचंद्रन अश्विन इसके अलावा 100वें टेस्ट में फाइव विकेट हॉल लेने वाले भी चौथे गेंदबाज हैं। उनसे पहले मुथैया मुरलीधरन, अनिल कुंबले और शेन वॉर्न ने ही ऐसा किया था।

## खेल डायरी

### पीसीआई के नए अध्यक्ष झाझरिया ने कहा, पेरिस पैरालंपिक में 30 पदक जीतना होगा लक्ष्य



**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारतीय पैरालंपिक समिति (पीसीआई) के नवनियुक्त अध्यक्ष देवेंद्र झाझरिया ने इस पद पर चुने जाने के बाद कहा कि पेरिस पैरालंपिक में भारत का लक्ष्य 30 पदक जीतना होगा जो तोक्यो में जीते गए पदकों से 11 अधिक हैं। भारत ने 2021 में तोक्यो पैरालंपिक में 5 स्वर्ण, 8 रजत और 6 कांस्य सहित 19 पदक जीते थे। झाझरिया ने इन खेलों में भाला फेंक में रजत पाया था। झाझरिया ने कहा कि पेरिस खेलों में हमारा लक्ष्य 30 पदक जीतने का होगा। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व वाली सरकार पैरा खेल और पैरा खिलाड़ियों पर ध्यान दे रही है। हमने 2016 में रियो में अच्छा प्रदर्शन किया था तथा तोक्यो में 19 पदक जीते थे।

### स्वियातेक आसान जीत के साथ अगले दौर में

**इंडियन वेल्स (अमेरिका), एजेंसी।** नंबर 1 खिलाड़ी इगा स्वियातेक ने अमेरिका की डेनियल कोलिन्स को हराकर बीएनपी परिबास इंडियन वेल्स टेनिस टूर्नामेंट के अगले दौर में प्रवेश किया। स्वियातेक की अमेरिकी खिलाड़ी के खिलाफ पांचवीं जीत है। स्वियातेक की सत्र में यह 15वीं जीत है। महिला वर्ग के एक अन्य मैच में एंजेलिक कर्बर ने येलेना ओस्टापेंको को पराजित किया। पुरुष वर्ग में यानिक सिनर ने थानासी कोकिनाकिस पर जीत दर्ज की जबकि आंद्रे रुबलेव ने एंडी मरे को हराया। एलेजांद्रो टैबिलो, अलेक्जेंडर ज्वेरेव, स्टेफानोस सितसिपास और एलेक्स डी मिनौर ने भी जीत हासिल की।

### एनसीएए के फाइनल में पहुंचने वाले पहले भारतीय बने परवेज

**नई दिल्ली, एजेंसी।** राष्ट्रीय खेलों के स्वर्ण पदक विजेता परवेज खान शनिवार को अमेरिका की एनसीएए चैंपियनशिप की ट्रैक स्पर्धा के फाइनल के लिए क्वालीफाई करने वाले पहले भारतीय बने। एनसीएए दुनिया की प्रतिस्पर्धी कॉलेज प्रतियोगिता है जिसमें परवेज ने बोस्टन में पुरुष वर्ग की एक मील की स्पर्धा के फाइनल में जगह बनाई। खान ने 3 मिनट 57.126 सेकेंड में एक मील की रेस में तीसरे स्थान पर रहकर एनसीएए इंडोर ट्रैक एवं फील्ड चैंपियनशिप के फाइनल में प्रवेश किया। 19 साल का भारतीय फ्लोरिडा यूनिवर्सिटी का प्रतिनिधित्व कर रहा था, जिन्हें पिछले साल वहा कॉलेज स्कॉलरशिप मिली थी।

### हुसामुद्दीन विश्व ओलंपिक मुक्केबाजी क्वालीफायर से बाहर

**बस्तो अर्सिज़ियो (इटली), एजेंसी।** भारत के विश्व चैंपियनशिप के कांस्य पदक विजेता मोहम्मद हुसामुद्दीन की चोट से उबरने के बाद वापसी निराशाजनक रही और वह पहले विश्व ओलंपिक मुक्केबाजी क्वालीफायर में पुरुषों के 57 किग्रा भार वर्ग में आयरलैंड के जूड गैलाघेर से हार गए। वह विश्व चैंपियनशिप 2023 के क्वार्टर फाइनल के दौरान बाएं घुटने में लगी चोट के बाद पहली बार प्रतिस्पर्धा कर रहे थे। हुसामुद्दीन ने बर्मिंघम राष्ट्रमंडल खेलों के चैंपियन गैलाघेर को बढ़त हासिल करने का मौका दिया।

# एंडरसन बने 700 टेस्ट विकेट लेने वाले पहले तेज गेंदबाज

धर्मशाला, एजेंसी

### उपलब्धि



• 187वां टेस्ट खेल रहे एंडरसन ने भारत के खिलाफ मैच में कुलदीप यादव का विकेट लेकर रचा इतिहास

इंग्लैंड के जेम्स एंडरसन टेस्ट क्रिकेट में 700 विकेट लेने वाले पहले तेज गेंदबाज बन गए हैं। अपना 187वां टेस्ट मैच खेल रहे 41 वर्षीय एंडरसन ने शनिवार को भारत के खिलाफ पांचवें और अंतिम टेस्ट मैच के तीसरे दिन कुलदीप यादव को विकेट के पीछे कैच कराकर अपना 700वां विकेट लेकर इतिहास रच दिया।

उन्होंने शुक्रवार को शुभमन गिल के रूप में 699वां विकेट लिया था। टेस्ट में 600 से अधिक विकेट लेने वाले गेंदबाजों में केवल दो तेज गेंदबाज हैं। इस सूची में एंडरसन के बाद उनके साथी खिलाड़ी स्टुअर्ट ब्रॉड का नाम है। पिछले साल संन्यास लेने वाले ब्रॉड के नाम पर 604 विकेट हैं। सभी गेंदबाजों में श्रीलंका के दिग्गज स्पिनर मुथैया मुरलीधरन 800 विकेट लेकर शीर्ष पर हैं। उनके बाद ऑस्ट्रेलिया के शेन वार्न (708 विकेट) का नंबर आता है। भारत के अनिल कुंबले चौथे स्थान पर हैं। उन्होंने 132 मैच में 619 विकेट लिए हैं। एंडरसन ने तब खेलना शुरू किया जब सचिन तेंदुलकर, रिकी पोंटिंग और ब्रायन लारा जैसे बल्लेबाज चरम पर थे। इस तेज गेंदबाज ने अगली पीढ़ी के बल्लेबाजों के सामने भी कड़ी चुनौती पेश की, जिनमें विराट कोहली, स्टीव स्मिथ और केन विलियमसन हैं। एंडरसन ने इस श्रृंखला में यशस्वी जायसवाल और शुभमन गिल जैसे बल्लेबाजों के सामने चुनौती पेश की।

तेंदुलकर ने एक्स पर लिखा कि मैंने एंडरसन को पहली बार तब देखा जब वह 2002 में ऑस्ट्रेलिया में खेल रहे थे। गेंद पर उनका नियंत्रण नजर आ रहा था। नासिर हुसैन ने तब उनकी प्रशंसा की थी और वह आज भी ऐसा करते हैं। मुझे पूरा यकीन है कि वह कहेंगे 'मैंने बोला था' क्योंकि उन्होंने बहुत पहले उनकी प्रतिभा पहचान ली थी। तेंदुलकर ने कहा कि 700 टेस्ट विकेट शानदार उपलब्धि है। एक तेज गेंदबाज 22 साल से खेल रहा है और लगातार अच्छा प्रदर्शन कर रहा है, यह तब तक काल्पनिक लगता होगा जब तक कि एंडरसन ने वास्तव में ऐसा नहीं कर दिखाया।

# बस गेंदबाजों पर दबाव बनाने की सोच रहा था: यशस्वी

धर्मशाला, एजेंसी



प्लेयर आफ द सीरिज यशस्वी जायसवाल ने इंग्लैंड के खिलाफ 5 टेस्ट मैचों की श्रृंखला में मिली सफलता का श्रेय पारी की शुरूआत करते हुए गेंदबाजों पर दबाव बनाने की रणनीति को दिया। जायसवाल ने श्रृंखला में 2 शतक और 3 अर्धशतक समेत 712 रन बनाए। उन्होंने कहा कि मैं सिर्फ गेंदबाजों पर दबाव बनाने के बारे में सोच रहा था। यही रणनीति थी और इस पर अडिग रहना था।

एक श्रृंखला में 700 से अधिक रन बनाने वाले सुनील गावस्कर के बाद दूसरे भारतीय बने जायसवाल ने कहा कि वह अपने पैर जमीन पर रखना चाहते हैं। मैंने श्रृंखला का पूरा मजा लिया। मैं यही सोचता हूं कि टीम के लिए कैसे योगदान दे सकता हूं और कैसे जीत तक ले जा सकता हूं। कप्तान रोहित शर्मा ने कहा कि उसे लंबा सफर तय करना है और उसकी उपलब्धि देखकर अच्छा लग रहा है। उसके जैसा खिलाड़ी गेंदबाजों पर शुरू से ही दबाव बना सकता है। उसे चुनौतियां पसंद है। प्लेयर आफ द मैच बने कुलदीप यादव ने कहा कि मेरा फोकस अच्छी लेंथ पर है और इस प्रारूप में यह स्पिनरों के लिए जरूरी है। मैं ज्यादा नहीं सोचता कि बल्लेबाज क्या करने वाला है। कुलदीप ने रांची में बेन स्टोक्स और यहां जाक क्रॉली के विकेट को अपना पसंदीदा बताया।

### चोट के कारण तीसरे दिन मैदान पर नहीं उतरे रोहित



पीठ में अकड़न से कप्तान रोहित शर्मा तीसरे दिन शनिवार को मैदान पर नहीं उतरे। उनकी गैरमौजूदगी में उपकप्तान जसप्रित बुमरा ने कप्तानी संभाली है। भारत को श्रृंखला के दौरान अपने शीर्ष खिलाड़ियों की सेवाएं नहीं मिलीं। बुमराह को रांची टेस्ट में ब्रेक दिया गया था और रजत पाटीदार को धर्मशाला टेस्ट के लिए टखने में दर्द हुआ था। रवींद्र जडेजा हैमस्ट्रिंग चोट से विशाखापत्तनम टेस्ट के लिए उपलब्ध नहीं थे और रविचंद्रन अश्विन को पारिवारिक आपात स्थिति से राजकोट से घर लौटना पड़ा। मोहम्मद शमी और विराट कोहली सीरीज में नहीं खेले हैं। शमी टखने की चोट और विराट अपने दूसरे बच्चे के जन्म के कारण नहीं खेल पाए। चोट से केएल राहुल हैदराबाद टेस्ट को छोड़कर सभी मैच से बाहर रहे, जो भारत हार गया था।

### भारत की बी टीम से हारने का दर्द मैं समझता हूं: पेन

**नई दिल्ली, एजेंसी।** ऑस्ट्रेलिया के पूर्व कप्तान टिम पेन को पता है कि टेस्ट में भारत की बी टीम से हारने का दर्द क्या होता है। पेन 2020-21 की बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी के दौरान ऑस्ट्रेलिया के कप्तान थे जब भारत ने उसे उसकी धरती पर 2-1 से हराया था। विराट कोहली उस समय पहले टेस्ट के बाद स्वदेश लौटे थे और रोहित शर्मा पहले दो टेस्ट से बाहर थे। तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी और उमेश यादव चोट से बाहर थे जबकि अश्विन और बुमराह आखिरी टेस्ट के लिए उपलब्ध नहीं थे। अजिंक्य रहाणे ने युवा भारतीय टीम की अगुवाई करके ऐतिहासिक जीत दिलाई थी।

# बीसीसीआई की टेस्ट क्रिकेट प्रोत्साहन योजना, टेस्ट खेलकर ज्यादा कमाई

नई दिल्ली, एजेंसी



टेस्ट क्रिकेट को प्राथमिकता देने के वादे पर खरे उतरते हुए भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) ने उन खिलाड़ियों के लिए हर मैच 45 लाख का प्रोत्साहन देने का फैसला किया जो हर सत्र में तय 75 प्रतिशत या इससे ज्यादा मैच खेलते हैं। सचिव जय शाह ने शनिवार को इसकी घोषणा की।

एक टेस्ट खिलाड़ी जो एक सत्र में 10 मैच में हिस्सा लेता है, उसे बतौर प्रोत्साहन 4.50 करोड़ की राशि मिलेगी जो उसकी संभावित 1.5 करोड़ मैच फीस (हर मैच 15 लाख) से इतर होगी। शीर्ष क्रिकेटरों को सालाना केंद्रीय अनुबंध के तहत 'रिटेनर फीस' भी मिलेगी। शाह ने 'एक्स' पर लिखा कि मुझे सीनियर पुरुष टीम के लिए 'टेस्ट क्रिकेट प्रोत्साहन योजना' की शुरूआत की घोषणा करके खुशी हो रही है क्योंकि यह कदम हमारे खिलाड़ियों को वित्तीय विकास और स्थिरता मुहैया कराने के उद्देश्य से उठाया गया है। 2022-23 सत्र से टेस्ट क्रिकेट प्रोत्साहन योजना के लिए मौजूदा 15 लाख मैच फीस के लिए अतिरिक्त पुरस्कार के तौर पर काम करेगी। यह प्रोत्साहन पूर्वप्रभावी होगा, जिसका असर 2022-23 सत्र के दौरान टेस्ट क्रिकेट में हिस्सा लेने वाले खिलाड़ियों पर होगा। रोहित शर्मा ने सत्र के दौरान 10 टेस्ट (विश्व टेस्ट चैंपियनशिप, वेस्टइंडीज और द. अफ्रीका के साथ 2-2, इंग्लैंड के साथ 5) खेले हैं तो उन्हें 1.5 करोड़ मैच फीस मिलेगी।



# बॉलीवुड हलचल

## 'कल्कि 2898 एडी' में 'भैरव' बने प्रभास



**मुंबई, एजेंसी।** दक्षिण भारतीय फिल्मों के सुपरस्टार प्रभास फिल्म कल्कि 2898 एडी में भैरव का किरदार निभाएंगे। नाग अश्विन निर्देशित विज्ञान कथा महाकाव्य कल्कि 2898 एडी में अमिताभ बच्चन, कमल हासन, प्रभास, दीपिका पादुकोण और दिशा पटानी हैं। कल्कि 2898 एडी के निर्माताओं ने सोशल मीडिया पर प्रभास का नया लुक रिलीज किया है और उनके किरदार का नाम भैरव बताया है। तस्वीर में प्रभास को पूरी तरह से काले रंग की पोशाक में आंखों पर एक गैजेट लगाए जमीन देख रहे हैं। वैजयंती मूवीज निर्मित कल्कि 2898 एडी एक पैन इंडिया फिल्म है। यह फिल्म 9 मई को पूरे भारत में रिलीज होगी।

### फिल्म एल2: एमपुराण के तीसरे शेड्यूल की शूटिंग न्यूयॉर्क में पूरी



**मुंबई, एजेंसी।** दक्षिण भारतीय स्टार पृथ्वीराज सुकुमारन के निर्देशन में बनी फिल्म 'एल2: एमपुराण' के तीसरे शेड्यूल की शूटिंग न्यूयार्क में पूरी हो गई है। पृथ्वीराज सुकुमारान निर्देशित पहली फिल्म एल22: एमपुराण अपनी घोषणा के बाद से ही दर्शकों को आकर्षित कर रही है। मोहनलाल अभिनीत 'लूसिफ़ेर' की अगली कड़ी, एल2: एमपुराण है। इसकी सूचना सोशल मीडिया पर साझा करते हुए पृथ्वीराज सुकुमारान ने अपनी तस्वीर साझा करते हुए लिखा, शेड्यूल 3 का अंत। गौरतलब है कि एल2: एमपुराण की शूटिंग अक्टूबर 2023 में शुरू हुई और इसे विभिन्न विदेशी स्थानों पर शूट किया गया है। यह फिल्म आशीर्वाद सिनेमास और लाइका प्रोडक्शन्स द्वारा निर्मित है।

## निरहुआ बनल करोड़पति में दिखेंगी आम्रपाली दुबे



**मुंबई, एजेंसी।** दिनेश लाल यादव निरहुआ और आम्रपाली दुबे स्टारर फिल्म निरहुआ बनल करोड़पति का फर्स्ट लुक रिलीज हो गया है। जेपी स्टार्स पिक्चर्स प्रस्तुत दिनेश लाल यादव निरहुआ और आम्रपाली दुबे की आने वाली फिल्म का फर्स्ट लुक रिलीज हो गया है। इस फिल्म के निर्माता उमाशंकर प्रसाद हैं, इसके लेखक और निर्देशक मनोज नारायण हैं। फिल्म का फर्स्ट लुक रिलीज होने के बाद निर्माता उमाशंकर प्रसाद ने कहा कि यह फिल्म भोजपुरी बॉक्स ऑफिस के लिए शानदार तोहफा होगी। फिल्म में सभी कलाकारों ने भी अपना बेस्ट दिया है तब जाकर हमारी यह फिल्म भव्यता के साथ और परदे पर आने को तैयार हो रही है। इस फिल्म में कई ऐसी चीज हैं जो दर्शकों को पहली बार देखने को मिलेगी और यह उन्हें पसंद आने वाली है। वहीं निरहुआ ने कहा कि मेरे लिए हर फिल्म चुनौती होती है, जिसे मैं सहसा स्वीकार करता हूं और मेरी कोशिश होती है कि उसे फिल्म के किरदार को संजीदगी से कर सकूं। एक अभिनेता के नाते मैं फिल्म के सेट पर अपने किरदार को जीने की ख्वाहिश रखता हूं। उन्होंने कहा कि यही दर्शकों के बीच मेरे लिए प्यार की वजह बनती है। उन्होंने कहा कि निरहुआ करोड़पति बनल अनोखे कॉन्सेप्ट पर आधारित है। कहानी तो नहीं बताऊंगा, लेकिन इतना जरूर कहूंगा कि आप सभी इस फिल्म को जरूर सिनेमाघर में जाकर देखें। फिल्म के सह-निर्माता आयुष राज गुप्ता हैं। फिल्म में दिनेश लाल यादव निरहुआ, आम्रपाली दुबे, सुदीक्षा झा, अयाज़ खान, शाहिल शेख, रंजीत सिंह, माही सिंह, अमृत जयसवाल, पल्लवी कोहली हैं। डीओपी रामशरण उप्रेती हैं। फिल्म के संगीतकर मधुकर आनंद हैं। गीत आशुतोष तिवारी, संतोष पुरी, धर्म हिंदुस्तानी और सत्य सावरकर ने लिखे हैं।

## कार्तिक ने फिल्म भूल भुलैया 3 की शूटिंग शुरू की




**मुंबई, एजेंसी।** बॉलीवुड अभिनेता कार्तिक आर्यन ने फिल्म 'भूल भुलैया 3' की शूटिंग शुरू कर दी है। कार्तिक की फिल्म भूल भुलैया 2 ने बॉक्स ऑफिस पर धमाल मचाया था। अनीस बज्मी के निर्देशन में बनी हॉरर कॉमेडी भूल भुलैया 2 लोगों को पसंद आई थी। भूल भुलैया 3 में कार्तिक की मुख्य भूमिका है। कार्तिक ने इसकी जानकारी सोशल मीडिया पर दी है। उन्होंने अपने घर में मंदिर के सामने प्रार्थना करते हुए फिल्म की शुरुआत के लिए आशीर्वाद मांगते हुए इंस्टाग्राम अकाउंट पर तस्वीर शेयर की है। इस तस्वीर में कार्तिक आर्यन भगवान के आगे हाथ जोड़कर खड़े हैं। कार्तिक आर्यन ने बताया है कि उनकी फिल्म 'भूल भुलैया 3' की शूटिंग शुरू हो गई है। कार्तिक आर्यन ने इसके साथ लिखा है, आज मेरे करियर की सबसे बड़ी फिल्म शुरू हो रही है। कार्तिक आर्यन ने हैशटैग के साथ शुभारंभ और भूल भुलैया 3 लिखा है। अनीस बज्मी के निर्देशन में बन रही भूल भुलैया 3 में कार्तिक आर्यन के अलावा तृप्ति डिमरी और विद्या बालन की भी अहम भूमिका है।

### आयुष शर्मा की फिल्म रुसलान का पोस्टर रिलीज



**मुंबई, एजेंसी।** बॉलीवुड अभिनेता सलमान खान के बहनोई आयुष शर्मा की आने वाली फिल्म रूसलान का पोस्टर रिलीज हो गया है। आयुष शर्मा ने वर्ष 2018 में प्रदर्शित फिल्म लवयात्री से बॉलीवुड में कदम रखा था। वह 2021 में प्रदर्शित सलमान खान निर्मित फिल्म अंतिम: द फाइनल ट्रुथ में नजर आए थे। आयुष एक्शन अब एक्शन थ्रिलर फिल्म रुसलान में नजर आएंगे। आयुष ने इंस्टाग्राम अकाउंट पर फिल्म रुसलान का नया पोस्टर रिलीज किया है। पोस्टर शेयर करते हुए आयुष शर्मा ने कैप्शन में लिखा, हारने का खौफ नहीं है, मेरी गन और गिटार के साथ, बस दुनिया जीतने का जोश है। तूफान की तरह नहीं..., तूफान ही हूं मैं। करण बुटानी के निर्देशन में बनी रुसलान 26 अप्रैल को रिलीज होगी। फिल्म में सुश्री मिश्रा और जगपति बाबू की भी अहम भूमिका है।


स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक शशि भूषण सिंह द्वारा 1224, देवकाली रोड, निकट यश पेट्रोल पंप अयोध्या-224001 (उ.प्र.) से प्रकाशित एवं प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर, इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 (उ.प्र.) से मुद्रित।
संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी, 05278-352045 (कार्यालय), ईमेल- amritvicharayodhya@gmail.com आर.एन.आई नं0-UPHIN/2022/84450 (नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र अयोध्या होगा)।

# जापान दौरे से सेमीकंडक्टर जैसे क्षेत्र होंगे मजबूत

- विदेश मंत्रालय ने कहा- जयशंकर का जापान दौरा अहम रहा, कई क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाएंगे दोनों देश

नई दिल्ली, एजेंसी

विदेश मंत्री एस जयशंकर के जापान दौरे पर विदेश मंत्रालय ने कहा है कि इस दौरे से दोनों देशों के संबंधों में गुणात्मक सहयोग बढ़ेगा। साथ ही दोनों देशों के बीच रणनीतिक साझेदारी भी बढ़ेगी। जयशंकर तीन दिवसीय दौरे पर जापान में थे।

अपने दौरे में जयशंकर ने जापान के पीएम फुमियो किशिदा से मुलाकात की। इस मुलाकात में जयशंकर ने किशिदा को दोनों देशों के संबंधों में बढ़ते सहयोग और वैश्विक साझेदारी की जानकारी दी और दोनों देशों के संबंधों को बेहतर बनाने के लिए किशिदा के सुझाव लिए। 7 मार्च को जयशंकर ने 16वें भारत जापान स्ट्रैटेजिक डायलॉग में शिरकत की। जिसमें दोनों देशों के व्यापार, निवेश, आधारभूत और तकनीकी सहयोग, समन्वय, रक्षा और रक्षा सहयोग जैसे मुद्दों पर चर्चा हुई। जयशंकर के जापान दौरे पर सेमीकंडक्टर इकोसिस्टम, ग्रीन टेक्नोलॉजी , डिफेंस उपकरण और तकनीक, डिजिटल पेमेंट के साथ ही भारत में जापानी भाषा को बढ़ावा देने जैसे मुद्दे पर भी बात हुई। हिंद प्रशांत महासागर क्षेत्र में आपसी हित और वैश्विक बदलावों पर भी दोनों देशों में बात हुई। जापान में जयशंकर ने जापान के कई वरिष्ठ राजनेताओं जैसे जापान की सत्ताधारी पार्टी लिबरल डेमोक्रेटिक पार्टी के उपाध्यक्ष, महासचिव तोशीमित्सु मोटेगी, भारत जापान एसोसिएशन के अध्यक्ष योशिहिदे सुगा से भी बात की।

### भारत में 15 साल से अधिक समय तक रहेगी स्थिर सरकार



जापान दौरे पर पहुंचे विदेश मंत्री एस जयशंकर ने भारत में सरकार को लेकर बड़ा बयान दिया है। उन्होंने विश्वास जताया है कि भारत में एक या दो दशक से भी अधिक समय तक स्थिर सरकार रहेगी। भारत-जापान विशेष रणनीतिक साझेदारी पर निक्केई फोरम में बोलते हुए उन्होंने कहा कि एक मजबूत राजनीतिक जनादेश द्वारा समर्थित सुधारवादी और दूरदर्शी नेतृत्व के पास संसद में बहुमत होने के कारण साहसिक निर्णय लिए जा सकते हैं। उन्होंने आगे कहा कि लोकतंत्र में मजबूत राजनीतिक जनादेश का मतलब संसद में बहुमत होना है। यदि आपके पास सुधारवादी, दूरदृष्टि, प्रतिबद्धता वाला नेतृत्व है और वह नेतृत्व बहुत मजबूत राजनीतिक जनादेश द्वारा समर्थित है तो इससे साहसिक निर्णय लेने में आसानी होती है। निश्चित रूप से पिछले 10 सालों में जो हुआ है, हम इसके जारी रहने की उम्मीद करते हैं।

## नागपुर में भाजपा के कार्यक्रम में भगदड़ एक महिला की मौत

**नागपुर।** महाराष्ट्र के नागपुर शहर में शनिवार को भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) द्वारा आयोजित एक कार्यक्रम में भगदड़ में 50 वर्षीय महिला की मौत हो गई और चार अन्य घायल हो गए।

सक्करदरा पुलिस थाने के एक अधिकारी ने बताया कि यह घटना सुबह करीब साढ़े 10 बजे रेशिमबाग में भाजपा की नागपुर इकाई द्वारा आयोजित एक कार्यक्रम में हुई। पुलिस अधिकारी ने बताया कि भगदड़ में मनु तुलसीराम राजपूत गिर गईं, उसे एक सरकारी अस्पताल ले जाया गया जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। उन्होंने बताया कि चार अन्य महिलाओं को मामूली चोटें आई हैं। उन्होंने बताया कि दुर्घटनावश मौत का मामला दर्ज कर लिया गया है और घटना की जां शुरू कर दी गई है।

# भारतीय पर्यटकों का मालदीव से मोहभंग, बेहाल हुआ टूरिज्म



भारत के साथ विवाद ने मालदीव का हाल बेहाल कर दिया है। दरअसल, पर्यटकों की कमी के कारण मालदीव का पर्यटन उद्योग बुरी तरह प्रभावित हुआ है। मालदीव पर्यटन मंत्रालय द्वारा साझा किए गए आंकड़ों के अनुसार, मालदीव जाने वाले भारतीय पर्यटकों की संख्या में पिछले साल की तुलना में 33 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई है।

- पर्यटन मंत्रालय के 2023 के आंकड़ों के मुताबिक, पिछले साल 4 मार्च तक 41,054 भारतीय पर्यटकों ने मालदीव का दौरा किया था। जबकि 2024 में 2 मार्च तक भारतीय पर्यटकों की संख्या 27,224 दर्ज की गई। मालदीव स्थित अधाधू ने बताया कि यह पिछले साल की तुलना में 13,830 कम था।
- पिछले वर्ष की समान अवधि में, भारत 10 प्रतिशत बाजार हिस्सेदारी के साथ मालदीव में पर्यटकों के लिए दूसरा सबसे बड़ा स्रोत बाजार था। हालांकि, भारत अब छह प्रतिशत बाजार हिस्सेदारी के साथ सूची में छठे स्थान पर है।



### लक्षद्वीप में करोड़ों विदेशी पर्यटकों को लाने का लक्ष्य

भारत सरकार ने लक्षद्वीप में वर्ष 2024 में लगभग एक करोड़ विदेशी पर्यटकों को लाने का लक्ष्य रखा है। रिपोर्ट के मुताबिक वर्ष 2023 में देश में करीब 60 लाख विदेशी पर्यटक आए है। लक्षद्वीप में मालदीव के साथ हुए ताजा विवाद भारत सरकार ने ये लक्ष्य रखा है। क्योंकि इसके बाद देश से मालदीव जाने वाले लोगों ने लक्षद्वीप को लेकर खोज तेज की है। रिपोर्ट के मुताबिक, अब तक हर साल औसतन दो लाख से ज्यादा भारतीय पर्यटन के लिए मालदीव जाते थे जिनकी संख्या पिछले कुछ दिनों में तेजी से गिरी है।

### चीनी पर्यटकों में हुई वृद्धि

आंकड़ों के अनुसार, प्रत्येक वर्ष दो लाख से अधिक पर्यटकों के साथ भारत 2021-23 तक मालदीव के लिए शीर्ष पर्यटन बाजार बना रहा। हालांकि, इस वर्ष अब तक 54 हजार से अधिक पर्यटकों के आगमन के साथ चीन शीर्ष बाजार है।

## एक नजर

### हरियाणाः अंबाला से अफीम की खेती करने वाला एक गिरफ्तार

**अंबाला।** हरियाणा के अंबाला जिले में लाहा गांव में अपने घर के आंगन में अफीम की खेती करने के आरोप में एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने बताया है कि, गुप्त सूचना के आधार पर टीम ने सर्वजीत के घर पर छापा मारा और अफीम के पौधे बरामद किए हैं। पुलिस ने बताया कि पौधों को उजाड़ दिया गया है। पुलिस ने कहा- स्वापक औषधि और मन : प्रभावी पदार्थ अधिनियम के प्रावधानों के तहत मामला दर्ज किया गया है। संबंधित मामले में आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### इटली में देशव्यापी हड़ताल से जनजीवन अस्त व्यस्त

**रोम।** इटली में 24 घंटे की देशव्यापी हड़ताल से परिवहन, स्वास्थ्य सेवा और स्कूलें बंद होने से आम जनजीवन पर व्यापक असर पड़ा है। मीडिया ने शनिवार को ट्रेड यूनियनों के सूत्रों के हवाले से बताया कि वे लैंगिक असंतुलन को दूर करने के लिए मजबूत उपायों के साथ-साथ बेहतर, सुरक्षित कामकाजी परिस्थितियों की मांग कर रहे हैं। सार्वजनिक और निजी दोनों कंपनियों के कर्मचारियों के हड़ताल करने से ट्रेनों, फ़ेरी और स्थानीय सार्वजनिक परिवहन को बड़े व्यवधानों का सामना करना पड़ा। हालांकि, विभिन्न क्षेत्रों में भागीदारी का स्तर अलग-अलग था।

### सरहद को अपराध मुक्त करने का प्रयास करेंगे भारत-बांग्लादेश

**नई दिल्ली।** भारत और बांग्लादेश ने दोनों देशों के बीच की सीमा को अपराध मुक्त बनाने के लिए हरसंभव प्रयास करने पर सहमति व्यक्त की है। सीमा सुरक्षा बल के प्रवक्ता ने शनिवार को बताया कि दोनों देशों के सीमा सुरक्षा बलों के बीच बांग्लादेश की राजधानी ढाका में पांच मार्च को शुरू हुआ पांच दिन का महानिदेशक स्तर का सम्मेलन आज संपन्न हो गया। सम्मेलन में भारतीय प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व सीमा सुरक्षा बल के महानिदेशक नितिन अग्रवाल ने किया और बांग्लादेश के प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व बॉर्डर गार्ड बांग्लादेश के महानिदेशक मेजर जनरल मोहम्मद अशरफुज्जमां सिद्दीकी ने किया।

### जम्मू-कश्मीर में हथियार और पाकिस्तानी झंडा बरामद

**राजौरी।** जम्मू-कश्मीर के राजौरी जिले में शनिवार को जंग लगे दो गोले और पिस्तौल की आधा दर्जन से अधिक गोलियां बरामद की गईं। अधिकारियों के मुताबिक, गोला-बारूद दरहाल क्षेत्र के चौकियां गांव में एक नाले के किनारे झाड़ियों से बरामद किए गए हैं। उन्होंने कहा कि प्रारंभिक जांच से पता चलता है कि गोले और गोलियां लंबे समय से नदी में पड़ी थीं। अधिकारियों ने बताया कि एक अन्य घटना में, पुलिस ने शनिवार सुबह जम्मू के बाहरी इलाके में अंतर्राष्ट्रीय सीमा के पास गुब्बारों के साथ एक पाकिस्तानी झंडा जब्त किया। अधिकारियों ने बताया कि यह झंडा जम्मू के अरनिया सेक्टर के कूल कलां गांव में एक ग्रामीण को उसके खेत में मिला।

# पाकिस्तान के नए राष्ट्रपति बने जरदारी, दोबारा हुई ताजपोशी

## पीपीपी सह-अध्यक्ष 136 वोटों के अंतर से हुए विजयी, प्रतिद्वंद्वी को मिले 119 वोट

इस्लामाबाद, एजेंसी



आसिफ अली जरदारी पाकिस्तान के 14वें राष्ट्रपति चुने गए हैं। वे पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी के सह-अध्यक्ष भी हैं। पाकिस्तानी मीडिया ने बताया कि उन्हें 255 वोट मिले जबकि उनके प्रतिद्वंद्वी अचकजई को 119 वोट मिले। दूसरी बार राष्ट्रपति चुने गए जरदारी का पहला कार्यकाल 2008 से 2013 तक था। दो बार राष्ट्रपति बनने वाले जरदारी देश के पहले व्यक्ति हैं। आसिफ अली जरदारी का मुकाबला सुन्नी इत्तेहाद काउंसिल के उम्मीदवार महमूद खान अचकजई (75 वर्षीय) से था।

जरदारी निवर्तमान डॉ. आरिफ अल्वी का स्थान लेंगे, जिनका पांच साल का कार्यकाल पिछले साल समाप्त हो गया था। हालांकि नए राष्ट्रपति की नियुक्ति तक वह पद पर बने हुए हैं। जरदारी एक बिजनेसमैन-राजनेता हैं और पाकिस्तान की पूर्व पीएम दिवंगत बेनजीर भुट्टो के पति हैं और पाकिस्तान के पूर्व विदेश मंत्री बिलावल भुट्टो जरदारी के पिता हैं। जरदारी, पाकिस्तान पीपल्स पार्टी के सह-अध्यक्ष हैं, जिसने नवाज शरीफ की पार्टी पीएमएल-एन के समर्थन से सरकार बनाई है। पीएमएल-एन और पीपीपी के गठबंधन की डील के तहत पीएम पद पर शहबाज शरीफ की ताजपोशी हुई है। दोनों पार्टियों में समझौते के तहत पंजाब में पीएमएल-एन की मरयम नवाज सीएम चुनी गई हैं। वहीं सिंध प्रांत की सत्ता पीपीपी को मिली है।

### इमरान को सपोर्ट किया तो होगी कार्रवाईः पाकिस्तानी सेना



पाकिस्तानी सेना ने कड़ा फरमान जारी किया है। पाकिस्तानी सेना ने अपने अधिकारियों के लिए एक आदेश जारी करते हुए कहा है कि वे सेना के खिलाफ किसी भी तरह के मैसेज, फोटो शेयर करने से बचें। सख्त चेतावनी दी गई है कि जेल में बंद पाकिस्तान तहरीक- ए-इंसाफ पार्टी के नेता और पूर्व पीएम इमरान खान को सपोर्ट किया तो सख्त कार्रवाई की जाएगी। ऐसा करने वाले अधिकारियों को सजा भुगतनी पड़ेगी। पाकिस्तानी सेना का आदेश मौजूदा अधिकारियों और रिटायर अधिकारियों सभी पर लागू होगा। एक रिटायर्ड ब्रिगेडियर ने बताया है कि उसे 7 पेज का आदेश मिला है। ऐसा ही आदेश कई अधिकारियों के पास गया है। लेकिन इस मैसेज में रिटायर सैन्य अधिकारियों पर ज्यादा फोकस किया गया है क्योंकि रिटायर सैन्य अधिकारी पाकिस्तान की राजनीति पर टिप्पणी करने के लिए स्वतंत्र हैं। ब्रिगेडियर का कहना है कि आदेश में मुझे कोई भी राजनीतिक बयान, सेना के खिलाफ कोई भी टिप्पणी या इमरान खान के समर्थन में कोई बयान जारी करने से मना किया गया है। ब्रिगेडियर का कहना है कि पूरे पत्र में 17 बार मेरे नाम का उल्लेख किया गया है। कर्नल रैंक के एक अन्य अधिकारी का कहना है कि पत्र की भाषा जिस तरह की है उसे देखकर लगता है कि आर्मी चीफ धमकी दे रहे हैं। वे धमका रहे हैं कि अगर हमने आदेश नहीं माना तो सेना कड़ी कार्रवाई करेगी। अलग- अलग रैंक के कई अधिकारियों ने खुलासा किया है कि संदेश अलग-अलग जारी किए गए हैं।

## राजस्थान के रण में 12 को तीनों सेनाएं करेंगी शक्ति प्रदर्शन

**जयपुर।** भारत की तीनों सेनाएं मंगलवार को राजस्थान के पोखरण में शक्ति प्रदर्शन करने जा रहीं हैं। इसे 'भारत शक्ति' नाम दिया गया है। तीनों सेनाएं अपनी मारक क्षमता और ताकत का प्रदर्शन करेंगी। खास बात यह है कि करीब एक घंटे के इस अभ्यास में स्वदेशी रूप से निर्मित हथियारों का प्रदर्शन किया जाएगा। सेना ने शनिवार को यह जानकारी दी।

इस युद्ध अभ्यास की शुरुआत विशेष आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस (एआई) बलों, भारतीय नौसेना के मार्कोज और भारतीय वायुसेना के गरुड़ कमांडो द्वारा वाहनों के साथ घुसपैठ अभियान से की जाएगी। वहीं, युद्ध के मैदान में विमान और ड्रोन से निगरानी की जाएगी। इसके बाद लॉन्ग रेंज वैक्टर और आर्टिलरी गन का भई प्रदर्शन किया जाएगा।

इस अभ्यास में जिन प्रमुख उपकरणों या हथियार प्रणालियों का प्रदर्शन किया जाएगा, उनमें एलसीए तेजस, एएलएच एमके-आईवी,लाइट यूटिलिटी हेलीकॉप्टर (एलयूएच), लाइट वेट टॉरपीडो, ऑटोनॉमस कार्गो कैरिएंग एरियल व्हीकल, मोबाइल एंटी ड्रोन सिस्टम, टी-90 टैंक, बीएमपी-दो, आर्टिलरी प्लेटफॉर्म जैसे उपकरण शामिल हैं।

# देश में समानता बनाए रखने के लिए आपसी बंधुता जरूरी

जयपुर, एजेंसी

- सीजेआई बोले- संविधान की भावना के अनुरूप एक-दूसरे के प्रति सम्मान रखना जरूरी



भारत के प्रधान न्यायाधीश डॉ. डी वाई चंद्रचूड़ ने शनिवार को कहा कि देश में समानता को बनाए रखने के लिए आपसी बंधुता जरूरी है। सीजेआई जयपुर में राज्य स्तरीय 'हमारा संविधान हमारा सम्मान' अभियान कार्यक्रम में बोल रहे थे। इस दौरान उन्होंने कहा कि हमें संविधान की भावना के अनुरूप एक-दूसरे के प्रति सम्मान रखना चाहिए।

सीजेआई ने कहा कि अगर लोग आपस में लड़ेंगे तो देश कैसे प्रगति करेगा। साथ ही उन्होंने आम आदमी को ध्यान में रखते हुए कोर्ट में स्थानीय भाषा में फैसला किए जाने पर जोर दिया। न्यायमूर्ति चंद्रचूड़ ने कहा कि हमारे संविधान के निर्माताओं के दिमाग में मानवीय गरिमा का सर्वोच्च महत्व था। उन्होंने कहा कि मसौदा समिति के अध्यक्ष के रूप में डॉ. बाबा साहेब अंबेडकर ने यह सुनिश्चित किया कि संविधान न्याय, स्वतंत्रता और समानता के मूल्यों के साथ-साथ भाईचारे की भावना और व्यक्ति की गरिमा को बढ़ावा दे। चीफ जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ ने कहा कि देश के किसी भी कोर्ट में स्थानीय भाषा में फैसला होना चाहिए। अगर मैं दिल्ली में बैठकर कोई निर्णय वकील के लिए, जज के लिए दे रहा हूं तो वो कठिन भाषा में हो सकता है। लेकिन अगर मैं आम आदमी के लिए निर्णय कर रहा हूं तो निश्चित रूप से सरल भाषा में होना चाहिए। देश के जिला स्तर के कोर्ट की बिल्डिंग में सुधार होना चाहिए। ये बिल्डिंग आधुनिक स्तर की होनी चाहिए। सीजेआई डीवाई चंद्रचूड़ ने कहा कि जिला अदालतों की स्थिति में सुधार के लिए कई प्रयास किये जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि हम जिला अदालतों को संवेदनशील बनाना चाहते हैं, क्योंकि यह न्याय की दिशा में पहला कदम है। हम जिला अदालतों की स्थिति में सुधार करने और उनकी इमारतों को आधुनिक युग के अनुरूप बदलने के लिए कई प्रयास कर रहे हैं।

### ...और पहुंच गई वायुसेना





**श्रीनगर :** वायुसेना ने जम्मू-कश्मीर और लद्दाख में राष्ट्रीय राजमार्ग बंद होने से फंसे करीब 700 यात्रियों को शनिवार को हवाई मार्ग से सुरक्षित निकाला है। आईएल-76 विमान से कुल 514 यात्रियों को जम्मू से लेह पहुंचाया गया जबकि एक विमान से 223 लोगों को श्रीनगर से लेह रवाना किया गया। सेना के अधिकारियों ने कहा- इस सप्ताह करीब 1,251 लोगों को हवाई मार्ग से जम्मू और कश्मीर एवं लद्दाख पहुंचाया गया। घाटी में कई स्थानों तापमान शून्य से नीचे दर्ज किया है ● एजेंसी

## गाजा में एयरड्रॉप सहायता का बक्सा गिरने से पांच की मौत

**गाजा।** इजराइल और हमास युद्ध लगभग पांच माह से जारी है। इस बीच, गाजा में शुक्रवार को मानवीय सहायता एयरड्रॉप की गई। इस दौरान कुछ पैराशूट नहीं खुल पाए और लोगों के ऊपर जा गिरा, जो सहायता की आस में नीचे खड़े थे। हादसे में पांच की मौत हो गई, जबकि कई अन्य घायल हुए है। गाजा के स्थानीय प्रशासन ने इसकी निंदा की है।

गाजा ने एक बयान जारी कर कहा कि हमने पहले ही चेतावनी दी थी कि गाजा पट्टी में एयरड्रॉप सुविधा नागरिकों के जीवन के लिए खतरनाक है। पैराशूट न खुल पाने के कारण पार्सल सीधा नागरिकों के सिर पर गिर गया। लापरवाही के कारण पांच लोगों की मौत हो गई। वहीं, कई लोग घायल भी हो गए हैं।

# भारतीय महिलाएं देश के विकास गाथा की सूत्रधार : संयुक्त राष्ट्र

संयुक्त राष्ट्र, एजेंसी



- महिला दिवस कार्यक्रम में संयुक्त राष्ट्र ने भारत की प्रतिबद्धता को सराहा

संयुक्त राष्ट्र में एक कार्यक्रम के दौरान नेताओं ने भारत की नारी शक्ति की प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि भारतीय महिलाएं देश के विकास की गाथा की सूत्रधार हैं। उन्होंने कृषि के सतत विकास के साथ ही कई क्षेत्रों में उनकी भागीदारी की प्रशंसा की।

संयुक्त राष्ट्र में भारत के स्थायी मिशन की ओर से अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया था। इसमें अराकू वैली में आदिवासी महिलाओं की ओर से पैदा की जाने वाली अराकू काफी के संबंध में जानकारी दी गई। संयुक्त राष्ट्र महासभा के 78वें सत्र के अध्यक्ष डेनिस फ्रांसिस ने कहा कि वित्त, डिजिटल तकनीक, स्वास्थ्य, शिक्षा, विमानन, अंतरिक्ष के साथ ही हर क्षेत्र में भारतीय महिला देश के विकास की गाथा लिख रही हैं। उन्होंने कहा कि आइए हम लैंगिक समानता को आगे बढ़ाने, महिलाओं को सशक्त बनाने और यह सुनिश्चित करने की भारत की प्रतिबद्धता से प्रेरणा लें कि कोई भी पीछे न रहे।

संयुक्त राष्ट्र उप महासचिव अमीना मोहम्मद ने कहा कि भारत में महिलाओं और कृषि की सतत विकास पद्धतियों के बीच संबंध उल्लेखनीय है। उन्होंने कहा कि मैं भारत सरकार के नेतृत्व और देश के स्तर पर खाद्य प्रणाली संरक्षण एजेंडे को आगे बढ़ाने की प्रतिबद्धता के लिए उनकी सराहना करना चाहती हूं। फ्रांसिस ने याद करते हुए कहा कि इस साल जनवरी में भारत यात्रा के दौरान उन्होंने नारी शक्ति की परिवर्तनकारी शक्ति को प्रत्यक्ष रूप से अनुभव किया था।

**शोध** ऑस्ट्रेलिया की यूनिवर्सिटी का 220 परिवारों के बच्चों पर अध्ययन, सबसे ज्यादा नकारात्मक असर तीन साल के बच्चों में मिला

# डिजिटल स्क्रीन के ज्यादा संपर्क में आने से बच्चे कम सीख रहे स्वर

सिडनी, एजेंसी

मोबाइल फोन और टेबलेट जैसे उपकरणों पर ध्यान देने के कारण परिवार के लोगों के बीच बातचीत कम होती जा रही है। इसका असर खासकर बच्चों में बड़ी समस्या के रूप में देखा जा रहा है। डिजिटल स्क्रीन के संपर्क में अकेले या परिवार के साथ ज्यादा समय बिता रहे बच्चे कम बोलते हैं, कम सुनते हैं और कम बातचीत करते हैं।

जामा में प्रकाशित अध्ययन के अनुसार लगभग सभी आयु के बच्चों का स्क्रीन के अधिक संपर्क में आने से संचार बाधित होता है। अध्ययन में पता चला कि 18 महीने के बच्चे के साथ डिजिटल उपकरणों पर ज्यादा समय बिताने का संबंध बच्चे द्वारा 1.3 कम स्वर सीखने से जुड़ा था। जब बच्चे दो साल के हुए, तो इससे बात करने की कोशिश में 0.4 अंकों की कमी देखी गई।

सबसे ज्यादा नकारात्मक असर तीन साल के बच्चों में था, जब उन्होंने रोजाना औसतन 2 घंटे 52 मिनट स्क्रीन के संपर्क में बिताया। इसका संबंध 6.6 कम शब्द, 4.9 कम स्वर सीखने और 1.1 अंक कम बात करने की कोशिश के साथ जुड़ा हुआ पाया गया। यह अध्ययन यूनिवर्सिटी ऑफ वेस्टर्न ऑस्ट्रेलिया के टेलीथॉन किड्स इंस्टीट्यूट ने 220 परिवारों में जन्में बच्चों पर तीन साल की आयु तक डेटा इकट्ठा कर किया है। शोधकर्ताओं ने सिर्फ भाषा के तीन मापोंः वयस्कों द्वारा बोले जाने वाले शब्द, बच्चों के स्वर और बातचीत करने की कोशिश पर ज्यादा ध्यान केंद्रित किया है।

परिणाम उम्र, लिंग और अन्य कारक जैसे मां का शिक्षा स्तर, घर पर बच्चों की संख्या के आधार पर समायोजित किया गया है। बच्चों के लिए भाषा में समृद्ध वातावरण में पलना व बड़ा होना भाषा के विकास के लिए महत्वपूर्ण है। बचपन में भाषा का अच्छा और अधिक अनुभव उच्च बुद्धि, सामाजिक विकास और मस्तिष्क की बेहतर कार्यक्षमता से जुड़ा है।

### बच्चों में दिख रही मायोपिया बीमारी



बच्चे मोबाइल जैसी छोटी स्क्रीन का बहुत नजदीक से प्रयोग कर रहे हैं। ऐसे में उन्हें मायोपिया बीमारी अपनी चपेट में ले रही है। वैज्ञानिकों का कहना है कि मायोपिया बच्चों में होने वाला निकट दृष्टि दोश है। इसमें बच्चे की आंखों की पुतली का आकार बढ़ने से प्रतिबिंब रेटिना के बजाय थोड़ा आगे बनता है। उन्हें दूर की चीज देखने में प्रॉब्लम होती है। कई रिसर्च में सामने आया है कि आंखों के लिए छोटी डिजिटल स्क्रीन बेहद खतरनाक है और जिन बच्चों के चश्मा लगा हुआ है। उनका नंबर बहुत तेजी से बढ़ रहा है।

### ये हैं लक्षण

बार बार आंखों का झपकना, दूर की चीजें स्पष्ट न दिखना, देखने में परेशानी होना, सिर दर्द होना, सिर में दर्द रहना, पलकों को सिकुड़कर देखना, आंखों से पानी आना, क्लासरूम में ब्लैक बोर्ड या व्हाइट बोर्ड पर ठीक से न दिखना, किताबों के अक्षर स्पष्ट न दिखना शामिल हैं।

### ऐसे रखें ख्याल

जिस जगह बच्चे पढ़ रहे हैं, वहां पूरी तरह चकाचौंध रोशनी हो। बच्चों को मोबाइल इस्तेमाल करने के लिए कम से कम दें, यदि डिजिटल स्क्रीन पढ़ाई के लिए देनी है तो मोबाइल की जगह लैपटॉप दें, धूप की रोशनी लें, बच्चों को सूखा मेवा, पोष्टिक खाना, विटामिन ए युक्त डाइट जरूर दें।

## अमेरिका : हेलीकॉप्टर क्रैश, तीन सैनिकों की मौत, एक घायल

**वाशिंगटन।** टेक्सास में अमेरिका-मैक्सिको की सीमा के पास नेशनल गार्ड हेलीकॉप्टर के दुर्टनाग्रस्त होने से उसमें मौजूद तीन सैनिकों की मौत हो गई। हेलीकॉप्टर में एक नेशनल गाड्र्समैन और तीन बॉर्डर पैट्रोल एजेंट मौजूद थे। स्थानीय मीडिया के अनुसार, यह हादसा सा ग्रुला में हुआ।

टेक्सास के नागरिक सुरक्षा विभाग के दक्षिण क्षेत्र के निदेशक विक्टर एस्केलॉन ने बताया कि बॉर्डर पेट्रोल के साथ काम करने वाले सैन्य हेलीकॉप्टर दुर्घटनाग्रस्त हुआ है। टेकसास नागरिक सुरक्षा विभाग ने हेलीकॉप्टर के ऑपरेशन लोन स्टार में शामिल नहीं होने की पुष्टि की है। बॉर्डर पेट्रोल के सूत्रों ने बताया कि हादसे के दौरान मैक्सिकन कार्टेल के सदस्यों ड्रोन की सहायता से हेलीकॉप्टर को क्रैश होते हुए देखा।

# लोकतंत्र के दुश्मन हैं जो बाइडन, ट्रंप का पलटवार

वाशिंगटन, एजेंसी

- बाइडन ने कुछ दिन पहले ट्रंप को वैश्विक लोकतंत्र और स्वतंत्रता के लिए खतरा बताया था



अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन ने अपने कार्यकाल के अंतिम स्टेट ऑफ यूनियन संबोधन में ट्रंप पर जमकर निशाना साधा था। उन्होंने ट्रंप का नाम लिए बिना कहा था कि वह देश ही नहीं वैश्विक लोकतंत्र और स्वतंत्रता के लिए भी खतरा हैं। इसे लेकर शुक्रवार को ट्रंप ने पलटवार किया है।

ट्रंप ने कहा कि बाइडन का बयान भयानक था। उन्होंने कहा कि बाइडन गुस्से में और मानसिक रूप से परेशान थे। ट्रंप ने बाइडन को लोकतंत्र का दुश्मन बताया।

इस बीच, ट्रंप ने शुक्रवार को हंगरी के प्रधानमंत्री विक्टर ओर्बन से मुलाकात की। ओरबन ने इंस्टाग्राम पर ट्रंप से मुलाकात का वीडियो भी पोस्ट किया। ट्रंप के कैंपेन से जुड़े लोगों का कहना है कि दोनों नेताओं ने अमेरिका और हंगरी को प्रभावित करने वाले मुद्दों पर बातचीत की। बाइडन ने शुक्रवार को अपने कैंपेन के दौरान इस मुद्दे को उठाया। उन्होंने कहा कि क्या आपको पता है कि ट्रंप मार-ए-लागो में आज किससे मिले हैं। हंगरी के ओर्बन से, जिन्होंने साफ कहा है कि उन्हें नहीं लगता है कि लोकतंत्र कार्य करता है। वह तानाशाही की तलाश कर रहे हैं।